Accrete-ऑक्-क्रीट्'-*v. i.* to grow together साथ उगना;-*adj*. growing together. साथ उगनेवाला; **Accretion** (-क्री'-शन्)-*n*. the growing of separate things into one. अनेक वस्तुओं की एक साथ वृद्धि; **Accretive** (-इव्)-*adj*. growing together. साथ बढ़नेवाला।

Accrue-ऑक्-क्रू'-*v. i.* to proceed, to arise, to be of advantage. बढ़ना, लाभदायक होना। **Accrument** (-मॅन्ट्)-*n*. addition, increase. वृद्धि, बढ़ती।

Accubation-ऑक्-क्यू-बे'-शन्-*n*. reclining on the couch. चारपाई पर करवट लेटना।

Accumbency-ऑक्-कम्'-बॅन्-सि-*n*. the state of being accumbent. टिकाव।

Accumbent-ऑक्-कम्'-बॅन्ट्-*adj*. leaning or reclining against anything. किसी पदार्थ के सहारे झुकता या टेकता हुआ।

Accumulate-ऑक्-क्यू'-म्यू-लेट्-*v. t.* to heap up, to amass, to make money. ढेर लगाना, इकट्ठा करना, धन संचय करना; **Accumulation** (-ले'-शन्)-*n*. collection, growth of capital. संचय, मूलधन की वृद्धि; **Accumulative** (-टिव्) -*adj*. that which accumulates. इकट्ठा करनेवाला; **Accumulatively** (-इव्-लि)-*adv*. इकट्ठा करते हुए; **Accumulator** (-ले'-टर्)-*n*. what accumulates, a storage battery. एकत्र (इकट्ठा) करनेवाला, बिजली की शक्ति इकट्ठा करने का एक प्रकार का यन्त्र।

Accuracy-*n*. see **Accurate.**

Accurate-ऑक्'-क्यू-रेट्-*adj*. exact, correct, precise. अचूक, शुद्ध, यथार्थ; **Accuracy** (-रॅ-सि), **Accurateness** (-नॅस्)-*ns*. exactness.

423.91
B46B

यथार्थता, सचाई; **Accurately** (-लि) *-adv.* correcly, exactly. शुद्धता से।

Accurse-ऑक्-कर्स्-*v. t.* to give curse. शाप देना, कोसना; **Accursed** (-ड्) *-adj.* lying under a curse, doomed. शापित, पतित।

Accurst-ऑक्-कर्स्ट्' *-adj.* accursed. शापित।

Accusable -ऑक्-क्यू'-ज़ॅ-ब्ल्-*adj.* that may be accused. अपराध लगाने योग्य।

Accusal-*n.* Crime.

Accusant-ऑक् - क्यूज़्'- ऑन्ट् - *n.* one who accuses another. दूसरे को अपराधी ठहरानेवाला; **Accusation** (-ज़ें'-शन्)-*n.* the charge of offence, crime. अभियोग, अपराध, दोष।

Accusative-ऑक्-क्यू-ज़ टिव्-*adj.* & *n.* accusing, the objective case. दोष लगानेवाला, कर्म कारक, द्वितीया विभक्ति; **Accusatively** (-लि) *-adv.* in the objective case. कर्मकारक में।

Accusatory-ऑक्-क्यू-ज़ॅ-ट-रि-*adj.* accusing. दोष या अभियोग लगानेवाला।

Accuse-ऑक्-क्यूज़्' *-v. t.* to charge with a fault, to blame (with '*of*' used before the thing charged.) दोषी या अपराधी ठहराना, दोष लगाना; **Accused** (-ज़्ड्)-*adj.* one charged with a crime or offence. अपराधी, दोषी, अभियुक्त; **Accuser** (-क्यू'-ज़र्) *-n.* one who brings charge against another person. किसी के विरुद्ध दोष या कलंक लगानेवाला मनुष्य।

Accustom-ऍक्-कस्'- टम्-*v. t.* to make familiar, to habituate. परिचय कराना, अभ्यास डालना; **Accustomable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* usual. सामान्य; **Accustomably** (-ऍ-ब्लि) - *adv.* according to custom. रीति या प्रथा के अनुसार; **Accustomed** (-ड्) *-adj.* customary, familiar, frequent, usual. अभ्यस्त, परिचित, प्रचलित, सामान्य।

Ace-एस्-*n.* a unit, a single mark on dice or cards, smallest amount, hair's breadth. इकाई, पासे में पौ या ताश के पत्तों की एक्की, अल्प मात्रा, बाल भर की चौड़ाई।

Acentric-ऍ-सॅन्'-ट्रिक्-*adj.* not centred. केन्द्र में स्थित न रहनेवाला।

Acephali-ऍ-सॅफ़्'-ऍ-लि-*n. pl.* religious or political parties without a head. बिना नेता का धार्मिक या राजनैतिक संघ; **Acephalism**-(ऑ-लिज़्म्)-*n.* बिना नेता की स्थिति; **Acephalist** (-इस्ट्) *-n.* नेता को न माननेवाला मनुष्य।

Acephalous-ऍ-सॅफ़्'-अ - लस् - *adj.* headless, without a chief, बिना सिर का, बिना चौधरी या सरदार का।

Acephalus-ऑ - सॅफ़्' - ऑ - लस्-*n.* a verse defective at the beginning. ऐसी कविता जो आरम्भ में दोषपूर्ण हो।

Acerbate-ऍस्'-अर्-बेट्-*v. t.* to make sour and bitter. खट्टा और तीता करना।

Acerbic-ऍ-सर्ब्'-इक्-*adj.* sour. खट्टा।

Acerbity-ऍ-सर्ब्'-इ-टि-*n.* harsh taste, bitterness of speech, severity. तीखा स्वाद, कटु वचन, तीक्ष्णता।

Acervate-ऍसर्व़ट् *-adj.* growing in clusters. गुच्छों में उगनेवाला।

Acescence, Acescency-ऍ-सॅस्' - एन्स् (-ऍन्-सि)-*ns.* tendency to turn sour. खट्टा होने या अम्लत्व की प्रकृति।

Acetabulum-ऑस्-सी-टॅब्'-यू-लम्-*n.*(*pl.*-**bula**) the cavity which receives the head of the thigh-bone. जाँघ की हड्डी के सिरे को बैठानेवाला गर्त।

Acetate-ऑस्'-इ-टेट्-*adj.* & *n.* a salt of acetic acid which is sour. सिरके के क्षार से निकाला हुआ लवण तत्त्व।

Acetated-ऑस्'-इ-टेट्-ऍड्-*adj.* combined with acetic acid. सिरके से मिला हुआ।

Acetic-ऑ-स -टिक्- *adj.* like vinegar, sour. सिरके के सदृश, खट्टा।

Acetify-ऑ-सेट्'-इ-फाइ-*v. t.* (*p. t.* **Acetified.**) to turn into vinegar. सिरका बनाना, खट्टा करना; **Acetification**(-फ़ि-कें'-शन्)-*n.* सिरका बनाने का कार्य।

Acetous-ऑ-सीटस्-*adj.* sour. खट्टा।

Acetylene-ऑ-सेट्'-इ-लीन्-*n.* a gas burning with bright light. एक गैस जिसके जलने से श्वेत प्रकाश निकलता है।

Acharnement-ऑ-शार्'-नें-मेन्ट्-*n.* thirst for blood. हत्या करने की लालसा।

Ache-एक् - *v. i.* to suffer continuous pain. निरन्तर पीड़ा होना;-*n.* prolonged pain. निरन्तर पीड़ा; **Aching**-ए'-किङ्ग्-*n.* pain. कष्ट, पीड़ा।

Achievable-*adj.* see **Achieve.**

Achieve-ऍ-चीव्'-*v. t.* to execute, to finish, to carry out, to reach, to win. कार्य करना, पूर्ण करना, अन्त करना, पहुँचना, जीतना; **Achievable** (-ऍ'-व्ल्) *-adj.* पूर्ण करने योग्य; **Achievement** (-मेन्ट्) *-n.* accomplishment, heroic deed. भारी करतूत, वीरता का कार्य; **Achiever** (-अर्) *-n.* one who achieves; प्राप्त करनेवाला।

Achilous-ऍ-काइ'-लस्-*adj.* without lips. बिना ओठ का, ओष्ठ-रहित ।

Acholia-ॲा - कोलिया - *n.* want of bile in the body. पित्त का अभाव ।

Achromatic-ऑक्-रो-मॅाट्'-इक्-*adj.* free from colour. बिना रङ्ग का; **Achromatize** (-टाइज़्) -*v. t.* to free from colour. बिना रङ्ग का करना ।

Acid-ॲा-सिड् - *adj.* sour, sharp, biting to the taste, not sweet. खट्टा, तीखा, चरपरा, मीठा नहीं; -*n.* a sour substance. खट्टा या अम्ल पदार्थ ।

Acidification-ॲा - सिडि-फ़ि-केशन्-*n.* process of turning into acid. अम्लीकरण ।

Acidify-ॲा - सिडि - फ़ाइ - *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Acidified.**) to make or become sour. अम्ल (खट्टा) करना या होना ।

Acidimeter- ॲा - सिडि-मी-टर् - *n.* an instrument for ascertaining the strength of acids. अम्ल की शक्ति नापने का यन्त्र; **Acidity** (-इ-टि), **Acidness** (-नॅस्)-*ns.* the quality of being sour. खट्टापन, तीक्ष्णता, अम्लता ।

Acidulated-ॲा-सिड्-यु-लॅट्-ऍड्, **Acidulous** (-यु-लस्) -*adjs.* somewhat acid. कुछ खट्टा या अम्ल ।

Acidulate-ॲा- सिड्' -यु-लॅट् - *v. t.* to make slightly sour. थोड़ा खट्टा करना; **Acidulent** (-लॅन्ट्), **Acidulous** (-यु-लस्)-*adjs.* slightly sour. कुछ खट्टा, थोड़ा अम्ल ।

Aciform-ॲास्' - इ-फ़ॉर्म् - *adj.* like a needle. सूई की आकृति के समान, सूच्याकार ।

Acknowledge-ऑक्-नॉल्'-ऍज् -*v. t.* to admit the truth of, to confess, to express appreciation of, to announce receipt of. सत्यता स्वीकार करना, मान लेना, अधिकार या प्राथना स्वीकार करना, रसीद लिखकर स्वीकार करना; **Acknowledgeable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* that may be admitted. स्वीकृति योग्य; **Acknowledgement** (-मॅन्ट्) -*n.* recognition, confession, thanks, a receipt. स्वीकृति, स्वीकार, धन्यवाद, रसीद ; **Acknowledger** (- अर्) -*n.* स्वीकार करनेवाला ।

Aclinic-ॲा-क्लिन्'-इक्-*adj.* having no inclination. बिना झुकाव या डुबाव का ।

Acme-ऍक्'-मि-*n.* the highest point, perfection, the prime. शिखर, परिपूर्णता ।

Acne-ऍक्'-नि-*n.* a disease which is marked by pimples. मुँहासा, हौंड़सा ।

Acock-ॲा-कॉक्' - *adv.* in a cocked manner, ऍंचेपन से;-*adj.* cocked, alert. ऍंचा, सावधान ।

Aconite-ऑक्'-ॲन् - आइट् - *n.* a poisonous plant. कुचला ; **Aconitic** (-इक्) -*adj.* pertaining to aconite. कुचला सम्बन्धी ।

Acopic-ॲा-कॉप्'-इक्-*adj.* removing weariness. थकावट हटानेवाला ।

Acorn-ए'-कॉर्न्-*n.* the fruit of the oak tree. शाहबलूत, जैतून के वृक्ष का फल ; **Acorned** (-ड्) -*adj.* loaded with acorns. जैतून के फल से परिपूर्ण ।

Acosmism-ॲा-कॉज़्'-मिज़्म्-*n.* the principle of denying the existence of the external world. संसार का अस्तित्व अस्वीकार करने का सिद्धान्त ।

Acoustic-ॲा-क-(काउ)स्ट्'-इक्-*adj.* pertaining to the sense of hearing. कर्णेन्द्रिय सम्बन्धी ; **Acoustics** (-इक्स्)-*n.* science of sound and hearing. ध्वनिशास्त्र ।

Acquaint-ऑक्-क्वेन्ट्'-*v. t.* to make familiar with, to know, to inform. जान-पहिचान कराना, जानना, सूचना देना ; **Acquaintance** (-ऍन्स्) -*n.* familiarity, knowledge. परिचय (जान-पहिचान), ज्ञान; **Acquainted** (-ऍड्) -*adj.* familiar, known. परिचित, जाना हुआ ।

Acquest-ऑक्-क्वॅस्ट्' -*n.* self-acquired property. अपनी कमाई हुई सम्पत्ति ।

Acquiesce-ऑक् -क्वि-ऍ-स्'-*v. i.* to rest satisfied, to agree, to assent. सन्तुष्ट होना, स्वीकार करना, सहमत होना; **Acquiescence** (-ऍन्स्) -*n.* a quiet assent. प्रसन्नतापूर्वक स्वीकृति; **Acquiescent** (-ऍन्ट्)-*adj.* satisfied, easy, submissive. सन्तुष्ट, सरल, सहिष्णु ।

Acquirable -*adj.* see **Acquire.**

Acquire - ऑक् -क्वायर्'-*v. t.* to obtain, to come in possession of. प्राप्त करना, उपार्जन करना, कमाना; **Acquirable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* प्राप्त करने योग्य; **Acquired** (-ड्) -*adj.* not originally bestowed by nature. प्रकृति से न प्राप्त; **Acquirement** (-मन्ट्) -*n.* acquired mental faculty, skill or learning. शिल्प, विद्या अथवा अभ्यास से प्राप्त की हुई शक्ति ।

Acquisition-ॲा - क्वि - ज़िशन्-*n.* the act of acquiring, gain. प्राप्ति, लाभ; **Acquisitive** (-इ-टिव्) -*adj.* desirous to acquire. प्राप्त करने की लालसावाला ।

Acquit-ऑक्-क्विट्'-*v. t.* (*p. t.* **Acquitted.**) to declare innocent, to set free. निर्दोषी ठहराना, छुटकारा देना ; **Acquittal** (-अल्) -*n.* discharge from debt, setting free fom the charge of offence. ऋणमुक्ति, अपराध से छुटकारा; **Acquittance** (-ऑन्स्) -*n.* release from debt, receipt in full. ऋणमुक्ति, उऋण होना, बेबाकी या भरपाई की रसीद।

Acre-एॅ'-कर्-*n.* a piece of land measuring 4840 sq. yds. ४८४० वर्ग गज भूमि ($\frac{६}{५}$ या प्रायः डेढ़ बीघा जमीन) ; **Acreage** (- ऍज) -*n.* amount of acres in a piece of land. किसी भूमि की एकड़ में नाप।

Acreophagy-ॲ-क्रिओ-फ़ॅ- जि - *n.* one who abstains from eating flesh. मांस भक्षण न करनेवाला मनुष्य।

Acrid-ॲक्रिड् - *adj.* sharp to the taste, irritating, pungent, bitter. तीखा, उत्तेजक, चरपरा, कड़आ; **Acridity** (-इ-टि) **Acridness**- (- नेॅस्) - *ns.* pungent taste. तीखापन, चरपराहट।

Acrimonious-*adj.* see **Acrimony.**

Acrimony - ॲक्रिमनि - *n.* bitterness of temper or manner. चाल-चलन की रुखाई, झुँझलाहट; **Acrimonious** (-अस्) -*adj.* severe, bitter, caustic. तीखा, कड़ुआ, खट्टा; **Acrimoniousness** (-अस्-नेॅस्) - *n.* bitterness of temper. प्रकृति की रुक्षता या रुखाई।

Acrita-ॲक्'-रि-टा-*n. pl.* plant-like animals. वनस्पति के आकार के प्राणी।

Acrobat-ॲक्रो' - बॅट् -*n.* a rope-dancer. रस्से पर नाचनेवाला, नट; **Acrobatic** (-इक्)-*adj.* नट सम्बन्धी।

Acrography-ॲक्रोग्रॅफ़ि-*n.* the art of engraving designs in relief on metal. धातु पर उभड़े चित्र खोदने की कला।

Acromania-ॲक्रोमेॅनिआ-*n.* incurable madness. असाध्य पागलपन।

Acronycal-ॲ-क्रॉनिकल् - *adj.* happening at nightfall or midnight. रात्रि या आधी रात में होनेवाला।

Acropolis-ॲ-क्रॉप्-ॲ-लिस्-*n.* a citadel of Athens. एथेन्स् का दुर्ग।

Across-ॲ-क्रॉस्'-*prep. & adv.* along, from side to side, athwart. आगे का, एक ओर से दूसरी ओर, आरपार; **To come across** (to come in contact with.) संसर्ग होना; **With arms across** (with arms forming a cross.) भुजा पर भुजा रखे हुए।

Act-ॲक्ट्-*v. i.* to be in action, to exert power, to produce effect, to feign, to behave. कार्य करना, शक्ति प्रदान करना, परिणाम होना, बहाना करना, व्यवहार करना;-*v. t.* to perform, to imitate. कोई कार्य संपादन करना (साधना), अनुकरण करना; -*n.* something done, an exploit, a law, part of a drama. किया हुआ कार्य, साहसिक क्रिया, कानून, नाटक का अङ्क; **To act up to** (to fulfil.) पूर्ण करना।

Acting-ॲक्ट्'-इङ्ग्-*n.* performance. नाटक का अभिनय;-*adj*, working for another. कार्यकारी।

Actinic-ॲक्-टिन्' इक्-*adj.* pertaining to the rays of the sun. सूर्य की किरण सम्बन्धी; **Actinism** (-इज़्म्)-*n.* chemical action of sun's rays. सूर्य की किरणों का रासायनिक प्रभाव; **Actinometer** (-ओ-मी-टर्) -*n.* an instrument for measuring the intensity of sun's actinic rays. सूर्य की किरणों की रासायनिक शक्ति नापने का यन्त्र।

Action-ॲक्'-शन्-*n.* performance, deed, exploit, battle, engagement, law-suit. कार्य, कृति, साहसिक क्रिया, युद्ध, व्यापार, मुकदमा; **Actionable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* liable to an action of law. अभियोग (नालिश) करने योग्य।

Active-ॲक्ट्'-इव्-*adj.* agile, nimble, busy, practical, (*gram.*) implying action, (*med.*) easily operating. चपल, चंचल, उद्योगी, व्यवहारी, (व्या॰) कर्तरि प्रयोग, (औ॰ शा॰) जल्दी काम करनेवाली (औषधि); **Actively** (-लि)-*adv.* in an active sense. कर्तरि अर्थ में; **Activeness** (-नेॅस्)-*n.* agility. चंचलता; **Activity** (-इ-टि) -*n.* agility, nimbleness. चंचलता, तीव्रता (तेज़ी)।

Actor-ॲक्टर् - *n.* a stage-player. नाटक का पात्र; **Actress**-ॲक्ट्र'-रेॅस्-*n. fem.* female actor. अभिनेत्री।

Actual - ॲक्चुअल् - *adj.* real, effectual, current. यथार्थ, निश्चित, वर्तमान; **Actualist** (-इस्ट्) -*n.* one who deals only with the real. केवल वास्तविक (यथार्थ) पदार्थ का व्यवहार करनेवाला; **Actuality** (-इ-टि) -*n.* reality. सत्यता, यथार्थता; **Actualization** (-अइज़ - ऍ-शन्) -*n.* making actual. यथार्थीकरण; **Actualize** (-आइज़्) -*v. t.* to make actual. यथार्थ करना; **Actually** (-लि) -*adv.* in fact, really. वस्तुतः, सचमुच, यथार्थ में।

Actuary-ॲक्चुअरि-*n.* a clerk, a registrar. मुंशी, रजिस्ट्री करनेवाला अधिकारी।

Actuate-ॲक्चुएट-*v. t.* to put into action, to communicate motion to, to incite, to influence. कार्य में परिणत करना, गति देना, उकसाना, उत्तेजित करना; **Actuation** (-ए'-शन्) -*n.* the state of being actuated. गतिमान् होने की अवस्था; **Actuator** (-ए'-टर्)-*n.* one who gives motion to. गति देनेवाला।

Acuition-ॲक्-यु - इशन्' - *n.* strengthening the action of a medicine. औषधि की शक्ति बढ़ाने का कार्य।

Acuity-ऑक्-यू'इट्-इ-*n.* sharpness, acuteness of wit. तीक्ष्णता, बुद्धि की तीव्रता।

Aculeated-ऑं-क्यू'-लि' - एटड् - *adj.* pointed, having a sting, pungent. नोकीला, डङ्कदार, तीक्ष्ण, तीखे स्वाद का।

Acumen-ऑं-क्यू'-मॅन्-*n.* sharpness, mental acuteness. keenness. तीक्ष्णता, तेजी, बुद्धि की सूक्ष्मता।

Acuminate-ऑं-क्यू'-मिन्-एट्-*adj.* tapering to a point. नोकीला; -*v. t.* to sharpen. नोकीला करना; **Acumination** (-मिन्-ए'-शन्)-*n.* ending in a sharp point. नोकीला छोर (किनारा)।

Acuminous-ऑं-क्यू-मिन्'-अस्-*adj.* possessing sharp wit. तीक्ष्ण बुद्धिवाला।

Acute-ऑं-क्यूट्'-*adj.* sharp, pointed, keen, shrill, critical. तीक्ष्ण, नोकीला, तीव्र, कर्कश, छिद्रान्वेषी; **Acutely** (-लि)-*adv.* keenly. तीव्रता से; **Acuteness** (-नॅस्)-*n.* sharpness. तीक्ष्णता; **Acute angle** (an angle which is less than a right angle.) न्यून कोण; **Acute disease** (chronic disease.) दीर्घस्थायी (पुराना) रोग।

Adactyl-ऑं-डॉक्-टिल्-*adj.* having no toes or fingers. बिना हाथ की या पैर की अँगुलीवाला।

Adage-ऑड्'-एज्-*n.* a maxim, an old proverb, a saying. सूत्र, कहावत, दृष्टान्त।

Adam-ऑड्'-अम्-*n.* the first man. आदि पुरुष, मनु; **Adamic** (-इक्)-*adj.* मानवी; **Adam's apple** (-ऑं-ड्ँ-ॲम्ज़्-ऑप्'-प्ल्)-*n.* the projection in front of the throat. कण्ठ का बाहरी उभाड़ (टेंटुआ)।

Adamant-ऑड्'-ऑं-मॅन्ट्-*n.* a very hard stone, diamond. वज्र, हीरा; **Adamantine** (-आइन्) -*adj.* impenetrable, very hard. वज्रमय, अभेद्य, बहुत कड़ा।

Adapt-ऑं-डॅप्ट्'-*v. t.* to make suitable, to modify, to proportion, to remodel. ठीक करना, व्यवहार करना, यथाकाल व्यवस्था करना, एक समान करना; **Adaptability** (ऍ-बिलि-टि), **Adaptableness** (-नस्)-*ns.* the quality of adaptation. यथाकाल व्यवस्था; **Adaptable** (-ऍ'-बल्) -*adj.* व्यवस्था योग्य; **Adaptation** (-ए'-शन्) -*n.* the act of adapting, fitness. अनुकूलन, सुविधा; **Adaptedness** (-ऍड्-नॅस्) -*n.* सुविधा; **Adapter** (-अर्)-*n.* one who adapts. अनुकूलक; **Adaptive** (-इव्)-*adj.* suitable. योग्य, अनुकूल।

Adays-अ-डेज़्'-*adv.* now-a-days, at present. आजकल, इन दिनों।

Add-ऑड्-*v.t.* to join, to sum up, to increase, to unite. जोड़ना, अधिक करना, बढ़ाना, जुटाना; **Addition** (-डिशन्)-*n.* process of adding; anything added. जोड़ने की क्रिया, जोड़; **Additional** (-डिशनल्) - *adj.* what is added, increased. अतिरिक्त, अधिकतर; **Additionally** (-अल्-लि)-*adv.* in addition to. अधिकतर; **To add fuel to fire** (to make matters worse.) आग में ईंधन डालना, उभाड़ना।

Addendum-ऑड्-डन्'-डम्-*n.* (*pl.* **Addenda**) addition, a thing to be added, appendix. जोड़, परिशिष्ट।

Adder-ऑड्'-अर् - *n.* a venomous serpent. विषैला साँप, गेहुँअन, काला साँप।

Addict-ऑड्-डिक्ट्'-*v. t.* to devote, to apply habitually (in bad sense.) निरत होना, व्यसन (लत) होना; **Addicted** (-ऍड्) *adj.* given up to, devoted. वशीभूत, लीन; **Addiction** (-ऑं-डिक्'-शन्)-*n.* bad habit. बुरी आदत।

Addition, Additional-see **Add.**

Addle-ऑड्'-इल्-*adj.* rotten, barren. सड़ा (गन्दा), बाँझ; -*v. t.* to make rotten, to confuse. सड़ाना, घबड़ाना; **Addled** (-इ) -*adj.* made putrid. सड़ाया हुआ; **Addlement** (-मॅन्ट्)-*n.* the state of being rotten. सड़ाहट।

Addleplot-ऑड्-इल्-प्लॉट्-*n.* one who makes a secret design fail. किसी षड्यन्त्र को असफल करनेवाला।

Address-ऑड्'-ड्रॅस्'-*v. t.* to communicate with, to speak, to direct, to make a suit to. निवेदन करना, उच्चारण करना (व्याख्यान देना), मार्ग दिखलाना, प्रार्थना करना; -*n.* skill, a speech, manner of speaking, title, direction of a letter. चतुराई, व्याख्यान, बोलने की शैली, उपाधि, पत्र का सिरनामा; **Of agreeable address** (sweet words, adroitness.) प्रिय वचन, दक्षता; **Addressee** (-ई)-*n.* he who is addressed in a letter. जिसको पत्र लिखा जाय; **Addresser** (-अर्) -*n.* one who addresses or makes petitions. पत्र भेजनेवाला, निवेदन करनेवाला।

Adduce-ऑड्-ड्यूस्'-*v. t.* to cite, to bring to notice, to quote. प्रमाण देना, सूचित करना, उपस्थित करना; **Adducent** (-ड्यूस्'-ऍन्ट्)-*adj.* drawing together. मिलानेवाला; **Adducible** (-ड्यूस्'-इ-बल्) -*adj.* प्रमाण योग्य; **Adductive** (-इक्'-टिव्)-*adj.* that which brings forward. आगे बढ़ानेवाला।

Adenitis-ऍडॅनाइ'-टिस्-*n.* inflammation of a gland. गिल्टी की सूजन।

Adept-ऑड्-ऍप्ट्'-*adj.* proficient, well-skilled. प्रवीण (चतुर), गुणी; -*n.* one skilled in an art. कारीगर।

Age एज् ; Edge ऍज् ; Pen पॅन् ; Pain पेन्

Adequacy-*n.* see **Adequate.**

Adequate-ऑड्'-इ-क्वेट्-*adj.* proportionate, fully sufficient, equal to. योग्य, पर्याप्त, तुल्य (बराबर); **Adequately** (-लि) - *adv.* in a sufficient manner. पर्याप्त रूप में; **Adequacy,** (-क्वॅा-सि), **Adequateness** (-नेॅस्) -*ns.* the state of being sufficient. पर्याप्तता।

Adfected-ऑड्-फॅक्ट्'-ऍड्-*adj.* consisting of different powers of unknown quantity in Algebra. बीजगणित में अज्ञात संख्या की विभिन्न घातोंवाला।

Adhere-ऑड्-हियर्'-*v. i.* to stick, to cleave. चिपकना, दृढ़ होना; **Adherence** (-ऍन्स्) -*n.* attachment, fidelity. अवलम्बन (लगाव), भक्ति (स्थिरता); **Adherent** (-ऍन्ट्) - *n.* a Follower. सहायक, अनुचर, साथी; **Adherer** (-अर्)-*n.* a follower. अनुचर, सेवक।

Adhesion-ऑड्-हीझ़न् - *n.* close connection, easy attachment. अवलम्ब, लगाव (चिपकाव); **Adhesive** (-सिव्)-*adj.* apt to stick. चिपचिपा, लसदार; **Adhesiveness** (-सिव्-नेॅस्) - *n.* tenacity, stickiness. चिपचिपाहट (लसलसाहट)।

Adhibit-ऑड्-हिबिट्-*v. t.* to put on, to use, to administer, to apply, to attach. रखना, धरना, प्रयोग करना, जोड़ना।

Adieu-ऑ-इयू' - *adv. & interj.* good-bye, farewell. नमस्कार, जाते समय का अभिवादन; **To bid adieu** (to bid good-bye.) नमस्कार करना।

Adipose-ऑडि-पोझ़् - *adj.* fatty, containing fat. चरबीदार, चरबी से भरा हुआ।

Adipsia-ऑ-डिप्'-सि-ऑ - *n.* total absence of thirst. प्यास का पूर्ण अभाव।

Adit-ऑड्'-इट्-*n.* a pass into a mine. खान में आने-जाने का मार्ग।

Adjacence(-y)-*n.* see **Adjacent.**

Adjacent-ऑड्-जे'-सेॅन्ट्-*adj.* lying near, bordering, neighbouring. पास का, समीपवर्ती, पड़ोस का; **Adjacence, Adjacency** (-स्, -सन्सि) -*ns.* state of bordering. समीपता; **Adjacent-ly** (-लि)-*adv.* समीप होते हुए।

Adjectival-*adj.* see **Adjective.**

Adjective-ऑड्'-जेॅक्-टिव् - *adj. & n.* a word used to qualify a noun, additional, dependent. विशेषण (गुणवाचक शब्द), अधिक, आश्रित; **Adjectival** (-टाइव़ल) - *adj.* like an adjective. विशेषण की भाँति का; **Adjectively** (-टिव्लि)-*adv.* विशेषण की भाँति।

Adjoin--ऑड्-जॉइन्'-*v. i.* to join, to unite, to append. जोड़ना, मिलाना, लगाना;-*v. i.* to lie in contact with. संयुक्त होना; **Adjoining** (-इङ्ग्)-*adj.* near, adjacent. पार्श्ववर्ती, समीपवाला, पास का।

Adjourn-ऑ-जर्न'-*v. t.* to put off, to postpone, to suspend. विलम्ब करना, टालना, स्थगित करना; **Adjournment** (-मेॅन्ट्) -*n.* a suspension of proceedings. कुछ काल के लिये सभा इत्यादि का कार्यक्रम स्थगित करने का कार्य, स्थगन; **Adjournment motion** (proposal to postpone.) स्थगन प्रस्ताव।

Adjudge-ऑ-जज्'-*v. t.* to settle, to decide, to condemn, to sentence, to assign. निर्णय करना, आज्ञा देना, विचार करना, निपटारा करना, स्थिर करना।

Adjudicate-ऑ-जू'-डि-केट् - *v. t.* to pronounce judgment, to sit in judgment. निर्णय करना, न्यायाधीश की भाँति बैठना; **Adjudicator**(-के'-टर्)-*n.* one who pronounces judgment or acts as a judge. न्यायाधीश।

Adjunct-ऑ' - ज'-ङ्क्ट् - *adj.* joined or added. मिला हुआ, जुड़ा हुआ; -*n.* something subordinate. विशेषण; **Adjunctive**(-इव्)-*adj.* joining. जोड़नेवाला; **Adjunctively** (-इव्-लि) -*adv.* विशेषण की भाँति प्रयोग किया हुआ।

Adjuration-ऑ-जू-रे'-शन् - *n.* solemn oath. शपथ।

Adjure-ऑ-जूर्'-*v. t.* to charge under oath or penalty, to request earnestly. शपथपूर्वक आज्ञा देना अथवा कहना, आग्रहपूर्वक प्रार्थना करना।

Adjust-ऑड्-जस्ट्'-*v. t.* to fit, to settle, to regulate, to harmonise (discrepancies). ठीक करना, व्यवस्था करना, तराजू में घड़ा बाँधना, भूलों को ठीक करना; **Adjustable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* ठीक करने योग्य; **Adjuster** (-अर्) -*n.* one who adjusts. ठीक करनेवाला; **Adjustment** (-मेॅन्ट्) - *n.* arrangement, settlement. एकीकरण, सुधार, ठीक हिसाब।

Adjutant-ऑ-ज्यू'-ऊ-टॉन्ट्-*n.* an assistant officer in the army, gigantic Indian stork सेना में का एक अफ़सर जो मेजर का सहायक होता है, एक प्रकार का सारस पक्षी।



Adjutant

Adjutor-ऑज्'-ऊ-टर् - *n.* (*fem.* **Adjutrix**-ट्रिक्स) a helper. सहकारी, सहायक।

Adjuvant-ऑज्'-ऊ-वॅन्ट्-*n.* an assistant. सहायक पुरुष;-*adj.* helping, assisting. सहकारी, सहायक।

Admeasure-ऑड्-मे'झ़्-अर्-*v. t.* to measure,

to apportion, to assign shares. नापना, भाग स्थिर करना, हिस्सा तय करना, बँटवारा करना; **Admeasurement** (-मॅन्ट्)-*n.* measurement, weight. नाप, तौल।

Administer-ऑड्-मिन्-इस्'-टर्-*v.t.* to manage, to afford, to furnish; -*v. i.* to prescribe, to contribute assistance. प्रबन्ध करना, देना, औषधि प्रयोग करना, सहायता देना; **Administration** (-ट्र - शन्) - *n.* management of public affairs, government. सार्वजनिक कार्यों का प्रबन्ध, शासन; **Administrative** (-ट्रे-टिव्) -*adj.* of government. शासन सम्बन्धी।

Administrator-ऑड्-मिन्-इस्-ट्रे'-टर् - *n. mas.* one who directs or manages. शासक, प्रबन्धकर्ता; **Administratrix** (-ट्रे'-ट्रिक्स्)-*n. fem.* शासिका, प्रबन्धकर्त्री।

Admirable-*adj.* प्रशंसनीय।

Admiral-ऑड्'-मि-रल्-*n.* the chief officer of a fleet. समुद्री सेना का नायक, जहाजों का अफ़सर; **Admiralty** (- टि) - *n.* the office of an admiral. समुद्री सेना (जलसेना) का विभाग।

Admiration -*n.* प्रशंसा।

Admire-ऑड्-मायर्'-*v. i.* to contemplate, to wonder at, to have high esteem, to love. विचार करना, अचरज करना, श्रद्धा करना, प्रशंसा करना, स्तुति करना, प्रेम करना; **Admirable** (-मि -रॅ-ब्ल्) - *adj.* worthy of admiration, excellent. प्रशंसनीय (सराहने योग्य, श्रेष्ठ (अपूर्व); **Admirably** (-मि-रॅब्'-लि) -*adv.* excellently. सराहते हुए; **Admiration** (-मि-रे'-शन्)-*n.* wonder, esteem, love, veneration. आश्चर्य, प्रशंसा, प्रेम, श्रद्धा; **Admired** (-मयार्ड्)-*adj.* highly esteemed. अति प्रशंसित; **Admirer**(-मायर्'-अर्)-*n.* a praiser. प्रशंसा करनेवाला, प्रेमी; **Admiringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with admiration. प्रशंसापूर्वक।

Admissibility-*n.* ग्राह्यता।

Admissible-ऑड्-मिस्'-सि-ब्ल्-*adj.* capable of being allowed, worthy of being admitted. ग्राह्य, अङ्गीकार योग्य; **Admissibility** (-बिल्-इ-टि)-*n.* quality of being admissible. ग्राह्यता।

Admission - ऑड् - मिशन् -*n.* introduction, access. प्रवेश, पहुँच।

Admissive-ऑड्-मिस्' -इव् -*adj.* admitting, accepting. स्वीकारी, माननेवाला; **Admissory** (-अर्-इ)-*adj.* granting admission. प्रवेश की आज्ञा देनेवाला।

Admit-ऑड्-मिट्'-*v. t.&i.* (*p. t.* **Admitted.**) to grant entrance to, to grant in argument, to permit, to confess, to accept as true, to acknowledge. भरती करना, शास्त्रार्थ, में स्वीकार करना, आज्ञा देना, (भूल)स्वीकार करना, सत्य मान लेना, कबूल करना; **Admittable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* स्वीकार करने योग्य; **Admittance** (-टान्स्)-*n.* permission to enter. प्रवेश की आज्ञा; **Admittedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* by permission. आज्ञा से, आज्ञा पाकर।

Admix-ऑड्-मिक्स्'-*v. t.* to mix with something else. मिश्रण करना, मिलाना; **Admixture** (-चर्)-*n.* मिश्रण, मिलावट।

Admonish-ऑड् - मॉनिश् - *v. t.* to reprove mildly, to warn of a fault. धीरे से झिड़कना, दोष से सावधान करना; **Admonisher** (-अर्)-*n.* उपदेशक; **Admonishment** (-मॅन्ट्) -*n.* warning. चेतावनी; **Admonition** (-मॉ-निशन्')-*n.* counsel or advice, caution, direction. उपदेश, चेतावनी, निर्देश; **Admonitive** (-इ-टिव्)-*adj.* containing admonition. चेतावनी-युक्त; **Admonitor**(-इ-टर्)-*n.* admonisher. चेतावनी देनेवाला व्यक्ति।

Adnascent-ऑड्-नॅस्'-ऍन्ट्- *adj.* growing to or upon. बढ़ता हुआ।

Adnominal - ऑड् - नॉमिनल् - *adj.* attached to a noun, adjectival. संज्ञा में जुड़ा हुआ, विशेषण सम्बन्धी।

Ado-ऑ - डू' - *n.* bustle, trouble, fuss, difficulty. गड़बड़ी, कष्ट, उपद्रव, तरद्दुद, झमेला; **Much ado about nothing** (useles botheration.) व्यर्थ का उपद्रव।

Adobe-ए-डो'-बि-*n.* sub-dried brick. धूप में सुखाई हुई ईंट।

Adolescence-ऑडोलॅस्'-अ-न्स् -*n.* the period of youth. यौवन, युवावस्था।

Adolescent-ऑडोलॅस्'-अन्ट् - *adj.* advancing to manhood. यौवनप्राप्त।

Adopt-ऑ-डॉप्ट्'-*v. t.* to take as one's own child, to embrace, to take up. पुत्रवत् अङ्गीकार करना (गोद लेना), गले लगाना, ग्रहण करना; **Adoptable**(-ऍ-ब्ल्)-*adj.* fit to be adopted. ग्रहण करने योग्य; **Adoption**(-डॉप्'-शन्)-*n.* the act of adopting, acceptance. गोद लेने का संस्कार; **Adoptive** (-इव्)-*adj.* fit for being adopted. गोद लेने योग्य।

Adorable-ऑ-डोर्-ऍब्ल्-*adj.* worthy of the highest honours. पूजनीय (पूजा करने योग्य); **Adorably** (-ऍ-ब्लि), **Adoringly** (-इङ्ग्-लि) -*advs.* with profound regard. पूजाविधि से, भक्ति से।

Adoration-ऑडोरेशन्-*n.* worship, profound regard. पूजा, भक्ति।

Adore-अ-डोर्'-*v. t.* to pay divine honours, to worship, to love intensely. आराधना

करना, पूजन करना, अति प्रेम करना; **Adorer** (-अर्)-*n.* a worshipper, an admirer, a lover. पूजा करनेवाला, उपासक, भक्त, प्रशंसक, प्रेमी ।

Adorn-ऑ-डॉर्न'-*v. t.* to deck, to furnish with ornaments, to beautify. सुशोभित करना, शृङ्गार करना, सजाना; **Adorning** (-इङ्ग्)-*n.* ornament, decoration. आभूषण (सजावट), शृङ्गार; **Adornment** (-मॅन्ट्)-*n.* embellishment, ornament. शृङ्गार (सजावट), आभूषण ।

Adown-ऑ-डाउन्'-*adv. & prep.* down, downwards. नीचे, नीचे की ओर ।

Adrad-ऍ-ड्रॅड्', **Adred** (-ऑ-ड्रॅड्')-*adjs.* afraid. भयभीत, डरा हुआ ।

Adrift-ऑ-ड्रिफ्ट्'-*adv.* floating at random, moving without direction. इधर-उधर तैरते हुए, डावाँडोल ।

Adroit-ऑ-ड्रॉइट्'-*adj.* skilful, expert, active. निपुण, दक्ष, तत्पर ; **Adroitly** (-लि)-*adv.* skilfully. दक्षता से, चतुराई से; **Adroitness** (-नॅस्) -*n.* expertness, skill. चतुराई, प्रवीणता ।

Adry-ऑ-ड्राइ'-*adj. & adv.* dry, thirsty. शुष्क, सूखा, प्यासा ।

Adscititious-ऑड्-सि-टिश्'-अस्-*adj.* assumed, added, additional. स्वीकृत, माना हुआ, जोड़ा हुआ, परिशिष्ट ।

Adscript-ऑड्'-स्क्रिप्ट्-*adj. & n.* written after, a serf. बाद में लिखा हुआ, दास ।

Adstriction-ऑड्-स्ट्रिक्'-शन्-*n.* costiveness, act of binding together. कोष्ठबद्धता, मिलाने का कार्य ।

Adulate-ऑड्'-यू-लेट्-*v. t.* to show devotion, to fawn, to flatter. भक्ति दिखलाना, झूठी प्रशंसा करना, चापलूसी करना; **Adulation** (-ले-शन्)-*n.* servile flattery, fawning. चाटूक्ति, चापलूसी; **Adulator** (-अर्)-*n.* a flatterer. मिथ्या प्रशंसा करनेवाला, चापलूस; **Adulatory** (-अरि)-*adj.* flattering, falsely praising. चापलूसी का, झूठी प्रशंसा करता हुआ या करनेवाला ।

Adult-ऑ-डल्ट्'-*n. & adj.* a grown up person, a man of mature age. यौवनप्राप्त पुरुष, युवा (बालिग़) ।

Adulternat-ऑ-डल्'-टर्-ऑन्ट्-*n.* the person or thing that adulterates. मिलावट करनेवाला व्यक्ति या मिलानेवाली वस्तु ।

Adulterate-ऑ-डल्'-टर्-एट्-*v. t.* to debase by admixture, to corrupt. मिलावट से अशुद्ध करना, मिलौनी करना, भ्रष्ट करना; **Adulteration** (-ए'-शन्)-*n.* admixture. (मिश्रण), मिलावट ।

Adulterer, Adulterine, Adulterous-see **Adultery.**

Adultery-ऑ-डल्'-टर्-इ-*n.* violation of the marriage-bed. व्यभिचार, पर स्त्री या परपुरुष गमन (छिनारा); **Adulterer** (-अर्)-*n.* a man guilty of adultery. व्यभिचारी; **Adulteress** (-ऍस्)-*n. fem.* व्यभिचारिणी (छिनार); **Adulterine** (-आइन्)-*n.* a child of adultery. व्यभिचार से उत्पन्न सन्तति; **Adulterous** (-अस्) -*adj.* पर पुरुषगामी या परस्त्रीगामी ।

Adumbrate-ऑड्-अम्-ब्रेट्'-*v. t.* to represent in outline, to exhibit imperfectly. ढाँचे में (छाया रूप में) दिखलाना, अपूर्ण दिखलाना; **Adumbration** (-ब्रे'-शन्)-*n.* faint representation. छाया रूप की दिखावट; **Adumbrative** (-ब्रे-टिव्)-*adj.* छाया रूप में दिखलानेवाला ।

Adust-अ-डस्ट्'-*adj.* burnt, parched. जला हुआ, झुलसा हुआ (भुना हुआ) ।

Advance-ऑड्-व़ान्स्'-*v. t. & i.* to move or put forward, to promote, to supply beforehand, to proceed, to rise in rank. आगे बढ़ना, बढ़ाना (मूल्य बढ़ाना), पेशगी देना, बढ़ना, पद में उन्नति करना; -*n.* improvement, progress, a loan. उन्नति, बढ़ती, ऋण, कर्ज़; **In advance** (beforehand.) पेशगी, पहिले से ।

Advanced-ऑड् - व़ान्स्ड्' - *adj.* progressing. उन्नति करता हुआ ; **Advanced in age** (well up in years.) वयोवृद्ध, वय में अधिक, बुड्ढा; **Advanced in knowledge** (well up in knowledge.) ज्ञानवृद्ध, ज्ञान में अधिक; **Advancement** (-मॅन्ट्)-*n.* state of being advanced, preferment, promotion. वृद्धि, उन्नति ।

Advancer-ऑड्-व़ान्स्'-अर्-*n.* one who makes progress. उन्नति करनेवाला मनुष्य ।

Advantage-ऑड्-व़ान्'-टेज्-*n.* favourable condition, precedence, superiority, benefit. सुविधा, महत्त्व, बड़ाई, लाभ; -*v. t. & i.* to promote, to be beneficial to. बढ़ाना, लाभदायक होना; **Advantageous** (-अस्) -*adj.* useful, beneficial. लाभदायक, उपकारी; **Advantageously** (-अस्-लि)-*adv.* with advantage or with benefit. लाभ सहित; **To take a person at advantage** (to visit by surprise.) एकाएक भेंट करना; **To take advantage of** (to avail of.) लाभ उठाना; **To have an advantage of** (to gain over.) बढ़कर सुविधा पाना

Advene-ऑड्-व़ीन्'-*v. t. & i.* to accede, to be superadded, to become part. मानना, सहमत होना, अधिक जोड़ा जाना, भाग होना ।

Advent-ऑड्'-व़ॅन्ट्-*n.* a coming or arrival, the coming of Christ, incarnation, the four weeks before Christmas. आगमन, ईसा मसीह का जन्म, अवतार, बड़े दिन के पूर्व के चार

सप्ताह; **Adventitious** (-टिश्'-अस्)-*adj.* accidental, casual. आकस्मिक, अनिश्चित, अनित्य।

Adventure-ऑड्-वॅन्ट्'-यूर्-*n.* risk, enterprise of hazard. साहसिक कार्य, संकट-युक्त कार्य; -*v. i.* to risk or hazard. साहसिक कार्य करना; **Adventurer** (-अर्)-*n.* a soldier, a speculator. साहसी योद्धा, धुन बाँधनेवाला; **Adventuress** (-ऍस्)-*n. fem.* वीरांगना; **Adventurous** (-अस्), **Adventuresome** (-सम्)-*adjs.* enterprising. साहसी; **Adventurously** (-लि)-*adv.* enterprisingly. साहसिक रीति से।

Adverb-ऑड्'-व़र्ब्-*n.* a word that modifies an adjective, a verb or another adverb. क्रियाविशेषण; **Adverbial** (-इ-अल्)-*adj.* क्रियाविशेषण सम्बन्धी; **Adverbially** (-इ-अल्-लि) -*adv.* like an adverb. क्रियाविशेषण की भाँति।

Adversary-ऑड्'-व़र्स्-रि-*n.* an antagonist, an enemy, an opponent. प्रतिवादी, वैरी या शत्रु, विरोधी।

Adversative-ऑड्'-व़र्स्'-ऍ-टिव्-*adj.* expressing contrast. विरोध-सूचक।

Adverse-ऑड्'-व़र्स'-*adj.* unfortunate, going against, unprosperous. भाग्यहीन, विपरीत, (विरुद्ध), दरिद्र; **Adversely** (-लि)-*adv.* विरुद्धता से; **Adverseness** (-नॅस्)-*n.* opposition. विरुद्ध भाव; **Adversity** (-इ-टि) -*n.* misfortune, affliction. अभाग्य, कष्ट, विपत्ति।

Advert-ऑड्-व़र्ट'-*v. t.* to draw the attention to, to refer to. ध्यान दिलाना, उद्देश्य करना; **Advertence** (-ऍन्स्), **Advertency** (ऍन्-सि) -*ns.* heedfulness. सावधानी; **Advertent** (-ऍन्ट्) -*adj.* attentive, heedful. सावधान, सचेत; **Advertently** (-ऍन्ट्-लि)-*adj.* heedfully. सावधानी से, सचेत होकर।

Advertis(z)e-ऑड्'-व़र्-टाइज़्-*v. t.* to inform, to publish, to announce. सूचना देना, विज्ञापन देना, घोषित करना; **Advertisement** (-टिज़्'-मॅन्ट्)-*n.* a public announcement in a newspaper, legal notice. समाचार पत्र में विज्ञापन, क़ानूनी इश्तहार; **Advertiser** (-अर्) -*n.* विज्ञापन करनेवाला पत्र या मनुष्य।

Advice-ऑड्-व़ाइस्'-*n.* counsel, news, (*in. pl.*) formal notice communication from a distance. उपदेश, समाचार, (ब० व०) व्यावहारिक सूचना, दूर का समाचार; **Advice Boat** (a swift vessel which is used for conveying dispatches.) समाचार के जानेवाला तीव्र जहाज़।

Advisability-ऑड्-व़ाइ-ज़-बि-लिटि-*n.* expediency. शीघ्र होने की योग्यता।

Advisable-ऑड्-व़ाइ'-ज़-बल्-*adj.* able to be recommended, expedient, prudent. अनुमति योग्य, उपयुक्त, चतुर; **Advisably** (-ऍब्-लि)-*adv.* with advice. विचार कर, अनुमति से।

Advise-ऑड्'-व़ाइज़्'-*v. t. & i.* to announce, to consider, to counsel, to consult. सूचित करना, विचारना, परामर्श देना, सलाह करना; **Advised** (-इ)-*adj.* deliberate, considered, स्थिर, विचारपूर्ण; **Advisedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* heedfully, purposely. सावधानी से, जानबूझकर; **Adviser** (-अर्)-*n.* सलाह देनेवाला; **Advisory** (-अर्-इ)-*adj.* containing advice. उपदेशक, समझानेवाला परामर्शदायी।

Advocacy-ऑड्'-व़ो-कॅ-सि-*n.* pleading in support of some one. किसी के लिये तर्क (करना), पक्ष का समर्थन, वकालत।

Advocate-ऑड्'-व़ो-कॅट्-*n.* one who pleads for another. दूसरे के लिये बहस करनेवाला (वकील, मुख्तार);-*v. t.* (-केट्') to plead for another, to defend, to recommend. वकालत करना, किसी के पक्ष का समर्थन करना।

Adynamia-ऑ-डि-नॅ'-मि-या-*n.* weakness caused by disease. किसी रोग के कारण उत्पन्न हुई दुर्बलता।

Adynamic-ऑ-डि-नेमि'-क्-*adj.* without strength. शक्तिहीन, निर्बल।

Adze-ऑड्ज़्-*n.* a tool like axe. वसूला, कुल्हाड़ी।

Aegis-ई'-जिस्-*n.* protection, defence. रक्षा, बचाव।

Aeolipile (Aeolipyile)-ई-ऑल्-इ-पाइल्-*n.* an instrument for showing force of steam. वाष्प (भाफ) की शक्ति दर्शक एक प्रकार का यन्त्र।



Adze.

Aeon (Eon)-ई'-ऑन्-*n.* the age of the universe, eternity. युग, कल्प।

Aerate-ए-अर्-एट्'-*v. t.* to combine with carbonic acid or other gas. किसी वस्तु में आलातीय गैस भरना; **Aerated waters** (water charged with carbonic acid gas.) ऐसी गैस भरा हुआ पानी, यथा सोडावाटर, लेमनेड इत्यादि।

Aeration-ए-अर्-ए'-शन्-*n.* exposure to the action of air. वायु में मिलाने का कार्य।

Aerial-ऍई(-अ)-र्'-इ-अल्-*adj.* belonging to air, imaginary, atmospheric, lofty, elevated. वायु सम्बन्धी, काल्पनिक, हवाई, ऊँचा, उन्नत;-*n.* a conductor used in wireless telegraphy. बिना तार की तारबर्की (रेडियो) का धाराप्रवाहक तार।

Aerie-Aery-Ayrie-Eyriens, Eyry-ए'-रि,-ई' रि,-आइ'-रि-*ns.* the nest of a bird of prey as an eagle or hawk. शिकारी चिड़िया का घोंसला (यथा बाज़ या उकाब का) ।

Aeriferous-एअर्-इफ़्'-एर्-अस्-*adj.* conveying air. वायु ले जानेवाला ।

Aerification-एअर्-इ-फ़ि-कें'-शन्-*n.* the act of becoming air, gas or vapour. वायुरूप तत्त्व बनने का कार्य ।

Aeriform-एअर्'-इ-फ़ॉर्म-*adj.* of the form of air, gaseous, unreal. वायु के समान, गैस के सदृश, अवास्तविक ।

Aerify-एअर्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* to fill with air. वायु से पूर्ण करना या भरना ।

Aero-एअर्-ओ-*pref.* in sense of "air", 'वायु' अर्थ का उपसर्ग; **Aerobatics** (-बॉ-टिक्स्)-feats of aviation. हवाई जहाज़ का सर्कस; **Aerobus** (-बस्)-*n.* aeroplane. हवाई जहाज़, वायुयान; **Aerodrome** (-ड्रोम्)-*n.* an aeroplane station. हवाई जहाज़ के उतरने-चढ़ने का स्थान, हवाई अड्डा; **Aerodynamics** (-डाइ'-नॅमिक्स्)-*n.* the science of the motion of air. वायु गति शास्त्र; **Aerofoil** (-फ़ॉइल)-*n.* propeller of an aeroplane. वायुयान का पंखा; **Aerogram** (-ग्राम्)--*n.* wireless message. बिना तार का समाचार; **Aerolite** (-लाइट्), **Aerolith** (- लिथ्)-*ns.* a meteoric stone. टूटता तारा; **Aerology** (ऑल'-ऑ-जि)-*n.* the science which treats of air. वायु (पवन) विद्या; **Aeromancy** (-मॅन्-सि)-*n.* forecasting the weather. जलवायु के विषय में भविष्य-वाणी; **Aerometer** (-मी-टर्) -*n.* an instrument which measures the weight and density of air and gases. वायु का घनत्व नापने का यंत्र ; **Aerometry** (-म-ट्रि)-*n.* the science of weighing air. वायुमापन विद्या; **Aeronaut** (-नॉट्) -*n.* one who drives an aeroplane. वायुयान चलानेवाला ; **Aeronautics** (-नॉट्'-इक्स्)-वायुयान विद्या; **Aerophobia** (-फो'-बि-या) -*n.* dread of fresh air. ताज़ी हवा से भय; **Aeroplane** (-प्लेन्)-*n.* a flying machine. वायुयान, हवाई जहाज़ **Aerostat** (-स्टॅट्) -*n.* a balloon, an airship. गुब्बारा, हवाई जहाज़; **Aerostatics** (-स्टॅट्'-इक्स)-*n.* the science of atmospheric pressure: वायु का भार या समतोलन जानने की विद्या ।



Aeroplane.

Aesthetics-ईस्'-थॅट्'-इक्स्-*n*, the science of the beauty in art and nature. सौंदर्य (ललित कला) शास्त्र ।

Aestival-ई-स्टि-व़ल्-*adj.* pertaining to summer. ग्रीष्म ऋतु सम्बन्धी ।

Aether-ई'-थर्-*n.* तेजोवह तत्त्व, आकाश ।

Aetiology-ई-टि-ऑल्'-ऑ-जि-*n.* the science of philosophy of causation (*esp.* of disease.) कार्यकारण का तत्त्वज्ञान, विशेषकर रोग के कारण या निदान का ज्ञान ।

Afar-ऍ - फ़ार्'-*adv.* from a distance, at a distance. दूर से, दूर पर ।

Afeard-ऑ-फ़िअर्ड्-*adj.* frightened, afraid, भयत्रस्त, डरा हुआ ।

Affability-*n.* सुशीलता, मिलनसारी ।

Affable-ऍफ़' - फ़ॅ-बल्-*adj.* courteous, condescending. सुशील, मिलनसार; **Affability**, (-बिलिटि), **Affableness** (-बल्-नॅस्)-*ns.* condescension. सुशीलता (सौजन्य), मिलनसारी ; **Affably** (-ब्लि)-*adv.* courteously. सुशीलता से ।

Affair-अफ़ॅअर्' - *n.* business, event, concern, matter, minor battle, (*pl.*) pursuits of life. उद्यम, घटना, व्यापार, कारबार, छोटा युद्ध, (ब० व०) जीवन के कार्य ; **Affair of honour** (duel.) धर्मयुद्ध ।

Affect-अफ़-फ़ॅक्ट्'-*v. t.* to act upon, to practise, to pretend, to love. प्रभाव डालना, व्यवहार करना, बहाना करना (छल करना या रूप बदलना), प्रेम करना ।

Affectation-अफ़-फ़ॅक्-टे'-शन्-*n.* false pretence अहंकार, आडम्बर ।

Affected-अ-फ़ॅक्ट्'-ऍड् -*adj.* indisposed, not natural. रोगी, कृत्रिम; **Affected by a devil** (attacked by an evil spirit.) प्रेतबाधित; **Affectedly** (- लि)-*adv.* in an affected manner. बहाने से; **Affecting** (-इङ्ग्) -*adj.* having power to excite affection. प्रेम उत्पन्न करने की शक्तिवाला ।

Affection-ऑफ़्-फ़ॅक्'-शन्-*n.* love, inclination, attachment, emotion or disease. प्रेम, अनुराग, स्नेह, शारीरिक अथवा मानसिक रोग; **Affectional** (-अल्), **Affectionate** (-ऍट्)-*adjs.* loving, fond. प्रेमी, स्नेही; **Affectionately** (-ऍट्-लि) -*adv.* with affection. प्रेम से, स्नेह से; **Affectionateness** (-ऍट्-नॅस्) -*n.* fondness. स्नेह ।

Affective- अफ़'- फ़ॅक्ट्' -इव् - *adj.* exciting emotion. उत्तेजित करनेवाला ।

Afferent-ॲफ़्-फ़ॅर्' -ऍन्ट्-*adj.* leading to the centre. केन्द्र पर पहुँचानेवाला ।

Affiance-ऑफ़्-[illegible]-*n.* a pledge of faith, marriage contract. वाग्दान, विवाह के लिये वचन देना (सगाई); -*v. t.* to promise solemnly for marriage. विवाह के लिये वचनबद्ध होना; **Affianced** (-ड्) -*n.* & *adj.* betrothed. विवाह करनेवाला, सगाई किया हुआ।

Affidavit-ऑफ़्-फ़ि - डे' - विट् - *n.* a written declaration upon oath before a magistrate. शपथपत्र, हलफ़नामा।

Affiliate-ऑफ़्-फ़िल्'-इ-एट-*v. t.* to receive into a family, to adopt, to connect, to receive into a society as member. पालट बनाना, गोद लेना, मिलाना, किसी सभा का सभासद बनाना; **Affiliation** (-ए-शन्)-*n.* adoption, act of affiliating. दत्तक विधान, गोद लेने का कार्य, किसी सभा या विश्वविद्यालय के अधीन करना या बनना।

Affine-ऑ-फ़ाइन्'-*v. t.* to refine an element &c. तत्त्व का परिशोधन करना।

Affined-ऑफ़् - फ़ाइन्ड्' - *adj.* connected or united, related. संयुक्त, संबद्ध।

Affinity-ऑफ़् - फ़िन्' - इ-टि-*n.* resemblance, relationship, relation by marriage. सादृश्य, सम्बन्ध, विवाह द्वारा सम्बन्ध।

Affirm-अफ़्-फ़र्म्'-*v. t.* & *i.* to assert positively, to declare, to allege. प्रतिज्ञा करना, निश्चय के साथ कहना, प्रमाणित करना; **Affirmable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be affirmed. प्रतिज्ञा करने योग्य; **Affirmance** (-ऑन्स्)-*n.* assertion, स्वीकृति; **Affirmation** (-ए'-शन्) -*n.* a solemn declaration. दृढ़ वचन, निश्चय सहित वचन।

Affirmative-अफ़्-फ़र्म् - एटिव्- *adj.* affirming, confirmable. स्वीकार अथवा अङ्गीकार सूचक ; **Affirmatively** (-ए-टिव् - लि)-*adv.* positively, in an assertive manner. स्वीकार करते हुए, हामी भरते हुए; **Affirmatory** (-मेंटरि) -*adj.* confirmatory. स्वीकार-सूचक।

Affix-ऑफ़्-फ़िक्स्'-*v. t.* to attach, to fix, to fasten. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; -*n.* that which contains affirmation, addition to a root, stem or word, (*gram.*) a letter or syllable added to a word. स्वीकृति-वाक्य, (व्या०) आगम अर्थात् प्रत्यय जो शब्दों में जोड़े जाते हैं; **Affixing** (-इङ्ग्)-*n.* जोड़, मिलाव।

Afflatus-ऑफ़्-फ़्ले'-टस्-*n.* inspiration from above, supernatural knowledge. ईश्वर-प्रेरणा, देवज्ञान।

Afflict-ऑफ़्-फ़्लिक्ट्-*v. t.* to give pain, to harass, to trouble. पीड़ा देना, कष्ट देना; **Afflicted** (-ऍड्)-*adj.* harassed. दुःखित (पीड़ित); **Afflicting** (-इङ्ग्)-*adj.* distressing, पीड़ा देनेवाला; **Affliction** (-फ़्लिक् - शन्), **Afflictedness** (-ऍड्-नॅस्)-*ns.* pain, distress, misery, दुःख, क्लेश, विपत्ति; **Afflictive** (-इव्) -*adj.* painful, distressing. व्यथाकर, क्लेश या पीड़ा देनेवाला।

Affluence-ऑफ़्'-फ़्लु-ऍन्स्-*n.* a flowing to abundance (of wealth), a great plenty. धन की समृद्धि, अधिकता।

Affluent-ऑफ़्-फ़्लु-ऍन्ट्-*adj.* copious, wealthy, परिपूण, धनाढ्य, समृद्ध; -*n.* a tributary stream, सहायक नदी; **Affluently** (-ऍन्ट्-लि) -*adv.* in a copious manner. परिपूर्णता (समृद्धि) से

Afflux-ऑफ़्-फ़्लक्स्-*n.* a flow towards a point एक केन्द्र की ओर प्रवाह।

Afforce-ऑफ़् - फ़ोर्स्'-*v. t.* to bring forc upon a person, to ravish. किसी पर दबा डालना, नष्ट-भ्रष्ट करना।

Afford-ऑफ़्-फ़ोर्ड्'-*v. t.* to give forth, to expend, to be able to sell. देना, व्य करना, बेच सकना।

Afforest-ऑ-फ़ॉर्'-रॅस्ट्-*v. t.* to convert into forest. जंगल लगाना; **Afforestation** (-ए'-शन् -*n.* जंगल लगाने का कार्य।

Affranchise-ऑफ़्-फ़्रॅन्'-चाइज़्-*v. t.* to fre from servitude or obligation. बन्धन अथव उपकार से मुक्त करना; **Affranchisemen** (-मॅन्ट्) -*n.* बन्धन से मुक्ति।

Affray-ऑफ़्-फ़्रे'-*n.* fray, noisy quarre disturbance, a brawl. कलह (झगड़ा), बलव (दङ्गा)।

Affright-ऑफ़्-फ़्राइट्'-*v. t.* to frighten. डराना -*n.* a sudden terror, fright. भय (त्रास), ऊध (दङ्गा) **Affrighted** (-ऍड्)-*adj.* terrified डरा हुआ; **Affrightedly** (-ऍड्-लि) - *ad* डरते हुए।

Affront-ऑफ़्-फ़्रन्ट्'-*v. t.* to face, to insult सामना करना, अपमानित करना; -*n.* an outrage an insult. मानभङ्ग, अनादर; **Affronted** (-ऍ -*adj.* feeling insulted. अपमानित; **Affronte** (-अर्)-*n.* one who faces or insults. सामन या अपमान करनेवाला; **To offer an affron to** (to insult a person openly.) किस मनुष्य का प्रत्यक्ष अपमान करना।

Affuse-ऑफ़्-फ़्यूज़्'-*v. t.* to pour upon, sprinkle. उड़ेलना, छिड़कना; **Affusion** (-फ़्यू ज़न्)-*n.* pouring of water in baptism. नाम करण संस्कार (बप्तिस्मा) में जल छिड़कने का कार्य

Affy-ऑफ़्-फ़ाइ-*v. t.* to betroth, to bin सगाई करना, संयुक्त करना, मिलाना।

Afield-ऍ-फ़ील्ड्'-*adv*. in or on the field. खेत में अथवा खेत पर।

Afire-ऍ-फ़ायर्'-*adv*. on fire, in a state of inflammation. जलती अवस्था में।

Aflame-ऍ-फ़्लेम्-*adv*. on flame, glowing. जलते हुए, चमकते हुए।

Afloat-अ-फ़्लोट्'-*adj*. or *adv*. floating, at sea, on board a ship. बहता हुआ, समुद्र-तल पर, जहाज़ पर; **A rumour is afloat** (General talk is current.) बात फैल गई है, ऐसी अफ़वाह है।

Afoot-अ-फ़ुट्'-*adv*. on the move, astir, on foot. हिलता हुआ, चलता हुआ, पैदल; **Going afoot** (going on foot.) पैदल चलना; **To set afoot** (to begin, to commence.) प्रारम्भ करना।

Afore-अ-फ़ोर्-*prep*. & *adv*. before, in front of, previously. आगे, सामने, प्राचीन काल में; **Aforehand**-*adv*. (beforehand.) समय से पूर्व; **Aforementioned**-*adj*. (said before.) पूर्वकथित; **Aforesaid**-*adj*. (said before.) पूर्वोक्त; **Aforethought**-*adj*.(premeditated thought.) पहिले से विचारा हुआ; **Aforetime**-*adv*. (in past time.) पूर्वकाल में, पहिले।

Afraid-अॅ-फ़्रेंड्'-*adj*. frightened, alarmed. डरा हुआ, त्रस्त, भयभीत।

Afresh-अ-फ़्रेश्'-*adv*. anew, again, with fresh beginning. नया, पुनः, नया आरम्भ करते हुए, नये सिरे से।

Aft-ऑफ़्ट्-*adv*. near the stern of a ship. जहाज़ के पिछले भाग के पास।

After-आफ़्टर्-*prep*. & *adv*. behind, in pursuit of, concerning, afterwards, next in importance, according to. पीछे, अनुसरण में, विषय में, बाद में, पद में नीचा, अनुसार;-*adj*. later, hinder. बाद का, पिछला; **After all** (in spite of all that has happened.) सब होते हुए भी; **Afterbirth** (placenta) खेड़ी; **Aftercost** (after expense.) बाद का खर्चा; **Aftercrop** (a second crop in the same year.) वर्ष की दूसरी फ़सल; **Afterglow** (-ग्लो)-*n*. glow after sunset. सूर्यास्त के बाद का प्रकाश; **Aftergrowth** (-ग्रोथ्)-*n*. subsequent growth. बाद की उपज; **Afterhelp** (-हेल्प्)-*n*. secondary assistance. अप्रधान सहायता; **Afterhours** (अवर्स्) -*n*. time subsequent to business hours. नियत समय के बाद का काल; **After-image**(-इम्'-एज्) -*n*. image of an object appearing to the eye when the actual object is withdrawn. पदार्थ के हट जाने पर इसकी आकृति जो आँख पर अङ्कित रह जाती है; **Afterlife** (future life. भविष्य जीवन; **Aftermath** (-मॉथ्)-*n*. second crop of grass in a season. एक ही मौसम में घास की दूसरी फसल ; **After-mentioned** (-मेॅन्श्-न्ड)-*adj*. mentioned afterwards. अधोलिखित; **Afternoon** (time between noon and evening.) मध्याह्न और सायंकाल के बीच का समय, तीसरा पहर; **Afterpains** (pain after childbirth.) बच्चा जनने के बाद की उदर-पीड़ा; **Afterpiece** (short piece performed after a play.) नाटक के बाद का छोटा खेल; **Afterthought** (reflection after the act.) काम करने के बाद का विचार; **Afterwards** (in a later or subsequent time.) बाद में, तत्पश्चात्; **Afterwise** (later wisdom) भविष्य बुद्धि; **Called after his grand-father** (in allusion to grandfather.) दादा के नाम से पुकारा गया।

Again-अॅ-गॅन्'-*adv*. another occasion, moreover, besides, in return. फिर, और भी, अतिरिक्त, विपरीत (उलटा); **Again and again** (repeatedly.) बारम्बार; **As much again** (twice as much.) द्विगुणित, दुगुना; **Now and again** (occasionally, often.) प्रायः, कभी-कभी।

Against-अॅ-गॅन्स्ट्-*prep*. in opposition to, in anticipation of, in contrast with. प्रतिकूल, विरुद्ध, विपरीत।

Agamist-ॲग्'-ॲ-मिस्ट्-*n*. one who is against marriage. विवाह-विरोधी।

Agamous-ॲ'-गॉ'-मस्-*adj*. without sexual organs. बिना जननेन्द्रिय का।

Agape-ॲ-गेप्'-*adv*. with mouth open in wonder. आश्चर्य से मुँह खोले हुए।

Agastric-ॲ-गॅस्'-ट्रिक्-*adj*. without stomach. बिना उदर (या पेट) का।

Agate-ॲग्'-एट्-*n*. a kind of precious stone (of different tints) used in jewellery. सुलेमानी पत्थर।

Agaze-अ-गेज़्'-*adv*. gazing. टकटकी लगाकर देखता हुआ; **Agazed** (-ड्)-*adj*. amazed, astonished. चकित, घबड़ाया हुआ।

Age-एज्-*n*. length of life, maturity of years, historical epoch, generation. जीवनकाल (आयुष्य), प्राप्तवय (बालिग), ऐतिहासिक समय, पीढ़ी;-*v. t*. & *i*. to make or be old. पुराना करना या होना; **Aged** (-ऍड्)-*ad* . old. वृद्ध; **Ageless** (without appearing to grow old.) वृद्ध न होनेवाला; **Of the same age** (of equal age or period.) एक ही वय या समय का, समकालीन।

Agency-ए'-जॅन्-सि-*n*. see **Agent**.

Agenda-ऑ-जॅन्'-डा-*n. pl.* (*sing.* **Agendum.**-डम्) things to be done, memoranda. कार्यक्रम, कार्यसूची ।

Agent-ए'-जॅन्ट्-*n.* one who does actual work, one who represents a person or firm, that which exerts power. कार्यकर्ता, प्रतिनिधि, मुनीम, कारिन्दा, मुख्तारआम, साधन; **Agency** (-जॅन्-सि)-*n.* operation, instrumentality, duty or office of an agent. कार्य, कारण, अढ़तिया का काम या कार्यस्थान ।

Agential-ए'-जॅन्-शॅल्-*adj.* pertaining to an agent. अढ़तिया सम्बन्धी ।

Agglomerate-ऑग्लोमरॅट्'-*v. t. & i.* to collect into a mass or ball. पिण्ड बनाना, गोला बाँधना या बधना ; **Agglomeration** (-ए'-शन्)-*n.* a mass, collection. समुदाय, ढेर; **Agglomerative** (-ए-टिव्)-*adj.* apt to gather in a mass. ढेर करने (लगने) वाला ।

Agglutinant *n.* see **Agglutinate.**

Agglutinate-ऑग्-ग्लू'-टिन्-एट्-*v. t.* to unite with glue. सरेस लगाना या सरेस से जोड़ना; -*adj.* united as with glue. सरेस से जोड़ा हुआ; **Agglutinant** (-टि-नॉन्ट्)-*adj. & n.* united, uniting agent. जुड़ा हुआ, जोड़नेवाला; **Agglutination** (-टिन्-ए'-शन्)-*n.* adhesion of parts. भागों का जुड़ना या चिपकना ।

Aggrandize (se)-(ऑग्-ग्रॅन्ड्-आइज़्' -*v. t.* to increase power or rank, to progress, to extend or enlarge. शक्ति अथवा पदवी बढ़ाना, उन्नति करना, फलाना ; **Aggrandizement** (-मॅन्ट्)-*n.* advancement. अभ्युदय, उन्नति (बढ़ती)।

Aggravate-ऑग्-ग्रॅ-वॅट्-*v. t.* to make more severe, to provoke. to exasperate. तीव्र (करना, उत्तेजित या क्रोधित करना; **Aggravating** -वॅ टिङ्ग्) - *adj.* provoking. उत्तेजक ; **Aggravatingly**(-लि)-*adv.* in provoking manner. भड़काते हुए ढंग; **Aggravation**(-वॅ' -शन्)-*n.* irritation, provocation. उत्तेजना, भड़काव; **Aggravator** (-वे'-टर्)-*n.* one who aggravates. उत्तेजित करनेवाला, भड़कानेवाला ।

Aggregate-ऑ-ग्रि-गॅट्'-*v.t.* to collect together, to accumulate. एकत्रित करना, इकट्ठा करना; -*adj.* collected into a body. इकट्ठा किया हुआ;-*n.* a whole or total. समूह, समुदाय, ढेर, सम्पूर्णाङ्क ; **Aggregation** (-गे'-शन्)-*n.* the act of collecting together. एकत्रीकरण; **Aggregative** (-टिव्)--*adj.* collective. एकत्रित (इकट्ठा) किये जाने योग्य ।

Aggress-ऑग्-ग्रॅस्-*v. i.& t.* to begin a quarrel, to make a first attack. पहिले छेड़छाड़ करना, प्रथम आक्रमण करना; **Aggression**(-ग्रॅ'शन्)-*n.* the first act of hostility, a breach of peace. प्रथम आक्रमण (चढ़ाई), शान्तिभङ्ग; **Aggressive** (-इव्)-*adj.* making the first attack. प्रथम आक्रमण करनेवाला; **Aggressively** (-इव्-लि)-*adv.* in an aggressive manner. उत्तेजना से; **Aggressiveness** (- इव् - नॅस्)-*n.* the first attack. प्रथम आक्रमण; **Aggressor** (-अर्) -*n.* one who begins a quarrel. झगड़े में अगुआ ।

Aggrieve-ऑग्-ग्रीव्'-*v. t.* to distress, to pain or injure to oppress. दु:ख देना, कष्ट या पीड़ा देना, व्यथा पहुँचाना; **Aggrieved** (-ड्)-*adj.* distressed. पीड़ित ।

Aghast-ऍ-गास्ट्'-*adj.* terrified, stupefied with horror. डरा हुआ, भय से चकित (हक्का-बक्का; भौचक्का) ।

Agile - ऍ - जाइल् - *adj.* active, nimble, quick-moving. चन्चल, चपल, शीघ्र चलनेवाला; **Agileness** (-नॅस), **Agility** (-जिल्'-इ-टि)-*ns.* briskness, nimbleness. चंचलता, फुरतीलापन ।

Agio-ऍ'-जि-ओ -*n.* the percentage charged on the exchange of a currency. हुण्डी अथवा करेन्सी नोट को सिक्के में बदलने का बट्टा; **Agiotage** (-टॅज्) -*n.* stock jobbing. बट्टे का व्यापार ।

Agist-ऍ-जिस्ट्'-*v. t.* to take others' cattle to feed for a sum. कुछ धन लेकर चराने के लिए दूसरे के पशु ले जाना ।

Genteel-जॅन्'-टील्-*adj*. belonging to well-bred persons, fashionable, elegant. विनीत, सभ्य, सुशील; **Genteelness** (-नॅस्)-*n*. elegance. सुशीलता; **Genteelly** (-लि)-*adv*. in an elegant manner. सुशीलता से ।

Gentian-जॅन्श्यन्-*n*. a kind of blue-flowered plant. किरात, भूनीम ।

Gentile-जॅन्'-टाइल्-*n*. a person not of Jewish race, a heathen. यहूदियों से भिन्न जाति का व्यक्ति, नास्तिक व्यक्ति ।

Gentility-जॅन्-टिल्'-इट्-इ-*n*. politeness of manners. शिष्टाचार ।

Gentilize-जॅन्-टिल्-आइज़्-*v. t.* to render gentlemanly. शिष्ट बनाना ।

Gentle-जॅन्-ट्ल - *adj*. honourable, noble, courteous, mild, moderate. प्रतिष्ठित, सज्जन, विनीत, सौम्य (सभ्य), (भला) धीमा; **Gentle breeze** (soft breeze.) मन्द समीर; **Gentle laugh** (quiet smile.) मन्द मुसकान; **Gentle sex** (women.) स्त्री-जाति; **Gentlewoman** (a woman of good family.) कुलीन स्त्री; **Gentlewoman-like** (befitting a gentle woman.) शिष्ट स्त्री के समान; **Gentle words** (sweet words.) प्रिय वचन ।

Gentleman-जॅन्'-ट्ल-मॅन्-*n*. (*pl.* Gentlemen, *fem.* Gentlewoman.) a man of good birth. भद्रपुरुष (महानुभाव), शिष्ट मनुष्य; **Gentleman-at-arms** (sovereign's bodyguard.) राजा का शरीर-रक्षक; **Gentlemanhood** (position of being a gentleman.) शिष्टता; **Gentleman-like** (gentlemanly.) -*adj*. सभ्य, सुशील; **Gentlemanliness** (-लि-नॅस्)-*n*. (behaviour of a well-bred man.) शिष्टता, सभ्यता; **Gentlemanly** (-लि) -*adj*. (like a man of good breeding.) कुलीन पुरुषवत्, सुविनीत; **Gentlemanship**-*n*. (the character of a gentleman) भद्रता ।

Gentleness-जॅन्-ट्ल्-नॅस्-*n*. the quality of being gentle, kindness. कोमलता, सभ्यता, दयालुता, शिष्टता, भलमनसी ।

Gently-जॅन्ट्'-लि-*adv*. nobly, courteously. कोमलता से, मृदुता से ।

Gentry-जॅन्'-ट्रि-*n*. (*pl.* Gentries.) the class of people below the nobility and above the vulgar. कुलीन जन, आर्य लोग ।

Genual-जॅन्'-यू-ऑल्-*adj*. pertaining to the knee. घुटना-सम्बन्धी ।

Genuflect-जॅन्'-यू-फ़्लॅक्ट्-*v. t.* to bend the knee in worship. पूजा करने के लिए घुटना मोड़ना ।

Genuflector-जॅन्'-यु-फ़्लॅक्ट्-अर्-*n*. one who bends the knee. पूजा करते समय घुटना मोड़नेवाला व्यक्ति ।

Genuflection, genuflexion.-जॅन्-यु-फ़्लॅक्'-शन्-*n*. the bending of the knee in worship. आराधना करने में घुटना मोड़ने की क्रिया ।

Genuine-जॅन्'-यू-इन्-*adj*. real, pure, unadulterated. यथार्थ, शुद्ध, सच्चा, पवित्र; **Genuinely** (-लि)-*adv*. in a genuine manner. सत्यता से, निष्कपटता से; **Genuineness** (-नॅस्)-*n*. the quality of being genuine. सत्यता, शुद्धता, यथार्थता, खरापन, सचाई ।

Genus-जी'-नस्-*n*. (*pl.* Genera.) a class including several species, animals or plants possessing characteristic distinctions, kind, class. जाति, प्रकार, वर्ग, गण ।

Geocentric, Geocentrical-जी-ऑ-सॅन्ट्र' - रिक् (-अल्)-*adjs*. considered having earth as centre. पृथ्वी को केन्द्र मानकर विचार किया हुआ; **Geocentrically** (-अलि)-*adv*. in a geocentric manner. इस प्रकार से ।

Geocyclic-जी-ऑ-साइक्'-लिक्-*adj*. pertaining to the revolution of the earth. पृथ्वी की परिक्रमा-सम्बन्धी ।

Geodesy-जीऑ'-डिसि-*n*. the science of measuring the earth. भूमण्डल नापने का शास्त्र ।

Geognosy-जी-ऑग्'-नॅ सि-*n.* a study of the materials of the earth's substance. भू-तत्त्व-विज्ञान ।

Geogony-जी-ऑ-गॅ-नि - *n.* the doctrine of the formation of the earth. भू-रचना-शास्त्र ।

Geographer, Geographical-see **Geography.**

Geography-जी-ऑग'-रफ़ि-*n.*the science of the earth's surface, physical features, climate, population &c. भूगोल शास्त्र, भूगोल विद्या; **Geographer** (-अर्)-*n.* one who is versed in geography. भूगोल शास्त्रज्ञ; **Geographical** (-इकुल्)-*adj.* pertaining to geography. भूगोल-विषयक; **Physical geography** (geography which deals with natural features.) प्राकृतिक भूगोल ।

Geolatry-जी - ऑल्'-ऑट्रि-*n.* earth worship. पृथ्वी-पूजन ।

Geological, Geologist-see **Geology.**

Geology-जीऑल्-ॲजि-*n.* the science of the earth's crust. भूगर्भशास्त्र, भूतत्त्व विद्या ; **Geological** (-इकु-अल्)-*adj.* pertaining to geology. भूतत्त्व विद्या विषयक; **Geologist** (-इस्ट्)-*n.* one who is versed in geology. भूतत्त्व विद्या का जाननेवाला ।

Geomancer-जी-ओ'-मॉन्स्-अर्-*n.* one who is versed in geomancy. शकुन विद्या में निपुण ।

Geomancy-जी-ओ'-मॉन्-सि-*n.* divination by figures, dots or lines. रेखा, विन्दु इत्यादि खींचकर शकुन बतलाना ।

Geometer-जीऑम्'-इटर्-*n.* one who is skilled in geometry. रेखागणित में निपुण ।

Geometric - जी-ऑ-मॅट्' - रिक्-**Geometrical** (-अल्)-*adjs.* pertaining to or according to geometry. रेखागणित-सम्बन्धी, रेखागणित के अनुसार; **Geometrical progression** (when quantities increase by a common multiplier.) गुणोत्तर श्रेणी (यथा १,२,४,८,१६ अथवा १६,८,४,२,१ इत्यादि) ।

Geometrician-जीऑम'-ऍट्रिश्यन्-*n.* one who is skilled in geometry. रेखागणित में प्रवीण ।

Geometrize-जीऑम्'-ऍट्राइज़्-*v. t.* to perform geometrically. रेखागणित की रीति से आकार बनाना ।

Geometry-जी-ऑम'-ऍट्रि-*n.* the science of magnitude in general. रेखागणित, ज्यामिति; **Plane geometry** (the geometry of plane figures.) समतल ज्यामिति; **Solid geometry** (the geometry of solid figures.) पिण्ड (घन) ज्यामिति ।

Geonomy-जी-ऑन्'-ॲ-मि-*n.* the science of the physical conditions of the ea
प्राकृतिक भूगोल ।

Geophagist-जी-ऑ-फ़जिस्ट्-*n.* one who
clay or earth. मिट्टी खानेवाला ।

Geophagy-जी-ऑ-फ़जि-*n.* earth-eating,
खाने का कार्य ।

Geoponic-जी-ऑ-पॉन्'-इक्-*adj.* pertaining
agriculture. कृषि सम्बन्धी ।

Germ-जर्म्-*n.* a rudimentary form of
living plant or animal, a plant or
that from which a disease springs,
mentary principle, origin, reproduc
element. सजीव वनस्पति या जन्तु का
रूप, पौधे का गर्भाशय, रोगोत्पादक
कीटाणु, मूल, प्रभव, बीज (अंकुर), कीटाणु
to germinate. उत्पन्न होना ।

German-जर्मन्-*adj.* pertaining to Ger
its language or inhabitants. जर्मनी
भाषा या वहाँ के निवासी सम्बन्धी; Ger
silver (an alloy of copper, zinc
nickel). एक प्रकार की सफ़ेद धातु ।

Germanic - जर्मनिक् - *adj.* pertaining
Germany. जर्मनी सम्बन्धी ।

Germanity-जर्मनिटि - *n.* the special
of the Germans. जर्मन जाति के विशिष्ट

Germen-जर्म्'-ऍन्-*n.* the rudiment of
vessel. प्रारम्भिक बीजयोनि का गर्भाशय

Germicidal-जर्म-इस्-आइड्'-अल्-*adj.*
ing to the destruction of germs.
नष्ट करने से सम्बन्धित ।

Germicide-जर्म्-इस्-आइड्-*n.* & *adj.*
the power of destroying germs.
नष्ट करने की शक्ति से युक्त या शक्ति का ।

Germinal-जर्मिनल्-*adj.* pertaining to
जीवाणु या कीटाणु-सम्बन्धी ।

Germinate-जर्म-इन्-एट्'-*v. i.* & *t.* to
to shoot up, to develop. बीज
अंकुरित होना, उत्पन्न होना या करना,

Germination-जर्म-इन्-ए'-शन् - *n.* the
when seeds vegetate. अँखुवा फूटने का

Germinative-जर्मिनेटिव्-*adj.* pertaining
germination, germinal. उत्पन्न करनेवाला

Germinator-जर्मिनेटर्-*n.* that which
inates. उत्पन्न करनेवाला व्यक्ति या जन्तु

Gerontocracy-जॅर्-ऑन्ट् -ऑक्रसि-*n.*
ment by old men. वृद्ध पुरुषों से शासित

Gerund-जॅर्'-रन्ड्-*n.* English verbal
ending in 'ing'. अंग्रेजी भाषा के
'ing' प्रत्यय लगी हुई संज्ञा; Gerund

ड्)-adj. pertaining to or like a gerund. ऐसे पद का।

Gestation-जॅस्-टे'-शन्-*n.* the act of carrying the young in the womb, pregnancy. गर्भ धारण करने की स्थिति।

Gestic-जॅस्ट्'-इक्-*adj.* legendary. पौराणिक, प्राचीन कथा-सम्बन्धी।

Gesticulate-जॅस्-टिक्'-यु-लॅट्-*v. t.* to use expressive motion of the body. हावभाव दिखलाना, नाटक करना।

Gesticulation-जॅस्-टिक्-यु-ले'-शन-*n.* the act of gesticulating. चेष्टा, हावभाव।

Gesticulator-जॅस्-टिक्-यु-लॅ-टर्-*n.* one who gesticulates. हावभाव दिखलानेवाला पुरुष।

Gesticulatory-जॅस्-टिक्-यु-लॅ-टरि-*adj.* representing gestures. चेष्टा दिखलानेवाला।

Gestural- जॅस् - चरल - *adj.* pertaining to gesture. चेष्टा या भाव सम्बन्धी।

Gesture-जॅस्-च-र्-*n.* a motion of limb or body expressing sentiments. चेष्टा, भाव, संकेत;-*v. t.* to accompany with gesture. हावभाव दिखलाना।

Get-गॅट्-*v. t. & i.* (*p. t.* Got, *p. p.* Got, Gotten-*In comb.*) to gain possession of, to beget, to learn, to prevail on, to go, to arrive, to become. प्राप्त करना, जनना, सीखना, प्रेरित करना, जाना, पहुँचना, होना; **To get about** (to go from one place to another.) एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना; **To get abroad** (to expand.) विस्तृत होना, फैलना; **To get ahead** (to lead.) अग्रसर होना; **To get along** (to advance.) आगे बढ़ना; **To get at** (to obtain, to reach.) प्राप्त करना, पहुँचना; **To get away** (to run away.) भाग जाना; **To get the better of** (to gain victory.) विजय प्राप्त करना; **To get beyond** (to surpass.) अतिक्रमण करना; **To get clear of** (to get rid of.) मुक्त होना; **To get down** (to descend.) उतरना; **To get in** (to enter.) प्रवेश करना; **To get into** (to enter.) पड़ जाना; **To get off** (to put off, to escape.) उतारना, निकल भागना; **To get on** (to draw or pull on, to ascend.) चढ़ना, सवार होना; **To get over** (to surmount.) निपटना; **To get round** (to remove.) हटाना; **To get through** (to terminate.) अन्त करना; **To get to** (to begin.) आरम्भ करना; **To get up** (to rise esp. from bed.) उठना, जागना; **To get upon** (to ascend.) चढ़ना।

Gettable-गॅ टॅब्ल्-*adj.* obtainable. प्राप्त करने योग्य।

Getting-गॅट्-इङ्ग्-*n.* gain, acquisition. लाभ, प्राप्ति।

Get-up-गॅट्-अप्-*n.* style, costume. बनावट, ठाठ।

Gewgaw-ग्यू'-गॉ -*n.* a showy plaything, a trifle. खिलौना, अल्प मूल्य का पदार्थ, निःसार वस्तु।

Geyser-गे'-सर्' या गी'-ज़र्-*n.* a hot spring throwing up intermittent stream of water. गरम पानी का झरना, उष्ण जल स्रोत।

Ghastliness-गास्ट्'-लि-नॅस्-*n.* see Ghastly.

Ghastly-गास्ट्'-लि-*adj.* horrible, death-like, pale, frightful. भयंकर, प्रेततुल्य, पीला, डरावना; **Ghastliness** (-नॅस्)-*n.* dreadfulness, frightfulness. विकटता, भयंकरता।

Ghost-गोस्ट्-*n.* an apparition, spectre, spirit, shadowy outline. भूत, पिशाच, प्रेत, छाया। **To give up the ghost** (to die.) मृत्यु प्राप्त करना, मरना।

Ghost-like-गोस्ट्' - लाइक्-*adj.* like a ghost. प्रेतवत्, भूत के समान।

Ghostly-गोस्ट्'-लि-*adj.* spiritual, pertaining to a ghost. आत्माविषयक, प्रेत-सम्बन्धी, प्रेत का।

Giant-जाइ'-ऑन्ट्-*n.* a man with superhuman stature, an abnormally tall being. अलौकिक या असाधारण उच्च शरीरधारी मानव, राक्षस, दानव; **Giantess** (-ऍस्) - *n. fem.* a female giant. राक्षसी; **Giant-like**-*adj.* huge, gigantic. महाकाय, प्रकाण्ड, असुरवत्।

Gibber-जिब्'-बर् (-गिबर्')-*v. i.* to chatter like an ape, to speak quickly and indistinctly. बड़बड़ाना, गलबल-गलबल बोलना; **Gibberish** (-इश्)-*n.* unmeaning words. अर्थ-रहित शब्द।

Gibbet-जिबिट्-*n.* the gallows, death by hanging. फाँसी देने की टिकठी, फाँसी देकर मृत्यु;-*v. t.* to hang on a gibbet. फाँसी पर लटकाना।

Gibble-gabble-गिब्'-ब्ल्-गॅब् - ब्ल् -*n.* noisy foolish talk. व्यर्थ की बकवाद, बड़बड़।

Gibbon-गिबन्-*n.* a kind of long armed ape. लम्बे हाथवाला बन्दर, लँगूर।

Gibbosity-गिब्-बॉस्'-सिट्-इ-*n.* protuberance. उभाड़।

Gibbous-गिब्'-बस्-*adj.* covnvex, protuberant, hunchbacked. उन्नतोदर, उभड़ा हुआ, कुबड़ा; **Gibbously** (-लि) -*adv.* in a gibbous form. कुबड़ेपन से (टेढ़े से); **Gibbousness** (-नस्) -*n.* protuberance. उभाड़, कुबड़ापन।

Gibe-जाइब्-*v.t.* to flout, to jeer at, to mock. हँसी करना, चिढ़ाना, ताना मारना; - *n.* taunt, scoff. ताना, हँसी, ठट्ठा; **Giber** (-अर्) -*n.* one

who gibes. चिढ़ानेवाला; **Gibingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* tauntingly. ताना मारते हुए ।

Giblets-जिब्'-लॅट्स्-*n. pl.* liver, gizzard &c. of fowl cut off before cooking. पक्षियों का यकृत, पित्त इत्यादि जो पकाने के पहिले काटकर निकाल लिया जाता है ।

Gibus-जाइ'-बस् -*n.* an opera hat. उत्सव में पहिनने की अंग्रेजी टोपी ।

Giddily-गिड्'-डि-लि-*adv.* in a giddy manner. भ्रम या चपलता से ।

Giddiness-गिड्'-डि-नॅस्-*n.* the state of being giddy. भ्रम, चपलता, चक्कर, घुमरि ।

Giddy-गिड्-डि-*adj.* (*comp.* **Giddier**, *sup.* **Giddiest.**) dizzy, frivolous, inconstant, unstable. भ्रमिक, चक्कर खानेवाला, अस्थिर, चञ्चल (चपल); -*v. t.* to make unsteady. अस्थिर करना, चक्कर में डालना; **Giddy-head** (a thoughtless person.) विचारहीन पुरुष ।

Gift-गिफ्ट्-*n.* giving, present, donation natural endowment, talent. दान, उपहार, भेंट, ईश्वरीय शक्ति, अनुपम बुद्धि; -*v. t.* to bestow दान देना ; **Gifted** (-ऍड्) - *adj.* endowed with intellectual gifts. मेधावी, गुणी ।

Gig-गिग्-*n.* a light two-wheeled carriage drawn by one horse, a rowing boat. टमटम, हलकी नाव ।

Gigantic-जाइ-गॅन्'-टिक् -*adj.* mighty, giant-like. विशाल, बड़ा, राक्षस-तुल्य; **Gigantically** (-अलि)-*adj.* in a gigantic manner. विशाल रूप में ।

Giggle-गिग्'-गल्-*v. t.* to laugh like a silly person, to have suppressed laughter. मूर्ख की तरह हँसना, खिसियाना; -*n.* a silly laugh. खीस ।

Giggler-गिग्' - ग्लर् - *n.* one who giggles. ठट्ठा करनेवाला, हँसोड़िया ।

Giglet-गिग्-लॅट् - *n.* (also **Giglot**) a lewd woman. कामातुर स्त्री ।

Gild-गिल्ड् - *v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Gilt**) to cover with a thin layer of gold. सोने का मुलम्मा करना; **Gilder** (-अर्) -*n.* one who gilds. मुलम्ची; **Gilding** (-इङ्ग्) - *n.* the practice of overlaying with gold. मुलम्मा ।

Gill-गिल - *n.* the organ of respiration in fishes, a deep ravine, a brook. मछली का गलफड़ा, गहरी कन्दरा, नाला ।

Gillaroo-गिल-रू-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली ।

Gilt-गिल्ट -*p. t.* & *p. p.* of Gild gilded, gold-coloured. सोने का मुलम्मा किया हुआ, सुनहले रंग का ।

Gimcrack-जिम्'-क्रॅक्-*n.* an useless a toy. निरर्थक अलंकार, खिलौना; **Gim** ery (-अर्-इ) -*n.* a worthless show दिखावा या आडम्बर ।

Gimlet-गिम्'-लॅट्-*n.* a kind of bo छेद करने की बर्मी ।

Gimp, Gymp-गिम्प्-*ns.* a kind of stiffened by wire, a neckerchief nuns. तार से पुष्ट किया हुआ फ़ीता, द्वारा पहना जानेवाला गलेबन्द रुमाल

Gin-जिन्-*n.* a net, trap, a mac separating seeds of cotton, spirit from malt. जाल, फन्दा, चरखी, बिनौला का यन्त्र, जव की शराब;-*v. t.* to clea pods of its seeds. बिनौला निकाल shop (a liquor shop.) शराब की

Ginger-जिन्'-जर् - *n.* a plant with hot root. अदरख; **Dry ginger.**

Gingerade-जिन्'-जर्-ऍड्-*n.* an aer with ginger taste. अदरख के स्वाद

Gingerly-जिन्'-जर्-लि-*adv.* gently, with soft step. धीरे से, सावधानी कदम से ।

Gingery-जिन्'-जर्-इ-*adj.* resembling in taste. अदरख के स्वाद का ।

Gingham-गिङ्ग'-म् -*n.* cotton cloth stripes, an umbrella. छींटदार सूती

Gingival-जिन् - जाइ' -वल्-*adj.* per gums. मसूड़े का ।

Ginglymus-जिङ्ग्'-ग्लिमस् - *n.* a joint in the body. शरीर का का जोड़

Ginning-जिन्'-निङ्ग् -*n.* the ope which cotton is separated from बिनौले में से कपास निकालने का कार्य ।

Gipsy-जिप्-सि-*n.* (*pl.* **Gipsies.**) ing race living on basket-mak dealing &c. कञ्जर जाति ।

Giraffe-जि'-राफ़् - *n.* an African quadruped with a long neck and spotted skin, a camelopard. अफ्रीका देश का एक बड़ा ऊँचा चौपाया, लकड़बग्घा ।



Girandole-जिरन्-डोल-*n.* a revolving firework or jet of water. आतशबाजी की चरखी, पानी की धारा

Gird-गर्ड्-*v. t.* (*p. t.* Girded or Girt.) to bind with a belt &c., to fasten on, to encircle, to put round. बाँधना, लपेटना, घेरना, पेटी से बाँधना।

Girder-गर्डर्-*n.* iron or steel beams supporting the joint of a floor. धरन, शहतीर।

Girdle-गर्ड्'-ल्-*n.* a belt, bony support, a ring round a tree. मेखला, कटिसूत्र, करधनी, कमरबन्द, परिखा; -*v. t.* to bind with a girdle, to enclose. कमरबन्द बाँधना, वृक्ष के चारों ओर खाई बनाना।

Girl-गर्ल्-*n.* (*mas.* Boy.) an unmarried woman, a female child, daughter, sweetheart. कुमारी, कन्या, बालिका, पुत्री, प्रेमिका; Girlhood (-हुड्)-*n.* state of being a girl. कुमारीत्व, कुमारीपन, कौमार्य।

Girlish-गर्लिश्-*adj.* like a girl. कन्यावत्; Girlishness (-इश् - नेंस्)-*n.* girlish character. लड़कीपन, कन्यात्व।

Girt-गर्ट्-*n.* measurement across the surface. ऊपरी नाप;-*v. t.* to measure with a girt, to surround. इस प्रकार की नाप करना, लपेटना, घेरना।

Girth-गर्थ्-*n.* the band tightened round the body of a horse, measurement round a cylindrical object. घोड़े के साज की पेटी (चाल), किसी गोल पदार्थ की गोलाई की नाप; -*v. t.* to bind with a girth. पेटी कसना।

Gist-जिस्ट्-*n.* the real point or ground, substance or pith of a matter. तात्पर्य, निष्कर्ष, भाव।

Give-गिव्-*v. t.* (*p. t.* Gave, *p. p.* Given.) to bestow, to hand over, to impart, to pay, to bequeath, to deliver, to entrust, to communicate, to pay in exchange, to dedicate, to produce, to show, to ascribe. अर्पण करना, सौंपना, देना, चुकाना, वसीयत करना, हवाले करना, बताना, बदले में देना, समर्पण करना, उत्पन्न करना, दिखलाना, आरोपित करना; To give away (to transfer.) सौंपना; To give back (to return.) वापस करना; To give chase (to follow.) अनुसरण करना, पीछा करना; To give ear to (to attend to.) ध्यान देना, सुनना; To give forth (to publish.) प्रकाशित करना; To give ground (to run away.) छोड़कर भागना; To give in (to yield.) हार मान लेना; To give offence. अपराध करना; To give out (to utter publicly.) बात फैलाना; To give over (to abandon.) त्यागना; To give place (to yield.) जगह देना; To give oneself up to (to despair, to abandon.) निराश होना, त्यागना; To give up (to abandon.) त्यागना; To give utterance (to pronounce.) उच्चारण करना; To give way (to fall back.) शिथिल पड़ना, हट जाना।

Given-गिव्'-न्-*adj.* bestowed. दिया हुआ।

Giver-गिव्'-अर्-*n.* one who gives. देनेवाला, दाता।

Giving-गिव्'-इङ्ग्-*n.* conferring. दान, अर्पण।

Gives-जाइव्ज़्-*n. pl.* fetters for the feet. पैर की बेड़ियाँ।

Gizzard-गि'-ज़र्ड्-*n.* the second stomach of birds and fishes. पक्षियों तथा मछलियों का द्वितीय आमाशय; To fret one's gizzard (to vex, to harass.) कष्ट देना, व्यग्र करना।

Glabrous-ग्ले-ब्रस्-*adj.* without hair, smooth-skinned. बिना रोम का, चिकने चमड़े का।

Glace-ग्लॅश्'-*adj.* having a smooth and polished surface. चिकनी तथा चमकदार सतह का।

Glacial-ग्ले'-श्यल्-*adj.* of ice, icy. हिमरूप, बर्फ़ीला; Glacially (- लि)-*adv.* like ice हिमरूप में।

Glaciated-ग्ले'-शि-एट्-ऍड्-*adj.* polished by the action of ice. बरफ़ की गति से चिकना किया हुआ; Glaciation (-ए'-शन्)-*n.* the action of ice in polishing. बरफ़ का चिकना करने का कार्य।

Glacier-ग्लॅश्'-यर्-*n.* a slowly moving field of ice. बरफ़ की धीरे-धीरे चलनेवाली या सरकनेवाली चट्टान।

Glacis-ग्ले'-सिस्, ग्ला'-सी-*n.* a sloping bank. ढालुआँ किनारा।

Glad-ग्लॅड्-*adj.* (*comp.* Gladder; *sup.* Gladdest.) pleased, cheerful, full of joy. प्रसन्न (हर्षित), आनन्दित, खुश।

Gladden-ग्लॅड्'-न्-*v. t.* to cheer, to make glad. आनन्दित करना, प्रसन्न करना, खुश करना; Gladdening (-ड न्-इङ्ग्) - *adj.* cheering. हर्षक।

Glade-ग्लेड्-*n.* an open space between trees in a forest. वनमार्ग, जङ्गल में खुला मैदान।

Gladiate-ग्ले'-डि-एट्-*adj.* of the form of a sword. तलवार के आकार का।

Gladiator-ग्लॅड्'-इ-एट्-अर्-*n.* a fighter with a sword, controversialist. तलवार चलानेवाला, वाद-विवाद करनेवाला; Gladiatorial (-ए-टोर्'-इ-अल) -*adj.* of a gladiator. तलवार चलाने-

वाले का; **Gladiatorship** -*n*. the work of a gladiator. तलवार चलाने का कार्य।

Gladly-ग्लैड्'-लि-*adv*. with pleasure. प्रसन्नतापूर्वक, खुशी से।

Gladness-ग्लैड्'-नॅस्-*n*. the state of being glad. हर्ष, आनन्द, खुशी।

Gladsome-ग्लैड्-सम्-*adj*. joyful, cheerful. प्रसन्न, खुश।

Gladstone-bag- ग्लैड्'-स्टोन्-बैग् -*n*. a light bag. एक प्रकार का हलका झोला।

Glair-ग्लेअर्-*n*. the white of an egg, mud. अण्डे की सफेदी, कीचड़;-*v. t.* to smear with glair. अण्डे की सफेदी पोतना; **Glairy** (-इ)-*adj*. of the nature of glair. अण्डे की सफेदी के समान।

Glamour-ग्लैमर्-*n*. magic, enchantment. जादू, टोना; -*v.t.* to enchant. जादू डालना; **Glamorous** (-अस्)-*adj*. filled with glamour. जादूपूर्ण, जादू डाला हुआ।

Glance-ग्लान्स्-*v. i.* to pass quickly over, to flash, to gleam, to cast a momentary look at. निगाह डालना, चमकना, जगमगाना, क्षणिक दृष्टिपात करना;-*n*. a gleam, a sudden flash, a quick momentary view. प्रभा, झलक, क्षणिक दृष्टिपात, **Sidelong glance** (oblique look.) कटाक्ष; **To glance over** (to look cursorily.) सरकारी तौर से देखना।

Glancingly-ग्लान्स्-इङ्ग्-लि-*adv*. in a glancing manner. तिरछी नजर से।

Gland-ग्लैन्ड्-*n*. a simple or complex organ in animals secreting constituents of blood. गिल्टी, ग्रन्थि, गाँठ।

Glandiform- ग्लैन्ड्'-इ-फ़ॉर्म्-*adj*. of the form of a gland. गिल्टी के आकार का।

Glandless-ग्लैन्ड्'-लॅस्-*adj*. without glands. बिना गाँठ का।

Glandular-ग्लैन्ड्'-यू-लर्-*adj*. pertaining to glands. गिल्टी-सम्बन्धी।

Glandule-ग्लैन्ड्'-यल-*n*. a small gland. छोटी ग्रन्थि।

Glare-ग्लेअर्-*n*. a strong fierce light, brilliance. उग्र(चौंधानेवाला)प्रकाश, चमक;-*v. i. & t.* to shine with a dazzling light. चौंधना, चौंधाना; -*adj*. glassy. शीशे के समान।

Glaring-ग्लेअर्'-इङ्ग्-*adj*. with dazzling light. देदीप्यमान; **Glaringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv*. in a glaring manner. चौंधाते हुए; **Glaringness** (-इङ्ग्-नॅस्)-*n*. brilliance. चमक।

Glary-ग्लेअर्'-इ - *adj*. dazzling, brilliant. चकाचौंध करनेवाला, चमकीला।

Glass-ग्लास्-*n*. a hard and brittle transparent substance, a vessel of a mirror. काँच, शीशा, शीशे का बर्तन, **Glasses** *n. pl.* spectacles, lenses. -*v. t.* to cover with glass. शीशा **Glass-blower**-*n*. शीशे को फूँककर आदि बनानेवाला; **Glass-eye** (artificial बनावटी आँख; **Glass-like** (-लाइक्)-*adj*. bling glass. काँच के समान; (articles made of glass.) काँच के बने **Glassy** (-इ)-*adj*. resembling glass, the properties of glass. शीशे के समान

Glaucoma-ग्लॉ-को'-मा-*n*. a disease of eye. आँख का एक रोग।

Glaucous-ग्लॉ'-कस्-*adj*. of dull blue हलके नीले रंग का

Glaze-ग्लेज़्-*v. t.* to fit with glass, to lustrous coating to. शीशा लगाना, तरह चमकाना;-*n*. glassy coating, polish. शीशे का आवरण, चमकीला रोगन।

Glazier-ग्लेज़्यर्-*n*. one whose business glaze windows. खिड़कियों में शीशा जड़ने

Glazing-ग्लेज़्'-इङ्ग्-*n*. the act of glass to the windows etc. खिड़कियों में काँच बैठाने का कार्य।

Glazy-ग्लेज़्'-इ-*adj*. shiny. चमकीला।

Gleam-ग्लीम्-*n*. dim light, beam of temporary show of some quality. प्रकाश की किरण, क्षणज्योति;-*v. i.* to shine interrupted brightness. जगमगाना, के लिये प्रकाश डालना।

Gleaming-ग्लीम्'-इङ्ग्-*adj*. emitting चमकनेवाला।

Gleamy-ग्लीम्'-इ-*adj*. shedding light. कम्पित प्रभा या क्षणज्योति फेंकनेवा

Glean-ग्लीन्-*v. t. & i.* to gather ears left by reapers. लवन के बाद छुटा बटोरना;-*n*. that which is gleaned. बटोरा गया अन्न।

Gleaner-ग्लीन्'-अर्-*n*. one who बटोरनेवाला।

Gleaning-ग्लीन्'-इङ्ग्-*n*. the act of after reaping. बटोरने का कार्य।

Glebe-ग्लीब्-*n*. clod, earth, a land a church. मिट्टी, भूमि, गिरजे से लगी हुई

Glee-ग्ली-*n*. mirth, cheerfulness, song sung by three or more men. प्रसन्नता, प्रफुल्लता, तीन या अधिक मनुष्य मिलकर गाया गया गीत।

Gleeful-ग्ली-फ़ुल् (-**some**)-(-सम्)-*adjs.* joyous, gay. आनन्दपूर्ण; **Gleefully** (-फ़ुलि)-*adv.* in a joyous manner. आनन्दपूर्वक ।

Gleet-ग्लीट्-*n.* a morbid discharge from a sore or wound. मवाद, पीप, घाव से बहनेवाला पंछा; **Gleety** (-इ)-*adj.* thin. पतला ।

Glen-ग्लेॅन्-*n.* a narrow valley. कंदरा, घाटी, दर्रा ।

Glenoid-ग्ली'-नॉ-एॅड् - *n. adj.* pertaining to the small cavity of a bone. हड्डी में के छोटे गड्ढे से सम्बन्धित ।

Glib-ग्लिब्-*adj.* smooth, slippery, fluent, voluble. चिकना, फिसलनदार, बकवादी, बड़बड़िया; **Glibly** (-लि)-*adv.* in a glib manner. चिकनाई से; **Glibness** (-नेॅस्)-*n.* the quality of being glib. वाक्-चपलता ।

Glide-ग्लाइड्-*v. i.* to slide, to pass gently. सरकना, खिसकना, धीमे-धीमे बहना;-*n.* the act of gliding. सरकन ।

Glider-ग्लाइड्'-अर् - *n.* one who glides, an engineless aeroplane. चुपके से जानेवाला, बिना इञ्जन का हवाई जहाज़ ।

Glidingly-ग्लाइड्'-इङ्ग्-लि-*adv.* in a gliding manner. खिसकते हुए ।

Glimmer-ग्लिम्'-मर्-*n.* a faint or dim light, an inkling. क्षीण प्रकाश, प्रभा, चमक; -*v. i.* to shine faintly. टिमटिमाना, जगमगाना; **Glimmering** (-इङ्ग्)-*n.* unsteady beam of light, faint idea. मन्द प्रकाश, अस्पष्ट विचार ।

Glimpse-ग्लिम्प्स्-*n.* a sudden flash, momentary or transient view. क्षणिक चमक या दृष्टि, झलक;-*v. t.* & *i.* to see or appear as a glimpse. झलक पड़ना ।

Glint-ग्लिण्ट्-*v.i.* to flash, to sparkle. चमकना, झलकना ।

Glissade-ग्लिसे' - ड्-*v. i.* to slide on ice. बरफ पर सरकना ।

Glisten-ग्लिस्'-स्-न्-*v. i.* to shine, to sparkle. चमकना, दमकना; **Glistening** (-इङ्ग्)-*adj.* shining. चमकदार ।

Glister-ग्लिस् - टर्-*v. i.* to sparkle. चमकना; **Glistering** (-इङ्ग्)-*adj.* sparkling with light. प्रकाश से चमकता हुआ; **Glisteringly** (-इङ्ग्-लि) *adv.* in a glistering manner. चमकते हुए, जगमगाते हुए ।

Glitter-ग्लिट्'-टर्-*v. i.* to gleam, to sparkle. चमकना, प्रकाश फेंकना;-*n.* brilliancy, lustre. चमक-दमक, दीप्ति; **Glittering** (-इङ्ग्)-*adj.* shining. चमकता हुआ ।

Gloaming-ग्लोम्'-इङ्ग्-*n.* twilight specially of evening. सन्ध्या का मन्द प्रकाश, गोधूलि वेला का प्रकाश ।

Gloat-ग्लोट्-*v. i.* to stare lustfully or avariciously. बुरी दृष्टि या लालच की निगाह से देखना, घूरना; **Gloatingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a gloating manner. घूरते हुए ।

Globate-ग्लोब्'- एट-*adj.* of the form of a globe, globular. गोलाकार ।

Globe-ग्लोब्-*n.* a spherical body, the earth. गोल, गोल पदार्थ, पृथ्वी ।

Globe.

Globoid- ग्लोब्'- ऑइड् -*adj.* of the form of a globe. वर्तुल, गोलाकार ।

Globosity- ग्लोब् -ऑसिट्-इ-*n.* the state of being globulous. गोलापन ।

Globular - ग्लॉब्यूलर्-*adj.* spherical. गोलाकार ।

Globule-ग्लॉब्'-यूल्-*n.* a small globe, a pill. छोटा गोला, गोली ।

Glomerate-ग्लॉम्'-मर्-एट्-*adj.* clustered compactly together. पिण्ड किया हुआ, इकट्ठा किया हुआ ।

Glomeration-ग्लॉम्-अर्-ए'- शन्-*n.* the act of gathering into a ball. इकट्ठा होकर गोलाकार हो जाना ।

Glomerous-ग्लॉ-मर्-अस्-*adj.* gathered into a round mass. गोला बनाया हुआ ।

Glomerule-ग्लॉम्-मरू-ल् - *n.* a cluster of small glomers, tissues &c. छोटे फूल इत्यादि का गुच्छा ।

Gloom-ग्लूम्-*n.* darkness, obscurity, despondency. अन्धकार, धुँधलापन, विषाद;-*v. t.* & *i.* to make or be obscure. अन्धकार करना या होना; **Gloomily** (-इल्-इ)-*adv.* in a gloomy manner. उद्वेग (विषाद) सहित; **Gloominess** (-इ-नेॅस्)-*n.* the state of being gloomy. खेद, उद्विग्नता ।

Gloomy-ग्लूम्'-इ-*adj.* dusky, dismal, melancholy. अन्धकारमय (मलिन), खिन्न, उद्विग्न ।

Glorification-ग्लोर्-इफ्-इक्- ए'- शन्-*n.* exaltation to honour and dignity. गुण-कीर्तन, प्रशंसा ।

Glorify- ग्लोर्'-इफ़्-आइ-*v. t.* (*p. t.* Glorified.) to make glorious, to praise, to honour, to exalt, to invest with beauty. प्रकाशित बनाना, प्रशंसा करना, आदर देना, गौरवान्वित करना, सुन्दरता प्रदान करना ।

Gloriole-ग्लोर्'-इ-ओल्-*n.* a halo, a circle of light. प्रभा-मण्डल।

Glorious-ग्लोर्' - इ - अस् - *adj.* illustrious, splendid, honourable, magnificent. यशस्वी, तेजस्वी, प्रतापी, उत्तम (श्रेष्ठ); **Gloriously** (-लि) *adv.* in a glorious manner. शान से, तड़क-भड़क के साथ।

Glory-ग्लोर्-इ--*n.* (*pl.* **Glories.**) brightness, renown, fame, pride, splendour, ornament, magnificence. कीर्ति, यश, प्रताप, गर्व, शोभा, आभूषण, महत्त्व;-*v. i.* to pride oneself. शेखी करना; **Vainglory** (false pride, vanity.) मिथ्या अभिमान, अहङ्कार।

Gloss-ग्लॉस्-*n.* explanation, comment, glossary, superficial lustre. टीका, भाष्य, व्याख्या, बाह्य (कल्पित) शोभा;-*v. t.* to make glossy, to give lustre to, to explain. चमकीला करना, चमकाना, व्याख्या करना।

Glossal-ग्लॉसल्-*adj.* of the tongue. जिह्वा का।

Glossary-ग्लॉस'रि-*n.* a vocabulary. पारिभाषिक शब्द-कोष।

Glossily-ग्लॉस्-इ-लि-*adv.* in a glossy manner. चमक-दमक से।

Glossiness-ग्लॉस्'-इ - नेॅस् - *n.* the state of being glossy. चमक।

Glossy-ग्लॉस्'-सि-*adj.* smooth and shining, polished. चिकना, चमकीला।

Glottal-ग्लॉटल्-*adj.* pertaining to glottis. घाँटी-सम्बन्धी।

Glottis-ग्लॉट्' - टिस् -*n.* the opening at the upper part of the windpipe. उपजिह्वा, घाँटी।

Glove-ग्लव्-*n.* a covering for the hand. हस्त-त्राण (दस्ताना), हाथ का मोजा;-*v. i.* to cover with a glove. दस्ताना पहनना; **Glove-fight** (a fight with fists.) मुक्की की लड़ाई; **To take up the glove** (to accept challenge.) लड़ना स्वीकार करना; **To throw down the glove** (to challenge to single combat.) बीड़ा उठाना, अकेले की लड़ाई के लिये ललकारना।

Glow-ग्लो-*v. i.* to throw light and heat without a flame, to shine with heat, to show warm colour, to burn with bodily heat. (आग से) लाल होना, प्रज्वलित होना, चमकना, तपना;-*n.* a shining heat, ardour of passion. तेज, चमक, लाली, ताव।

Glower-ग्लो'-अर्-*v.i.* to scowl. तिरछी निगाह से देखना।

Glowing-ग्लो'-इङ्ग्-*adj.* shining with heat. प्रज्वलित, देदीप्यमान; **Glowingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* with great brightness or heat. दीप्ति से।

Glow-worm-ग्लो'-वर्म् - *n.* an insect glows at night. खद्योत, जुगनू।

Gloze-ग्लोज़्-*v. t.* to flatter. चापलूसी flattery. चापलूसी; **Glozer** (-अर्) flatterer. चापलूसी।

Glucose-ग्लू' - कोस्-*n.* grape-sugar. निकाली हुई शक्कर।

Glue-ग्लू-*n.* gelatine obtained from and hoofs of animals. सरेस; -*v. t.* with glue. सरेस से जोड़ना या

Gluey-ग्लू'-इ-*adj.* glutinous. चिपचिपा, लसा; **Glueyness** (-इ-नेॅस्)-*n.* the of being gluey. लसलसापन,

Glum-ग्लम्-*adj.* looking sullen or ased. अप्रसन्न, मलिनमुख।

Glume-ग्लूम्-*n.* husk of grain. भूसा।

Glut-ग्लट्-*v. t.* (*p. t.* **Glutted.**) to the stomach with food, to swallow ily, to satiate, to fill to excess. अत्यन्त भोजन करना, ठूँसना;-*n.* an over superabundance. अति तृप्ति,

Gluten-ग्लू'-टेॅन्-*n.* a sticky substance लसा पदार्थ।

Glutinize-ग्लू-टिन्-आइज़्-*v.t.* to make लसलसा या चिपचिपा बनाना।

Glutinous-ग्लू-टिन्-अस्-*adj.* viscous. वाला; **Glutinously** (-लि) -*adv.* in nous manner. चिपकाते हुए।

Glutton-ग्लट्'-ट्न्-*n.* an excessive person with great appetite. पेटू, खाऊ; **Gluttonish** (-इश्), (-अस्)-*adjs.* given to gluttony. **Gluttonously** (-लि) -*adv.* in a manner. लोलुपता (लालच) से; voracity. लोलुपता, लालच, पेटूपन।

Glycerine-ग्लिस्' - सर् - इन् -*n.* a sweet liquid which is obtained ग्लिसरीन, तेल या चरबी से निकाला हुआ

Glycogen-ग्लाइ' - को - जेॅन् - *n.* a producing sugar in animal tissue रचना में शक्कर उत्पन्न करनेवाला

Glyphography-ग्लिफ़्'-ऑ-ग्रॅफ़ि-*n.* a of making raised copy on engraved नकाशी किये हुए चद्दर पर उभड़ी हुई बनाने की विधि।

Glyptography-ग्लिप्ट्-ऑ-ग्रॅफ़ि-*n.* the of engraving on gems. रत्नों पर करने की कला।

narl-नार्ल्-v.i. to growl, to snarl गुर्राना ।

narled-नार्ल्ड्, Gnarly (-इ)-adjs. twisted, knotty. ऐंठा हुआ, ग्रन्थियुक्त ।

nash-नैश्-v. i. to grind teeth together. ाँत पीसना या कड़कड़ाना; Gnashing (-इङ्ग्) n. grinding of teeth in rage. क्रोध में दाँत ीसना ; Gnashingly (-लि) - adv. दाँत ीसते हुए ।

nat-नैट्-n. a small two-winged fly. मच्छर, नमक्खी, कुटकी, पिस्सू ।

nathic-नैथ्'-इक्-adj. pertaining to jaws. ाढ़ सम्बन्धी ।

naw-नॉ-v.t. to bite persistently, to corrode, o torture. दाँत से काटना, खा जाना, कष्ट देना ।

nawer-नॉ'-अर्-n. a rodent animal. कुतरकर ानेवाला जन्तु या पशु ।

nawing-नॉ' - इङ्ग् - n. chewing, biting. बाना, काटना; Gnawingly (-इङ्ग्-लि)-adv. n a gnawing manner. दाँत से काटते हुए ।

nome-नोम् -n. a maxim, goblin, dwarf. हावत, परी, बौना ।

nomic-नोम्'-इक्-adj. pertaining to maxims, ententious. कहावत सम्बन्धी ।

nomon-नो-मॉन्-n. a pin or plate of sun ial, part of a parallelogram left when a imilar one is removed from its corner. यंघड़ी की कील, रेखागणित की एक आकृति ।

nostic-नॉस्'-टिक्-adj. relating to know-dge. ज्ञान-सम्बन्धी ।

nosticism- नॉस्'-टिस्-सिज़्म् -n. theosophic hilosophy. ब्रह्मज्ञान का सिद्धान्त ।

nu-नू-n. an ox-like antelope. बैल की आकृति ा बारहसिंगा ।

o-गो-v. i. (p. t. Went-वेॅन्ट् p. p. Gone-न्) to move, to depart, to circulate, to vance. चलना, जाना, प्रस्थान करना, घुमाना, ना; Go-ahead -adj. energetic, active. ीला; Go-between-n. (an intermediary.) थ्य; To go about (to set oneself in siness, to seek, to endeavour.) कार्य म्भ करना, तलाश करना, कोशिश करना; To ahead (to advance.) आगे को बढ़ना; To go at (to attack.) आक्रमण करना; To behind (to examine again.) पुनः ा करना; To go by (to pass near and ond.) आगे-पीछे जाना ; To go down sink.) डूबना; To go for nothing (to e novalue.) विफल होना; To go off (to die, to fly, to leave, to explode, to fade मरना, उड़ना, छोड़ना, उड़ाना, मुर्झाना; To go round. प्रदक्षिणा करना; To go through (to accomplish, to examine in order, to undergo.) पूर्ण करना, क्रम से परीक्षा या जाँच करना, सहन करना; To go with (to be equal to.) बराबर होना ।

Goad-गोड्-n. a pointed stick used for urging cattle, a stimulus. अंकुश, उसकाव;-v. t. to drive with a goad, to drive forward. अंकुश लगाना, आगे बढ़ाना (उद्यत करना) ।

Goal-गोल्-n. the end of a race, destination, aim, purpose, final end. दौड़ का छोर, पहुँच, लक्ष्य, निमित्त, अन्त; **Goal-keeper**-n. the player whose duty is to guard the goal. खेल में सीमा स्थान का रक्षक; **Goal-post** -n. a post stuck on the goals. सीमा स्थान में गाड़ा हुआ डंडा ।

Goat-गोट्-n. a horned ruminant quadruped. अज, बकरा; **Goatherd** (one who tends goats.) अज पालक, बकरों को पालनेवाला, गड़ेरिया ।

Goatish-गोट्'-इश्-adj. resembling a goat. बकरी के समान; **Goatishly** (-लि) -adv. lustfully. कामुकता से; **Goatishness** (-इश्-नेॅस्)-n. lustfulness. कामुकता ।

Goatling-गोट्- लिङ्ग्-n. a one or two-year old goat. एक या दो बरस का बकरी का बच्चा ।

Gob-गॉब्-n. a clot of slimy matter, spittle. थूक, खखार ।

Gobbet-गॉब्'-बेॅट्-n. a small piece. छोटा टुकड़ा या खण्ड; -v. t. to swallow in bits, to divide in bits. टुकड़े करके घोंटना, टुकड़ों में विभक्त करना ।

Gobble-गॉब्'-बल्-v. t. to eat hurriedly with noise. शब्द करते हुए जल्दी-जल्दी खाना ।

Gobbler-गॉब्'-लर्-n. one who swallows in haste. जल्दी से निगलनेवाला

Goblet-गॉब्-लेॅट्-n. a drinking cup without handles. बिना हत्थे या हथकड़ का पानी पीने का प्याला या कटोरा ।

Goblin-गॉब्-लिन् -n. a mischievous evil spirit. भूत, पिशाच ।

Go-cart- गो' - कार्ट् - n. a wheeled-appliance to teach babies to walk. बच्चोंको चलना सिखलाने की गाड़ी ।



Go-cart.

God-गॉड्-n. (fem. Goddess-डेॅस) a divinity.

image possessing divine power, the Supreme Being. देव, देवता, परमेश्वर; *-v. t.* to deify. देवता-तुल्य बनाना; **Goddess** (-डेस्) *-s. fem.* a female deity. देवी, देवपत्नी; **Godfather** (the person who becomes sponsor for a child at baptism.) धर्मपिता; **Godhead** (-हेड्) *-n.* divine nature. ईश्वरत्व; **Godless** (-लेस्) *-adj.* with no fear of God, ungodly. नास्तिक, अनीश्वरवादी; **Godlike** (-लाइक्)*-adj.* resembling a god. देवता-तुल्य; **Godliness** (-लि-नेस्) *-n.* the quality of being godly. (धर्मसेवा) देवभक्ति; **Godly** (-लि)*-adj.* righteous. ईश्वरभक्त (पुण्यात्मा, धार्मिक); **Godsend** (-सेन्ड्) *-n.* an unexpected acquisition of good fortune. आकस्मिक धन-प्राप्ति; **Godship**(-शिप्) *-n.* divinity. देवत्व ।

Godown-गो'-डाउन्*-n.* a warehouse or storeroom. गुदाम ।

Goer-गो'-अर् *-n.* a go-between, one who walks. मध्यस्थ, चलनेवाला ।

Goffer-गॉ'-फ़र्*-v. t.* to make edges wavy by means of heated iron. गरम लोहे से किनारी में झालर बनाना ।

Goggle-गॉग्-गल्*-v. i.* to turn eyes sideways, to squint. तिरछी नजर फेरना, आँख मारना ।

Goggles-गॉग्-गल्स्*-n. pl.* spectacles for protecting the eyes from glare, dust &c. धूप का रंगीन चश्मा ।

Goglet-गॉग्'-लेट्*-n.* a long-necked earthen vessel. सुराही, झंझर ।

Going-गो'-इङ्ग्*-n.* act of walking, departure. गमन, प्रस्थान ।

Goitre-गॉइट्'-अर् *-n.* a morbid-swelling of thyroid gland. गण्डमाला ।

Goitrous-गॉइ-ट्रस्*-adj.* pertaining to goitre. गण्डमाला सम्बन्धी ।

Gold-गोल्ड् *-n.* a precious yellow metal, wealth. सुवण, सोना, धन (सम्पत्ति); **Gold amalgam** (composition of gold and mercury.) पारा और सोने का मिश्रण; **Gold-beater** (one who prepares gold foils.) सोने का तबक बनानेवाला ; **Gold-field** (a region where gold is found.) जिस स्थान में (खोदने से) सोना मिलता है; **Gold-foil** (a very thin sheet of gold.) सोने का तबक; **Gold-smith** (one who works in gold.) सोनार; **Gold-thread.** कलाबत्तू ।

Golden-गोल्ड्'-इन्*-adj.* made of or consisting of gold, shining, valuable. सोने का (सुवर्णमय), चमकीला, बहुमूल्य; **Golden ag** period.) स्वर्णयुग; **Golden** opinio esteem) अति प्रतिष्ठा; **Golden** w (the fiftieth anniversary of a m विवाह की पचासवीं वर्षगाँठ ।

Golf-गॉल्फ़ *-n.* a game played wi hard ball and clubs. गेंद और डंडे **Golfer** (-अर्)*-n.* a player at golf. खेलनेवाला ।

Gondola-गॉन्'-डॅला*-n.* a kind of lig एक प्रकार की हल्की नाव ; **Gondolie** *-n.* a man who rows a gondola. की नाव खेनेवाला ।

Gone-गॉन्*-p. p.* of **Go.** गया हुआ ।

Gong-गॉङ्ग्*-n.* a heavy metal dis resonant note when struck with घंटा, घड़ियाल ।

Goniometer-गोनिओमिटर् *-n.* an i for measuring angles. कोण नापने गोनियाँ ।

Gonorrhoea-गॉनो-री'-आ*-n.* an infl disease of generative organs.

Good-गुड्*-adj.* (*comp.* Better, excellent, satisfactory, attracti proper, expedient, kind, virtuo able, favourable. उत्तम (अच्छा प्रद, आकर्षक, ठीक, उचित, उपयु धार्मिक, रुचिकर, अनुकूल;*-n.* a virt son, benefit, advantage. पुण्या (कल्याण), लाभ, सुविधा; **A good de** number or quantity.) बहुत-सा; **As** (equally.) बराबर; **As good as** (fulfilling his promise.) प्रतिज्ञा वाला; **A good many** (a large बहुतेरे; **Be so good as, Be good** (be pleased to.) कृपा करके; **For** all (finally.) सर्वदा के लिये; **Good** (polite manners.) शिष्टता, विनय; (farewell.) विदाई के समय का प्र **day** (a salutation during the da प्रणाम; **Good fortune** (good luck **Good for you** (for your ben कल्याण के लिए; **Good-for-nothin** निष्फल, व्यर्थ; **Good Friday.** नामक त्योहार का शुक्रवार; **Good-** cheerful temper.) आनन्द, प्रमोद; ing (beautiful, attractive.) **Good manners** (propriety of विनय, सुशीलता; **Good nature** (rament.) सुशीलता; **Good-night** salutation in the evening or

रात्रि के समय की विदाई का प्रणाम; Good sense (sound judgment.) विवेक; Goodwill (kindly feeling, well-wishing.) दया-भाव, मंगल कामना; In good spirits (merry.) प्रसन्न-चित्त; To make good (to complete.) पूरा करना; To say a good word for (to praise.) प्रशंसा करना; Good of the people (public welfare.) लोकहित; Good quality. सद्गुण ।

Goose-गूस्-*n.* (*pl.* Geese, *mas.* Gander.) a kind of web-footed bird, a tailor's smoothing iron. कलहंस, दरजी का इस्त्री करने का लोहा ।

Gooseberry-गूज़्-बॅर्'- रि-*n.* (*pl.*-berries) a kind of edible fruit. झरबेरी, करौंदा ।

Goosery-गूस्'-अर्-रि-*n.* a place for geese, stupidity. कलहंस का स्थान, मूर्खता ।

Gopher-गो'-फ़र्-*n.* a kind of squirrel, a kind of wood. एक प्रकार की गिलहरी, एक प्रकार की लकड़ी ।

Gordian-गॉर्ड्यॅन् - *adj.* intricate, difficult. पेचीदा, कठिन; Gordian knot (a kind of hard knot.) कठिन ग्रन्थि, कड़ी गाँठ ।

Gore-गोर्-*n.* thick or clotted blood, a triangular piece of cloth. गाढ़ा रक्त, तिकोना कपड़ा; -*v. t.* to pierce with horn. सींग घुसाना ।

Gorge-गॉर्ज् - *n.* the internal part of the throat, a narrow opening between hills. कण्ठ, पर्वत के बीच का संकुचित मार्ग; - *v. i.* to devour greedily. लालची की तरह खाना ।

Gorgeous-गॉर्-जस् - *adj.* magnificent, dazzling. भड़कीला, चौंधानेवाला; Gorgeously (-लि) -*adv.* in a gorgeous manner, magnificently. तड़क भड़क के साथ, उज्ज्वलता से; Gorgeousness (-नॅस्) - *n.* the quality of being gorgeous, magnificence. भड़कीलापन, तड़क-भड़क ।

Gorget-गॉर्' - जॅट् - *n.* an armour for the throat, a necklace. ग्रीवात्राण, गुलूबन्द ।

Gorgon-गॉर्'-गन्-*n.* a fabulous snake-haired woman, an ugly woman. सर्प के केशवाली एक पौराणिक स्त्री, कुरूपा स्त्री ।

Gorilla-गॉर् - रि - ला - *n.* a large powerful African ape. अफ्रीका का बड़ा बन्दर, वनमानुष ।

Gormandize-गॉर्'-मॅण्ड्-आइज़्-*v. t.* to indulge in gluttony. भुक्खड़ की तरह भोजन करना; Gormandizer (-अर्) - *n.* a greedy eater. भुक्खड़ ।

Gorse-गॉर्स्-*n.* a prickly shrub with yellow flowers. भटकटैया ।

Gory-गोरि - *adj.* covered with blood, of blood, blood-like. रक्तमय, रक्त का, रक्त के समान ।

Goshen-गो-शन् - *n.* a place of light and plenty. अति प्रकाश और पूर्णता का स्थान ।

Gosling-गॉज़्' - लिङ्ग् - *n.* a young goose. हंस का बच्चा ।

Gospel-गॉस्'-पॅल्-*n.* glad tidings, the teachings of Jesus Christ. ईसामसीह का सुसमाचार, इन्जील;-*v. t.* to instruct. उपदेश देना ।

Gossamer-गॉस्'-मर्-*n.* the web of a spider floating in the air. हवा में उड़नेवाला मकड़े का महीन जाला; Gossamery (-इ)-*adj.* like gossamer, flimsy. बहुत महीन, पतला ।

Gossip-गॉस्-सिप्' -*n.* an idle or trifling talk, unconstrained talk, a tattler. प्रलाप, बकवाद (गपशप), बकवादी मनुष्य; -*v. i.* to chat, to talk much. वृथा बकवाद करना, गपशप करना; Gossiper (-अर्)-*n.* a chatterer. बकवादी ।

Got-गॉट्-*p. t.* of Get. पाया ।

Gotha-गो'-टा-*n.* a large German aeroplane. जर्मनी का एक बड़ा हवाई जहाज़ ।

Gotham-गॉटम्-*n.* the town of foolishness, मूर्खता का नगर ।

Gothamite-गॉटमाइट् - *n.* a great fool. बड़ा मूर्ख मनुष्य ।

Gouge-गाउ-(-गू)ज्-*n.* a hollow-bladed chisel used by carpenters.गोलची, गोल रुखानी -*v. t.* to work with a gouge. गोल रुखानी से खोदना ।

Gourd-गोर्ड्-*n.* a climbing plant with large fleshy fruit. लौकी,कद्दू, तुम्बी; Bitter gourd. तितलौकी; Vessel of gourd. कमण्डल ।

Gourmand-गूर्-मण्ड्-*adj.* & *n.* gluttonous, a lover of nice food. पेटू, खदुक; Gourmandism (-इज़्म्) - *n.* gluttony. खदुकपन, पेटूपन ।

Gout-गाउट्-*n.* a disease with inflammation of the smaller joints. वातरोग, गठिया ।

Goutiness-गाउट्-इ-नॅस्-*n.* the state of being gouty. गठियापन ।

Gouty-गाउट्'-इ - *adj.* diseased or swollen with gout. वातरोग से ग्रस्त ।

Govern-गवर्न्-*v. t.* & *i.* to rule by authority, to regulate, to determine, to exercise authority, to constitute a law. अधिकारपूर्वक शासन करना, विधान करना, निश्चित करना, नियम करना ।

Governability-गवर्नॅबिलिटि -*n.* the quaity of being governable. शासन किये जाने की योग्यता ।

Governable-गव्'-अर्न्-ए-ब्ल्- *adj.* capable of being governed, manageable. शासन योग्य, शासनीय।

Governance-गव्' - अर्न् - ऑन्स् - *n.* control, government. अधिकार, शासन।

Governess-गव्'-अर्न्-ऍस्-*n.* a female teacher, an instructress. अध्यापिका, गुरुआइन।

Government-गव्'-अर्न्-मॅन्ट्-*n.* the portion of a country ruled by a governor, a system of governing, the body of rulers of a state, control. राज्य, राज्य-पाल द्वारा शासित क्षेत्र, शासन-विधि, शासकवर्ग, सरकार, नियन्त्रण; **Government affairs** (government management.) राज्य-कार्य; **Self-government** (government of a country by its people.) स्वराज्य।

Governor-गव्र्नर् - *n.* one who governs, a ruler. शासक, राज्यपाल; **Governor-General** (Viceroy.) बड़े लाट; **Governorship** (-शिप्)-*n.* the office of a Governor. राज्यपाल का पद।

Gowk-गाउक्-*n.* a half-witted person, a fool. अल्प बुद्धि का व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति।

Gown-गाउन्-*n.* a loose upper garment, a long robe, official uniform, a woman's upper dress. चोगा, लबादा, राजकीय या सरकारी पोशाक, ओढ़नी; **Gowned** (-ड्) - *adj.* dressed in a gown. चोगा पहिने हुए या ओढ़नी ओढ़े हुए।

Grab-ग्रैब्' - *n.* an Eastern coasting vessel. पूर्वी देशों का किनारे-किनारे चलनेवाला जहाज़।

Grab-ग्रैब्' - *v. t.* (*p. t.* **Grabbed.**) to seize suddenly, to catch. झपटकर पकड़ना, धरना।

Grabber-ग्रैब्-बर्'-*n.* sudden grasp. एकाएक पकड़।

Grabble-ग्रैब्-ब्ल्-*v.i.* to grope about. टटोलना।

Grace - ग्रेस् - *n.* beauty, mercy, divine influence, pardon, elegance of manners, favour, goodwill, charm, form of address for Duke, Dutchess or Archbishop. सुन्दरता, कृपा, ईश्वर का वरदान, क्षमा, शिष्टता, अनुग्रह, सदिच्छा, आकर्षण, ड्यूक, डचेज़ अथवा पादरी के सम्बोधन का शब्द;-*v. t.* to adorn, to confer dignity on, to show favour. सुशाभित करना, सम्मानित या अनुग्रह करना ; **Act of grace** (pardon by high authority.) अत्युच्च पदाधिकारी द्वारा क्षमा; **By the grace of God** (by God's favour.) ईश्वर की कृपा से; **Days of grace** (days allowed for payment of a bill or premium.) ऋण या बीमे की रकम चुकाने के दिन; **The year of grace** (the year of our Lord.) ईस्वी सन् का; **With a good grace** (amiably.) या प्रेम से।

Graceful-ग्रेस्'-फ़ुल् - *adj.* beautiful, सुन्दर, सुशोभित; **Gracefully** (-लि) an elegant manner. सुन्दरता से; **Grace ness** (-नॅस्) - *n.* elegance. शोभा।

Graceless-ग्रेस्'-लॅस्-*adj.* without grace. रूपहीन; **Gracelessly** (-लि)-*adv.* in a less manner. निलज्जता से; **Graceless** (-लॅस्-नॅस्)-*n.* profligacy. निर्लज्जता

Gracious - ग्रे - शस् - *adj.* agreeable, pleasing, affable, virtuous, courteous कूल, दयालु, प्रसन्नकारी, कृपापूर्ण, धार्मिक, **Graciously** (-लि)-*adv.* in a gracious ner. विनय से, कृपा से; **Graciousness** -*n.* favour, mercy. अनुग्रह, दया, **Gracious me ! My gracious !** अरे ! वाह ! वाह !

Gradate-ग्रॉ-ईट्'-*v. t.* to arrrange in क्रम में रखना, सरियाना।

Gradation-ग्रॉ-डे'-शन्-*n.* progression, ly arrangement, stage. उतार-चढ़ाव (परम्परा (परिपाटी); **Gradational** (by gradations. क्रमिक; **Gradationally** (- *adv.* by way of gradation. क्रमिक

Gradatory-ग्रॉडॅटरि - *adj.* proceeding step. क्रम-क्रम से होनेवाला।

Grade-ग्रेड् - *n.* rank, degree, group, relative position. पद, दरजा, पदवी; - *v. t.* to arrange in series. रखना; **Gradely** (-लि)-*adj.* comely, सुन्दर, सुथरा।

Gradient-ग्रेड्'-इ - ऍन्ट - *n.* an amo inclination, a proportional rise and ढार, उतार-चढ़ाव।

Gradine-ग्रेडीन्-*n.* a kind of toothed used by sculptors, a rising tier of in an amphitheatre. संगतराश की टाँकी, रङ्गभूमि या अखाड़े के चारों ओर उठती हुई सीटों की कतार या पंक्तियाँ।

Gradual-ग्रॉड्'-यु-अल् - *adj.* taking degrees, progressive. क्रमिक, **Gradually** (-लि) -*adv.* progressively. क्रमशः; **Gradualness** (-नॅस्) -*n.* the of being gradual. क्रमिकता।

Graduate-ग्रॉड्'-यु-ऍट्-*n.* one who academic degree. किसी विश्ववि उपाधिधारी या स्नातक;-*v. i. & t.* to an academic degree, to mark out

ions, to arrange in grades. विश्वविद्यालय की उपाधि देना या लेना, विभाग करना, क्रम में रखना; Graduated (-ऍड्) - *adj.* marked with graduations. विभाग किया हुआ ।.

Graduation-ग्रॅड्-यु-ए' - शन् - *n.* regular progression, state of receiving a degree. क्रमिक वृद्धि, उपाधि प्राप्ति ।

Graffito-ग्राफ़ी'-टो-*n.* (*pl.* Graffiti) a drawing made by scratching. खुरचकर या खोद कर बनाया हुआ चित्र ।

Graft-ग्राफ़्ट् -*n.* a shoot inserted ino the stock of another tree. कलम; -*v. t.* to insert a shoot in a tree. कलम बाँधना; **Grafting** (-इङ्ग्) - *n.* the act of inserting grafts. कलम बाँधने का काम ।

Grail-ग्रेल्-*n.* comb-maker's file. कंघी बनाने वाले की रेती ।

Grain-ग्रेन्-*n.* fruit of a cereal, corn, a small minute particle, smallest unit of weight. धान्यबीज, अन्न-कण, रवा, डेढ़ रत्ती के बराबर की तोल;-*v. t.* to form into grains. दाना या रवा बनाना; **Grainless** (-लॅस्)-*adj.* without grains. बिना दाने या रवे का; **Grainy** (-इ)-*adj.* full of grains. दानेदार या रवेदार ।

Gram-ग्रॅम्-*n.* a kind of cereal. चना ।

Gram-ग्रॅम्-*n.* anger, grief, trouble. क्रोध, रंज, शोक, कष्ट ।

Gram-ग्रॅम् - *suf.* in the sense of "things written." "लिखित" अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय, यथा Anagram, Diagram. इत्यादि ।

Grama-ग्रामा-*n.* a kind of low grass. एक प्रकार की नाटी घास ।

Gramarye-ग्रॅमरि-*n.* witchcraft, necromancy. जादू, टोना ।

Graminaceous-ग्रॅम् - इन् - ए'-शस्-*adj.* like grass, grassy; **Graminivorous** (-इनिव़ॅरस्) *adj.* feeding on grass. तृणभोजी, घास खानेवाला ।

Grammalogue-ग्रॅम्-अ-लॉग्-*n.* special signs for complete words used in shorthand. सम्पूर्ण शब्द के लिये प्रयुक्त संकेत लिपि चिह्न ।

Grammar-ग्रामर्-*n.* the science of the right use of a language, the art of speaking or writing a language correctly. व्याकरण, शब्दशास्त्र ।

Grammarian-ग्रॅमे'रिअन् - *n.* one who is versed in grammar. वैयाकरण, व्याकरण जाननेवाला ।

Grammatical-ग्रॅम्-मॅट' - इक-अल्-*adv.* pertaining to grammar. व्याकरण - सम्बन्धी; **Grammatically** (-लि) - *adv.* according to the rules of grammar. व्याकरण के नियमों के अनुसार ।

Gramme-ग्राम्-*n.* a unit of weight in metric system. मेट्रिक माप में एक तौल ।

Gramophone-ग्रॅम्'-ॲ - फ़ोन् - *n.* a kind of phonograph reproducing sound from record disks. स्वरधर यन्त्र, ग्रामोफ़ोन ।

Granary-ग्रॅन - रि - *n.* (*pl.* Granaries) a storehouse for thrashed grain. धान्यागार, खत्ती, खाता ।

Grand-ग्रॅन्ड्-*adj.* of the highest rank, great, noble, principal, final, splendid, fine, magnificent, distinguished. उच्चतम पद का, बड़ा, महान्, श्रेष्ठ, प्रधान, अन्तिम, दीप्तिमय, सुन्दर, महत्, प्रसिद्ध; **Grandad** (डॅड्)-*n.* grand-father. दादा; **Grand air** (splendid demeanour.) दर्शनीय आकृति; **Grand-child** (a son's or daughter's child.) पोता, पोती, नाती; **Grand-father** (a father's or mother's father.) दादा, नाना; **Great-grand-daughter** (daughter of grand-daughter.) परपोती; **Grandly** (-लि) - *adv.* sublimely, in a grand manner. वैभव से, ऐश्वर्य से; **Grandness** (-नॅस्)-*n.* greatness, magnificence, the quality of being grand. प्रताप, महत्त्व; **Grandsire** (-सायर्)-*n.* parent's parent. दादा, पुरखा; **Grandson** (a son's or daughter's son.) पोता, नाती ।

Grandee-ग्रॅण्डी-*n.* a person of high rank. कुलीन या भद्र व्यक्ति ।

Grandeur-ग्रॅण्ड्-यूर्-*n.* vastness. महत्त्व ।

Grandiloquence-ग्रॅन्-डिल'-ओ-क्वॅन्स् -*n.* bombastic speech. दर्पवाक्य, शब्दाडम्बर-युक्त वक्तृता (लेक्चर) ।

Grandiloquent-ग्रॅन् - डिल' - ओ - क्वॅन्ट्-*adj.* speaking bombastically. दर्प या घमण्ड से या शब्दाडम्बर के साथ बोलनेवाला ।

Grandiloquently-ग्रॅन्डिल'-ओ-क्वॅन्ट् -लि-*adv.* in a pompous manner. दर्पवाक्य से ।

Grandiose-ग्रॅन्ड्'-इ - ओस्' - *adj.* imposing, bombastic. प्रभावकारी, शब्दाडम्बरी ।

Grandiosity-ग्रॅन्-डि-ऑस्' - सिट् - इ -*n.* the quality of being grandiose. प्रभावकारिता, शब्दाडम्बरता ।

Grange-ग्रेन्ज्-*n.* a country house with a farm. खलिहान सहित देहाती मकान ।

Graniferous-ग्रॅन् -इ - फ़ॅरस्-*adj.* producing grain. अन्न उत्पन्न करनेवाला ।

Graniform-ग्रॅन्'-इ-फ़ॉर्म-*adj.* like grains of corn. अन्न के दाने के सदृश ।

Granite-ग्रॅन्'-इट्-*n.* a crystalline rock used for building. इमारतों में प्रयुक्त होने योग्य कड़ा पत्थर; **Granitic** (-इट्'-इक्)-*adj.* pertaining to granite. इस पत्थर का।

Granivorous-ग्रॅन्'-इ-व्ररस्-*adj.* eating grains of corn. अन्न के दाने खानेवाला।

Granny-ग्रॅन्'-नि-*n. fem.* a grand-mother. दादी, नानी।

Grant-ग्रॅन्ट्-*v. t.* to allow, to bestow, to admit as true. स्वीकृति देना, प्रतिपादन करना, सच्चा मानना; -*n.* conferment, a gift, legal assignment. अनुदान, उपहार, वैध समर्पण; **Royal grant** (royal gift.) जागीर, शासनपत्र; **written grant** (written order.) लेखपत्र।

Grantable-ग्रॅन्ट्' - ए - बुल् - *adj.* that may be granted. दान या समर्पण या उपहार के योग्य।

Grantee-ग्रॅन्ट्' - ई -*n.* one to whom a grant is made. दानभोगी, जागीरदार।

Granter-ग्रॅन्ट्-अर्-*n.* one who makes a grant. दान देनेवाला।

Granular-ग्रॅनू'-यु-लर्-*adj.* of or like grains. बीजाकार (बीजमय), दानेदार; **Granularity** (-लॅर्-इ-टि)-*n.* the quality of being granular. बीजाकारत्व; **Granularly** (-लि)-*adv.* in a granular manner. बीजाकार रूप में।

Granulate- ग्रॅन्- यु- लेट् - *v. t.* to form into grains. दानेदार बनाना।

Granulation-ग्रॅन्-यु-ले-शन्-*n.* the act of forming into grains. दानेदार बनाने का कार्य।

Granulator-ग्रॅन्-यु-लें-टर्-*n.* one who granulates. दानेदार बनानेवाला।

Granule- ग्रॅन्'-यूल् -*n.* a small grain, a small particle. छोटा दाना।

Grape-ग्रेप्-*n.* the fruit growing on the vine. अंगूर, दाख।

Grapery-ग्रेप्'-अर्-इ-*n.* vinery. अंगूर का बाग।

Graph-ग्राफ़्-*n.* symbolic diagram expressing mathematical or chemical connection. रेखाओं द्वारा गणित अथवा रसायन शास्त्र के सम्बन्धों को दरसाने की विधि, रेखाचित्र।

Graph-ग्राफ़् - *suf.* in sense of "writer or written". "लेखक" अथवा "लेखन-विधि" के अर्थ में प्रयुक्त प्रत्यय, यथा photograph, lithograph, telegraph. इत्यादि।

Graphic, Graphical-ग्रॅफ़्-इक्, (-अल्)-*adjs.* vividly descriptive. सुचित्रित, सुलिखित, स्पष्ट, भली-भाँति दरसाया हुआ; **Graphically** (-अल्-लि)-*adv.* in a graphic manner, vividly. रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट रूप से।

Graphics-ग्रॅफ़्'-फ़िक्स् - *n.* the scie drawing mathematically. गणित द्वा करने का शास्त्र।
Launch-लॉन्च्-*v. t. & i.* to discharge, to send forth, to spend money freely, to start off, to go on an enterprise, to go forth, to move in water. छोड़ना, फेंकना, धन उड़ाना, प्रस्थान करना, साहसिक कार्य में लगना, पानी में खिसकना;-*n*. the act of putting a vessel into the sea, the largest boat of a man-of-war. नये जहाज़ या नाव को पानी में उतारना, लड़ाई के जहाज़ की सबसे बड़ी नाव।

Launderer-लॉण्डरर्-*n*. a washerman. धोबी ; **Laundress** (-ड्रॅस्) - *n. fem.* a washerwoman. धोबिन।

Laundry-लॉन्-ड्रि-*n*. a place or room where clothes are washed. कपड़ा धोने का स्थान या घर।

Laureate-लॉ'-रि-ऍ-ट्-*adj. & n.* one who is decked with laurel, worthy of laurels. लारेल की पत्तियों से सुशोभित, हार पहिने हुए ; **Poet-laureate** (a writer of verses appointed by a king.) राजकवि; **Laureateship** (-शिप्) -*n*. the office of a laureate. राजकवि का पद।

Laurel-लॉ'-रॅल् - *n*. a kind of shrub with glossy leaves. चमकदार पत्तियोंवाला एक पौधा; -*v. t.* (*p. t.* **Laurelled.**) to decorate with laurel. इन पत्तियों से सजाना; **To win laurels** (to acquire renown.) यश प्राप्त करना।

Lava-ला'-व्रा-*n*. the melted matter flowing from a volcano. ज्वालामुखी पर्वत में से निकलनेवाला पिघला हुआ पदार्थ, भूराल।

Lavabo-लॅ व्रॅ'-बो-*n*. washing of hands religious rites. पूजन करने के पूर्व हाथ

Lavation-लॅ-व्रे'-शन् -*n*. the hands. हाथ धोना।

Lavatory-लॅ-व्रॅटर्-इ-*n*. a place for hands and face. हाथ-मुँह धोने की जगह

Lave-लेव्-*v. t.* to bathe, to wash, out. नहलाना, धुलाना, बहाना।

Lavement-लेव्'-मॅन्ट्-*n*. injection. कारी देना।

Lavender-लॅव्रॅन्डर्-*n*. a shrub with leaves and flowers, a pale-lilac col सुगन्धित पौधा, हलका पीला रंग;-*v. t.* fume clothes &c. with lavender इसकी पत्तियों से वस्त्रों को सुगन्धित कर

Laver-लें-व्रर्-*n*. a vessel used for प्रक्षालन, (धोने का) पात्र।

Lavish-लॅव्रिश् -*adj*. profuse, prodigal, wasteful. अतिव्ययी, खर्चीला -*v. t.* to waste money, to squander व्यय करना, व्यर्थ खर्च करना (उड़ाना **sher** (-शर्)-*n*. one who is prodi व्ययी (खर्चीला); **Lavishly** (-लि) prodigal manner. अपरिमित व्यय से; **ment** (मॅन्ट्), **Lavishness** (-नॅस्) sion, prodigality. अतिव्यय, उड़ाऊ

Law-लॉ-*n*. enacted rule recogni community, influence of such statute, regulating principle. धर्म (आचार), व्यवहारविधि, कानून **Code of laws** (statutes.) धर्मशास्त्र; laws (laws relating to crimes.) **Law-book** (a book on recogni धर्मशास्त्र की पुस्तक; **Law-breaker** -*n*. one who violates the laws. वाला; **Law-giver** (one who mak शास्त्रकार, नियम बनानेवाला; **Law** action in law.) नालिश, मुकदमा, **Natural laws** (laws of nature.) नियम; **To go to law** (to file a law-court.) मुकदमा दायर करना; **To** **law into one's own hands** (to wrongs by force.) शक्ति द्वारा अत्याचारों को दूर करना; **Versed** (proficient in laws.) धर्मशास्त्र में

Lawful-लॉ-फ़ुल्-*adj*. legitimate, law, rightful. शास्त्रोक्त, धर्मसम्मत, **Lawfully** (-लि)-*adv*. in a lawful

न्यायानुसार, धर्म से; **Lawfulness**(-नॅस्)-*n.* the quality of being lawful. न्याय्यता, जाब्तगी ।

Lawk, Lawks-लॉक्, (-स्)-*interj.* denoting surprise. आश्चर्य-सूचक अव्यय ।

Lawless-लॉ'-लॅस्-*adj.* regardless of law, disobedient, licentious. धर्मविरुद्ध (अधर्मी), आज्ञा न माननेवाला, व्यभिचारी; **Lawlessly** (-लि)-*adv.* in a lawless manner. अधर्म से; **Lawlessness** (-नॅस्)-*n.* the state of being lawless. आचारभ्रष्टता, स्वेच्छाचार ।

Lawn-लॉन्-*n.* grass-covered land, a kind of fine linen. घास का मैदान, एक प्रकार का महीन कपड़ा, बारीक मलमल; **Lawn-mower** (a machine for mowing lawn.) घास काटने का यन्त्र; **Lawn-tennis** (a game played with a ball and rackets on a lawn.) घास पर खेलने का एक प्रकार का गेंद का खेल ।

Lawny-लॉ-नि-*adj.* covered with lawn. घास से पूर्ण (ढका हुआ) ।

Lawyer-लॉ-यर्-*n.* one versed in law, a man of the legal profession. न्यायनिपुण (धर्मज्ञ), वकील, मुख्तार ।

Lax-लॅक्स्-*adj.* loose, flabby, careless, vague; not compact. शिथिल, असावधान, अस्पष्ट;-*n.* slackness, looseness. ढीलापन ।

Laxation-लॅक्सॅशन् - *n.* state of being slackened. ढीलापन ।

Laxative-लॅक्सॅटिव्-*adj.* & *n.* tending to loosen the bowels. रेचक (मल को मुलायम करनेवाली) औषधि ।

Laxity-लॅक्सि-टि, **Laxness** (-नॅस्)-*ns.* looseness, inexactness. शिथिलता, अस्पष्टता, **Laxly** (-लि) -*adv.* in a lax or loose manner. शिथिलता से ।

Lay-ले -*n.* (*pl.* Lays.) a short narrative poem, a song or ballad, job, pursuit. छोटा गायन, उद्देश्य, कार्य ।

Lay-ले-*p. t.* of Lie. 'लाइ' क्रिया का भूतकाल का रूप, पड़ा था ।

Lay-ले-*adj.* non-professional, pertaining to the ordinary people. सामान्य, साधारण (पुरोहित से भिन्न); **Lay-brother, Lay-sister** (one received into a convent under vows of celibacy and obedience.) धर्म की दीक्षा पाकर जो नर-नारी मठ में ब्रह्मचर्य और अनुशासन का जीवन बिताते हैं ; **Lay-clerk** (one who reads the church service.) गिरजाघर में धर्म-पुस्तक पढ़नेवाला मनुष्य; **Layman** (-मॅन्) -*n.* one who is not proficient in any art or science. सामान्य मनुष्य जो किसी विद्या या कला में निपुण नहीं है, अविज्ञ या अननुभवी व्यक्ति ।

Lay-ले-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Laid**, *p. p.* **Lain**) to put down, to place in order, to prostrate, to deposit, to spread, to produce eggs, to place, to apply, to arrange, to bury. बैठाना, क्रम में रखना, दण्डवत् करना, जमा करना, फैलाना, अण्डा देना, रखना, लगाना, स्थापित करना, लक्ष्य करना, सजाना, गाड़ना; **To lay aside** (to discontinue.) रोक देना; **To lay away** (to put apart for future use.) भविष्य में काम आने के लिये अलग रख छोड़ना; **To lay bare** (to invent, to expose.) आविष्कार करना, स्पष्ट रखना; **To lay blame on** (to censure.) दोष लगाना; **To lay by** (to keep for future use, to put off.) भविष्य के लिये सञ्चित करना अलग रखना; **To lay cloth.** कपड़ा फैलाना; **To lay down** (to place on ground.) पृथ्वी पर रखना; **To lay down arms** (to surrender, to relinquish.) आत्मसमर्पण करना, शत्रु के वशीभूत होना; **To lay down life** (to die.) प्राण त्यागना; **To lay hands on** (to seize.) अधिकार में करना ; **To lay in** (to store, to treasure.) सञ्चय करना; इकट्ठा करना; **To lay hold of** (to seize.) पकड़ना; **To lie in wait** (to lie in ambush.) घात में छिपा रहना; **To lay on** (to tax.) कर लगाना; **To lay open** (to make bare, to show, to expose.) उद्घाटन करना, खोलना; **To lay out** (to expand.) प्रचार करना, फैलाना; **To lay siege** (to besiege.) घेर लेना; **To lay trap** (to make contrivance for catching.) फन्दा लगाना; **To lay up** (to store.) इकट्ठा करना, बचाना; **To lay waste** (to devastate, to destroy.) नष्ट-भ्रष्ट करना, सत्यानाश करना ।

Layer-ले - अर् - *n.* a stratum, bed, shoot embedded in earth. परत, तह, क्यारी, अँखुआ (दाब, टहनी); -*v. t.* to propagate by fastening shoots in earth. टहनी का दाब लगाकर पेड़ बढ़ाना ।

Lay-figure-ले'-फ़िग्-अर्-*n.* a wooden figure or frame on which drapery &c. are hung, unreal character. मनुष्य की आकृति का ढाँचा जिसको दूकानदार वस्त्र पहिनाकर सजाते हैं, झूठा चरित्र ।

Laying-ले'-इङ्ग्-*n.* the first coat of plaster, act or time of laying eggs, eggs laid रंग का अस्तर, अंडा देने का कार्य या समय, दिये गये अंडे ।

Lay-out-ले-आउट्-*n.* a plan, ground-plan, निर्माण करने का खाका ।

Lay-stall-लें' - स्टॉल्-*n.* a heap of dung, rubbish. कूड़ा-करकट ।

Lazar-लैज़र्-*n.* a diseased person, specially a leper. रोगी, कोढ़ी ।

Lazaretto-लैज़रेटो-*n.* (*pl.* **Lazarettos.**) a hospital for lepers. कोढ़ियों का अस्पताल ।

Lazarus-लैज़-रस्-*n.* a beggar, a poor man. भिक्षुक, दरिद्र मनुष्य ।

Laze-लेज़्'-*v. i.* to spend time in laziness. आलस्य में समय नष्ट करना ।

Lazuli see **Lapis-lazuli.**

Lazily-लें-ज़ि'-लि - *adv.* in a lazy manner. मन्दता से, सुस्ती से; **Laziness** (-इ-नेस्)-*n.* indolence. आलस्य, मन्दता ।

Lazy-लें - ज़ि - *adj.* (*comp.* **Lazier,** *sup.* **Laziest.**) indolent, idle, slothful, sluggish. आलसी, मन्द, अनुद्योगी; **Lazybed** (a bed of potatoes.) आलू इत्यादि की मेंड़ी; **Lazy-wheel** (the wheel between two revolving wheels &c.) यन्त्र में दो गतियुक्त पहियों के बीच का पहिया ।

L'd ड्-*abbr.* for 'Would'. 'वुड्' शब्द का छोटा रूप ।

Lea-ली-*n.* a tract of grass-land, a meadow, a measure of yarn. चरागाह, सूत की लम्बाई की नाप ।

Lech-लीच्-*v. t.* to make a liquid percolate through something, to wash by percolation. किसी पदार्थ में से तरल पदार्थ का रसकर टपकना ।

Lead-लेंड्-*n.* a heavy metal. सीसा, नाग(धातु); -*v. t.* to fit with lead, to widen space between printed lines. सीसा भरना या लगाना, छापे के बैठाये हुए टाइप के बीच में सीसे की पट्टी भरना; **An ounce of lead** (a gun-shot, a bullet.) बन्दूक की गोली; **Red lead** (oxide of lead.) सिन्दूर; **The lead** (pencil which is used for writing on paper.) कागज़ पर लिखने की पेन्सिल ; **White lead** (carbonate of lead.) सफ़ेदा ।

Lead-लीड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Led.**) to direct, to conduct, to guide, to go first, to allure. मार्ग दिखाना, अग्रसर होना, ले चलना, आगे जाना, ललचाना;-*n.* guidance, an example, precedence. नायकत्व, उदाहरण, अग्रगामिता; **To give a lead** (to encourage.) उत्साहित करना ; **To lead astray** (to tempt to sin.) बहकाना; **To lead away** (to induce to follow.) अनुसरण करने के लिये बाध्य करना; **To lead by the nose** (to induce to do a thing.) कोई व्यापार करने के लिये **To lead off** (to begin.) अगुआ **lead on** (to entice.) ललचाना; **to** (to introduce.) तैयार करना,

Leadable-लीडें-बूल्-*adj.* able to be प्रदर्शन योग्य ।

Leader-लीडर्-*n.* one who leads, a conductor, the editorial article newspaper, anything to guide मार्गदर्शक, नायक (अग्रसर), अगुआ, पत्र का शीर्षक लेख ।

Leaderette-ली-डरेंट्-*n.* a short article in a newspaper. समाचारपत्र दक की छोटी टिप्पणी ।

Leaderless-ली-डर् - लेंस्-*adj.* devoid leader. बिना अगुआ का ।

Leadership-ली डर्'-शिप-*n.* the office leader. नायकत्व ।

Leading-लीडिङ्ग्-*adj.* & *n.* chief, tant. (पुरोगामी) मुख्य, प्रधान ; article (the editorial article in a per.) समाचारपत्र का अग्रलेख; Leading case which serves as a precedent.) नज़ीर; **Leading question** (a question.) अभिलषित उत्तर **Leading-strings** (guiding strings, सूत्र; **Leading to happiness** happiness.) आनन्ददायक, आनन्द

Leaf-लीफ़्-*n.* (*pl.* **Leaves.**) thin part of a plant springing from a single thickness of a piece of folded a very thin plate of metal. पत्ती, पत्नी; -*v. i.* to produce leaves. होना; **Fall of the leaf** (the autumn की ऋतु; **Gold-leaf** (very fine sheet सोने का वर्क़; **Leaf of door** (side of किवाड़ का पल्ला; **To turn over a new** (to adopt a fresh method.) नई

Leafage - लीफ़ेज् - *n.* leaves foliage. पत्तियों का समुदाय ।

Leafiness-लीफ़ि-नेस्-*n.* the state of leafy. पत्तीपन ।

Leafless-लीफ़्'-लेंस्-*adj.* devoid of पत्ररहित, बिना पत्ती का ।

Leaflet-लीफ़्'-लेंट्-*n.* a young leaf, sheet of folded paper, a small छोटी पत्ती, पत्रक, छोटा पन्ना ।

Leafy-लीफ़्'-इ-*adj*. full of leaves. पत्तीदार, पत्तियों से भरा हुआ।

League - लीग् - *n*. an alliance for mutual protection or assistance, a measure of three miles. सङ्घटन, सन्धि, तीन मील की नाप; **League of Nations** (a union of the representatives of the free states of the world established in 1919, for the prevention of war.) राष्ट्रसंघ जो सन् १९१९ में स्थापित हुआ था।

Leaguer-लीगर्-*n*. one who unites in a league, a camp of a besieging army, a siege, an ambassador. सगठन का सहकारी, आक्रमणकारी सेना का पड़ाव, घेरा, आक्रमण, राजदूत; -*v. t.* to besiege. घेरना, हमला करना।

Leak-लीक्-*n*. a hole which permits a liquid to pass. सन्धि, छेद, दरार; -*v. i.* to let a liquid pass from a vessel. छेद में से रसना, टपकना; **Leaking of secret** (disclosing of secrets.) रहस्य का प्रकट हो जाना; **To leak out** (to escape privately.) छिपे हुए भाग जाना।

Leakage-लीकेज् -*n*. allowance made for leaking. टपक जाने की छूट।

Leaky-लीकि-*adj*. having leaks. रसने या टपकनेवाला।

Leal-लील्-*adj*. loyal, faithful, honest. राजभक्त, ईमानदार।

Lean-लीन्-*adj*. not plump or stout, thin, slender. क्षीण, दुर्बल, कृश; -*n*. the fleshy part. मांसल भाग; -*v. i. & t.* to bend, to incline for support, to support. झुकना, आश्रित होना, टेक लगाना, सहारा देना।

Leaning-ली-निङ्ग् - *n*. inclination. झुकाव, भरोसा।

Leanness-लीन्-नेस्-*n*. thinness. दुर्बलता।

Leap-लीप्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Leaped or Leapt.**) to jump, to spring, to cause to jump. कूदना, उछलना, कुदाना; -*n*. a jump or bounce. उछाल, कुदान; **By leaps and bounds** (with great speed.) बड़ी तेजी के साथ; **To leap in the dark** (to do an adventurous act.) साहस का कार्य करना।

Leapingly-ली-पिङ्ग्-लि-*adv*. by leaps. कूदते हुए, उछलते हुए।

Learn-लर्न-*v. t. & i.* (*p. t.* **Learned or Learnt.**) to gain knowledge or skill, to acquire knowledge, to teach, to become aware of. ज्ञान प्राप्त करना, सीखना, पढ़ाना, मालूम होना; **To learn by heart** (to commit to memory.) कण्ठस्थ करना, रटना।

Learnable-लर्नेब्ल्-*adj*. that may be learnt. जानने या सीखने योग्य।

Learned-लर्नेड् - *adj*. deeply read, much informed, skilful. पढ़ा-लिखा, विद्वान्, पण्डित

Learnedly-लर् - नेड् - लि-*adv*. in a learned manner. विद्वत्ता से।

Learner-लर्नर्-*n*. one who is learning. छात्र, विद्यार्थी।

Learning-लर्निङ्ग् -*n*. knowledge, skill, scholarship. विद्या, ज्ञान, पाण्डित्य; **Sacred learning** (holy texts.) श्रुति, वेद।

Lease-लीस्-*n*. the contract of a house or land for a limited period on a fixed rent. पट्टा; -*v. t.* to let or hold on lease. पट्टा देना।

Lease-holder-लीस्'-होल्डर्-*n*. a tenant under a lease. पट्टेदार।

Leash-लीश्-*n*. a thong or band for tying hounds. शिकारी कुत्तों के बाँधने का चमड़े का पट्टा; -*v. t.* to connect. जोड़ना, बाँधना; **To hold in leash** (to bring under control.) अधीन करना।

Least-लीस्ट - *adj*. smallest. सबसे छोटा; **At least once** (at the lowest once.) कम से कम एक बार; **In the least** (in the smallest degree.) किंचित् मात्र भी, थोड़ा भी।

Leat-लीट्-*n*. a water course for driving a mill. पनचक्की चलाने के लिये बनाया हुआ जलमार्ग।

Leather-लें-दर्-*n*. a prepared and tanned skin of an animal. कमाया हुआ चमड़ा; -*pl*. leggings or breeches. (ब० व०) पैर में बाँधने की पट्टी; -*v. t.* to cover with leather. चमड़ा लगाना।

Leather-back-लेंदर्-बैक्-*n*. a kind of turtle. एक प्रकार का कछुआ।

Leather-dresser - लेंदर् - ड्रेसर्-*n*. one who dresses leather. चमड़ा कमानेवाला, मोची

Leatherette - लेंदरेट्-*n*. imitation leather. कृत्रिम चमड़ा।

Leather-head - लेंद्' - र्-हेड् -*adj. & n.* a stupid, dull fellow. लण्ठ, मूर्ख।

Leathern-लेंदर्न्-*adj*. made of leather. चमड़े का बना हुआ।

Leatheroid-लेंदर् - ऑइड्-*n*. chemically prepared artificial hide. रासायनिक रीति से बनाया हुआ कृत्रिम चमड़ा।

Leathery - लदरि - *adj*. resembling leather, tough. चमड़े के समान, चिमड़ा।

Leave-लीव्-*n.* permission, liberty granted, departure, farewell. अनुमति, स्वीकृत स्वतंत्रता, अवकाश, छुट्टी, बिदाई, -*v. t. & i.* (*p. t.* Left.) to depart, to abandon, to bequeath. चले जाना, प्रस्थान करना, त्यागना, छोड़कर मरना, दानपत्र छोड़ जाना; **He leaves to-morrow** (he will start to-morrow.) वह कल प्रस्थान करेगा; **Leave him alone** (do not interfere with him.) उसको मत छेड़ो; **To leave off** (to desist from, to abandon.) परहेज़ करना, त्यागना; **To take one's leave** (to bid farewell.) बिदाई लेना; **To leave out** (to omit.) त्यागना, छोड़ना ; **To leave over** (to stop for a time.) कुछ समय के लिये रहने देना या रोक रखना; **To take French leave** (to do something without asking permission.) बिना आज्ञा के कोई काम करना ।

Leaved-लीव्-ड्-*adj.* having leaves. पर्णयुक्त ।

Leaven-लेॅव्न्-*n.* fermented dough. खमीर ; -*v.t.* to ferment. खमीर उठाना ।

Leaves-लीव्ज़्-*n. pl.* of Leaf. पत्तियाँ ।

Leavings-लीव्इङ्ग्ज़्-*n. pl.* that which is left after eating, relics, refuse. बचा-खुचा, शेष, जूठन ।

Lecher-लेॅचर्-*n.* a debauchee. लम्पट, कामी, व्यभिचारी ।

Lecherous-लेॅचरस्-*adj.* lustful. कामुक; **Lecherously** (-लि) -*adv.* lustfully. कामुकता से ।

Lechery-लेॅचरि-*n.* lewdness. कामुकता ।

Lectern-लेॅक्'टर्न-*n.* a desk which is used for reading in a church. गिरजाघर में पढ़ने की मेज़ ।

Lection-लेॅक्शन्-*n.* different reading in a book. पुस्तक का पाठान्तर ।

Lecture-लेॅक्चर्-*n.* a methodical discourse on a given subject, a formal reproof, a reprimand. किसी विषय पर व्याख्यान (उपदेश), फटकार के वाक्य; -*v. t.* to teach by instruction, to reprimand. व्याख्यान देना, डाँटना (सीख देना) ।

Lecturer-लेॅक्' - चरर्-*n.* one who lectures. अध्यापक, उपदेशक ।

Lectureship-लेॅक्'-चर्-शिप्-*n.* the office of a lecturer. अध्यापक या उपदेशक का पद ।

Led-लेॅड्-*p. t. & p. p.* of Lead; -*adj.* under the control of a farm-holder. खेत के अधिकारी या काश्तकार के अधीन ।

Ledge-लेॅज्-*n.* a projection on a mountain's side, a ridge of rocks, a shelf. शिलाफलक, चट्टान या पहाड़ का उभड़ा हुआ भाग, टाँड़; **Ledged** (-ड्) -*adj.* projected. उभाड़दार ।

Ledger - लेॅजर् - *n.* the principal book of accounts, the horizontal beam in scaffolding. लेखाबही, मचान की आड़ी धरन ।

Lee-ली-*n.* the quarter towards which the wind blows. वह दिशा जिस ओर वायु बहे; **Under the lee** (defended from the wind.) आँधी से सुरक्षित ।

Leech-लीच्-*n.* a physician, a blood-sucking worm, the perpendicular edge of a sail. चिकित्सक, वैद्य, जोंक, पाल का

Leek-लीक्-*n.* a bulbous plant similar to onion. प्याज़ के प्रकार का एक गाँठदार

Leer-लिअर्-*v. t.* to glance obliquely. मारना, तिरछी नजर से देखना; -*n.* look. कटाक्ष; **Leeringly** (-रइङ्-लि) in a leering manner. कटाक्ष से ।

Lees-लीज़्-*n. pl.* sediment which settles at the bottom of liquor, dregs. तलछट,

Left-लेॅफ़्ट्-*p. t. & p. p.* of Leave.

Left-लफ़्ट्-*adj.* opposed to the right; -*n.* the party opposed to the government in a legislative assembly. राज्य गवर्नमेन्ट के विरुद्ध पक्ष का सदस्य; **Left-handed** (one who uses the left hand more than the right, awkward.) बायें हाथ से सर्वदा काम करनेवाला, भद्दा,

Leg-लेॅग्-*n.* the limb for support and motion in an animal, support of a table. टाँग, पैर, आश्रय (पाया); -*v. t.* (Legged.) to kick. पर से मारना; **Elephant-swelled leg** (suffering from elephantiasis) फ़ीलपाँव से पीड़ित; **To keep one's legs** (not to fall.) खड़े रहना, न गिरना; **To pull one's leg** (to befool a person.) व्यक्ति को मूर्ख बनाना; **To shake a leg** (to dance.) नाचना; **To stand on one's own legs** (to be self-reliant.) अपने पैरों पर खड़ा होना; **To take to one's legs** (to run away.) भाग जाना ।

Legacy-लेॅग-सि-*n.* money given by will, bequest. उत्तरदान, मृत्युपत्र द्वारा दान।

Legal-ली' - गल - *adj.* pertaining to law, lawful, required by law, in conformity with law. शास्त्रोक्त, व्यवहार के नियमानुसार, क़ानूनी ।

Legality-लीगॅलिटि-*n.* lawfulness, conformity to law. न्याय्यता, धर्मानुसारता,

Legalization - लीगलाइज़ेशन् - *n.* conformity with law. धर्म-व्यवस्था

Legalize-लीगलाइज़्-*v. t.* to make lawful, to authorize. वैध बनाना, अधिकार देना ।

Legally-लीगलि-*adv.* in a legal manner. क़ानूनी या वैध ढंग से ।

Legate-लें-गें'-ट्-*n.* a deputy, an ambassador. दूत, एलची;-*v. t.*-(लि-गें'-ट्)to bequeath. दानपत्र लिखना; **Legateship** (-शिप्)-*n.* the office of a legate. दूत का पद; **Legator** (-अर्)-*n.* one who legates. दानपत्र देनेवाला ।

Legatee-लीगेंटी-*n.* one to whom a legacy is bequeathed. दानपत्र (वसीयतनामा) पानेवाला ।

Legation-लि-गें'-शन्-*n.* embassy. दूतकर्म ।

Legend-लें(-ली)-जें-न्ड्-*n.* a traditional or romantic story, a myth. उपाख्यान, पौराणिक कथा, अपूर्व कहानी ।

Legendary - लें - जें - न्डरि -*adj.* fabulous, romantic. पौराणिक, कहावती ।

Legendry-लें - जें - न्ड्रि - *n.* a collection of legends. उपाख्यान या पौराणिक कथा-संग्रह ।

Legerdemain-लेंज-र्डि-मेंन्-*n.* a conjuring trick, sleight-of-hand, trickery. हस्तलाघव, हाथ की सफ़ाई, चालबाज़ी ।

Leghorn-लेंग्'-हॉर्न्-*n.* a kind of domestic fowl. एक प्रकार का घरेलू मुर्गा ।

Legibility - लें - जिबिलि - टि, **Legibleness** (-नेंस्)-*ns.* the quality of being legible. लिखने की स्पष्टता ।

Legible-लें जिबूल् - *adj.* capable of being read, clear and distinct. स्पष्ट अक्षर का, साफ़ साफ़, पढ़ने लायक ।

Legibly-लें-जिब्लि-*adv.* clearly, distinctly. स्पष्टता से ।

Legion-ली'-जन्-*n.* a body of soldiers. सेना, सैन्य दल; **Legionary** (-अ-रि) -*adj.* relating to a legion. सैन्य दल सम्बन्धी, सेना का ।

Legislation-लें-जिस्लेशन्-*n.* enacting of laws. व्यवस्थापन, क़ानून निर्माण ।

Legislate-लें - जिस्लें - ट्-*v. i.* to enact laws. विधि व्यवस्था करना, क़ानून बनाना ।

Legislative-लेंजिस्लेंटिव्-*adj.* pertaining to or done by legislation. नियम सम्बन्धी, नियमानुसार किया गया; **Legislatively** (-लि)-*adv.* in a legislative manner. व्यवस्था से, नियम रूप में ।

Legislator-लें-जिस्लेंटर्-*n.* one who makes laws. व्यवस्थापक, नियम या क़ानून बनानेवाला ।

Legislatress, Legislatrix-लें - जिस्लें - ट्रेंस (-ट्रिक्स्)-*ns. fem.* a female legislator. नियम बनानेवाली स्त्री ।

30

Legislature-लेंजिस्लेंचर्-*n.* a legislative body. व्यवस्थापक सभा, क़ानून बनाने की सभा ।

Legist-ली'-जिस्ट्-*n.* a person skilled in law. स्मृति में निपुण, क़ानून जाननेवाला ।

Legitimacy-लि-जिटिमि-सि-*n.* genuineness. यथार्थता, सचाई, खरापन ।

Legitimate-लि-जिटि-मेंट्-*adj.* lawfully born, proper, regular, genuine, real, in accordance with law. औरस, यथायोग्य, नियम के अनुसार, उचित, खरा;-*v. t.* (-मट्') to make lawful. न्याययुक्त करना, सच्चा बनाना; **Legitimately** (-लि) -*adv.* in a lawful manner. न्यायपूर्वक, धर्मानुसार ।

Legitimation-लि-जिटि-में'-शन्-*n.* the act of rendering legal. वैधीकरण, न्यायीकरण ।

Legum-ली'-गम्-*adj.* of laws. न्याय-सम्बन्धी, कानूनी ।

Legume, Legumen-लि(-लें-) ग्-यूम्,(-मेंन्)-*ns.* edible part of a fruit. फली, फल का गुद्दा ।

Leguminous-लि (-लें-) ग्यूमिनस्-*adj.* pertaining to or consisting of pulse. दाल के सदृश या युक्त।

Leister-लीस्टर्-*n.* a kind of long spear. एक प्रकार का लम्बा बर्छा ।

Leisure-लें (-ली-) ज़र्-*n.* unoccupied time, freedom from business, free time. अवकाश, विश्राम, छुट्टी, फ़ुरसत ; **At leisure** (not occupied, without hurry.) अवकाश में, फ़ुरसत में, खाली समय में ।

Leisureless-लें(-ली-)ज़र्-लेंस्-*adj.* devoid of leisure. बिना फुरसत का ।

Leisurely-लें(-ली-) ज़र्लि-*adj.* not hasty. अवकाश का; -*adv.* not hastily. सावधानी से ।

Leman-लीमन्-*n.* a lover, a mistress. प्रेमी या प्रेमिका ।

Lemma-लेंमा-*n.* an assumed proposition used in an argument or mathematics. शास्त्रार्थ करने में स्वीकृत सिद्धान्त, निबन्धन ।

Lemon-लेंमन्-*n.* an acid-juiced fruit of the orange kind. खट्टा नीबू; **Lemon-drop** (sugar plum flavoured with lemon.) नीबू का सरब पड़ी हुई मिठाई; **Lemon-squeezer** (an instrument which is used for pressing the juice out of lemons.) नीबू निचोड़ने का यन्त्र ।

Lemonade-लें'-मनेंड्-*n.* a drink consisting of lemon-juice, sugar and water. मीठे नीबू का शर्बत।

Lemony-लेॅमनि-*adj.* pertaining to lemons. नीबू (के रस) का ।

Lemur-ली'-मर्-*n.* a mammal resembling a monkey. एक प्रकार का बन्दर के समान पशु ।

Lend-लेॅन्ड्-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* Lent.) to give on loan, to let for hire, to bestow, to grant. ऋण देना, किराये पर देना, उधार देना; **To lend a hand to** (to give assistance to.) सहायता देना ; **To lend ear to** (to attend, to hear.) कान लगाना, कान लगाकर सुनना ।

Lendable-लेॅन्-ड्-बल्-*adj.* that may be lent. उधार देने योग्य ।

Lender-लेॅन्डर्-*n.* one who lends. उधार देनेवाला, महाजन ।

Lending-लेॅन्डि - ङ्ग्-*n.* the act of giving on loan. उधार या ऋण देने का कार्य ।

Length-लेॅङ्ग्थ्-*n.* the extent of a thing from end to end, extension, detail, distance, stretch. लम्बान, फैलाव, विस्तार, अन्तर, सीमा, दूरी; **At full length** (to a great extent.) पूरे विस्तार से; **At length** (in full, finally.) विस्तारपूर्वक, अन्त में; **To keep at arm's length** (to avoid intimacy with.) घनिष्ठता न होने देना ।

Lengthen-लेॅङ्ग्थ्-ऍन्'-*v.t.* & *i.* to extend, to elongate, to grow longer. बढ़ाना (तानना), लम्बा करना या होना ।

Lengthily-लेॅङ्ग्थ्-इ-लि-*adv.* at great length. लम्बान में; **Lengthiness** (-इ-नेॅस्) -*n.* the state of being lengthy. फैलावट ।

Lengthways - लेॅङ्ग्थ्'-वेज़्, **Lengthwise** (-वाइज़)-*adv.* in the direction of length. लम्बाई के बल ।

Lengthy-लेॅङ्ग्थ्'-इ-*adj.* rather long, not brief. लम्बा ।

Lenience-ली'-नि - ऍन्स्-*n.* mildness, gentleness, mercy. मृदुता, मुलायमियत, दया ।

Leniency-ली'-नि - ऍ- न्सि-*n.* the quality of being mild or gentle. दयालुता ।

Lenient-ली' - नि - ऍन्ट्-*adj.* tolerant, mild, relaxing, mitigating, gentle. मृदु, कोमल, कृपालु, दयावान् ; **Leniently** (-लि)-*adv.* सौम्यता से, अनुग्रह से ।

Lenitive-लेॅ'-निटिव्-*adj.* soothing, allaying pain. शान्ति देनेवाली, क्लेश हरनेवाली (औषध) ।

Lenity-लेॅ-नि-टि-*n.* mercy, favour, softness. दया, कृपा, मुलायमियत ।

Leno-ली'-नो-*n.* a kind of cotton gauze used for window-curtains. खिड़की की सूती जाली ।

Lens-लेॅन्ज़्-*n.* a piece of pebble or ved on both sides (or only on one side) by which rays of light are concentrated. ताल, चश्मे या दूरबीन का शीशा ; **Concave lens** (lens which has a cavity on each side ताल; **Convex lens** (lens which on both sides.) उन्नतोदर ताल lens. सूर्यकान्त मणि ।



Lenses.

Lent-लेॅन्ट्-*p. t.* & *p. p.* of Lend.

Lent-लेॅन्ट्-*n.* a fast of forty d Ash-Wednesday to Easter Ev का चालीस दिन का व्रत ।

Lenten-लेॅन्ट्-ऍन्-*adj.* relating to Le ing. लेन्ट् व्रत-सम्बन्धी, मितव्ययी; L (dismal look.) मुर्झाया हुआ (

Lenticular-लेॅन्-टिक्'-यु-लर्-*adj.* a lentil (*i. e.* double convex.) के आकार का ।

Lentiform-लेॅन्'-टि - फ़ॉर्म्-*adj.* of of a lentil. मसूर की आकृति का ।

Lentil-लेॅन्'-टिल्-*n.* a leguminous its seed. मसूर ।

Lentisk-लेॅन्'-टिस्क्-*n.* the mastic का वृक्ष ।

Lentitude-लेॅन्' - टि - ट्यूड्-*n.* slug आलस्य, मन्दता, सुस्ती ।

Lentoid-लेॅन्'-टॉ-इड्-*adj.* of the lens. ताल के आकार का ।

Leo-ली'-ओ-*n.* the fifth sign of the the lion. सिंहराशि, सिंह ।

Leonine-ली'-ओ-नाइन्-*adj.* of or सिंह के समान ।

Leopard-लेॅ-पर्ड्-*n.* a carnivorous चीता, तेंदुआ; **Leopardess** (-ऍस a female leopard. मादा तेंदुआ

Leper-लेॅपर् - *n.* a person lepros y. कुष्ठ का रोगी, कोढ़ी ।

Lepid-लेॅ पिड्-*adj.* pleasant. मनोहर

Leporine-लेॅप-राइन्-*adj.* of the खरहे की जाति का ।

Leprous-लॅप्रस्-*adj*. infected with leprosy. कुष्ठ रोग से ग्रस्त ।

Leprosy-लॅप्रसि-*n*. a loathsome endemic disease. कुष्ठ, कोढ़, अपरस ।

Lesbian-लॅज़्' - बि - अन्-*adj*. pertaining to unnatural crime. अस्वाभाविक अपराध-सम्बन्धी ।

Lese-majesty-लीज़्'-मॅ - जॅ - स्टि-*n*. treason. राज-विद्रोह ।

Lesion-ली'-झ़न्-*n*. damage, wound, injury. क्षति, अपकार, पीड़ा, चोट ।

Less-लॅस्-*adj*. (*comp*. of Little.) smaller, of lower rank. न्यून, अल्प, कम ;-*adj*. in a smaller degree. अल्प मात्रा में ;-*n*. a smaller portion. छोटा अंश ; **In less than no time** (immediately.) बहुत शीघ्र ; **Nothing less** (somewhat.) कुछ भी तो ; **May your shadow never be less** (may you never be lean.) तुम दुबले कभी न हो ; **Still less** (even less.) और भी कम ।

-less-लॅस्-*suf*. in sense of "devoid of, free from." "अभाव" अर्थ का प्रत्यय, यथा-countless, homeless. इत्यादि ।

Lessee-लॅस्-सी'-*n*. the person to whom a lease is given. ठीकेदार, पट्टेदार ; **Lesseeship** (-शिप्)-*n*. the post of a lessee. ठीकेदारी ।

Lessen-लॅस्-न्-*v. i. & t.* to diminish, to decrease. न्यून होना, कम करना ।

Lesser-लॅसर्-*adj*. (*comp*. of Little.) smaller. दो पदार्थों में न्यून या छोटा ।

Lesson-लॅस्-अ-न्-*n*. that which is learnt by a pupil, amount of teaching at a time, precept, example, punishment. पाठ, शिक्षा, उपदेश, उदाहरण, दण्ड ; -*v. t.* to instruct, to rebuke. उपदेश देना, डपटना ।

Lessor-लॅ-सॉर्-*n*. one who lets on a lease. पट्टा या ठीका देनेवाला ।

Lest-लॅस्ट्-*conj*. in order that, for fear that. नहीं तो, कदाचित्, ऐसा न हो कि ।

Let-लॅट्-*v. t. & aux. verb*. to permit, to allow, to grant for hire, to cause to. अनुमति देना, आज्ञा देना, किराये पर देना, होने देना ; **Let him alone** (allow him to remain without meddling.) उसकी चिन्ता मत करो ; **Let us go** (allow us to depart.) हमको जाने दो ; **To let down** (to lower.) नीचा करना, उतारना ; **To let fall** (to cause to fall.) गिराना ; **To let go** (to release from holding.) छोड़ देना ; **To let in** (to permit to enter.) प्रवेश की आज्ञा देना ; **To let loose** (to release or unchain.) छोड़ना, बंधन खोलना ; **To let off** (to discharge.) जाने देना, क्षमा करना ; **To let on** (to reveal a secret.) भेद खोलना ; **To let out** (to allow to get free.) मुक्त करना ।

-let-लॅट्-diminutive suffix. अल्पार्थक प्रत्यय ; यथा -Armlet, Ringlet, Rivulet. इत्यादि ।

Lethal-ली'-थल्-*adj*. causing death. मृत्युकर, प्राणघातक ।

Lethargic-लॅ-थार्जि-क्-*adj*. apathetic, dull. जड़बुद्धि, निद्रालु ; **Lethargically** (-क-लि) -*adv*. in a lethargic manner. जड़वत् ।

Lethargize-लॅ - थार्जा - इज़् - *v. t.* to make lethargic or dull. मतिमन्द करना ।

Lethargy-लॅ-थार्जि-*n*. unnatural drowsiness, torpor, dullness. आलस्य, निद्रालुता, तन्द्रा ।

Lethe-ली'-थी - *n*. the river of the under world, water causing oblivion. वैतरणी नदी, विस्मृति (स्मृतिनाश) कारी जल ; **Lethean** (-अन्) -*adj*. of Lethe, oblivious. वैतरणी नदी-सम्बन्धी, भूलनेवाला ।

Letter-लॅ-टर्-*n*. symbol of a sound, a written message or communication. अक्षर, वर्ण, पत्र, लेख, चिट्ठी ; -*pl*. literature, erudition. (ब० व०) साहित्य, पाण्डित्य ; -*v. t.* to impress title &c. on a book. पुस्तक पर नाम लिखना या छापना ; **Letter-book** (a book for keeping correspondence.) चिट्ठियों की सूची रखने की पुस्तक ; **Letter-box** (a box in which letters are posted.) चिट्ठी डालने का डाकखाने का बक्स ; **Letter-lock** (a lock which is opened by the combination of certain letters) अक्षरों का ताला ; **Letter-paper** (a paper which is used for writing letters on.) चिट्ठी लिखने का कागज़ ; **Letter press** (matter printed from types, a copying press.) टाइप से छपी हुई पुस्तक, नकल करने की मशीन ; **Letter-writer** (a book to teach letter-writing.) पत्र-लेखन सिखलाने की पुस्तक, पत्र बोध ।

Lettered-लॅ - टर्ड् - *adj*. learned, educated पण्डित, विद्वान्, पढ़ा-लिखा ।

Lettuce-लॅ-टू-स-*n*. a vegetable with crisp leaves. चुकन्दर ।

Leucoderma-ल्यू'-को-डर्मा-*n*. whiteness of skin. चमड़े पर का सफेद दाग, श्वेत कुष्ठ ।

Leucoma-ल्यू-को-मा-*n*. a disease of the eye. आँख का एक रोग ।

Leucorrhoea-ल्यू'-को-री'-आ-*n*. the whites. श्वेत प्रदर नामक स्त्रियों का रोग ।

Levant-लि-वॅन्ट्'-*n*. the eastern part or coasts, of the Mediterranean Sea. भूमध्य सागर का पूर्वी भाग; -*v. i.* to run away without paying off a gambler's debt, to decamp. हारा हुआ धन बिना दिये भाग जाना।

Levator-लॅ-व्रे - टॉर् - *n.* the muscle which raises an organ. किसी इन्द्रिय को उठानेवाली मांसपेशी।

Levee-लि-व्री'-*n.* the reception of visitors by a king, an assembly of visitors. राजसभा, राजदरबार।

Level-लॅव्'-ल्'-*n. & adj.* an instrument for ascertaining the level of a spot, standard, even, flat, uniform. समतल जानने का यन्त्र, समता, तुल्यता, सपाट, चौरस, चिपटा;-*v. t.* (*p. t.* Levelled.) to make even or smooth, to aim. चौरस करना, निशाना लगाना; **On a level with** (in the same horizontal plane as.) चौरसाई में।

Leveller-लॅव्-लर्-*n.* one who would abolish all social distinctions, one who levels. सामाजिक अन्तरों को हटानेवाला, बराबर करनेवाला।

Levelling-लॅव्-लिङ्ग्-*n.* the work of reducing uneven surfaces to a level. समतल करने का कार्य।

Lever-ली'-व्रर्-*n.* a straight bar, one end of which is fixed on a point (called *fulcrum*) and on the other force (*weight*) is applied in lifting a weight. उत्तोलन दण्ड, टेक, रंभा, ढेकली, (इसकी तीनों अवस्थायें चित्र में दी गई हैं)।



Levers.

Leverage-ली'-व्ररेज्-*n.* mechanical advantage gained by the use of levers. लीवर की क्रिया, किसी कार्य को सम्पादन करने में इनका प्रयोग।

Leveret-लॅ-व्र-रॅ-ट्-*n.* a young hare. शशशावक, खरहे का बच्चा।

Leviable-लॅ - व्रि-ऍ - बृल्-*adj.* that may be assessed. कर लगाने योग्य।

Leviathan-लॅ-व्राइ-अ-थन्-*n.* a big monster, a huge ship. बड़ा दैत्य, भारी जहाज़।

Levigate-लॅ-व्रि-गेट्-*v. t.* to reduce to a fine powder. महीन बुकनी करना ; **Levigation** (-गे-शन्)-*n.* the act of levig बुकनी करने का कार्य।

Levitate-लॅव्'-इ-टेट्-*v. i.* to float हवा में तैरना ; **Levitation** buoyancy. हवा में तैराई।

Levity-लॅ - व्रि - टि - *n.* lightness, fickleness, inconstancy. हल्कापन, ओछापन।

Levy-लॅव्'-इ-*v. t.* (*p. t.* Levied.) or raise a tax. कर लगाना, the act of collecting, the act of men for war &c. कर इकट्ठा लिये सेना इकट्ठा करना; To begin war, to attack.) युद्ध आक्रमण करना।

Lewd-ल्यूड्-*adj.* licentious, cent, not chaste. कामुक अपवित्र; **Lewdly** (-लि) -*adv.* in a ner. लम्पटता से; **Lewdness** quality of being lewd. कामुकता।

Lexical-ल-क्सि-कल्-*adj.* pertaining words of a language. भाषा के **Lexically** (-लि) -*adv.* in a lexic शब्द सम्बन्ध से।

Lexicographical - लॅक्सिकॉग्राफिक pertaining to lexicography. सम्बन्धी; **Lexicography** (diction art.) कोश-रचना कला या शास्त्र।

Lexicon-लॅ क्सि-कन्-*n.* a word-bo tionary. शब्द-संग्रह, निघण्टु, कोश।

Lexigraphy-लॅक्सि-ग्र-फ़ि-*n.* the writing in which each symbol a word. ऐसी लिखावट जिसमें लिये एक विशेष चिह्न होता है।

Liability-लाइ-अ-बि-लि-टि-*n.* उत्तरदायित्व, जवाबदेही ; -*n. pl.* debts. ऋण।

Liable-लाइ-ऍ - बल्-*adj.* legally for, under obligation, open to जवाबदेह, जिम्मेदार, अधीन; (subject to fall down.)

Liaison-ली-ए'- ज़ून्-*n.* an illicit between a man and a wom का अनुचित सम्बन्ध।

Liar-लाइ-अर्-*n.* one who speaks मिथ्यावादी, असत्य (झूठ)

Libation-लाइ-बे-शन्-*n.* an offering देवता को जल इत्यादि चढ़ाना,

Libatory - लाइ-बॅ - ट - रि-*adj.* libation. तर्पण-सम्बन्धी।

Libel-लाइ'-वेॅल्-*n.* a defamatory publication or writing, a false statement. निन्दापत्र, अपमान-लेख।

Libeller-लाइ-वेॅ-लर्, **Libellist** (-लिस्ट्)-*ns.* one who libels. निन्दालेख लिखनेवाला, अपमान करनेवाला।

Libelious-लाइ-वेॅ-लस्-*adj.* defamatory. अपमानकारी; **Libellously** (-लि)-*adv.* in a defamatory manner. अपमान या निन्दा करते हुए।

Liberal-लि-ब-रल्-*adj.* refined, open, abundant, generous, free, openhearted, unprejudiced. शिष्ट, उदार, दयालु, पक्षपातहीन; **Liberal education** (*i. e.* general development of mind.) ज्ञानोन्नति; **Liberal Party** (men of refined views.) स्वतन्त्र विचारवाले मनुष्यों का दल।

Liberalism-लिबरलिज़्म् - *n.* principles of the Liberal Party. स्वतन्त्र विचार का सिद्धान्त।

Liberalist-लिबरलिस्ट् - *n.* the follower of liberalism. स्वतन्त्र विचारवाला मनुष्य।

Liberality-लि-बरॅ-लिटि-*n.* generosity, munificence, impartiality. दानशीलता, अपक्षपात।

Liberalization-लि-बर -लाइज़ेॅशन्-*n.* the act of making liberal. स्वतन्त्र विचार वाला बनाने का कार्य; **Liberalize** (-आइज़्)-*v. t.* to render liberal. स्वतन्त्र विचारवाला बनाना।

Liberally - लि - बर-लि - *adv.* bountifully, generously. उदारता से।

Liberate-लि-बरेॅट्-*v. t.* to set at liberty, to release from bondage. मुक्त करना, बन्धन से छुटकारा देना।

Liberation - लि - बरॅ - शन्-*n.* the act of liberating. मुक्ति, छुटकारा।

Liberator-लि-बरेॅ-टर्-*n.* one who sets free. मुक्ति देनेवाला, निस्तार करनेवाला।

Libertine-लिबर्टि -न्-*n.* & *adj.* a religious free-thinker, a licentious person. धार्मिक विषयों में स्वतन्त्र विचारवाला, कामुक, विषयी मनुष्य।

Libertinism-लि - बर्टि - निज़्म्-*n.* lewdness, debauchery. कामुकता, लम्पटता।

Liberty-लिबर्टि-*n.* freedom from slavery or restraint, right to do as one pleases, privilege. स्वाधीनता, स्वतन्त्रता, स्वेच्छा, विशेष सुविधा; **At liberty** (unrestrained or free.) स्वतन्त्र, स्वेच्छाचारी; **I take the liberty to do** (I venture to do.) मैं ऐसा करने का साहस करता हूँ।

Libidinous-लि-बिडि - नस्-*adj.* licentious. कामी, व्यभिचारी; **Libidinously** (-लि) -*adv.* with lewdness. कामुकता से, व्यभिचार से।

Libra-लाइ'-ब्रा-*n.* a pound weight (lb.) or pound sterling (£), the seventh sign of the Zodiac. एक पाउन्ड का भार या सोने का सिक्का, तुला राशि।

Librarian-लाइ - ब्रे-रिअन्-*n.* one who is in charge of a library, the custodian of a library. पुस्तकालय का अध्यक्ष; **Librarianship** (-शिप्)-*n.* the office of a librarian. पुस्तकालयाध्यक्ष का पद।

Library-लाइ'-ब्रे - रि-*n.* (*pl.* **Libraries.**) a building or room in which books are kept, a collection of books. पुस्तक-संग्रह, पुस्तकालय; **Lending library** (a library which lends books for reading.) पुस्तक उधार देनेवाला पुस्तकालय; **Reference library** (a library in which books are consulted.) जिस पुस्तकालय में जाकर मनुष्य पुस्तक पढ़ सकते हैं; **Walking library** (a very learned person.) बड़ा विद्वान् मनुष्य।

Librate-लाइ-ब्रेट्-*v. i.* to oscillate, to quiver, to balance. हिलाना, काँपना, तौलना; -*n.* a piece of land worth a pound a year. एक पाउण्ड वार्षिक किराये की भूमि।

Libration-लाइ-ब्रॅ'-शन्-*n.* vibratory motion. कम्पन, हिलाव।

Libratory-लाइ-ब्रॅ'-ट - रि - *adj.* oscillating, balancing. हिलनेवाला।

Libretto-लिब्रेॅटो-*n.* the song-book of an opera. नाटक के गाने की पुस्तक।

Lice-लाइस्-*n. pl.* of **Louse.** जूँएँ।

Licence-लाइ'-सेॅन्स्-*n.* leave, permission, licentiousness, a writer's irregularity. आज्ञा, अधिकार, दुराचार, सनद, लैसन्स, लेखक का (व्याकरण, छन्द इत्यादि में) अनियम।

Licensable-लाइ-सेॅन्सॅ - बल्-*adj.* able to be permitted. अनुमति देने योग्य।

License, Licence-लाइ'-सेॅन्स्-*v. t.* to allow complete freedom, to authorise. आज्ञा देना, अनुमति (अधिकार) देना।

Licensee-लाइ - सेॅन्सी - *n.* the holder of a licence. आज्ञाप्राप्त मनुष्य, लैसंसदार।

Licenser-लाइ - सेॅन्सर्-*n.* one who grants permission. आज्ञा (लैसंस) देनेवाला।

Licentiate-लाइ-सेॅन्'-शि-एट्-*n.* the holder of a licence from a university. विश्वविद्यालय से आज्ञापत्र (सनद) पाया हुआ मनुष्य।

Licentious-लाइ-सेॅन्' - शस्-*adj.* lewd, disorderly, immoral, dissolute. व्यभिचारी, लंपट,

अनैतिक, दुराचारी; **Licentiously** (-लि) -*adv.* in an immoral manner. अनैतिक ढंग से; **Licentiousness**(-नेंस्)-*n.* lewdness. लंपटता ।

Lich-लिच् (*also* **Lych.**) -*n.* a dead body. मृतशरीर, शव ।

Lichen-लाइकेन्-*n.* a kind of fungus. एक प्रकार की वनस्पति जो चट्टानों पर उगती है;-*v. t.* to cover with lichens. उक्त वनस्पति से ढाँकना ।

Lick-लिक्-*v. t. & i.* to pass the tongue over a thing, to taste it, to lap. चाटना, जीभ से चट्चट् करना ; **To lick one's boots or shoes** (to show submission.) दीनता दिखलाना; **To lick off** (to devour.) निगल जाना; **To lick the dust or earth** (to be defeated, to be slain.) हारना, मारा जाना ।

Licking-लिकिङ्ग्-*n.*the act of licking, a smart blow with a cane. चाटना, बेंत की मार ।

Lickerish, Liquorish-लिक-रि-श्-*adjs.* eager for dainty food, greedy. चटोरा, लालची ।

Licorice, Liquorice - लिकॅ - रिस्-*ns.* the sweet root of a certain plant. जेठीमधु, मुलेठी, माधुरी ।

Lid-लिड्-*n.* the cover for the top of something. आच्छादन, ढकना; **Eye-lid** (cover of the eye.) पलक; **With the lid off** (bringing all the horrors before view.) आपत्ति के सब दृश्य सामने लाते हुए ।

Lie-लाइ-*n.* an untrue statement, a fiction, falsehood. मिथ्या वचन, असत्य, (झूठी) कथा, झूठ; -*v. i.* (*p. t.* **Lied.**) to utter falsehood, to deceive. झूठ बोलना, धोखा देना; **White lie** (a lie which is justified by motives.) सफ़ेद झूठ; **Lier** (लाइ'-अर्)-*n.* one who tells a lie. मिथ्यावादी, झूठ बोलनेवाला ।

Lie-लाइ-*v. i.* (*p. t.* **Lay**, *p. p.* **Lain.**) to remain in a prostrate position, to rest, to abide, to consist, to be prostrate, to be at rest, to be spread out, to view, to be in grave. लेटना, विश्राम करना, फैलना, पड़े रहना, दृष्टिगोचर होना, कब्र में रहना; **As far as in me lies** (as far as lies in my power.) जहाँ तक मेरी शक्ति में है; **Lying-in-chamber or hospital** (a room for those about to become mothers.) सूतिका-गृह, सौरी का घर; **To lie by** (to rest.) आराम करना; **To lie down** (to lay the body on the ground.) लेट जाना; **To lie hard upon** (to कष्ट देना; **To lie in** (to be in बच्चा देना; **To lie in wait** (in (to wait for in concealment). छिप रहना; **To lie on** (to be depende होना ।

Lief-लीफ़्-*adv.* gladly, willingly. प्रसन्न इच्छा से ।

Liege-लीज्-*adj.* faithful. स्वामिभक्त or superior. स्वामी, प्रभु ।

Lien-ली-अन्-*n.* right to retain posse a property until debt is paid off हुई वस्तु को रुपया न अदा होने तक अधिकार ।

Lieu-ल्यू-*n.* room. स्थान; **In lieu** place of.) स्थान में, बदले में ।

Lieutenant-लेफ़्-टे-नन्ट्-*n.* a deputy for a superior, an officer in the प्रतिनिधि, सेनाध्यक्ष का प्रतिपुरुष; **Lieu governor.** छोटा लाट; **Lieuten** (-शिप्)-*n.* the post of a lieutena सेनाध्यक्ष का पद ।

Life-लाइफ़्-*n.* (*pl.* **Lives.**) conscious vitality, manner of living, period birth to death, manner of living, of past life. जीवन (प्राणधारण), चेतना, आयुष्य, चरित्र-वर्णन ; **Cat has** lives (is hard to kill.) बिल्ली जल्दी **Life and soul** (everything.) assurance (insuring one's life.) **Life-blood** (blood necessary जीवन शक्ति देनेवाला रक्त या खून; a boat that saves life in shipwreck वालों को बचानेवाली जहाज़ पर की breath (inspiring influence.) प्रभाव; **Life-guard** (body-guard रक्षक ; **Life-interest** (interest during one's life.) केवल जीवन रहनेवाला स्वत्व या अधिकार ; resembling a living person. **Life-size** (as large as one आकार का; **Low life** (worthless घृणित जीवन; **To bring to life** unconsciousness.) मूर्छा हटाना;

life (a solemn assertion.) मेरे प्राणों की शपथ।

Life-belt-लाइफ़्' - बॅल्ट् -*n.* a belt made of pith, cork &c. to float the body on water. जल में तैरने की पेटी।


Life-belt.

Lifeless-लाइफ़्'-लॅस्-*adj.* devoid of life. निर्जीव, निःसत्व; **Life-lessly** (-लि)-*adv.* in a lifeless manner. निरुत्साह से।

Lifelong-लाइफ़्' - लॉङ्ग्-*adv.* throughout life. जीवनपर्यन्त।

Life-time-लाइफ़्-टाइम्-*n.* duration of life. जीवनकाल।

Lift-लिफ़्ट्-*v. t.* & *i.* to raise, to elevate, to exalt, to hoist, to rise, to disperse. उठाना, उभाड़ना, उठना, हट जाना ; -*n.* an apparatus for raising and lowering, an elevator or hoist. (इमारत में लगा हुआ) ऊपर उठाने या नीचे करने का झूला; **To lift one's hand** (to swear.) क़सम खाना।

Liftable-लिफ़्टॅ-बल् -*adj.* that can be lifted. उठाने योग्य।

Lifter-लिफ़्टर-*n.* he who or that which lifts a thing. उठानेवाला यन्त्र या पुरुष।

Ligament-लिग-मॅन्ट्-*n.* a fibrous tissue which binds together bones. अस्थि-बन्धक-तन्तु।

Ligamental or **Ligamentary** -लिगी-मॅटल, (-अरि), **Ligamentous** - लिगी- मॅन्टस्-*adjs.* binding. अस्थि-बन्धन करनेवाला।

Ligate-लाइ-गेट्-*v. t.* to tie up a bleeding artery. बहते रक्त को रोकने के लिये धमनी (रक्तवाहिनी नाली) को बाँधना।

Ligation - लाइ - गे' - शन्-*n.* the act of binding. बन्धन।

Ligature-लिगॅ-चर् -*n.* a bandage, a band used for tying a bleeding artery, two or more letters cast into one. बन्धन, पट्टी, छापे के एक में ढले हुए (जुड़वाँ) टाइप, यथा—*fl*, *fi*. इत्यादि।

Light-लाइट्-*n.* the natural agent by which objects are rendered visible to the eye, brightness, daylight, candle, any object which emits light, knowledge, eminent person. प्रकाश प्रभा, रोशनी, दीपक, प्रकाश देने वाला पदार्थ, ज्ञान, प्रसिद्ध मनुष्य; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Lit** *or* **Lighted.**) to give light to, to attend with a light, to set fire to, to become light or bright. प्रकाशित करना, प्रकाशित होना, जलाना, चमकीला या प्रकाशित होना; **In the light of this** (with the help of this.) इसकी सहायता से; **Light of one's eyes** (lovers.) प्रेमीजन; **To bring to light** (to publish, to reveal.) प्रकाशित करना; **To light up** (to lighten.) प्रज्वलित करना; **To come to light** (to be detected.) प्रकाशित होना; **To see the light** (to be born.) उत्पन्न होना; **To shed light upon** (to explain.) व्याख्या करना, समझाना।

Light-लाइट् -*adj.* & *adv.* not heavy, of little weight, elegant, graceful, easily digestible, trivial, light-coloured. हलका, अल्प परिमाण या भार का, सुन्दर, ललित, सहज में पचने योग्य, तुच्छ, शोभायुक्त, हलके रंग का; **Light-armed** (armed with light weapons.) हलका शस्त्र धारण किये हुए; **Light-fingered** (thievish.) चोर, ठग; **Light food** (easily digestible food.) सहज में पचनेवाला भोजन; **Light-footed** (nimble in walking.) तेज़ चलनेवाला; **Light-handed**(working with ease.)आसानी से काम करनेवाला; **Light-headed** (unsteady, thoughtless.) चपल बुद्धिवाला, विक्षिप्त; **Light-headedness** (state of being thoughtless.) मति-विभ्रम; **Light-hearted** (cheerful, merry.) प्रसन्नचित्त, आनन्दी; **Light literature** (interesting literature in easy language.) सरल आनन्ददायक साहित्य; **Light-minded** (unsteady.)अस्थिर; **Light-o'-love** (a prostitute.) वेश्या; **Light railway** (a railway for carrying light weights.) हलका बोझ ले जानेवाली रेल; **Light-spirited** (cheerful.) प्रसन्नचित्त; **Of light fingers** (clever in thieving.) चोरी करने में निपुण।

Lighten-लाइट्'-ट्न्-*v. t.* to reduce weight, to mitigate, to emit or shed light upon, भार कम करना, न्यून करना, हलका करना, प्रकाशित करना।

Lighter-लाइट्-अर्, **Lightisth** (-इश्) -*adjs.* somewhat light. कुछ हलका।

Lightly-लाइट्'-लि-*adv.* in a light manner, carelessly. हलकेपन से, चपलता से।

Lightness-लाइट्'-नॅस्-*n.* want of weight. हलकापन, चपलता।

Lightning-लाइट्'-निङ्ग्-*n.* an electric flash in the clouds. बिजली, विद्युत् ; **Like lightning** (very quickly.) अति शीघ्रता से, बहुत जल्दी।

Ligneous-लिग्नि-अस्-*adj*. like wood, woody. लकड़ी के आकार का, लकड़ी का बना हुआ ।

Ligniform-लिग्'-नि-फ़ॉर्म् - *adj*. like wood. लकड़ी के रूप का ।

Like-लाइक्-*adj*. similar, equal, resembling. सदृश, तुल्य, समान (बराबर); - *adv*. in the same manner, likely. सम्भवत:, उसी प्रकार से;-*n*. something resembling, a copy. समान पदार्थ, प्रतिलिपि; -*v. t. & i.* to be pleasing, to be agreeable. चाहना, पसंद करना (इच्छा करना); **In like manner** (in a similar way.) उसी प्रकार से; **Like a shot** (with desire.) इच्छापूर्वक; **Like form** (similar form.) तुल्यरूप ।

Likeable-लाइक्'-ऍ-बल्-*adj*. that one can love. पसन्द के लायक; **Likeableness** (-नॅस्)-*n*. the quality of being likeable. पसन्दगी ।

Likelihood-लाइक्' - लि - हुड्-*n*. probability. सम्भावना ।

Liken-लाइक्'-कन्-*v. t.* to compare, to find similarity in, to make like. उपमा देना, सदृश करना (मिलाना) ।

Likeness-लाइक्-नॅस्-*n*. resemblance, similarity, copy or portrait. समानता, उपमा, चित्र ।

Likewise-लाइक-वाइज़्-*adv. & conj*. in like manner, also, moreover. इसी रीति से, भी, और भी ।

Liking-लाइक्' - इङ्ग् - *n*. inclination, taste, fondness. रुचि, इच्छा, अनुराग ।

Lilac-लाइ-लॅक्-*n*. a plant with fragrant flowers. बकायन ।

Liliaceous-लिल्-इ-ए'-शस्-*adj*. of the kind of a lily. कुमुदिनी (कोई) के सदृश ।

Lilliputian-लि-लि-प्यू'-श्यन्-*n*. a very small person or thing. बहुत छोटे क़द का (बौना) मनुष्य या पदार्थ ।

Lilt-लिल्ट्-*v. i.* to sing melodiously. लय या सुर में गाना ।

Lily-लि-लि-*n*, (*pl*. **Lilies**.) a plant with beautiful flowers. कुमुदिनी, कोई; **Lily-livered** (cowardly.) डरपोक; **Lily-white** (white as a lily.) कुमुदिनी के समान श्वेत; **Water-lily** (the lotus.) कमल का फूल ।

Limation- लि - में - शन्-*n*. act of filing or polishing. रेतने या चमकाने का कार्य ।

Limb-लिम्-*n*. leg, arm or wing, bough of a tree, edge. अङ्ग, अवयव, शाखा, डाली,

Limbed (-ड्) -*adj*. having limbs,

Limbless (- लॅस्) -*adj*. without अनङ्ग, बिना अङ्ग का; **To escape** with life **and limb** (to escape without being बिना चोट लगे बचकर भाग जाना ।

Limbate-लिम्ब् - एट्-*adj*. having borders. भिन्न-भिन्न किनारे का ।

Limber-लिम्'-बर्-*n*. the front part of cart. तोप गाड़ी का अगला भाग; -*adj*. nimble. लचीला, चञ्चल ।

Lime-लाइम्-*n*. a sticky substance alkaline earth, a kind of lemon चूना, जंभीरी नीबू ; -*v. t.* to smear viscous substance for catching cover with lime. लासा लगाकर पकड़ना, चूना लगाना; **Lime-kiln** (for preparing lime.) चूना फूंकने **Quicklime** (unslaked lime.) हुआ चूना; **Slaked lime** (lime mixed water.) बुझाया हुआ चूना ।

Limeless-लाइम्'-लॅस्-*adj*. destitute of बिना चूने का ।

Limerick-लिम-रिक्-*n*. a meaningless निरर्थक कविता ।

Limit-लि-मिट्-*n*. a boundary line, restriction. अवधि, सीमा, किनारा, *t*. to set bounds to, to restrict, to with boundaries. सीमा बाँधना, बाँधना, परिमित करना, घेरना ।

Limitable-लि-मि- टॅ- बल्-*adj*. that limited or bounded. सीमाबद्ध ।

Limitary-लि-मि-ट-रि-*adj*. placed at सीमा पर रक्खा हुआ ।

Limitation-लि - मि-टे' - शन्-*n*. extent. परिमितता, हद्द, मियाद ।

Limitative-लि - मि-टॅ - टिव्-*adj*. हद्द बाँधनेवाला ।

Limited-लि-मि-टॅड्-*adj*. narrow, संकुचित, परिमित, सीमित; **Limited** (narrow sense.) सङ्कुचित अर्थ; **knowledge** (knowledge only subjects.) अल्प विषयक ज्ञान; **monarchy** (monarchy which is constitutional restrictions.)

Limitless-लि - मिट्' - लॅस्-*adj*. limits, boundless. बिना सीमा बेहद्द; **Without limit** (unlimited [illegible] किनारे का, अनन्त ।

Limn-लिम्-*v. t.* to paint a picture. चित्र रँगना।

Limner-लिम'-नर् *n.* artist, a painter. चित्र रंगनेवाला।

Limnology-लिम्नॅ-लॉजि-*n.* study of lakes. सरोवर-अध्ययन।

Limous-लाइ'-मस्-*adj.* muddy, slimy. कीचड़ से युक्त, कँकड़ीला।

Limp-लिम्प्-*v. i.* to walk lamely, to halt. लँगड़ाकर चलना, ठमकना; -*n.* the act of limping. लँगड़ाहट;-*adj.* flexible. मुलायम, लचीला।

Limper-लिम्पर्-*n.* one who walks lamely. लँगड़ाकर चलनेवाला।

Limpid-लिम्पिड्-*adj.* pure, clear. शुद्ध, स्वच्छ; **Limpidity** (-इटि)-*n.* purity. शुद्धता।

Limpingly-लिम्प्-इङ्ग्-लि-*adv.* in a limping manner. लँगड़ाते हुए।

Limpness-लिम्प्-नॅस्-*n.* the quality of being limp. मृदुता, मुलायमियत।

Limpkin-लिम्प् - किन्-*n.* a kind of crane. एक प्रकार का सारस।

Limy-लाइमि-*adj.* viscous. चिपचिपा।

Linament-लिन-मॅन्ट्-*n.* a lint for a wound. घाव पर बाँधने की पट्टी।

Linchpin-लिन्श्-पिन्-*n.* a pin fixed on the end of the axle to keep wheel on. धुरे पर लगी हुई कील जो पहिये को गिरने से रोके रहती है।

Linden-लिन्-डॅन्-*n.* the lime-tree. जंभीरी नीबू का वृक्ष।

Line-लाइन् - *n.* a fine cord, a series of points joined together, series, outline, a row, railroad, direction, wire, lineage, a verse, twelfth part of an inch. रस्सी, पतली रेखा, पंक्ति (श्रेणी), आकार, दिशा, तार, वंश, रेल की पटरी, कविता की पंक्ति, इन्च का बारहवाँ भाग;-*v. t. & i.* to apply something inside. परत लगाना (अस्तर लगाना), पंक्ति में रखना; **All along the line** (in all directions.) सब दिशाओं में; **By rule and line** (according to rule.) नियमानुसार; **Fishing-line** (a cord used in fishing). बंसी की डोरी; **Hard lines** (hardship.) अभाग्य; **In regular line** (in regular order.) क्रम से; **Line-drawing** (a drawing with pen or pencil.) पेन्सिल या निब से चित्र बनाना; **Line of a stanza** (a piece of poetry.) पद्य का चरण; **Line of conduct** (form of character.) चरित्ररीति; **Line of family** (lineage.) वंशक्रम; **Line of study** (method of study.) अध्ययन-क्रम; **Line of troops** (regular regiment.) पंक्तिबद्ध नियमित सेना; **Railway line** (a single track of rails.) रेल की किसी कम्पनी की लाइनों का क्रम; **Out of line** (out of subject.) विषय के बाहर।

Lineage-लिनि - ऍज्-*n.* ancestry, race, pedigree. वंश, कुल (सन्तति), वंशपरम्परा; **Of royal lineage** (of royal descent.) राजकुल में उत्पन्न।

Lineal-लि-नि - अल्-*adj.* hereditary. परम्परा-प्राप्त, पैतृक; **Lineally** (-अ-लि) -*adv.* in a direct line. परम्परा या वंश-क्रम से।

Lineament-लिनिअमॅन्ट्-*n.* characteristic mark, feature. मुख की आकृति, चिह्न, (रूप, आकार)।

Linear - लिनि - अर् - *adj.* of lines, narrow. रेखा-सम्बन्धी, सीधी लकीर का (सङ्कुचित); **Linearly** (-लि)-*adv.* in a linear manner. एक रेखा में; **Lineation** (-ए'-शन्)-*n.* arrangement of lines. रेखा-क्रम, लकीरों से बना हुआ चित्र।

Linen-लि-नॅन्-*n.* cloth made of flax. सन का बना हुआ वस्त्र; **Linen-draper** (the person who deals in linen &c.) बजाज।

Liner-लाइ'-नर्-*n.* a ship belonging to a line. जहाजों की पंक्ति में का एक जहाज।

Mistress-मिस्'- ट्रॅस्- *n. fem.* (*mas.* **Mister**) the female head of a household, a woman [illegible] female teacher of a school. गृहिणी (स्वामिनी), प्रेमिका, रखनी, अध्यापिका (गुरुआइन)।

Mistrust-मिस्-ट्रस्ट्'-*v. t.* to suspect, to have no confidence in. अविश्वास करना, शंका करना;-*n.* want of trust or confidence. अविश्वास, सन्देह; **Mistrustful** (-फ़ुल) -*adj.* doubting. अविश्वासी; **Mistrustfully** (-फ़ुल्-लि)-*adv.* with want of confidence. अविश्वास से; **Mistrustfulness** (-नेस्)-*n.* want of trust. विश्वास का अभाव, आशंका, सन्देह।

Mistune-मिस्- ट्यून्'-*v. t.* to tune wrongly. बेसुरा बनाना।

Misturn-मिस् - टर्न्' -*v. t.* to pervert. उलट देना, विपरीत करना।

Misunderstand-मिस्' - अन्- डर्- स्टॅन्ड्'-*v. t.* (*p. t.* Misunderstood.) to misinterpret, to be taken in a wrong sense. गलत या भूल समझना, मिथ्या जानना; **Misunderstanding** (-इङ्ग्)-*n.* misconception. मिथ्यावोध, भ्रम।

Misusage-मिस्-यू- सेज् -*n.* ill-usage. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण।

Misuse-मिस्'-यूस्-*n.* bad treatment, wrong use. दुर्व्यवहार, कुप्रयोग;-*v. t.* (-यूज़्') to treat badly, to misapply. अनुचित व्यवहार करना, बुरी तरह काम में लाना।

Mite-माइट्-*n.* a small insect, a small coin, anything very small. घुन, छोटा सिक्का, अल्प मात्रा।

Mithridate-मिथ्रिडेट्-*n.* an antidote for poison. विषनाशक पदार्थ, जहरमोहरा; **Mithridatic** (-रि-डॅट्'-इक्)-*adj.* विषहर; **Mithridatize** (-आइज़्) -*v. t.* to use antidote for poison. विषनाशक औषधि का प्रयोग करना।

Mitigable-मिटिगे-बल् -*adj.* able to be mitigated or appeased. शान्त करने योग्य।

Mitigant-मिटिगॅन्ट्-*adj.* softening. मृदु करनेवाला।

Mitigate-मिटि-गेट्-*v. t.* to soothe, to appease, to alleviate. शान्त करना, कम करना, धीमा करना।

Mitigation-मिटि-गे-शन्-*n.* abatement. शमन, शान्ति।

Mitigatory-मिटि-गेटरि-*adj.* one who abates. शान्त करनेवाला।

Mitral-माइ - ट्रल्-*adj.* like a mitre. पादरी की टोपी के आकार का।

Mitre-माइ'-टर्-*n.* a bishop's cap. पादरी की टोपी;-*v. i.* to wear a mitre, to join an angle of 45°. पादरी की टोपी पहिनना, कोनिया जोड़ना; **Mitred** (-टर्ड्)-*adj.* cut or joined. कटा या जुड़ा हुआ।

Mitten, Mitt-मिट्'-न्, (मिट्)-*ns.* a kind glove. एक प्रकार का दस्ताना (हाथ का मो **Get the mitten** (dismiss a lover.) प्रेमी त्यागना।

Mix-मिक्स्-*v. t. & i.* to put together, mingle, to join or be mixed, to associ मिलाना, मिलना, संयुक्त करना, एक करना, संसर्ग करना; **Mixable** (-ऍ-बल)-*adj.* able be mixed. मिलने या मिलाने योग्य; **Mixed** (-*adj.* mingled. संयुक्त, मिश्रित; **Mixedness** (-इ-नेस्)-*n.* the state of being mixed मेल, सम्बद्धता।

Mixture-मिक्स्' - चर्-*n.* a mixed mass, act of mixing. अनेक द्रव्यों का मिश्रण, मिलाव, मिश्रीकरण।

Mizen, Mizzen-मिज़्न्-*ns.* the lowest in a ship. जहाज में सबसे नीचे का मस्तूल।

Mizzle-मि-ज़्ल्-*n.* a fine shower. पानी की फूही।

Mnemonic-निमॉनिक् -*adj.* designed to the memory. स्मृति सहायक, स्मरणशक्ति वाली; **Mnemonics** (-स्) -*n. pl.* the memory. स्मृति-विज्ञान; **Mnemonist** (निस्ट्)-*n.* one who is proficient in mnemonics. स्मृति-विज्ञान में कुशल।

Moan-मोन्-*n.* a low murmur of lamentation. विलाप, सिसकन; -*v. i. & t.* lament. विलाप करना, कराहना।

Moanful-मोन्'-फ़ुल-*adj.* expressing शोकयुक्त ; **Moanfully** (- फ़ुल् - लि) sorrowfully. विलाप से।

Moat-मोट्-*n.* a deep ditch round a fort. परिखा, खाईं ;-*v. t.* to surround ditch. खाईं से घेरना।

Mob-मॉब्-*n.* the low people, a crowd. नीच मनुष्य लोग, कोलाहल की भीड़;-*v. t.* (*p. t.* Mobbed.) to disorderly attack. कोलाहल करना, करना।

Mobile-मो' - बिल्-*adj.* movable, अस्थिर, चंचल, चलनशील, हिलने-डोलने

Mobility-मो-बिलि'-टि-*n.* fickleness, ability, the populace. अस्थिरता, परिवर्तनीयत्ता, सर्वसामान्य जनता।

Mobilizable-मो-बि-लि-ज़ेॅबल-*adj.* capable mobilization. युद्ध-कार्य के योग्य; **Mobilization** (-ए'-शन्) -*n.* the act of युद्ध-कार्य में प्रवृत्ति-करण।

Mobilize-मोबिलाइज़् -*v. t.* to

soldier.) सैनिक कर्तव्य ; **Military man** (a soldier.) सैनिक, योद्धा; **Military preparations** (preparations of war.) युद्ध की तैयारी। **Military profession** (the profession of a warrior.) सैनिक का व्यवसाय; **Military science** (the science of war.) युद्धशास्त्र।

Militate-मिलिटेट्-*v. i.* to fight in war. युद्ध में भाग लेना या लड़ना।

Militia-मि-लिश्या-*n.* body of men enrolled and drilled as soldiers. देशरक्षक सेना, रक्षक योद्धा; **Militiaman** (soldier of a militia.) देश रक्षक सेना का सिपाही।

Milk-मिल्क्-*n.* a white fluid secreted by female mammals for nourishing their young ones. दूध;-*v. t.* to draw milk from cow&c. दूध दुहना; **Coagulated milk** (curd.) दही; **Milk and Honey** (abundant means of enjoyment.) सुख के प्रचुर साधन; **Milker** (-अर्) *n.* a man who milks. दूध दुहनेवाला; **Milk-livered** (cowardly.) कायर ; **Milkmaid** (a woman who milks, a dairymaid.) अहीरिन; **Milkman** (one who sells milk.) अहीर, दूधवाला; **Milk of human kindness** (goodness of heart.) प्राकृतिक दयालुता ; **Milk-pan** (a pot for keeping milk.) दूध रखने का पात्र; **Milk-porridge** (meal baked with milk.) दूध का हलुआ; **Milksop** (a piece of bread soaked in milk, a feeble-minded person.) दूध में भिगोई रोटी का टुकड़ा, दुर्बल मन का मनुष्य; **To milk the ram** (to do useless work.) निष्प्रयोजन कार्य करना।

Milkiness-मिल्क्'-इ-नस्-*n.* softness. दूधियापन, मृदुता, कोमलता।

Milky-मिल्कि-*adj.* of or like milk. दूध का बना हुआ, दुधिया; **Milky way** (the galaxy, a luminous band of heavenly stars.) आकाश-गंगा, असंख्य तारों की चमकती हुई पंक्ति।

Mill-मिल्-*n.* an apparatus for grinding, fitted with machinery, a manufactory. चक्की, जाँता, कारखाना;-*v. t.* (*p. t.* Milled.) to full as cloth, to grind, to stamp, to make raised edges of a coin. कपड़े में माँडी लगाना, चक्की में पीसना, ठप्पा करना, सिक्के के किनारे पर धारी बनाना; **Mill-board** (board for book-binding.) कागज़ की मजबूत दफ्ती; **Mill-bomb** (a kind of bomb shell.) एक प्रकार का बम; **Mill-hand** (a factory worker.) मिल-शाला का कर्मचारी; **Millstone** (a stone used for grinding grain.) चक्की का पाट; **Millwright** (one who constructs a mill.) चक्की या कारखाना बनाने वाला।

Millenarian-मिलिनें रिअर्न, **Millenial** (-अल) -*adjs.* of the age of a thousand years. हजार वर्ष का; **Millenary** (-नरि) -*n.* a thousand years, a thousandth anniversary. हजार वर्ष, सहस्र वर्षी जन्म गाँठ।

Millennium-मिलिनिअम् - *n.* a period of a thousand years. एक हजार वर्ष का काल।

Millepede-मिलि-पीड्-*n.* an insect with numerous legs. अनेक पैरों का कीड़ा, गोजर।

Miller-मि-लर्-*n.* the owner of a mill. चक्की या कारखाने का मालिक।

Millesimal-मिल सिमल्-*adj.* & *n.* a thousandth (part.). हजारवाँ (भाग)।

Millet-मि-लेट्-*n.* an Indian plant which bears grains. जोंधरी, बाजरा, जुआर।

Milliner-मिलिनर्-*n.* one who makes up women's hats. मेमों की टोपी बनानेवाला; **Millinery** (-इ)-*n.* articles made and sold by a milliner. मेमों की टोपी या इनकी पोशाक।

Million-मिलिअन् (मिल्यन्)-*n.* a thousand thousands. दस लाख; **Millionfold** (-फ़ोल्ड) -*adj.* a million times. दस लाख गुना; **Millionth** (-थ्)-*adj.* one of a million parts. दस लाखवाँ।

Millionaire-मिल्यनेंअर्-*n.* a very rich person. लक्षाधीश, लखपति।

Milt-मिल्ट्-*n.* an organ like spleen in fishes. मछली का पित्ता।

Milter-मिल्ट'-अर्-*n.* (*fem.* Spawner) a male fish. मच्छ।

Miltonic, Miltonican-मिल्- टॉन्'-इक्, (-अन्) -*adjs.* of the style of Milton. इङ्गलैंड के प्रसिद्ध कवि मिल्टन की कविता के सदृश।

Mimesis-माइ-मी-सिस्-*n.* imitation of the voice or gestures of another person. किस मनुष्य की आकृति या शब्द का अनुकरण।

Mimetic-माइम्-ऍट्'इक् - *adj.* imitative. अनुकरण करनेवाली ; **Mimetically** (-अलि)-*adv.* in an imitative manner. अनुकरण रूप में।

Mimic-मिम्'-इक्-*n.* & *adj.* one who is apt to imitate, a buffoon. अनुकरण करनेवाला; हँसानेवाला, भाँड़, बहुरूपिया ;-*v. t.* to imitate like a fool. अनुकरण करना, विडम्बना करना।

Mimicry-मिमिक्रि-*n.* a ludicrous imitation. उपहास-सहित अनुकरण, विडम्बना, स्वाँग, भँडई।

Mimosa-मिमोज़ा-*n.* a sensitive plant. लजाधुर या छुई मुई का पौधा।

Minacious-मि-ने-शस्-*adj.* threatening. डराने वाला; **Minaciously** (-लि)-*adv.* in a threatening manner. डराते हुए।

Minaret-मिन्'-ऑ-रेँट्-*n.* a mosque tower. मसजिद की मीनार, धरहरा ।



Minaret.

Minatory-मिन्-ऑ-टरि -*adj.* threatening. भय उत्पन्न करनेवाला ।

Mince-मिन्स्-*v.t.* to cut or chop into small pieces, to speak in an affected manner. छोटे-छोटे टुकड़े या बोटी-बोटी करना (कतरना), बनाकर बोलना; -*n.* minced meat. टुकड़ा किया हुआ मांस; **To mince matters** (to minimize the unpleasantness of things.) विषय खंडित करना (स्पष्ट रूप से न कहना); **Mincingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a mincing manner. भिन्न गति से, भिन्न स्वर से ।

Mind-माइन्ड्-*n.* memory, thought, intellect, commemoration, disposition, opinion, purpose. स्मरण शक्ति, विचार, बुद्धि, अभिप्राय, स्मृति-उत्सव, मन, मत, लक्ष्य, ध्येय ;-*v.t.* & *i.* to give heed to, to attend, to take care of, to remember, to mark. चित्त लगाना, ध्यान देना, यत्न करना, याद करना, लक्ष्य रखना । **According to one's mind** (according to one's desire.) इच्छानुसार; **Mind your own business** (leave other people alone.) अपना काम देखो; **Mind's eye** (mental view.) मानसिक विचार; **Never mind** (it does not matter.) कुछ चिन्ता नहीं; **Of low mind** (mean.) नीच बुद्धि का; **To be of one mind** (to be of one opinion, to agree.) एक राय होना; **To call to mind** (to remember.) स्मरण करना; **To give mind to** (to be attentive to.) चित्त लगाना; **To go out of one's mind** (to forget.) भूल जाना; **To keep in mind** (to remember.) ध्यान में रखना; **To make up one's mind** (to resolve.) दृढ़ निश्चय करना; **To my mind** (to my thinking.) मेरे विचार में ।

Minded-माइन्ड्'एँड्-*adj.* inclined. प्रवृत्त, लीन; **Worldly-minded**-*n.* संसारी, लौकिक, दुनियादार ।

Mindful-माइन्ड्'फ़ुल्-*adj.* attentive. सावधान, सचेत; **Mindfully** (-फ़ु-लि)-*adv.* attentively. सावधानी से; **Mindfulness** (-नेँस्)-*n.* attentiveness, heedfulness. सावधानी ।

Mine-माइन्-*poss. pron.* used after a noun. अपना, मेरा, यथा-this book is *mine,* friend of *mine,* इत्यादि ।

Mine-माइन्-*n.* an excavation in the from which coal, salt, metals &c. taken out, great source, a subterra passage. खान, सुरङ्ग, भाकर, खाईं ;-*v.t.* to a mine in the earth, to undermine. सुर खान खोदना, पता लगाना ; **Miner** (-अ one who works in a mine. खान में काम क वाला; **To lay mine** (to dig mines.) सु बनाना या खोदना ।

Mineral-मिनरल्-*n.* an inorganic substa खनिज पदार्थ, धातु ;-*adj.* pertaining to mi rals. धातु-सम्बन्धी; **Mineralization** (-अ इ'-शन्)-*n.* the act of mineralizing. धातु रूप देने की क्रिया; **Mineralize** (-अलाइ to convert into a mineral. धातु के रू बदलना; **Mineralogical** (-ऑज्-इ-कल् pertaining to minerals. धातु-सम्बन्धी; Min eralogist (-ऑ-जिस्ट्)-*n.* one versed in study of minerals. धातु विद्या में निपुण; Min eralogy (-ऑजि)-*n.* the study of min धातुपरीक्षण शास्त्र, धातुविद्या; **Mineral** wa (water impregnated with minerals कण मिश्रित जल, सोडा वाटर इत्यादि ।

Minerva-मिनर्वा-*n.* the goddess of wis सरस्वती, विद्या की देवी ।

Mingle-मिङ्ग्-ल्-*v. t.* & *i.* to mix, to to blend, to be united. संयुक्त होना (मि आपस में मिलना एकत्र, होना; **Mingled** *adj.* mixed. मिश्रित; **Mingler** (-लर्)- who mingles. मिश्रण करनेवाला ।

Miniate-मिनि-एट्-*v. t.* to paint with lion. सिन्दूर से रँगना ।

Miniature-मिनिएँचर्-*n.* a small sized pi or portrait. सूक्ष्म आकार का चित्र ;-*v.t.* make a miniature picture. सूक्ष्म रू बनाना ;**In miniature** (in a very small सूक्ष्म रूप में; **Miniaturist** (-इस्ट्)-*n.* of miniatures. छोटे-छोटे चित्र बनानेवा

Minify-मिनिफ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Minified make small in size, to lessen in impo to diminish. छोटा करना, न्यून कर घटाना ।

Minim-मिनिम्-*n.* a creature of the sm size, the sixtieth part of a dram. आकार का प्राणी, एक ड्राम का साठवाँ बूँद) ।

Minimal-मिनिमल्-*adj.* extremely sm सूक्ष्म ।

Minimalist-मिनिमलिस्ट्-*n.* one who is to accept the minimum salary. न्यू स्वीकार करनेवाला मनुष्य ।

Age एज् ; Edge एज् Pen पेन् ; Pain पेन्

Minimization-see Minimize.

Minimize-मिनिमाइज्-*v. t.* to reduce to the smallest amount or degree. छोटा से छोटा बनाना; **Minimization** (-ए'-शन्)-*n.* the act of minimizing. अल्पीकरण, छोटा करने का कार्य।

Minimum-मिनिमम् -*n.* (*pl.* Minima.) the least quantity or amount. न्यूनतम परिमाण या संख्या।

Minimus-मिनिमस्-*n.* the youngest of the same name. एक ही नाम के अनेक विद्यार्थियों में सबसे छोटा।

Minion-मिन्यन्-*n.* a favourite, a servant, a small printing type. प्रिय (प्यारा), भृत्य, छोटा टाइप।

Minister-मिनिस्टर्-*n.* (*fem.* Ministress) a person administering state affairs, political agent, a clergyman. मन्त्री (अधिकारी), राजदूत, पुरोहित;-*v. i.* & *t.* to afford supplies, to render help, to contribute, to perform. पूर्ति करना, सहायता देना, चन्दा या दान देना, सम्पन्न करना; **Prime Minister** (the chief minister of a nation.) प्रधान मन्त्री।

Ministerial-मिनिस्टीरिअल्-*adj.* pertaining to a minister, official. मन्त्री-सम्बन्धी, राजकीय; **Ministerially** (-लि)-*adv.* in a ministerial manner. मन्त्री के ढंग से या रूप में।

Ministration-मिनिस्ट्रेशन्-*n.* ministering of matters. कार्य सम्पादन, कर्त्तव्य कर्म साधन।

Ministrative-मिनिस्ट्रेटिव्-*adj.* ministering. प्रबन्ध करनेवाला।

Ministress-मिनिस्ट्रेस्-*n. fem.* a woman who ministers. प्रबन्धकर्त्री।

Ministry - मिनिस्ट्रि - *n.* (*pl.* Ministries) agency, body of ministers. मन्त्रित्व, मन्त्रिपद, मन्त्रिमण्डल।

Mink-मिङ्क्-*n.* a kind of furred animal. एक प्रकार का ऊदबिलाव।

Minnow-मिं'-नो-*n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की नदी में रहनेवाली मछली।

Minor-माइनर्-*adj.* & *n.* lesser, unimportant, of under age. छोटा, अमुख्य, अल्पवयस्क, नाबालिग; **Minor consideration** (unimportant consideration.) क्षुद्र या महत्त्वहीन विचार।

Minority-माइनॉरिटि-*n.* (*pl.* Minorities.) of under age, of small party. अल्पवयस्कता, अल्प पक्ष या संख्या।

Minotaur-मिनॅटॉर्-*n.* a fabled monster half man and half bull. नरवृषभ, एक कल्पित प्राणी जो आधा मनुष्य तथा आधा बैल हो।

Minster-मिन्स्टर्-*n.* a cathedral, a large church. बड़ा गिर्जाघर।

Minstrel-मिनस्ट्रल्-*n.* a singer or musician गवैया, बन्दी, भाट; **Celestial minstral** (heavenly muse.) गन्धर्व; **Minstrelsy** (-सि) -*n.* the occupation of a minstrel, a collection of songs. गन्धर्ववृत्ति, गायन संग्रह।

Mint-मिन्ट्-*n.* the place where money is coined, an aromatic plant. टकसाल, रुपया बनाने का कारखाना, पुदीना;-*v. t.* to make coins, to imagine. सिक्का ढालना, अनुमान करना।

Mintage-मिन्ट्-एज्'-*n.* that which is coined. मुद्रित द्रव्य या सिक्का।

Minuet-मिन्'-यू-ऍट्'-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Minus-माइ'-नस्-*n.* deduction, the sign of subtraction. (—) कमी, न्यूनता, घटाव, ऋण का चिह्न (—)।

Minute-मिनिट्-*n.* the sixtieth part of an hour, the sixtieth part of a degree, instant, memorandum. मिनट, एक डिग्री (अंश) का साठवाँ भाग, क्षण, स्मरणार्थ लेख;-*v. t.* to draft. स्मरणार्थ लिखना; **Minutes** (-स्)-*n. pl.* a short summary of the proceedings of a committee, assembly &c. किसी सभा की कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण; **Minute-book** (the book in which proceedings of a meeting are recorded.) सभा की कार्यवाही के विवरण की पुस्तक; **Minutehand** (the long hand of a clock or watch.) घड़ी की बड़ी सुई; **Minutely** (-लि)-*adj.* happening once a minute. मिनट में एक बार होनेवाला।

Minute-माइ-न्यूट्'-*adj.* very small, trifling, exact, accurate. सूक्ष्म, क्षुद्र, ब्योरेवार; **Minutely** (-लि)-*adv.* in a minute manner. सूक्ष्म विचार से ; **Minuteness** (-नॅस्)-*n.* extreme smallness. सूक्ष्मता, छोटापन।

Minutia-मि-न्यू'-शि-आ-*n.* (*pl.* Minutiae -ई) precise detail. सूक्ष्म विवेचन या विचार।

Minx-मिङ्क्स्-*n.* a pert girl, a flirt. ढीठ लड़की, अविनीत स्त्री।

Miracle-मिरक्ल्-*n.* a supernatural event, a remarkable occurrence, a wonder. अद्भुत कार्य, चमत्कार, आश्चर्य; **To a miracle** (surprisingly well.) आश्चर्यरूप में, सुन्दरता से किया हुआ।

Miraculous-मिर्-ऐक्'-यु-लस्-*adj.* supernatural, wonderful, extraordinary. अद्भुत, चमत्कारी; **Miraculously** (-लि)-*adv.* by a miracle. दिव्य शक्ति से; **Miraculousness**

(-नॅस्)-n. th
अद्‌भुतता, अलौकिकता।

Mirage-मि-राझ्-n. an illusive atmospheric appearance of water in a sandy desert. मृगतृष्णा, मरुस्थल में जल का आभास।

Mire-मायर्-n. swamp, deep mud-bog. कीचड़, दलदल (चहला); **Miry** (-इ)-adj. boggy, कीचड़-युक्त, गँदला; **To get into the mire** (to fall into difficulty.) कठिनाई में पड़ जाना।

Mirk-मर्क् - adj. dark, gloomy. अँधेरा; -n. gloom. अन्धकार।

Mirror-मिरर्-n. a looking glass. दर्पण, आइना; -v.t. to reflect as in a mirror. दर्पण में प्रतिबिम्बित होना।

Mirth-मर्थ्-n. merriment, glee, gladness. आनन्द, प्रमोद (हँसी)।

Mirthful-मर्थ्'-फुल् -adj. jovial. आनन्दित; **Mirthfulness** (-नॅस्)-n. mirth. आनन्द; **Mirthfully** (-लि)-adv. in a merry manner. आनन्द से।

Mirthless-मर्थ्' - लॅस् - adj. without mirth. आनन्दरहित; **Mirthlessly** (-लि) -adv. in a mirthless manner. बिना आनन्द के।

Mis-मिस्-pref. in sense of 'badly' 'wrongly.' 'बुरी तरह से', 'अशुद्धता से' अर्थ का उपसर्ग।

Misadventure-मिस्-ऑड्वॅन्चर्-n. misfortune, mischance. अभाग्य, दुर्गति; **Misadventurous** (-अस्)-adj. disastrous. दुर्गतियुक्त, अभाग्यपूर्ण।

Misadvised - मिस्' - ऑड् - व्हाइज़्ड् - adj. ill-directed. बुरी सलाह पाया हुआ, असदुपदिष्ट।

Misalliance-मिस्-ऑलायन्स्-n. an improper marriage. अयोग्य वैवाहिक सम्बन्ध।

Misanthrope-मिस्'-ऑन्-थ्रोप्-n. a hater of mankind. मनुष्यद्रोही, विश्ववैरी, लोकशत्रु; **Misanthropic** (-थ्रॉप्'-इक्), **Misanthropical** (-इक्-अल्)-adjs. hating mankind. नरद्रोही; **Misanthropist** (-थ्रॉ-पिस्ट्)-n. a hater of mankind. विश्वशत्रु।

Misapplication-मिस्'-ऑप्लिकेशन्-n. a wrong application. कुप्रयोग, बुरा प्रयोग।

Misapply-मिस्-ऑप्लाइ-v. t. (p. t. Misapplied). to apply wrongly. मिथ्या प्रयोग करना, अनुचित कार्य में लगाना।

Misapprehend-मिस्-ऑप्रि-हॅन्ड्'-v.t.to misunderstand. मिथ्या ग्रहण करना, उलटा समझना।

Misapprehension-मिस्'-ऑप्रिहॅन्शन्-n. misconception. मिथ्या-ग्रहण, भ्रम।

Misapprehensive-मिस्'-ऑप्रिहॅन्सिव्-adj. misconceiving, भ्रमपूर्ण; **Misapprehensive**-

misconception. विभ्रम।

Misappropriate-मिस्'-ऑप्-प्रो'-प्रि-एट्-v.t. to put to wrong use, to take dishonestl दुरुपयोग करना, दूसरे का माल खा ज **Misappropriation** (-ए'-शन्)-n. a wrong or dishonest use. दुरुपयोग, गबन।

Misarrange-मिस्'-अरेन्ज्-v.t. to arrange in a wrong order. व्यतिक्रम से रखना, बेसिलसिले रखना; **Misarrangement** (-मॅन्ट्)-n. ba arrangement. व्यतिक्रम, बुरा प्रबन्ध।

Misascribe-मिस्'-ऑस्-क्राइब्'-v. t. to ascribe wrongly. मिथ्यारोपण करना।

Misbecome-मिस्'-बिकम्'-v. t. to be unbecoming. अयोग्य (अनुपयुक्त) होना।

Misbegotten-मिस्-बि-गॉट्-न्-adj.ill-begotten bastard. जारज, दोगला।

Misbehave-मिस्-बि-हेव्'-v. t. to behave in an improper way. अयुक्त आचरण करना दुराचार करना।

Misbehaviour-मिस्-बि-हेव्यि-यर्-n. improper behaviour, misconduct. दुष्ट वृत्ति, दुराचार

Misbelief-मिस्-बि-लीफ्'-n. a false or erroneous belief. मिथ्या विश्वास।

Misbelieve-मिस्-बि-लीव्'-v. t. to hold a wrong religious belief, to have a false opinion. मिथ्या विश्वास करना, अधर्म मानना **Misbeliever** (-अर्)-n. one who falsely believes. मिथ्या विश्वास करनेवाला।

Misbelieving-मिस्-बि-लीव्'-इङ्ग्-n. a false belief. मिथ्या विश्वास।

Miscalculate-मिस्-कॅल्' -क्यू- लेट् -v. t. to calculate wrongly. मिथ्या गणना करना **Miscalculation** (-ले'-शन्)-n. wrong calculation. मिथ्या गणना।

Miscall-मिस्-कॉल्'-v. t. to call by a wrong name. झूठे नाम से पुकारना।

Miscarriage-मिस्-कॅ'-रेज्-n. misbehaviour, mismanagement, premature birth, abortion, failure. असदाचरण, कुप्रबन्ध, प्रसव, गर्भपात।

Miscarry-मिस्-कॅ-रि-v. i.(p. t. Miscarried) to be unsuccessful, to deliver a child prematurely. विफल होना, अकाल प्रसव करना

Miscasting-मिस्-कास्ट्' - इङ्ग् - n. a wrong addition. अशुद्ध योग-करण।

Miscellanea - मिस् - लॅ निआ - n. pl. a jumbling. अनेक वस्तुओं का संग्रह, अनेक की खिचड़ी।

Miscellaneous-मिस्-लॅ'-नि-अस्-adj. of mixed character, of several kinds,

मिश्रित ढंग का, अनेक जाति का, पँचमेल; **Miscellaneously** (-लि)-*adv.* with mixed character. मिश्रण युक्त, मिलावट सहित; **Miscellaneousness**(-नॅस्)-*n.* mixture. मिलावट।

Miscellany-मिसॅलनि-*n.* a mixture, a collection of different subjects in one volume. मिश्रण, नाना विषय संग्रह।

Mischance-मिस्-चान्स्'-*n.* bad luck, misfortune. दुर्भाग्य, अभाग्य।

Mischief-मिस्' - चिफ् -*n.* (*pl.* **Mischiefs.**) harm, injury, damage, distress, evil. अपकार, अनिष्ट, हानि, क्षति, संकट, बुराई; **Mischief-maker** (one who sets people to a quarrel.) दुर्जन, उपद्रवी; **Mischief-making** (exciting enmity.) शत्रुता उत्पन्न करना ; **To make mischief** (to create discord.) विवाद या विरोध उत्पन्न करना।

Mischievous - मिस्चिवस् - *adj.* inclined to mischief. अपकारी, दुष्ट, उपद्रवी; **Mischievously** (-लि) -*adv.* with evil intentions. दुष्ट बुद्धि से ; **Mischievousness** (-नॅस्) - *n.* harmfulness. अपकारशीलता, दुष्ट-बुद्धि।

Miscibility-see **Miscible.**

Miscible-मि-सि-बल्-*adj.* able to be mixed. मिलाने योग्य ; **Miscibility** (-बिलिटि) - *n.* the state of being mixed. मिलावट।

Miscite-मिस्-साइट्'-*v.t.* to quote erroneously or wrongly. मिथ्या उद्धरण देना।

Misclaim-मिस्-क्लेम्'-*n.* a mistaken claim. अनुचित अधिकार।

Miscompute-मिस्-कम्प्यूट् - *v. t.* to reckon wrongly. मिथ्या गणना करना।

Misconceive-मिस्कन्सीव् -*v. i. & t.* to have a wrong notion of, to misunderstand. मिथ्या विचार करना, उलटा समझना।

Misconception-मिस्कन्सेॅप्शन् - *n.* misapprehension. मिथ्या बुद्धि, भ्रम।

Misconduct-मिस्कॉन्डक्ट्-*n.* improper conduct, ill-behaviour. दुराचार, दुश्चरित्र; - *v. t.* (-डक्ट्') to conduct badly. बुरा आचरण करना।

Misconjecture - मिस्कन्जक्चर् - *n.* a wrong guess or conjecture. मिथ्या तर्क, झूठा अनुमान;-*v. t.* to make a wrong guess. मिथ्या अनुमान करना।

Misconstruction-मिसूकन्स्ट्रक्शन्-*n.* a wrong interpretation of words. शब्दों का विपरीत बोध।

Misconstrue-मिस्-कॉन् -स्ट्रू-*v. t.* to make a mistake, to interpret wrongly. भूल करना, अशुद्ध अर्थ करना, अर्थ ठीक न लगाना।

Miscounsel-मिस्-काउन्सल्'-सॅल्-*v. t.* to advise wrongly. बुरी सलाह देना।

Miscount - मिस् - काउन्ट्' - *v. t.* to count wrongly. अशुद्ध गिनती करना।

Miscreant-मिस्क्रिअन्ट्-*n.& adj.* a vile, wretch, an infidel, depraved. दुरात्मा, दुष्ट, पापी, नास्तिक, कुकर्मी।

Miscreated-मिस्-क्रि-एट्'-ऍड्-*adj.* improperly formed, mis-shapen. कु-गठित; **Miscreation** (-एॅ-शन्) -*n.* unnatural creation. अप्राकृतिक उत्पत्ति या रचना।

Misdate-मिस्-डेट्'-*v. t.* to date wrongly. अशुद्ध तिथि (तारीख) डालना।

Misdeal-मिस्-डील्'-*v. t.* (*p. t.* **Misdealt.**) to make a mistake in dealing cards. ताश बाँटने में गलती करना।

Misdeed-मिस्-डीड्-*n.* an evil deed, a crime. कुकर्म, दुराचार, पाप।

Misdeem-मिस्'-डीम्-*v.t.&i.* to have a wrong opinion, to judge wrongly. अशुद्ध विचार करना, झूठा अनुमान करना।

Misdemean-मिस्-डि-मीन्' - *v. t.* to behave badly. बुरा व्यवहार करना।

Misdemeanant-मिस्डिमिनन्ट् - *n.* a person guilty of misconduct. दुर्व्यवहार करने का अपराधी।

Misdemeanour-मिस्डिमीनर्-*n.* offence, evil conduct. दुष्कर्म, अपराध, दुराचार।

Misdirect-मिस्-डि-रॅक्ट्-*v. t.* to direct in a wrong way. बुरा मार्ग दिखलाना, अशुद्ध पता देना; **Misdirection** (-डिरॅक्शन्) -*n.* wrong direction. मिथ्या अथवा अशुद्ध उपदेश।

Misdo-मिस्-डू'- *v. t.* (*p. t.* **Misdid,** *p. p.* **Misdone.**) to commit a crime. अपराध करना- **Misdoing** (-इङ्ग्) - *n.* a wrong deed, a fault. दुराचार, कुकर्म; **Misdoer** (-अर्) -*n.* one who does wrong. पापात्मा, दुष्ट।

Misdoubt-मिस्-डाउट्-*v. t.* to suspect. शङ्का करना, सन्देह करना;-*n.* suspicion, irresolution. आशङ्का, सन्देह।

Misemploy-मिस्-ऍम्-प्लॉय्'-*v. t.* to employ in a wrong manner or for a wrong purpose. अशुद्ध रूप से प्रयोग करना; **Misemployment** (-मॅन्ट्)-*n.* an act of misemploying. दुरुपयोग।

Miser-माइ'-ज़र् - *n.* a greedy person. लोभी व्यक्ति, कृपण, कंजूस।

Miserable-मिज़रॅबल्-*adj.* unhappy, wretched, despicable, worthless contemptible. दुःखी;

अभागा, तुच्छ, घृणास्पद; **Miserably** (-ऍब्‌-लि) *adv-* wretc[illegible]से।

Miserliness-माइ'-ज़र्-लि-नॅस्-*n.* the state of being miserly. कृपणता, कंजूसी।

Miserly-माइ'-ज़र् - लि - *adj.* greedy, close-fisted, like a miser. लालची, कृपण, कंजूस के सदृश।

Misery-मिज़रि-*n.* (*pl.* **Miseries**) wretchedness, calamity. दुर्गति (दुःख, कष्ट), अभाग्य।

Misfire-मिस् - फ़ायर्'-*v. i.* to fail to ignite. आग न पकड़ना; -*n.* failure to explode. (बन्दूक इत्यादि का) न दगना।

Misfit-मिस्-फ़िट्'-*n.* a garment not fitting the person for whom it is made. बने हुए वस्त्र का शरीर पर ठीक न बैठना; -*v. t.* (*p. t.* **Misfitted.**) to make a garment of a wrong size, to supply with something that does not fit. गलत नाप का वस्त्र बनाना, ठीक न बैठनेवाली वस्तु से पूर्ति करना।

Misform-मिस्-फ़ॉर्म्'-*v. t.* to put into a bad shape. कुरूप बनाना; **Misformation** (-ए'-शन्) -*n.* bad formation. बुरी रचना या बनावट।

Misfortune-मिस्-फ़ॉर्'-चून्-*n.* ill fortune, bad luck, mishap. अभाग्य, दुर्गति; **Misfortunes never come singly** (calamities attack in heaps.) आपत्तियाँ अकेले कभी नहीं आती हैं, गरीबी में आटा गीला।

Misgive-मिस्-गिव्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Misgave**, *p. p.* **Misgiven.**) to feel mistrust, to fill with doubt. सन्देह करना (अविश्वास करना), धोखा देना।

Misgiving-मिस् - गिव्' - इङ्ग्-*n.* disbelief, mistrust. अविश्वास, सन्देह।

Misgovern-मिस्-गव्'-अर्न्-*v. t.* to govern or manage badly. अन्यायपूर्वक राज्य करना; **Misgovernment** (-मॅन्ट्) -*n.* disorder, bad government. बुरा शासन।

Misguide-मिस्-गाइड्'-*v. t.* to mislead, to lead into an error. कुपथ में ले जाना, बहकाना; **Misguided** (-ऍड्)-*adj.* led astray. मार्गभ्रष्ट, कुमार्ग में ले जाया गया; **Misguidedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* in a misguided manner. कुमार्ग में।

Mishandle-मिस् - हॅन् - ड्ल्-*v. t.* to handle roughly, to ill-treat. रूक्षता से व्यवहार करना, बुरा व्यवहार करना।

Mishap-मिस्-हॅप्-*n.* an unlucky chance or accident, misfortune. अभाग्य, आपत्ति, दुर्दैव।

Mishappen-मिस्-हॅ-प्न्-*v. i.* to happen ill. बुरा होना।

Mishear-मिस्-हीअर्'-*v.t.* (*p. t.* **Misheard.**) to hear wrongly. ठीक ठीक (पूरी तरह से) न सुन

Mishmash-मिश्'-मॅश्-*n.* confusion, med
गड़बड़ी, उपद्रव।

Misinfer-मिस्-इन्-फ़र्'-*v. t.* to draw a
inference. असत्य अनुमान करना।

Misinform-मिस्-इन्-फ़ॉर्म्'-*v.t.* to give
information. झूठा समाचार देना; **Misi**
formation (-ए'-शन्)-*n.* a wrong inf
ation. झूठा समाचार, झूठी खबर।

Misinterpret-मिस्-इन्-टर्'-प्रट्-*v. t.* to in
pret in a wrong manner. झूठा अर्थ ल
Misinterpretation (-ए'-शन्)-*n.* wr
interpretation अशुद्ध अर्थ, अनुमान।

Misjudge-मिस्-जज्'-*v. t. & i.* to judge wr
ngly or erroneously, to have a wrong o
nion of. अन्याय करना, मिथ्या विचार क

Mislay-मिस्-ले'-*v. t.* (*p. t.* **Mislaid**)
something in a wrong place. किसी व
बे ठेकाने रखना।

Mislead-मिस्-लीड्'-*v.t.* (*p.t.* **Misled.**)
astray, to cause to go wrong, to de
कुमार्ग में ले जाना, धोखा देना, बहकाना।

Mislike-मिस्-लाइक्'-*v. t.* to dislike.
होना, अच्छा न लगना।

Mismanage-मिस्-मॅन्'-एज्-*v. t.* to
badly, to conduct badly बुरा प्रबन्ध
अशुद्ध व्यवहार करना; **Mismanagement**
-*n.* bad management. अव्यवस्था, कुप्रबन्ध

Misname-मिस्-नेम्'-*v. t.* to call by a
name. मिथ्या नाम (दूसरे नाम) से पुकार

Misnomer-मिस्-नो'-मर्-*n.* a wrong
name or term. मिथ्या नाम या संज्ञा का

Misogamist - मिसॉगमिस्ट - *n.* a h
marrriage. विवाह का द्वेष करनेवाला।

Misogamy-मिसॉगमि-*n.* hatred of
age. विवाह-निन्दा, विवाह करने से द्वे

Misogynist - मिसॅजिनिस्ट - *n.* a h
women. स्त्री जाति से द्वेष करनेवाला।

Misplace-मिस्-प्लेस्'-*v. t.* to put in a
place. अस्थान (कुठौर) में रखना; **Mis**
ment (-मेन्ट)-*n.* the act of mis
बेठेकाने स्थापन।

Misplead-मिस्-प्लीड्'-*v. t.* to make
in pleading. बहस में अशुद्धि करना।

Misprint-मिस्-प्रिन्ट्'-*n.* a mistake
ting. छापने की अशुद्धि; -*v. t.* to make
in printing. छापने में अशुद्धि करना।

Misprise-मिस्-प्राइज़्'-*v. t.* to make
अशुद्धि करना।

Monotype-मॉ-नॅ' -टाइप् -*n.* a type casting and setting machine. टाइप (छापे के अक्षर) ढालने के साथ-साथ कम्पोज़ करने (बिठाने) का एक प्रकार का यन्त्र ।

Monsieur-मॅ-सू-यो (मॅ-सु-यॅ)-*n.* Sir, Mr., a Frenchman. महाशय, फ्रांसीसी ।

Monsoon-मॉन्-सून्' -*n.* a seasonal wind which blows before the rainy season. वर्षाकालिक पवन, ऋतु-पवन ।

Monster-मॉन्'-स्टर्-*n.* a mal-formed plant or animal, an inhuman animal, an animal of huge size. विकटाकार वनस्पति या प्राणी, राक्षस, दानव, बहुत बड़े आकार का अद्भुत पशु ।

Monstrosity-मॉन्-स्ट्रॉस्'-इ-टि-*n.* an outrageous object. राक्षसपन, भयंकरता ।

Monstrous-मॉन्'-स्ट्रस्-*adj.* huge, enormous, atrocious, horrible. अद्भुत, विलक्षण, राक्षसी, विकट; **Monstrously** (-लि)- *adv.* horribly. अति विकट रूप में ; **Monstrousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being monstrous. घोरता, भयंकरता ।

Montane-मॉन्-टॅन्'-*adj.* inhabiting a mountainous country. पहाड़ी देश-निवासी ।

Montanic-मॉन्टॅनिक्-*adj.* pertaining to or consisting of mountains. पर्वत-सम्बन्धी, पर्वतपूर्ण ।

Montessori-मॉन्-टॅसरि-*n.* a form of infant education. बच्चों को सहज में पढ़ना - लिखना सिखलाने की एक शैली; **Montessorian** (-सोरिअन्)-*adj.* pertaining to this system of education. इस विधि से पढ़ाने की शैली से सम्बन्धित ।

Month-मन्थ्-*n.* any of the twelve portions of a year. मास, महीना; **Bright half of the month** (the second half of a month.) शुक्ल-पक्ष; **Dark half of the month** (the first half of a month.) कृष्णपक्ष; **Half month** (a fortnight.) पक्ष, पाख; **Lunar month** (the time in which the moon completes a revolution round the earth.) चान्द्रमास ; **This day month** (exactly a month after this day.) आज दिन से ठीक एक महीने बाद ।

Monthly-मन्थ्' - लि - *adj.* & *n.* recurring once a month, a magazine published each month. मासिक (प्रतिमास), मासिक पत्रिका ; **Monthly allowance** (an allowance paid every month.) माहवारी तनखाह ।

Monticle-मॉन्ट्' - इ - क्ल - *n.* a small hill, hillock. छोटी पहाड़ी ।

Monument-मॉन्'-यु-मॅन्ट् - *n.* a memorial, a written record. स्मारक चिह्न (कीर्ति-स्तम्भ, समाधि), यादगार; **Monumental** (-मॅन्ट्'-अल) -*adj.* serving as a memorial. स्मरणार्थ, याद दिलानेवाला; **Monumentalize** (-आइज़्)-*v. t.* to commemorate as with a monument. स्मरण दिलाने के लिए कोई स्मारक बनाना ।

Moo-मू-*v. i.* to make a cry like an ox or cow. गाय या बैल की तरह शब्द करना ।

Mood-मूड्-*n.* disposition of mind, state of feeling, variations in the inflexions of a verb, mode. चित्तवृत्ति, भाव, क्रियापद की अवस्था बतलानेवाले रूप ; **Moodily** (-इ-लि) -*adv.* in a moody manner. चित्तवृत्ति से ।

Moody-मूडि-*adj.* angry, sullen, gloomy, fretful. क्रुद्ध, उदासीन, चिड़चिड़ा ।

Moon-मून्-*n.* the satellite of tht earth revolving round it. शशि, चन्द्रमा; *v. t.* to look listlessly. विक्षिप्त की तरह देखना; **Full moon** (*i. e.* when the disk of the moon is entirely illuminated.) पूर्णिमा का चन्द्रमा; **Moonbeam**-*n.* light from the moon. चन्द्रिका, चाँदनी; **Moonet** (मून्'-ऍट्)-*n.* a small moon. छोटा चन्द्रमा; **Moonface** (full round face.) फूला हुआ मुखड़ा; **Moonlight** (light of the moon.) चाँदनी, ज्योत्स्ना; **Moonlighting** -*n.* performance of an attack or illicit action by night. रात में किया गया आक्रमण या अवैध कार्य; **Moonshine** (visionary ideas.) मनगढ़न्त; **Moon-stone** (felspar.) चन्द्रकान्तमणि; **Moon struck** (deranged in mind.) विक्षिप्त, पागल; **Moony** (-इ)-*adj.* dreamy, listless. काल्पनिक, विक्षिप्त; **Orb of the moon** (a lighted disk about the moon.) चन्द्रबिम्ब ।

Moonling-मून्' - लिङ्ग् - *n.* a simpleton, a foolish person. मूर्ख मनुष्य ।

Moor-मूर्-*n.* an open waste ground, a heath, a negro. कच्छ देश, दलदल, हब्शी; - *v. t.* to secure a boat on the coast. घाट पर नाव बाँधना; **Moorage**(-एज्)-*n.* a place for mooring. घाट; **Mooring** (-इङ्ग्)-*n* fastening a ship to keep it in a given position. निर्धारित स्थान में जहाज़ रखने के लिये बाँधना; **Moorish** (-इश्),**Moory** (-इ) - *adjs.* boggy. दलदलवाला; **Moorland** (heath land.) कच्छ प्रदेश, दलदली भूमि ।

Moose-मूस्-*n.* an American elk. एक प्रकार का अमरीकी बारहसिंगा ।

Moot-मूट्-*n.* an assembly of law students. कानून के छात्रों की मण्डली; - *adj.* debatable. शास्त्रार्थ के योग्य ; -*v. t.* to debate, to raise discussions. तर्क या शास्त्रार्थ करना ।

Mop-मॉप्-*n.* an implement for cleaning floors &c. कूँची झाड़ ; - *v. t.* (*p. t.* Mopped.)

to wipe or rub with a mop. झाड़ से साफ करना;-*v.i.* to make grimaces. मुँह बनाना, चिढ़ाना; Mop-head (a person having thick hairs on the head like a mop.) कड़े बालों की खोपड़ीवाला मनुष्य ।

Mope-मोप्-*v. i.* to be listless, to be drowsy. उद्विग्न (उदास) होना, औंघाना;-*n.* one who mopes, a stupid person. ऊँघनेवाला, मूर्ख मनुष्य; Mope-eyed-*adj*. short-sighted. अल्प दृष्टिवाला ।

Mopish-मोपिश्-*adj.*gloomy,spiritless.तेजहीन, उत्साहहीन;Mopishly (-लि)-*adv.* in a dull manner.सुस्ती या मन्दता से;Mopishness(-नेस्) -*n.* dullness. मन्दता, उत्साहहीनता ।

Moppet-मॉ-पॅट् - puppet made of cloth. कपड़े की गुड़िया ।

Moquette-मॅ-कॅट्'-*n.* wool, hemp &c. for making carpets. गलीचा बनाने का ऊन, सन इत्यादि ।

Moraine-मॅ-रॅन्'-*n.* debris carried down by glaciers. बरफ़ की नदियों या हिमसरिताओं से लाया हुआ कतवार (कूड़ा-करकट) ।

Moral-मॉरल्-*n.* & *adj.* relating to the distinction between right and wrong, ethical, virtuous, just, conformity with moral rules, lesson taught by a fable. गुण - दोष-भेद-ज्ञान-सम्बन्धी, नैतिक, धर्मानुरूप, पुण्यात्मा, न्यायानुसारी, नीतिमान् , उपदेश (शिक्षा); (*pl.*) moral habits, duties of life. (ब० व०) नैतिक आचरण, जीवन के कर्तव्य ; Good morals (moral conduct.) सदाचार; Moral courage (courage to encounter odium &c.) आन्तरिक बल; Moral duties (duties in regard to virtue.) सदाचार ; Moral freedom (freedom of will.) चित्त की स्वतन्त्रता; Moral instructions (ethical instruction.) धार्मिक उपदेश; Moral science (philosophy.) नीतिशास्त्र;Moral sense (sense of distinguishing between right and wrong.) गुण-दोष पहिचानने की आन्तरिक शक्ति ।

Morale-मॅरेल्-*n.* mental or moral condition. मानसिक या नैतिक अवस्था ।

Moralist-मॉरलिस्ट्-*n.* one versed in ethics. नीतिज्ञ, नीति-उपदेशक ।

Morality-मॅ-रॅल'-इट्- इ-*n.* practice of moral duties. नीति विद्या, सद्व्यवहार, पुण्यशीलता ।

Moralization-मॉरलाइज़ेशन् -*n.* moral reflection. नीति उपदेश ।

Moralize-मॉरलाइज़् -*v. t.* to explain moral duties. धर्मोपदेश करना ।

Morally-मॉ-रलि-*adv.* ethically, in a moral manner. न्याय से, नैतिकता से ।

Morass-मॅ-रॅस्' *n.* a marsh, bog, a दलदल, कीचड़ ।

Morbid-मॉर्'-बिड्-*adj.* sickly, unwhole unhealthy, diseased. अस्वस्थ, रोगी, विकृत; Morbidly (-लि)-*adv.* in an manner. अस्वस्थता से ; Morbidness (-*n.* state of being morbid.

Morbific-मॉर्बिफ़िक्-*adj.* producing रोग उत्पन्न करनेवाला ।

Morbose-मॉर्बोस्-*adj.* unsound. अस्वस्थ ।

Mordacious - मार् - ड ' - शस् -*adj.* biting sarcastic. काटनेवाला, तीव्र; Mord (-डॅसिटि) -*n.* a biting state, pung तीव्रता, कटुता; Mordancy (-डॅन्-सि) pungency. चरपरापन, तीखापन ।

Mordant-मॉर्डॅन्ट्-*adj.* biting, caustic. वाला, चरपरा ।

Mordicant-मॉर्डिकॅन्ट्-*adj.* biting, acid. चरपरा ।

More-मोर्-*adj.* (*comp.* of Much) of quantity or amount, additional. अधिक मात्रा का; -*adv.* in greater अधिकता से; More and more (continued increase.) निरन्तर बढ़कर; or less (in greater or less degree, न्यूनाधिक, प्राय: ; No more (addition.) बस; Something more. To be no more (to die.) मर जाना ।

Moreen-मॅ-रीन्-*n.* a coarse stuff for curtains. पर्दा बनाने का मोटा टाट या

Morel-मॉर्-ऍल'-*n.* a kind of edible एक प्रकार की खाने की गुच्छी ।

Moreover-मोर्-ओ-व्र र्-*adv.* besides, in tion to. इससे अधिक, सिवाय ।

Morgue-मॉर्ग्-*n.*haughty temper or our. क्रोधी प्रकृति ।

Moribund-मॉर्'-इ-बन्ड्-*adj.*in a dying tion. मरणासन्न ।

Morion-मॉरिअन्-*n.* a helmet without बिना छज्जे का शिरस्त्राण ।

Morn-मॉन-*n.* poetical form of the '*morning.*' प्रात:काल (यह शब्द कविता होता है) ।

Morning-मॉर्निङ्ग्-*n.* the first part day, forenoon. प्रात:काल, सवेरा; morning (a form of salutation.) प्रात:काल शुभ हो, प्रात:काल का Morning devotion (the prayer morning.) प्रात:काल की उपासना; ing-star (a planet which sunrise.) प्रात:काल उगनेवाला (

तारा; Morning-[illegible] प्रातःकाल की सन्धि का समय, अरुणोदय।

Morocco-मॅ-रॅ-कॅ-को'-*n.* leather prepared from goatskin. बकरी की खाल से बनाया हुआ चमड़ा।

Morone-मॅ-रोन्' -*n.* a deep crimson colour. गहरा लाल रङ्ग।

Morose-मॅ-रोस्'-*adj.* sullen, gloomy, austere, of a sour temper, ill-humoured. विषाद-ग्रस्त, खिन्न, कठोर, रूक्ष, चिड़चिड़ा; **Morosely** (-लि) - *adv.* in a sullen manner. रूक्षता से; **Moroseness** (-नॅस्) - *n.* the quality of being sullen. रूक्षता, चिड़चिड़ापन।

Morpheus-मॉर्फ़्यूस्-*n.* Greek god of dreams or sleep. यूनान के निद्रा-देवता।

Morphia-मॉर्फ़िआ - *n.* an extract of opium. अफ़ीम का सत्त्व; **Morphine** (-फ़ीन्)-*n.* same as morphia. अफ़ीम का सत्त्व।

Morphological-मॉर्-फ़-लॅ-जिकल्-*adj.* belonging to morphology. जन्तु-शरीर रचना-शास्त्र सम्बन्धी; **Morphologically** (-लि)-*adv.* in a morphological manner. शरीर-रचना शास्त्रानुसार; **Morphologist** (-जिस्ट्)-*n.* one versed in morphology. शरीर-गठन-शास्त्र तत्त्व-वेत्ता।

Morphology-मॉर्-फ़ॅ - लॅ - जि - *n.* the study of the organic form of animals, the study of the form of words. पशुओं का आकार अध्ययन करने का शास्त्र, शब्दों का आकार अध्ययन करने की विद्या।

Morris-मॉ-रिस्-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का (रंग-बिरंगे वस्त्र पहिनकर) नाच।

Morrow-मॅ-रॅ'-ओ-*n.* the following day. उत्तर दिवस, आनेवाला दिन; **on the morrow** (on the following day.) अगले आनेवाले दिन।

Morse-मॉर्स् - *n.* the sea-horse, walrus. समुद्री घोड़ा, दरियाई घोड़ा; - *n.* a code in telegraphy in which letters are represented by dots and dashes. तार देने का एक प्रकार का संकेत।

Morsel-मॉर्सल् - *n.* a small piece, mouthful. खण्ड (टुकड़ा), कौर (ग्रास)।

Mortal-मॉर्टल्-*adj.* subject to death, fatal, deadly. मर्त्य (मरनेवाला, अनित्य), विनाशी, प्राणघातक; **A mortal** (a human being.) मर्त्य, मनुष्य।

Mortality-मॉर-टल्' - इ-टि-*n.* death, destruction. मरण, मृत्यु, नाश।

Mortalize-मॉर्टल्-आइज़्-*v. t.* to make mortal. मर्त्य बनाना।

Mortally-मॉर्टलि-*adv.* causing death. प्राणघातक।

Mortar-मॉर्टर्-*n.* a mixture of lime, sand, water &c for joining stones or bricks, a strong vessel in which substances are pounded with a pestle. गारा, चूना, ओखली (खरल)।

Mortgage-मॉर् - गज् - *n.* property laid by debtor as security. बन्धक, गिरवी; - *v. t.* to pledge. बन्धक रखना, रेहन करना; **Mortgagee** (-ई) - *n.* a person to whom an estate is mortgaged. जिसके पास संपत्ति गिरवी रक्खी जाय; **Mortgagor**(-अर्), **Mortgager** (-अर्)-*ns.* one who mortgages. बंधक (रेहन) रखनेवाला।

Mortification-मॉर्टिफ़िकेशन् - *n.* the act of humiliating, penance, the death of one part of an animal body, gangrene. मानहानि, संयम (तपस्या, बैराग्य), चेतनता का नाश, हड्डी-मांस आदि का सड़ना।

Mortified-मॉर्टिफ़ाइड् - *adj.* brought under subjection, humiliated. संयमित, अवनमित।

Mortify-मॉर्टिफ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* Mortified) to humble, to bring into subjection by self-denial or discipline, to feel humiliated, to destroy the vital functions of. अवनमित करना, वश में करना (दबाना), इन्द्रियों का वश में करना, अपमानित होना, किसी अंग को निर्जीव कर देना; **Mortifying** (-इङ्ग्)-*adj.* humiliating. अवनमनकारी, अपमानकारी।

Mortise, Mortice-मॉर्टिस् - *ns.* a hole fitting in a tenon. लकड़ी में का छेद जिसमें चूल पहनाई जाती है; -*v. t.* to cut holes in, to join by a tenon and mortise. छेद करना, सालना; **Mortise-chisel** (a chisel for making holes.) छेद करने की रुखानी।

Mortuary-मॉर्ट्यु'अरि-*n. & adj.* a burial-place, belonging to burial. मरघट, क़ब्रिस्तान, श्मशान-सम्बन्धी।

Mosaic-मॅ-ज़े'-इक्-*n. & adj.* an artistic work in which small pieces of stone, glass &c. of various colours are joined together to form a picture. पच्चीकारी का काम;-*v. t.* to adorn with mosaic. जड़ाव या पच्चीकारी करना; **Mosaic gold** (artificial gold.) बनावटी (कृत्रिम) सोना।

Mosaicist-मॅ-ज़े'-इसिस्ट्-*n.* one who makes mosaic work. पच्चीकारी का काम बनानेवाला कारीगर।

Moslem, Muslim-मॉज़्'-लॅम्, (मुस्'-लिम्)-*n. & adj.* Mohammedan. मुसलमान, मुसलमानी; **Moslemism** (-इज़्म्)-*n.* Mohammedanism. मुसलमानी धर्म।

Mosque-मॉस्क् - *n.* a Mohammedan place of worship. मस्जिद।

Mosquito-मॉस्-की'-टो-*n.* (*pl.* Mosquitoes.)

a stinging gnat. मच्छर, मशक, मसा; Mosquitocraft (small vessels of war.) लड़ाई के छोटे जहाज़; Mosquito-net (a fine gauze hanging round a bed.) मशहरी।

Moss-मॉस्-*n*. wet soil, bog, an aquatic plant. कीचड़, दलदल, काई, सेवार; - *v. t.* to cover with moss. काई से ढाँपना; **A rolling stone gathers no moss** (one who constantly changes his employment does not grow rich.) सर्वदा व्यवसाय बदलनेवाला कभी धनी नहीं होता; **Mossiness**-*n*. (the state of being mossy.) काईपन; **Mossy** (-सि)-*adj*. full of moss. काईदार।

Most-मोस्ट्-*adj*. & *adv*. (*sup*. of **Much.**) existing in the greatest degree. अधिकतम, सबसे अधिक; **At the most** (to the utmost extent.) अधिकतम; **For the most part**(almost.) अधिकतर, प्रायः; **To make the most of** (to reap the highest advantage.) सबसे अधिक सुविधा का प्रयोग करना।

-most-मोस्ट् - used as suffix. प्रत्यय की तरह प्रयुक्त होता है, यथा-**Foremost, Inmost, Uppermost.** इत्यादि।

Mostly-मोस्ट्'-लि-*adv*. (also **Mostwhat.**) for the greatest part, अत्यन्त, बहुधा, विशेष करके; also used as suffix in this sense. इन अर्थों का प्रत्यय।

Mot-मॉट् (*pl*. **Mots-मॉट्स्**)-*n*. a witty saying. कहावत, चुटकुला।

Mote-मोट्-*n*. a speck, a small particle of dust. धूलि का कण।

Moth-मॉथ् - *n*. a winged insect. कीट, पतंग, फतिङ्गा; **Mothy** (-इ) - *adj*. full of moths. फतिङ्गों से पूर्ण।

Mother-मदर्-*n. fem*. (*mas*. **Father.**) a female parent, producer, source. जननी, माता, उत्पादक, उद्गमस्थान; - *v. t.* to beget. उत्पन्न करना; **Mother-country** (the country by which a colony is founded.) मातृभूमि; **Motherhood** (-हुड्)-*n*. मातृभाव, मातापन; **Mothering**-*n*. the state of being a mother, acting as a mother. मातृवत् आचरण; **Mother-in-law** (*pl*. **Mothers-in-law.**) mother of husband or wife. सास; **Mother-land** (native land.) मातृभूमि; **Motherless** (-लॅस्) -*adj*. without a mother. बिना माता का; **Motherlike** (-लाइक्), **Motherly** (-लि) -*adjs*. like a mother, tender. माता-सदृश, दयावान्; **Mother of pearl** (hard shell of oysters.) मोती का सीप; **Mother-tongue** (one's native tongue.) मनुष्य की मातृभाषा।

Mother-wit-मदर्-विट्' -*n*. common सामान्य बुद्धि।

Motif-मो'-टीफ-*n*. predominating idea. प्रधान चेष्टा या विचार।

Motile-मो'-टाइ (-टि) ल - *adj*. capable motion. गतियोग्य (वनस्पति)।

Motion-मो'-शन्-*n*.change of place, impulse, gesture, proposal, legal tion in court, movement, evacuation bowels. गति, चेष्टा, आकृति, व्यापार, की आज्ञा के लिए प्रार्थना, मलत्याग; -*v.t.* make proposals, to direct by gesture संकेत करना, इशारा करना; To motion. गतियुक्त करना; **Motion** (cinema films.) चलती-फिरती तस्वीरें।

Motional-मो'-शनल - *adj*. motions. गति युक्त।

Motionless-मो-शन्-लॅस् - *adj*. being stagnant. गतिहीन।

Motive-मो-टिव्-*adj*. causing which moves the will. निमित्त, कारण;-*n*. that which -*v. t.* to supply motive to. iveless (-लॅस)-*adj*. aimless. बिना

Motley-मॉट्'-लि - *adj*. & *n*. speckled, gated in colours, an incongruous विचित्र रंग का, रंग-बिरंगा, मिश्रण (

Motor-मो' - टर् - *n*. & *adj*. a gives motion. anything which motion. गति देनेवाला यन्त्र, to travel by a motor-car. यात्रा करना; **Motor-bicycle** propelled bicycle.) यन्त्र से सिकिल; **Motor-boat**-*n*. मोटर चलनेवाली नाव; **Motor-car** propelled by gas steam or गाड़ी; **Motorist** (-इस्ट्) - *n*. of a motor-car. मोटरगाड़ीवाला; (-इ)-*adj*. causing motion. गति

Mottle-मॉ-ट्ल - *n*. the oured spots. धब्बों का क्रम में होना; variegate with spots. **Mottled** (-ड)-*adj*. marked different colours. चितकबरा, **Motto-मो-टो**-*n*. (*pl*. **Mottoes.**) quotation, a suggestive or word. आदर्श वाक्य, कहावत,

Moujik, Muzhik-मू'- झिक - *n*. peasant. रूसी किसान।

Mould-मोल्ड - *n*. loose earth, case or matrix. चूर की हुई मिट्टी,

circulation, to prepare for active service in war. गतिमान् करना, सेना को युद्ध के काम में प्रवृत्त करना या लगाना।

Mocha-मो'-का-*n.* a kind of good coffee. एक प्रकार का सुन्दर कहवा।

Mock-मॉक्-*n.* imitation, derision. अनुकरण, तिरस्कार (विडम्बना); -*adj.* false, counterfeit. बनावटी, झूठा; -*v. t.* to ridicule, to treat with contempt. विडम्बना करना, हँसी उड़ाना (चिढ़ाना); **Mocker** (-अर्) -*n.* one who mocks, an impostor. विडम्बना (हँसी) करनेवाला, ठिठोलिया ; **Mockery** (-अर्-इ) -*n.* derision, ridicule. विडम्बना, तिरस्कार (हँसी, मज़ाक़)।

Modal-मोड'-ल्-*adj.* of mode or form. रूप-विषयक।

Mode-मोड्-*n.* way, manner, custom, style. रीति, प्रकार, विधि, क्रम।

Model-मॉड्-ल्-*n.* a representation, a plan or design, a pattern, a figure in clay &c., a perfect ideal. प्रतिरूप, प्रतिमा, आदर्श, नमूना; -*v. t.* to work after a model. नमूने के अनुसार बनाना; **Modeller** (-लर्)-*n.* one who models. नमूना बनानेवाला; **Modelling** (-लिङ्)-*n.* a model. नमूने की बनावट।

Modena-मॉडिना-*n.* a deep purple colour. गहरा लाल और नीला (मिश्रित) रङ्ग।

Moderate-मॉडरेट्-*adj.* not excessive, temperate, avoiding extremes. परिमित, मध्य श्रेणी का, थोड़ा (हलका);-*v. t. & i.* (-एट्') to restrain, to render less intense. रोकना, कम करना, हलका करना; **Moderate in desires** (satisfied with moderate things.) अल्प वस्तु से सन्तुष्ट होनेवाला ; **Moderate in eating** (eating in small quantity.) स्वल्पाहारी; **Moderate in speech** (not speaking too much.) थोड़ा बोलनेवाला।

Moderately-मॉ-डरेट्-लि-*adv.* in a moderate manner. परिमित रूप से।

Moderateness-मॉडरेट् - नेस् -*n.* quality of being moderate. हलकापन।

Moderation-मॉ-डरे-शन्-*n.* the act of moderating, temperance. संयम, समभाव, क्षमा, [illegible]।

Moderator-मॉ-डरे-टर्-*n.* a mediator, a presiding officer. मध्यस्थ, सभापति; **Moderatorship** (-शिप्)-*n.* the office of a moderator. मध्यस्थ अथवा सभापति का पद।

Modern-मॉडर्न्'-*adj.* of the present times, not ancient. आधुनिक (अर्वाचीन), नवीन (नया); -*n. pl.* people of modern times. आजकल के लोग; **Modernity** (-इट्-इ), **Modernness** (-नेस्)-*ns.* newness. नवीनता।

Modernism-मॉडर्निज़्म् - *n.* something of modern manner. आधुनिक प्रथा या व्यवहार या ढङ्ग।

Modernist-मॉ-डर्न्' - इस्ट्-*n.* a supporter of modernism. आधुनिक रीति का समर्थक।

Modernization-मॉड्-अर्न्-आइज़्-ए-शन् *n.* act of modernizing. नवीनीकरण; **Modernize** (-आइज़्)-*v. t.* to make modern. आधुनिक समय के अनुसार बनाना, नवीनीकरण करना।

Modernly-मॉडर्न्-लि-*adv.* according to modern times. आधुनिक समय (आजकल) के अनुसार।

Modest-मॉ-डस्ट्-*adj.* bashful, humble, not excessive, chaste, unstylish. लज्जावान्, विनीत, परिमित, साध्वी, शुद्ध, आडम्बरहीन; **Modestly** (-लि)-*adv.* in a modest manner. विनय से, लज्जा या संकोच से, नम्रता से।

Modesty-मॉडे-स्टि -*n.* chastity, moderation. विशुद्धता, विनय, नम्रता, मर्यादा, परिमितता।

Modicum-मॉडिकम्-*n.* a small quantity of food. भोजन की थोड़ी मात्रा।

Modifiable-मॉड्-इ-फ़ाइ-ऍ-ब्ल्-*adj.* able to be modified. रूप बदलने योग्य, परिवर्तनीय।

Modificatory-मॉडिफ़िकेटरि - *adj.* modifying. रूपान्तर करनेवाला।

Modification-मॉडिफ़िकेशन् -*n.* the act of modifying, the state of being modified. रूप-भेद, रूपान्तरण, परिवर्तनीय सुधार।

Modify-मॉडि-फ़ाइ-*v. t.* (*p.t.* **Modified.**) to make less severe, to qualify, to moderate. रूप बदलना, सुधारना, परिमित बनाना।

Modish-मोडिश्-*adj.* fashionable. शिष्ट रीति के अनुकूल; **Modishly** (-लि)-*adv.* in a modish manner. चलने के अनुसार; **Modishness** (-नेस्) -*n.* the state of being modish. प्रचलित रीति।

Modulate-मॉड्युलेट् -*v. t.* to regulate, to adjust, to vary the tone of voice. आवश्यकतानुसार घटाना-बढ़ाना, स्वर ऊँचा-नीचा करना; **Modulation** (-यु-ले-शन्) -*n.* the act of modulating, melody. आवश्यकतानुसार परिवर्तन, लय, उतार-चढ़ाव।

Modulator-मॉड्'-यु-ले-टर्-*n.* one who modulates. न्यूनाधिक करनेवाला।

Modulus-मोड्'-यु-लस्-*n.* a constant multiplier. गुणा करने की स्थिर संख्या, मापांक।

Modus-मोड्'-डस्-*pref.* in sense of 'method, way.' 'प्रकार' अर्थ का उपसर्ग; **Modus oper**

andi (the way of working.) मनुष्य में कार्य करने का ढंग; Modus vivendi (manner of living.) जीवन का ढंग।

Mohair-मो'-हेअर्-*n.* fine wool. महीन चिकना ऊन।

Mohammedan-मो-हॅम्'-ऍ-डन् -*n.* & *adj.* a follower of Mohammed, pertaining to Mohammed or his religion. मुसलमान, मुहम्मद या उनके धर्म से सम्बन्धित; **Mohammedanism** (-इज़्म्) -*n.* the religion of Mohammed. मुसलमानी धर्म; **Mohammedanize** (-आइज़्) - *v. t.* to convert into Mohammedanism. मुसलमान बनाना।

Moider-मॉइ'-डर्-*v. t.* to confuse. व्यग्र करना, घबड़ाना।

Moiety-मॉइ'-ऍ-टि-*n.* the half, a half share. अर्धांश, आधा भाग।

Moil-मॉइल्-*v. t.* & *i.* to drudge. परिश्रम से कार्य करना, थकाना या थकना।

Moist-मॉइस्ट्-*adj.* damp, slightly wet. कुछ भीगा हुआ, नम, तर।

Moisten-मॉइस्'-न् -*v. t.* to make damp or moist. तर करना, भिगोना।

Moistness-मॉइस्ट्'-नॅस्-*n.* dampness. नमी, तरी।

Moisture-मॉइस्चर्-*n.* moistness, slight wetness. आर्द्रता, गीलापन; **Moistureless** (-लस्) -*adj.* devoid of moisture. बिना तरी का, सूखा।

Moko-मो'-को -*n.* a method of tattooing. गोदना-गोदने की एक विधि।

Molar-मो'-लर्-*adj.* grinding. पीसनेवाला; **Molar teeth** (grinding teeth.) चबाने के दाँत, चव।

Molasses-मो - लॅसिज़् -*n.* the thick syrup drained from sugar in the process of refining, treacle. खाँड़, गुड़, जूसी।

Mole-मोल्-*n.* a small burrowing animal, an artificial harbour, a spot on human skin. छछूँदर, कृत्रिम बन्दरगाह, तिल, मस्सा; **Blind as a mole** (almost blind.) अन्धप्राय; **Mole-eyed** (having small eyes.) छोटे नेत्रोंवाला; **Mole-hill** (a little hillock made by moles.) वल्मीक, छछूँदर की लगाई हुई मिट्टी का ढेर, बाँबी; **To make a mountain out of a mole-hill** (to make exaggerations.) राई का पर्वत बनाना।

Molecular-मॉलिक्युलर् - *adj.* pertaining to molecules. परमाणु सम्बन्धी; **Molecularity** (-लरि-टि) -*n.* the state of being molecular. कणत्व, परमाणु होने की अवस्था।

Molecule-मॉलि-क्यूल्-*n.* a minute particle. परमाणु, कण।

Molest-मॅ-लॅस्ट्'-*v. t.* to annoy, to tease, trouble. कष्ट देना, सताना, छेड़ना, देना, दिक करना; **Molestation** (-लॅ'-श -*n.* the act of molesting, annoyance. पीड़ा; **Molester** (-अर्)-*n.* one who moles पीड़ा देनेवाला व्यक्ति।

Mollification-मॉ-लि-फ़ि-कॅ-शन्-*n.* mitigation शमन, सान्त्वना।

Mollifier-मॉ-लि-फ़ाइअर्-*n.* a mitigator. करनेवाला व्यक्ति।

Mollify-मॉ-लि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Mollified) to appease, to soften. शमन (शान्त, मुलायम करना।

Molly-मॉ-लि-*n.* an effeminate man, a prostitute. नपुंसक, जनखा, वेश्या, रण्डी।

Molten-मोल्टन्-*adj.* melted. पिघला हुआ, हुआ।

Moly-मो'-लि-*n.* a magic herb. एक प्रकार जादू की वनस्पति।

Moment-मो'-मॅन्ट्-*n.* a very short time, instant, importance. क्षण, पल, आवश्यक **Auspicious moment** (lucky time) लग्न; **Go there this moment** (*i. e.* ntly.) अभी तुरन्त वहाँ जाओ; **Men of moment** (famous men.) प्रसिद्ध लोग; the little moment (base.) क्षुद्र, नीच।

Momentarily-मो'-मॅन्ट्-रि-लि-*adv.* for a ment. क्षण भर के लिए।

Momentariness-मो-मॅन्ट-रि-नॅस्-*n.* instan cousness. क्षणिकता।

Momentary-मो-मॅन्टरि - *adj.* instantaneo क्षणिक, अस्थायी।

Momently-मो-मॅन्ट्-लि-*adv.* momentarily, a moment. क्षण भर में।

Momentous-मो-मॅन्'- टस् -*adj.* imp महत्त्व का; **Momentously** (-लि)-*adv.* importance. महत्त्व से; **Moment** (-नॅस्)-*n.* weightiness. महत्व।

Momentum-मो-मॅन्'-टम् -*n.* (*pl* Mome impetus gained by a body in motion गति, चाल।

Pick-पिक्-*n.* a tool for breaking up hard ground, selection. फ़ावड़ा (गैंता), चुनाव; **Ear-pick** (an appliance for picking the ear.) कनखोदनी; **Tooth-pick** (an appliance for cleansing teeth.) दंतखोदनी।

Pick-पिक्-*v. t. & i.* to break the surface of, to make hole in, to probe, to cleanse, to strike with the bill, to select carefully, to open, to pull asunder. खोदना, छेदना, नोचना, इकट्ठा करना, चुभाना, साफ़ करना, चोंच मारना, चुनना, खोलना, फाड़ना; **Pick-a-back** (in the manner of carrying on shoulders.) पीठ पर लादने की रीति से।

Pickaxe-पिक्'-ऑक्स्-*n.* a kind of curved axe. कुदाली।

Picked-पिक्-ड्-*adj.* pointed, gathered. नुकीला, चुना हुआ; **Pick-me-up** (a kind of wine.) उत्तेजक शर्बत या मदिरा; **To pick holes in** (to find fault with.) दोष निकालना; **To Pick off** (to pluck off, to shoot persons &c. deliberately one by one.) नोचना, एक-एक करके गोली से मारना; **To pick-out** (to select, to take out.) निकालना, अलगाना; **To pick up** (to gather.) इकट्ठा करना।

Picker-पि-क-र्-*n.* one who picks, an instrument for separating. चुननेवाला, अलगाने का एक यन्त्र।

Pickerel-पिकरॅल्-*n.* a kind of fresh water fish. मीठे पानी की एक प्रकार की मछली।

Picket-पिकेट्-*n.* a sharp pointed stake, a body of troops, persons dissuading strikers. नोकदार छड़ (खूँटा), सेनादल, हड़तालियों को काम से रोकनेवाला दल;-*v. t.* (*p. t.* **Picketed.**) इस प्रकार घरना देना; **Picketing** (-इङ्ग्)-*n.* प्रवेश रोधन, घरना।

Pickle-पि-कल्-*n.* a liquid preserving vegetables &c., a solution of salt and water, a mischievous child. अचार या मुरब्बे के लिये अर्क, खारा जल, दुष्ट बालक;-*v. t.* to preserve in pickle. अचार या मुरब्बा बनाना।

Picklock-पिक्'-लॉक्-*n.* an appliance to open locks without a key. बिना ताली के ताला खोलने का एक औजार।

Pickpocket-पिक्-पॉकट्-*n.* one who steals from the pocket of another. गिरहकट, ठग।

Pick-purse-पिक्'-पर्स्'-*n.* one who steals the purse of another. दूसरे की रुपये-पैसे की थैली चुरानेवाला।

Picksome-पिक्-सम्-*adj.* fastidious. दुराराध्य, उपेक्षा करनेवाला।

Pickwick-पिक् - विक् - *n.* a kind of cheap cigar. एक प्रकार की सस्ती चुरुट।

Picnic-पिक्'-निक्-*n.* a pleasure party out of doors. वनभोजन, बाहरी जलसा;-*v. i.* (*p. t.* **Picnicked.**) to take part in a picnic. ऐसे विहार में भाग लेना; **Picnicker** (-अर्)-*n.* ऐसा जलसा करनेवाला।

Picot-पी-को'-*n.* a small loop in the edge of lace. फ़ीते के किनारे का छोटा फन्दा।

Picquet-पिकेट्-see **Piquet.**

Picric-पिक्'-रिक्-*adj.* (**Picric acid**-ऑ-सिड्) a substance used in dyeing and explosives. एक पीला पदार्थ जो रँगने तथा पटाखा बनाने में प्रयुक्त होता है।

Pict-पिक्ट्-*n.* the former residents of N. E. of Scotland. स्काटलैंड के पूर्वोत्तर प्रदेश के आदि निवासी।

Pictograph-पिक्-टॅ' - ग्राफ़् - *n.* a pictorial symbol. चित्र रूप का संकेत; **Pictographic** -इक्)-*adj.* चित्र-संकेत-सम्बन्धी; **Pictography** (-इ)-*n.* symbolising pictures. चित्र-संकेत लिखना या बनाना।

Pictorial-पिक्टोरिअल्-*adj.* of pictures, illustrated. सचित्र (चित्र-लिखित), चित्रमय; **Pictorially** (-लि)-*adv.* in a pictorial manner. चित्ररूप में।

Picture-पिक्चर्-*n.* a painting or drawing of an object, a portrait, scene, a beautiful object. चित्र (तस्वीर), प्रतिमा, दृश्य, सुन्दर पदार्थ; -*v. t.* to describe vividly, to imagine to oneself. चित्रित करना, मन में विचारना; **Picture-book** (a book for children, full of pictures.) बच्चों के पढ़ने की चित्रपूर्ण पुस्तक; **Picture-gallery** (an apartment for the display of pictures.) चित्रावली, चित्रशाला; **Picture-house** (a cinema theatre.) सिनेमा का नाटकघर; **Picture-palace** (a cinema theatre.) चलते-फिरते चित्र दिखलाने का नाटकघर।

Picturesque-पिक्चरस्क्-*adj. & n.* like a picture, graphic, vivid, a striking picture, चित्र के सदृश, स्फुट, स्पष्ट, अपूर्व चित्र; **Picturesquely** (-लि)-*adv.* अपूर्वता से; **Picturesqueness** (-नेस्)-*n.* state of being picturesque, vividness. विचित्रता, सुन्दरता।

Piddle-पि-इल्-*v. t.* to work in a trifling manner. तुच्छ ढंग या बेदिली से कार्य करना।

Pidgin-पि-ज्'-इ-न्-*n.* words of different languages muddled up. अनेक भाषाओं के शब्दों की खिचड़ी।

Pie-पाइ-*n.* the smallest copper coin. पाई, पैसा का तीसरा और एक आने का बारहवाँ हिस्सा।

Pie-पाइ-*n.* fruit crust covered with paste and baked, a magpie. कचौड़ी, समोसा, एक प्रकार की छोटी चिड़िया;-*v. t.* to mix types. टाइप की मिलावट करना।

Piebald-पाइ'-बॉल्ड्-*adj.* of black and white colours. मिले हुए काले और सफेद रंग का।

Piece-पीस्-*n.* a portion of a thing, a fragment, detached portion, example, literary or artistic composition, a picture, a single article. खण्ड, टुकड़ा, भाग, आदर्श, साहित्यिक लेख, चित्र, एक अदद;-*v. t.* to mix, to mend, to patch. मिलाना, जोड़ना, पैंवन्द (पेवन) लगाना; **to break to pieces** (to make fragments.) टुकड़े-टुकड़े करना; **Piece of Poetry.** कविता, श्लोक; **Piece of work** (specimen.) कार्य; **Piece of water** (sheet of water.) जलाशय; **Of a piece** (of the same sort.) एक ही प्रकार का; **Piece-goods** (textile fabrics made in standard lengths.) बिने हुए कपड़े के थान।

Piecemeal-पीस्'-मील्-*adj.* made of pieces, little by little. अलग-अलग, टुकड़े-टुकड़े।

Pieceless-पीस्'-लेस्-*adj.* not made of pieces. अखण्ड, जिसके खण्ड या टुकड़े न किये गये हों।

Pied-पाइड्-*adj.* of several colours, variegated. चितकबरा, रंग-बिरंगा।

Pier-पिअर्-*n.* a structure in water used as a landing-stage, a break water. सेतुबन्ध, घाट।

Pierage-पिअरेज्-*n.* toll for using a pier. घाट का कर; **Pier-glass** (a large mirror.) बड़ा दर्पण।

Pierce-पिअर्स्-*v. t. & i.* to penetrate, to make hole in, to thrust into. प्रवेश करना, घुसना या घुसाना।

Pierceable-पियर्सबल्-*adj.* able to be pierced. छेदने योग्य।

Pierced-पिअर्स्-ड्-*adj.* perforated with holes. छेदा हुआ।

Piercer-पिअर्स'-र्-*n.* he who pierces, a piercing tool. वेध करनेवाला (बेधनेवाला), छेद करने का शस्त्र।

Piercing-पिअर्स'-इङ्ग्-*adj.* penetrating with force, keen. भेदने (छेदने) वाला, तीखा; **Heart-piercing** (heart-rending, thrilling) हृदयवेधी।

Piercingly-पिअर्स्-इङ्ग्-लि-*adv.* in a piercing manner. छेदते हुए।

Piercingness-पिअर्स्'-इङ्ग्-नेस्-*n.* piercing quality. भेद्यता, भेदनशीलता।

Pietism-पाइ-इट्-इज़्म्-*n.* principles of piety. पुण्यशीलता।

Pietist-पाइ-इट्'-इस्ट्-*n.* a pious person. धर्मात्मा मनुष्य।

Piety-पाइ-इ-टि-*n.* reverence for God, duty of reverence, the quality of being pious. धर्मनिष्ठा, ईश्वर-भक्ति, पुण्यात्मा होने का गुण

Piezometer-पाइ-इज़ॉ-मिटर्-*n.* an instrument for measuring pressure. दबाव नापने का यन्त्र।

Piffle-पि-फ़्ल्-*v. t.* to talk feebly. बोलना।

Pig-पिग्-*n.* a swine, hog, a young boar or sow, molten metal. सुअर, सुअर का, ढाली हुई धातु;-*v. t. & i.* (*p. t.* Pigged) to bring forth pigs, to herd together pigs. सुअर उत्पन्न करना, सुअरों की तरह रहना; **Guineapig** (a greedy or obstinate person.) लालची या हठी मनुष्य; **Pig-headed** (obstinate.) हठी; **Pig-iron** (iron in pigs) खान से निकला हुआ लोहा; **Pig-like** (resembling a pig.) सुअर की तरहका; **Pigling** (small pig.) छोटा सुअर; **Pig-livered** (timid.) डरपोक; **Pig-eyed**-*adj.* (having small sunken eyes.) धँसी हुई छोटी आँखें; **Pigs might fly** (wonders might happen) विलक्षण घटना हो सकती है।

Piggish-पि-गिश्-*adj.* pertaining to pig, obstinate शूकरवत्; **Piggishly** (-लि)-*adv.* obstinately हठ से; **Piggishness** (-नेस्)-*n.* obstinacy, poverty. हठ, दरिद्रता।

Pigeon-पिज्-अन्-*n.* a dove-like bird of several colours. कपोत, कबूतर;-*v. t.* to put into a pigeon-hole, to cheat (in gambling) छोटे खानों में कागज इत्यादि रखना, (जुए में) देना; **Carrier-pigeon** (a pigeon trained to carry messages.) समाचार के जानेवाला; **Pigeon-hearted** (timid, easily frightened) भीरुहृदय, कातर; **Pigeon-hole** (compartments for paper &c.) कागज इत्यादि रखने के छोटे-छोटे खाने

Pigeonry-पिजन्रि-*n.* pigeon-hole का दरबा।

Piggery-पिगरि-*n.* a place for piga dirty place. सुअर पालने का स्थान, गंदी जगह ।

Pigment-पिग्'-मॅन्ट्-*n.* a colouring matter used as a paint. रँगने का कोई पदार्थ, रंग; **Pigmental** (-अल्)- *adj.* pertaining to pigments. रंग सम्बन्धी; **Pigmentary** (-अर्-इ) *adj.* of pigments. रंग रोग़न का ।

Pigmy, Pygmy-पिग्मि-*ns.* a dwarf. वामन, बौना ।

Pigsty-पिग्'-स्टि-*n.* a pen of pigs. सुअरबाड़ा ।

Pigtail-पिग्-टॅल्-*n.* a thin roll of tobacco, a plait of hair hanging on the back. तमाखू की बीड़ी, बालों की चोटी; **Pigtailed** (-ड्)-*adj.* चोटीदार ।

Pike-पाइक्-*n.* a spike or lance, a spear, a kind of fish. बर्छी, भाला, एक प्रकार की मछली; -*v.t.* to thrust through. घुसाना, भोंकना;-*n.* a roll. चुक्की;**Piked** (-ड्)-*adj.* pointed. नोकदार; **Pikeman**-*n.* a soldier armed with a pike. भालाधारी; **Pikestaff** (-स्टाफ़्) -*n.* the shaft of a pike. बर्छी की डण्डी ।

Pilaster-पिलॅस्टर्-*n.* a square pillar. चौकोर खम्भा ।

Pilch-पिल्च्-*n.* a small wrapper for infants. बच्चों की ओढ़नी ।

Pilchard-पिल्चर्ड्-*n.* a kind of oat. एक प्रकार की बई ।

Pile-पाइल्-*n.* a pointed post, a heap, bridge-supporter, of soft hair. नुकीला लट्ठा, ढेर, पुल का आधार, रोवाँ;-*v. t.* to lay in a heap. ढेर लगाना; **Funeral pile** (funeral pyre.) चिता; **Pile-driver** (a machine for driving in piles.) लट्ठा गाड़ने का यन्त्र; **Piler** (-अर्)-*n.* one who piles. ढेर लगानेवाला; **To pile on** (to heap on.) ढेर लगाना, इकट्ठा करना ।

Pileate-पिलि-एट्-*adj.* of the form of a cap. टोपी के आकार का ।

Piles-पाइल्ज़्-*n. pl.* a disease of the lower rectum, haemorrhoids. अर्श रोग, बवासीर ।

Pilfer-पिल्'-फ़र्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Pilfered.) to steal in small quantities. थोड़ा-थोड़ा करके चुराना ।

Pilferage-पिल्फ़रॅज्-*n.* stealth. चोरी ।

Pilferer-पिल्फ़रर्-*n.* a thief. चोर, ठग ।

Pilfering-पिल्फ़रिंग् - *n.* theft. ठगी, चोरी; **Pilferingly** (-लि) -*adv.* चोरी करते हुए ।

Pilgarlic-पिल्गार्-लि-क-*n.* a bald-headed person. चँदुला या गंजा मनुष्य ।

Pilgrim-पिल्'-ग्रिम्-*n.* one who makes a journey to sacred places, a traveller. तीर्थ-सेवी, यात्री;-*v. i.* to wander like a pilgrim, तीर्थ-सेवी की तरह यात्रा करना ।

Pilgrimage-पिल्'-ग्रिम्-एज्-*n.* a reverential journey. तीर्थयात्रा, तीर्थगमन;-*v. t.* to go on pilgrimage. तीर्थयात्रा करना; **Place of pilgrimage.** तीर्थस्थान ।

Piliferous-पि'-लि-फ़रस् - *adj.* having hair. रोवेंदार ।

Piliform-पि'-लि-फ़ॉर्म्-*adj.* full of hair. रोवें से पूर्ण, रोवेंदार ।

Pill-पिल् -*n.* a medicine in the form of a little ball. गुटिका, गोली; -*v. t.* to plunder. लूटना ।

Pillage-पि-लॅज्-*n.* plunder. लूट;-*v.t.* to strip of money. लूटना, छीनना ।

Pillager-पि-लॅज्'-अर्-*n.* one who plunders लूटनेवाला ।

Pillar-पि-लर्-*n.* a post, a column, anything used as support. स्तम्भ, खम्भा, आधार; -*v. t.* to support with a pillar. स्तम्भ की तरह आश्रय देना; **Driven from pillar to post** (*i. e.* from one support to another.) एक आश्रय से दूसरे आश्रय को फेंका हुआ; **Pillar of faith** (support of belief.) श्रद्धा का सहारा या स्तम्भ; **Pillar of justice.** न्याय का आधार ।

Pillion-पि-लयन्-*n.* a cushion attached to the back part of a saddle. काठी की पिछली ओर लगी हुई गद्दी ।

Pillory-पिलॅरि-*n.* wooden frame with holes for inserting the head and hands of a criminal. लकड़ी का कटघरा जिसके छिद्र में अपराधी के मस्तक तथा हाथ जकड़ दिये जाते थे ।

Pillow-पि-लो-*n.* a cushion used as a support for the head. उपधान, तकिया; -*v. t.* to lay for support. तकिया लगाना; **Pillow-case** (a pillow-slip.) तकिये की खाल; **To take counsel of one's pillow** (to take a night to reflect.) विचार करने के लिये रात भर का अवसर लेना ।

Pilose-पाइ-लोस्-*adj.* covered with hair. रोवाँ भरा हुआ ।

Pilosity-पाइलॉसिटि-*n.* hairiness. रोवाँपन ।

Pilot-पाइलट्-*n.* one who steers a ship. one who navigates an aeroplane, a guide. नौका-वाहक (माँझी), हवाई जहाज चलानेवाला, कर्णधार; -*v.* (*p. t.* Piloted) to lead the way, to steer a ship. मार्ग दिखलाना (जहाज चलाना); **Pilotage** (-एज्)-*n.* fee of a pilot. माँझी का वेतन; **Pilot-balloon**-*n.* a balloon used for discovering the direction of the wind. वायु की दिशा जानने के लिये उठा हुआ गुब्बारा; **Pilot-boat**-*n.* a boat used by pilots. नाविक द्वारा प्रयुक्त नाव; **Pilot-engined** (the leading engine of a train.) गाड़ी के आगे चलनेवाला इंजिन।

Pilotless-पाइलट्-लॆस्-*adj.* without a pilot. बिना माँझी का।

Pilular-see **Pilule.**

Pilule-पिल्-यूल्-*n.* a small pill. छोटी गोली; **Pilular** (-यू-लर्), **Pilulous** (-लस्)-*adjs.* pertaining to pills. छोटी गोली का।

Pimp-पिम्प्-*n.* a pander. कुटना, दलाल।

Pimpernal-पिम्पर्नल्-*n.* a plant found on waste ground. एक जंगली पौधा।

Pimping-पिम्' - पिङ्ग् - *adj.* small, mean. छोटा, क्षुद्र, नीच।

Pimple-पिम्-पल्-*n.* a small tumour on the skin. फुन्सी, मुँहसा (मुहाँसा); **Pimpled** (-इ), **Pimply** (-लि) -*adjs.* having pimples. फुन्सीदार मुहाँसों वाला।

Pin-*n.* thin wire with a sharp point on one end and a knob on the other, used for fastening paper, cloth &c., a peg of wood, a needle. आलपीन, खूँटी, सूई; -*v. t.* (*p. t.* **Pinned.**) to fasten with a pin. आलपीन लगाकर बाँधना; **Not to care a pin** (not to care a whit for.) कुछ भी चिन्ता न करना; **Pin cushion** (a small cushion for fixing pins.) आलपीन खोसने की गद्दी; **Pinhole** (a very small hole.) महीन छेद; **Pinmoney** (money allotted to wife for private expenses.) व्यक्तिगत व्ययों (निजी खर्चों के लिये पत्नी (बीबी) के नाम अलग किया गया धन।

Pinafore-पिन्'-अॅ-फोर्-*n.* a cover for protecting a child's frock from dirt. बच्चे की ओढ़नी।

Pince-nez-पिन्स्'-नॅज़्-*n. pl.* a pair of eye-glasses with springs to clip the nose. नाक पकड़ने की कमानीवाला चश्मा।

Pincers-पिन्-सर्ज़् -*n. pl.* a gripping tool like pliers with short jaws. छोटे मुँह की पकड़ने की सँड़सी।

Pinch-पिन्श् -*v. t. & i.* to nip between tips of fingers and thumb, to extort money, to urge, to rob. चिकोटी काटना, धन छीनना, प्रेरणा करना, लूटना; -*n.* the act of pinching, a small portion taken between the tips of fingers. चिकोटी, चुटकीभर; **None but the wearer knows where the shoe pinches** (only those engaged in an enterprise know its difficulties.) जिसके तन पड़े वही जाने, जाके तन ना फटी बिवाई सो का पीर पराई ; **Pinch of snuff** (a quantity of snuff.) एक चुटकी सुँ **Pinching of shoes.** जूते का काटना।

Pinchfist-पिन्श्'-फ़िस्ट्-*n.* a miser. कृपण, कंजू

Pinchingly-पिन्श्'-इङ्ग्-लि-*adv.* in pinchi manner. चिकोटी काटते हुए।

Pinder-पिन्' - डर् -*n.* one who puts animals into the pounder. भटकते हुए को बाड़े में बन्द करनेवाला मनुष्य।

Pine-पाइन्-*n.* a genus of trees which turpentine. चीड़ का पेड़, देवदार; -*v. i.* waste away from anxiety, distress &c. दुःख या शोक से सूख जाना।

Pine-apple-पाइन्'-ॲ - प्ल - *n.* a tropi plant and its fruit shaped like a pine-co अनानास का पौधा तथा इसका फल।

Pineal-पाइ-निअल् -*adj.* resembling a pine. चीड़ के शंकु के सदृश।

Pinery-पाइन-रि-*n.* a place where pine-a are grown. अनानास पैदा करने का

Pinfold-पिन्-फ़ोल्ड्-*n.* a pound for up stray cattle. घूमनेवाले पशुओं को करने का बाड़ा, काँजी हाउस।

Ping-पिङ्ग्-*n.* the ringing sound of a बंदूक की गोली का सन्-सन् शब्द; -*v. i.* whistle like a bullet. बंदूक या तोप की जैसा सन्-सन् शब्द करना।

Ping-pong-पिङ्ग्'-पॉङ्ग्-*n.* table-tennis प्रकार का टेबुल पर खेलने का गेंद का खेल।

Pinguid-पिंग्विड् -*adj.* oily, greasy. स्निग्ध, चिकना।

Pining-पाइन्-इङ्ग्-*n.* distress, anxiety. चिन्ता।

Piningly-पाई'-निङ्ग्-लि-*adv.* in a lang manner. मुरझाते हुए।

Pinion-पि'-न्य-न्-*n.* the end of a wing small wheel connected with a big की नोक, बड़े पहिये से मिला हुआ छोटा -*v. t.* to bind the wings of birds or of a person. डैना बाँधना, मुश्क बाँधना।

Pink-पिङ्क् - *n.* a plant with fragrant ers, light rosy colour. एक सुगन्धित गुलाबी रङ्ग;-*adj.* of rosy colour. का; -*v. t.* to pierce with sword, तलवार भोंकना, आभूषित करना, सजाना।

Pinkish-पिङ्क्'-इश् -*adj.* somewhat थोड़ा या कुछ गुलाबी रंग का।

Pinkiness-पिङ्क्' - इ-नॅस -*n.* rosy colo गुलाबीपन।

Pinky-पिङ्क्'-इ-*adj*. of pink colour. गुलाबी रंग का।

Pinna-पिना-*n*. (*pl.* Pinnae.) the upper broad part of the external ear. कान का ऊपरी, चौड़ा भाग।

Pinnace-पिनेस्-*n*. a warship's boat. लड़ाई के जहाज पर की नाव।

Pinnacle-पिन्-अ-कल्-*n*. an ornamental turret. अटारी, बुर्जी; -*v. t.* to set on pinnacle. बुर्जी बनाना।

Pinnate-पि-नेट्-*adj*. having leaves on each side of the stalk. डण्ठल के दोनों ओर पत्ती लगाने वाला; Pinnated (-एॅड्) -*adj*. pinnate. फैला हुआ; Pinnately (-लि)-*adv*. in a pinnate manner. फैले हुए ढंग से।

Pinner-पिन्नर्-*n*. one who pins. आलपीन खोंसनेवाला।

Pinnule-पि-न्युल्-*n*. an organ like a small wing. छोटे डैने के सदृश अंग।

Pinny-पि-नि-*adj*. childish. बच्चे का या बच्चे जैसा।

Pint-पाइन्ट्-*n*. a measure of capacity for liquids, half a quart. प्रायः डेढ़ पाव की नाप।

Pintado-पिन्टाडॅ-*n*. a guinea-fowl. एक प्रकार का मुर्गा।

Pintle-पिन्'-ट्ल्-*n*. a bolt on which a part of a machine revolves. यंत्र का चूल जिस पर कोई पुर्जा घूमता है।

Piny-पाइनि-*adj*. of or like or full of pine trees. चीड़ या देवदार का, उसके समान या उससे पूर्ण।

Pioneer-पाइ-ऑ-नी-अर्'-*n*. a foot soldier who marches before to prepare the way for others, an original explorer. दूसरों के लिये पथ बनाने के लिये आगे-आगे पैदल चलनेवाला सैनिक, मूल अनुसंधानकर्ता या अन्वेषक, खोज करनेवाला;-*v. t.* to act as a pioneer. मार्ग दिखलाना, रास्ता बतलाना।

Pious-पाइअस्-*adj*. devout, religious. धार्मिक, पुण्यात्मा; Piously (-लि) -*adv* devoutly, religiously. भक्ति से; Piousness (-नेॅस्)-*n*. the state of being pious. भक्ति की दशा।

Pip-पिप्-*n*. each spot on playing-cards, seed of certain fruits. ताश के पत्ते में की चित्ती, फलों के कुछ बीज;-*v. t.* (*p. t.* Pipped.) to defeat, to shoot. हराना, गोली मारना; Pipless (-लेॅस्) -*adj*. without pip. बिना बीज का।

Pipe-पाइप्-*n*. a tube, a musical wind-instrument, song of a bird, a cask of wine. नाली, बाँसुरी, पक्षी की बोली, मदिरा का पीपा; -*v. t.* to play on a pipe. बाँसुरी या सीटी बजाना; Tobacco-pipe (a smoker's pipe.); चिलम

To pipe one's eyes (to weep.) रोना;

To pipe up. बाँसुरी बजाना आरम्भ करना;

To smoke a pipe. हुक्का पीना।

Pipe-clay-पाइप-क्लें-*n*. clay for making tobacco pipe. चिलम बनाने की मिट्टी।

Pipeful-पाइप्'-फुल्-*n*. as much as a pipe can contain. नली भर; Pipeless -*adj*. without a pipe. बिना नली का।

Piper-पाइपर्-*n*. one who plays on a pipe. बाँसुरी बजानेवाला।

Pipette-पिपेॅट्-*n*. a small pipe. पतली नलिका।

Piping-पाइ-पिङ्ग्-*adj*. shrill, boiling. तीखा, खौलता हुआ।

Pipkin-पिप्'-किन्-*n*. a small earthen pot. मिट्टी का छोटा पात्र।

Pippin-पिप्'-इन्-*n*. a kind of apple. एक प्रकार का सेब।

Piquancy-पीकॅन्सि-*n*. sharpness, pungency. तीक्ष्णता, चरचरापन।

Piquant-पीकॅन्ट्-*adj*. sharp, pungent, agreeable, stimulating. तीखा, चटपटा, रोचक (स्वादिष्ट), उत्तेजक; Piquantly (-लि)-*adv*. in a piquant manner. तीक्ष्णता से।

Pique-पीक्-*n*. offence, ill-will, resentment अप्रसन्नता, कलह, रोष. : -*v. t.* to irritate, to stimulate. उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Piquet-पिकेॅट्-*n*. a card game played by two persons with 32 cards excluding the low cards from two to six. दुक्की से छक्का तक के पत्तों को निकालकर ३२ पत्तों से दो व्यक्तियों द्वारा खेला जानेवाला ताश का खेल।

Piracy-पाइर सि-*n*. the crime of robbing on the sea, an infringement of the law of copyright. समुद्री डकैती, ग्रन्थकर्त्ता की आज्ञा के बिना उसके ग्रन्थ को छापकर लाभ उठाना।

Pirate-पाइरेॅट्-*n*. a sea-robber, one who infringes the copyright of another. समुद्री डाकू, दूसरे के अधिकार को छीननेवाला;-*v. t.* to rob on the sea. समुद्र पर डाका डालना।

Piratical-पाइरटिकल्-*adj*. pertaining to a pirate. समुद्री डाकू-सम्बन्धी; Piratically(-लि) -*adv*. in a piratical manner. डाका डालते हुए।

Piscary-पिस्करि-*n*. the right of fishing in another's waters. दूसरे के जल में मछली मारने का अधिकार।

Piscator-पिस्-कें-टर्-*n*. an angler. मछली फँसानेवाला।

Piscatorial-पिस्कॅटोरिअल्-*adj*. pertaining to fishing. मछली फँसाने से सम्बन्धित।

Pisces-पिसि'ज़-*n. pl.* the fishes, the twelfth sign of the Zodiac. मछलियों का वर्ग, मीनराशि।

Pisciculture-पिसिकल्चर्-*n.* breeding and rearing of fish. मछली पालने का कार्य।

Piscina-पि-सी-नॉ-*n.* (*pl.* Piscinae, Piscinas) a pond for rearing fishes. मछली पालने का कुण्ड।

Piscine-पि-सीन्-*adj.* of fish. मत्स्य-सम्बन्धी; -*n.* a bathing pool. स्नान-कुण्ड।

Piscivorous-पि-सि-वॅरस्-*adj.* fisheating. मछली खानेवाला।

Pish-पिश्-*interj.* expressing contempt. तिरस्कार-सूचक अव्यय।

Pisiform-पिस्-इ-फ़ार्म्-*adj.* of the shape of a pea. मटर के आकार का।

Piss-*v.i.* to make water, to wet with urine. पेशाब करना, पेशाब से तर करना।

Pistachio-पिस्टाशि-ओ-*n.* a tree which yields nut with green kernels. पिस्ता।

Pistacia-पिस्-टे'-श्या-*n.* the pistachio tree. पिस्ते का वृक्ष।

Pistil-पिस्-टिल्-*n.* the female organ of flowers. गर्भकेसर; **Pistillary** (-अरि)-*adj.* growing on the pistil. गर्भकेसर पर उगनेवाला।

Pistol-पिस्टल्-*n.* a small fire-arm. पिस्तौल; -*v. t.* to shoot with a pistol. पिस्तौल चलाना, पिस्तौल से मारना।

Pistolet-पिस्टलट्-*n.* a little pistol. छोटी पिस्तौल।

Pistolograph-पिस्टल्-ॲ-ग्राफ़्-*n.* an apparatus for obtaining instantaneous photograph. चलती-फिरती वस्तु का फोटो खींचने का यन्त्र।

Piston-पिस्टन्-*n.* a closely fitting disk of a pump. पिचकारी का डट्टा (इस प्रकार के यन्त्र का भाग)।

Pit-पिट्-*n.* a hole in the ground, a trap for wild beasts, the grave. बिल (छेद, गड्ढा); जङ्गली पशुओं के फँसाने का जाल, कब्र;-*v. t.* (*p. t.* Pitted) to place in a pit, to make pits. गड्ढे में रखना, गड्ढा बनाना; **Pitfall** (a trap for catching animals, a hidden danger into which a person may fall unawares.) पशुओं को फँसाने का स्थान, गुप्त संकट जिसमें मनुष्य अनजान में फँस जाता है; **Pit of stomach** (the depression in the belly.) नाभि; **The pit** (hell.) पाताल, नरक; **To dig a pit for** (to try to ensnare.) फँसाने का प्रयत्न करना।

Pitapat-पिट्-अ-पॅट्-*adv.* with a flutter. थपथपाहट का शब्द करते हुए।

Pitch-पिच्-*n.* a black tenacious substance got from distilling coal-tar, resin from [illegible]; a mode of the height to which a falcon soars, intensity, steepness. गेंद फेंकने की ऊँचाई, हद्द, चढ़ाव;-*v. t. & i.* to cover pitch, to fix, to erect, to plant, to stone, to throw, to settle, to encamp, पोतना, गाड़ना, खड़ा करना, बैठाना, पत्थर बैठाना, फेंकना, स्थिर करना, डेरा **Mineral pitch.** शिलाजीत; **Pitched-** (a set kind of battle.) स्थायी **Pitch-black** (deep black colour) काला रङ्ग; **Pitch darkness** (deep with no light at all.) घनघोर **pitch in** (to begin work.) करना; **To pitch into** (to make an आक्रमण करना; **To pitch upon** (to चुनना।

Pitcher-पिचर्-*n.* an earthenware hold liquids, a street vendor. मटका), सड़क पर दूकान लगानेवाला

Pitcherful-पिचर्-फ़ुल्-*n.* as much as her can contain. घड़ाभर।

Pitchfork-पिच्'-फ़ॉर्क-*n.* a long for pitching hay etc. सूखी घास टाल लगाने का नोकदार डण्डा;-*v. t.* to forcibly into. ऐसे डण्डे से गट्ठा

Pitchiness-पि-चि-नॅस्-*n.* darkness, ness. अन्धकार, कालापन।

Pitch-pipe-पिच्-पाइप्-*n.* the tuning a wind-instrument. मुख से बजाने वाजों की मुखपत्ती।

Pitchy-पिचि-*adj.* dark as pitch. तरह काला।

Piteous-पि-टि-अस्-*adj.* demanding rrowful. करुणा योग्य (दीन), दयापात्र, **Piteously** (-लि)-*adv.* sorrowfully. दया से; **Piteousness** (-नॅस)-*n.* the being piteous. दीनता।

Pith-पिथ्-*n.* a soft spongy tissue the essential part, energy, strength, मज्जा (रस), सार, बल, शक्ति;-*v. t.* to the spinal cord of. सुषुम्ना विनाश करना; **Pithily** (-इ-लि)- tically. बलपूर्वक; **Pithiness** (quality of being pithy. शक्ति, **Pithless** (-लॅस्)-*adj.* destitute of निःसार, नीरस।

Pithy-पिथि-*adj.* forcible, energetic, तेजस्वी।

Pithecoid-पि-थी'-कॉइड्-*adj.* ape-like समान।

Pitiable-पि-टि-ऍ-बल्-*adj.* deserving

miserable. दया-योग्य, दीन; **Pitiableness** (-नॅस्) *-n.* state of being pitiable. दयालुता; **Pitiably** (-ऍब्-लि) *-adv.* in a pitiable manner. दया से, दीनता से।

Pitiful-पि-टि-फ़ुल *-adj.* compassionate. करुणामय, दयापूर्ण; **Pitifully** (-फ़ुलि) *- adv.* compassionately. दयालुता से, कृपा से; **Pitifulness** (-नस्) *-n.* the quality of being pitiful. दयालुता, करुणा।

Pitiless-पि-टि-लॅस् *-adj.* merciless. निर्दय, क्रूर; **Pitilessly** (-लि) *-adv.* mercilessly. निर्दयता से; **Pitilessness** (-नॅस्) *-n.* the quality of being pitiless. निर्दयता।

Pitman-पिट्'-मॅन् *-n.* a worker in a pit. गड्ढे में काम करनेवाला।

Pittance-पिटन्स् *-n.* an allowance or remuneration, a small quantity. पारिश्रमिक, अल्प परिमाण।

Pitted-पि-टॅड् *-adj.* marked with small hollows. छोटे-छोटे छिद्रोंवाला।

Pituitary - पि-ट्यू'- इटरि *adj.* of phlegm, mucous. कफ़ निकालनेवाला, कफ़-सम्बन्धी।

Pity-पिटि *-n.* a feeling of tenderness, compassion. दया, करुणा; *- v. t.* (*p. t.* **Pitied.**) to feel pity for. दया करना, कृपा दिखलाना; **For pity's sake** (in sympathy for.) दया करके; **To take pity on** (to have compassion on.) दया करना; **What a pity!** (ground for regret.) अरे क्या आपत्ति आ गई!

Pityingly-पिटिइङ्ग्-लि *-adv.* with sympathy. दया से।

Pivot-पिव़ट *-n.* a pin or short shaft on which something revolves, the central point. चूल या कील जिस पर कोई यन्त्र घूमता है, प्रधान आधार; *-v. t.* (*p. t.* **Pivoted.**) to place on a pivot. चूल लगाना।

Pivotal-पि-व़ट-ल़ *-adj.* pertaining to a pivot. चूल का।

Pixy, Pixie-पिक्सि *-adj.* similar to a fairy. परी के समान।

Pizzle-पि-ज़ूल *-n.* the male copulative organ of animals. पशुओं का शिश्न या लिङ्ग।

Placability-प्लॅकॅबिलिटि, **Placableness** (-नॅस) *-n.* the quality of being appeasable. क्षमाशीलता।

Placable-प्लॅक्-ऍ-बूल *-adj.* what may be easily appeased, mild. क्षमाशील, आराध्य, सहज में सन्तुष्ट होनेवाला; **Placably** (-ऍ-ब्लि) *- adv.* mildly. क्षमाशील ढङ्ग से।

Placard-प्लॅकार्ड' *s.* a printed paper for posting up, a poster. घोषणापत्र, विज्ञापनपत्र; *-v. t.* to notify by a placard. दीवार पर विज्ञापन चिपकाना।

Placate-प्लॅ-केट्' *-v. t.* to conciliate, to appease. शान्त करना, सान्त्वना देना।

Place-प्लेस् *-n.* locality, part of space, grade, city or town, dwelling, building, calling, residence, occupation. स्थान, भूमि, पद (अधिकार), निवासस्थान, नगर, घर, उद्यम, प्रसङ्ग; *- v. t.* to put in a particular place, to fix. नियुक्त करना, स्थिर करना (लगाना); **In one place** (somewhere.) कहीं पर; **In the first place** (firstly.) पहली बार; **In the next place** (secondly.) और भी; **Out of place** (inappropriate, unsuitable.) अनुचित, अयोग्य; **Place for dancing** (a dancing-hall.) नृत्यशाला; **Place of honour** (place of renown.) गौरव का स्थान; **Place of worship** (a temple &c.) पूजागृह; **To give place to** (to give room to.) स्थान देना; **To take place** (to happen.) घटना होना; **To take the place of** (to be substituted for.) स्थान में रखना।

Placenta-प्लॅसॅन्ट्-आ *-n.* the nourishing tube of the foetus. खेड़ी, नाल; **Placental** (-टल) *-adj.* pertaining to placenta. नाल सम्बन्धी।

Placet-प्लॅ-सॅट् *-n.* an affirmative vote. स्वीकृति की अनुमति (वोट)।

Placid-प्लॅ-सिड् *-adj.* mild, gentle, serene. शान्त, प्रसन्नचित्त, गम्भीर; **Placidity** (-इटि) *-n.* calmness. शान्ति; **Placidly** (-लि-) *-adv.* gently, calmly. शान्तिपूर्वक, सन्तोष से; **Placidness** (-नस्) *-n.* state of being placid. गम्भीरता।

Placket-प्लॅ-कॅट् *-n.* a pocket in a woman's shirt. स्त्रियों की कुरती में का जेब।

Placoid - प्लॅकॉइड् *- adj.* of the shape of a plate. थाली की शकल का।

Plagiarism-प्ले'-जिअरिज़्म् *-n.* a literary theft. ग्रन्थ की चोरी; **Plagiarist** (-इस्ट्) *-n.* one who copies without acknowledgement. ग्रन्थ-चोर।

Plagiarize-प्ले'-जिअरा-इज़् *-v. t.* to use another's thoughts, inventions, writings &c. as one's own. किसी के विचार, आविष्कार, लेख इत्यादि का प्रयोग अपना कहकर करना।

Plagiary-प्ले - जिअरि *- n.* a literary theft. साहित्य की चोरी

Plague-प्लेग् *-n.* a fatal infectious disease, a divine punishment, pestilence, nuisance, vexation, trouble, moral corruption. महामारी दैवी कोप, उत्पात, कंटक, आचारभ्रष्टता; *-v. t.* to vex, to tease. पीड़ा देना, कष्ट देना।

Plaguy-प्लेगि-*adj.* vexatious. दुःखदायी।

Plaid-प्लेड्-*n.* a long piece of woollen cloth. पट्टू; **Plaided** (-एड्)-*adj.* wearing a plaid. पट्टू का बना हुआ वस्त्र पहिने हुए।

Plain-प्लेन्-*adj.* & *n.* clear, smooth, level, simple, evident, not intricate, not coloured, a large tract of level ground. स्पष्ट, चिकना, समतल, सरल, सुगम, अकुटिल, बिना रङ्ग का, समतल भूमि; **Plain dealing** (sincere behaviour.) सरल (निष्कपट) व्यवहार; **Plain-hearted** -*adj.* of frank disposition. सरल चित्तवाला; **Plain-spoken** -*adj.* speaking frankly. स्पष्टवक्ता; **Plainly** (-लि)-*adv.* in a plain manner. स्पष्ट रूप से, बिना कपट के; **Plainness** (-नेस्)-*n.* the quality of being plain. स्पष्टता, सरलता।

Plaint-प्लेन्ट्-*n.* accusation, charge, lamentation. अभियोग, नालिश, विलाप।

Plaintiff-प्लेन्टिफ्-*n.* a person who brings charge against another in a law-court. वादी, अभियोगी, मुद्दई।

Plaintive-प्लेन्टिव्-*adj.* expressing sorrow, mournful, sad. दीन, दुःखी, विलापी, शोकाकुल; **Plaintively** (-लि)-*adv.* in a sorrowful manner. करुणा से, दीनता से; **Plaintiveness** (-नेस्)-*n.* the quality of being plaintive. शोकाकुलता।

Plait-प्लेट्-*n.* a fold or crease in cloth, interlaced strands of hair, braid. कपड़े की तह, चुनन, चोटी;-*v. t.* to braid, to fold. गूँथना, तह करना, चोटी करना।

Plan-प्लॅन्-*n.* a drawing, a design, a scheme or project. चित्र-लेखन, नकशा, कल्पना या उपाय;-*v. t.* (*p. t.* **Planned.**) to devise, to make a scheme, to make a sketch of. कल्पना करना, उपाय रचना, नकशा बनाना।

Planch-प्लॅन्श् (-च्)-*n.* a slab used in enamelling. पालिश करने का बट्टा;-*v. t.* to cover with boards. तख्तबन्दी करना, लकड़ी के तख्ते से पाटना।

Planchet-प्लॅन्शिट्-*n.* a plain circular piece of metal of which a coin is made. सिक्का बनाने के लिये धातु का सादा गोल टुकड़ा।

Planchette-प्लॅन्शेट्-*n.* a small heartshaped board used in psychological experiments. पहियादार लकड़ी का छोटा टुकड़ा जिसमें पेंसिल लगी होती है, जिसपर हाथ रखने से मन में विचारी हुई बात इसके नीचे रक्खे हुए कागज़ पर लिख जाती है।

Plane-प्लेन्-*n.* an even or level surface, a carpenter's tool for smoothing, the wings of an aeroplane, an aeroplane, बढ़ई का रन्दा, हवाई जहाज के पंख, हवाई जहाज; -*v. t.* to make even or smooth. बनाना, रन्दना;-*v.i.* to travel by an aeroplane. हवाई जहाज से यात्रा करना;-*adj.* even, चौरस, समतल; **Jack-plane** (a large plane used by joiners.) बड़ा रन्दा; **Trying plane** (a carpenter's small smoothing instrument.) छोटा रन्दा; **Plane-iron** the cutter of a plane. रन्दे का तेग।

Planer-प्लेनर्-*n.* a planing instrument. करने का औजार।

Planet-प्लॅनेट्-*n.* a heavenly body revolving round the sun. ग्रह; **Minor planet** (a satellite.) उपग्रह; **Passage of a planet** संक्रान्ति, ग्रहपथ; **Planet-stricken** (bewildered, terrified.) डरा हुआ, घबराया हुआ।

Planetary - प्लानेटरि -*adj.* pertaining to a planet. ग्रह सम्बन्धी; **Planetary hour** (one twelfth part of a day or night) या रात का बारहवाँ हिस्सा; **Planetary system** (the solar system.) ग्रह-मण्डल।

Planetoid-प्लॅनेटॉइड्-*n.* a small planet. ग्रह, उपग्रह।

Plangency-प्लॅन्-जेन्सि-*n.* vibration. झन्नाहट।

Plangent-प्लॅन्-जेन्ट्-*adj.* thrilling. वाला, कँपानेवाला।

Plani - प्ले-नि - *pref.* in sense of "level or smooth." "समतल या चिकना" अर्थ का

Planimeter-प्लॅ-नि-मिटर् -*n.* an instrument for measuring the area of a plane figure. समतल आकृति का क्षेत्रफल निकालने का यन्त्र।

Planish-प्लॅनिश्-*v. t.* to flatten smooth, to polish with a roller. चिकना करना, चिपटा करना, रोलरसे पालिश करना; **Planisher** (-अर्)-*n.* one who planishes. करनेवाला।

Plank-प्लॅङ्क्-*n.* a long flat piece of timber. काष्ठफलक, तख्ता;-*v. t.* to cover with planks. तख्ता बैठाना, तख्ताबन्दी करना।

Planner-प्लॅनर्-*n.* one who forms a plan. कल्पना करनेवाला।

Plano-प्लेन्-अ-*pref.* in sense of "level on one side." उपसर्ग जिसका अर्थ "एक ओर होता है; **Plano-convex** (flat on one side and convex on the other.) ऐसा ओर चौरस तथा दूसरी ओर उभड़ा हो।

Plant-प्लॅन्ट्-*n.* a vegetable organism, implements, machinery. वनस्पति (पौधा,

(न्त);-v. t. to place under earth. भूमि में जमाना या गड़ना; To plant in (to fix firmly.) जमाना; To plant oneself (to be settled.) स्थापित होना; To plant out (to transfer a plant to the ground.) पौधे को एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह लगाना।

Plantable-प्लॅन्टॅबल्-*adj.* able to be planted. जमाने योग्य।

Plantain-प्लॅन्'-टेन्-*n.* a plant with broad flat leaves. कदली, केला।

Plantation-प्लान्टेशन्-*n.* the act of planting, a planted place. खेती, बगीचा, खेत।

Planter-प्लॅन्टर्-*n.* the owner of a plantation, one who plants. खेत का मालिक, बगीचा लगानेवाला।

Plantigrade-प्लॅन्'-टि-ग्रेड्-*adj.* of an animal that walks on the soles of its fet. पञ्जे के बल चलनेवाले प्राणी का।

Plantlet-प्लॅन्ट्'-लॅट्-*n.* a small plant. छोटा पौधा।

Plantlike-प्लॅन्ट्' - लाइक् - *adj.* similar to a plant. वनसाति के सदृश।

Plaque-प्लॅक् - *n.* an ornamented metal tablet. धातु का सजा हुआ टुकड़ा।

Plash-प्लॅश्-*n.* a marshy pool, puddle, splash. दलदली गड़ही, छोटा सरोवर, छींटा; -*v. t. & i.* to splash, to sprinkle with colour. पानी का छींटा देना, रङ्ग छिड़कना; **Plasher** (-अर्) -*n.* छींटा देनेवाला; **Plashing** (-इङ्ग्) -*n.* act of sprinkling. छींटा देने का कार्य; **Plashy** (-इ) -*adj.* (full of puddles.) दलदलों से पूण।

Plasm-प्लॅज़्म्-*n.* the living matter of a cell. जीवाणु; **Plasmic** (-इक्) - *adj.* pertaining to plasma. जीवाणु-सम्बन्धी।

Plasma-प्लॅज़्-मॉ-*n.* the colourless coagulable part of blood. रक्त का बिना रङ्ग का जमनेवाला भाग; **Plasmatic** (-मॅटिक्)-*adj.* formative. इस तत्त्व से सम्बन्धित।

Plasmology-प्लॅज़्-मॉ-लॅ-जि-*n.* the study of the ultimate corpuscles of living matter. जीवाणु की कोशाओं का अध्ययन।

Plaster-प्लॅस्टर् - *n.* a curative application spread on paper or cloth, a plastic mixture for spreading on walls. पलस्तर, लेप, दीवार पर लगाने का मसाला; -*v. t.* to cover with plaster. पलस्तर करना; **Plasterer** (-अर्) -*n.* one who works in plaster. पलस्तर करनेवाला; **Plastering** (-इङ्ग) -*n.* act of overlaying with plaster. पलस्तर करने का कार्य।

Plastic-प्लॅस्-टि-क्-*adj.* capable of being moulded, pliant. साँचे में ढालने योग्य, नवाने योग्य; **Plastic art** (sculputure.) मूर्ति बनाने की कला।

Plasticine-प्लॅस्टिसीन् - *n.* modelling clay. मूर्ति बनाने की मिट्टी।

Plasticity - प्लॅस्टिसिटि-*n.* the quality of being plastic. कोमलता।

Plat-प्लॅट्-*n.* a plot of ground. भूमि का टुकड़ा; -*v. t.* to plait. गूथना, बुनना।

Plate-प्लेट्-*n.* a flat sheet of metal of even surface, a thin sheet of glass, a domestic utensil of metal, a shallow circular vessel. धातु की चद्दर, शीशे की टट्टी, थाली, रिकाबी; -*v. t.* to cover with plates. चद्दर बैठाना; **Electroplate** (articles covered with electrodeposition of metals.) बिजली द्वारा धातु चढ़ा हुआ; **Name-plate** (a metal plate with a name.) नाम लिखी हुई पट्टी; **Plated** (-टॅट्)-*adj.* electroplated. मुलम्मा किया हुआ; **Plateful** (- प्लेट्' - फ़ुल)-*adj.* (as much as a plate can hold.) थाली भर; **Plateless** (प्लेट्' - लॅस्) -*adj.* devoid of plates. बिना चद्दर का; **Plate-powder** (-प्लेट्'-पाउ-डर्) -*n.* (a powder for polishing gold & silverware.) चाँदी-सोने के पात्रों को चमकाने की बुकनी; **Plater**-प्लेटर् -*n.* one who electroplates. बिजली द्वारा सोने-चाँदी की कलई चढ़ानेवाला; **Plate-rack** (-प्लट्'-रॅक्)-*n.* (a cupboard for displaying plates &c.) थाली सजाने की अलमारी।

Plateau-प्लॅ-टो'-*n.* (*pl.* **Plateaus, Plateaux** -ओज़्) a tableland. पठार, ऊँची चौरस भूमि।

Platen, Platten-प्लॅटन् - *ns.* the part in a printing-press or a typewriter which holds the paper while being printed. छापे की कल अथवा टाइपराइटर का वह भाग जो छपते समय कागज़ को पकड़े रहता है।

Platform-प्लॅट्'-फ़ॉर्म्-*n.* a raised level surface, stage, dais. ऊची समतल भूमि, चबूतरा, मचान; -*v. t.* to place on a dais. चबूतरे पर रखना; -*v. i.* to speak from a platform. मञ्च पर चढ़कर व्याख्यान देना; **The platform** (a public lecture.) व्याख्यान, वक्तृता।

Platina-प्लॅटिना-*n.* platinum. प्लैटिनम् धातु; **Platinic** (-इ-निक्) -*adj.* of platinum. प्लैटिनम धातु का।

Plating-प्ले-टिङ्ग्-*n.* the act of coating something with gold or silver. सोने या चाँदी का मुलम्मा।

Platinoid-प्लॅटिनॉ-इ-ड्-*n.* a white alloy. एक सफेद मिश्रित धातु।

Platinotype-प्लॅटिनॅ-टाइप्-*n.* a kind of photographic printing process. काले रंग का स्थायी फ़ोटो छापने की विधि।

Platinum-प्लॅ-टि-नम्-*n* a kind of precious white metal. प्लेटिनम् नामक बहुमूल्य सफेद धातु।

Platitude- प्लॅटि - ट्यूड्-*n*. a commonplace remark, triteness. सामान्य विवरण, तुच्छता।

Platitudinarian- प्लॅटिट्यूडिन रिअन् - *n*. a dealer in platitudes. सामान्य विवरण देनेवाला; **Platitudinize** (-नाइज़्) -*v. t.* to prattle. अनर्थक वार्ता करना; **Platitudinously** (-नस्-लि)-*adv*. in a trite manner. नीचता से, तुच्छता से।

Platonic-प्लॅ-टॉ-निक्-*adj*. of the Greek philosopher Plato, spiritual. प्लेटो नामक तत्त्वज्ञानी-सम्बन्धी, आध्यात्मिक; **Platonic year** (the period of the revolution of equinoxes.) वह समय जिसमें सब ग्रह चक्कर खाकर अपने पूर्व स्थान में आ जाते हैं; **Platonism** (-इज़्म्) -*n*. (the philosophy of Plato.) प्लेटो का आध्यात्मिक सिद्धान्त; **Platonist** (-निस्ट्)-*n*. a follower of Plato. इस सिद्धान्त का अनुयायी।

Platoon-प्लॅटून्-*n*. a small detachment of soldiers. छोटा सैन्यदल।

Platter-प्लॅ-टर्-*n*. a large flat dish or plate. बड़ा थाल।

Plaudit-प्लॉ' - डिट् -*n*. (*usu. pl.*) applause, emphatic approval. प्रशंसा, बड़ाई; **Plauditory** (-अर्-इ) -*adj*. applauding. प्रशंसापूर्ण।

Plausibility - प्लॉज़िबिलिटि - *n*. showiness. दिखावट।

Plausible-प्लॉ' - ज़ि - बुल्-*adj*. praiseworthy, pleasing, fair,-seeming, popular, acceptable. प्रशंसनीय, सुखद, सत्य-प्रतीयमान, लोकप्रिय, स्वीकार्य; **Plausibly** (- ज़िब्' - लि)-*adv*. apparently, with applause. दिखावट में, प्रशंसापूर्वक।

Play-प्ले-*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* **Played.**) to flutter about, to sport, to discharge, to perform, to frolic, to employ oneself in a game. क्रीड़ा करना, खेलना, कूद-फाँद मचाना, विहार करना, क्रीड़ा में सम्मिलित होना; -(*pl.* **Plays.**) brisk movement, jest, recreation, a dramatic piece, gambling. क्रीड़ा, परिहास, दिल्लगी, खेल, नाटक, जुआ; **In play** (in joke.) हँसी में; **Out of play** (against the rules of a game.) खेल के नियमों के विरुद्ध; **Plays the woman** (acts like a woman. स्त्री के समान आचरण करता है; **To play fast and loose** (to act unfairly.) छल-कपट करना; **To play foul** (to deceive.) धोखा देना; **To play into the hands of** (to give advantage to the enemy.) शत्रु को सुविधा देना; **To play off** (to oppose.) विरोध करना; **To play on** (to play on a musical instrument.) बाजा बजाना; **To play one's cards well** (to make good use of opportunities.) अवसर का अच्छा उपयोग करना; **Play on words** (a pun.) शब्द-क्रीड़ा; To play with (to cut jokes with.) हँसी उड़ाना; **To play up** (to put full energy into a game.) खेल में पूर्ण शक्ति लगाना।

Playable-प्ले'-ए-बुल्-*adj*. capable of being played. खेलने योग्य।

Play-bill-प्ले'-बिल्-*n*. an advertisement for a drama. नाटक का विज्ञापन।

Play-day-प्ले'-डे-*n*. a holiday, a day given to play. अनध्याय, छुट्टी का दिन।

Play-debt-प्ले' - डेट्-*n*. debt of gaming. जुए का ऋण।

Player-प्ले'-अर्-*n*. one who acts in a drama, a gambler. नाटक खेलनेवाला, जुआरी।

Playfellow-प्ले-फ़ॅ-लो -*n*. a companion in amusement. लड़कपन (खेल) का साथी; **Playground** (-ग्राउन्ड)-*n*. a ground on which games are played. खेलने का मैदान।

Playhouse-प्ले'-हाउस्-*n*. theatre. नाट्यशाला।

Plaything-प्ले'-थिङ्ग्-*n*. a toy. खिलौना।

Playful-प्ले-फ़ुल्-*adj*. sportive. चंचल, खिलाड़ी; **Playfully** (-फ़ुलि) -*adv*. in a sportive manner. हँसी में; **Playfulness** (-नेस्) -*n*. sportiveness. चंचलता, खिलाड़ीपन।

Playing-प्ले' - इङ्ग्-*n. & adj.* the act of playing. खेल, खेल का।

Plea-प्ली-*n*. a formal statement of a defendant, excuse, justification. मौखिक उत्तर, दलील, निमित्त, व्यवहार।

Pleach-प्लीच्-*v. t.* to entwine. लपेटना, गूँथना।

Plead-प्लीड्-*v. i. & t.* to argue for a client in a court, to supplicate with earnestness. अदालत में बहस करना, विनयपूर्वक प्रार्थना करना; **Pleadable** (-ऍ-ब्ल्) *adj*. able to be argued. बहस करने योग्य; **Pleader** (-अर्)-*n*. one who argues in a court. वकील, मुख्तार; **Pleading** (-इङ्ग्)-supporting by arguments. बहस; **Pleadingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv*. by pleading. बहस करते हुए।

Pleasance-प्लॅज़ॅन्स् - *n*. a pleasure-ground. क्रीड़ा-स्थल।

Pleasant-प्लें-ज़ॅन्ट्-*adj* agreeable, delightful. सुखकर, प्रीतिकर, मनोहर, सुहावना; **Pleasantly** (-लि)-*adv*. in an agreeable manner. ...से; **Pleasantness** (-नेस्)-*n*. agreeableness. रमणीयता।

Pleasantry-प्लॅज़न्ट्रि- *n.* jocularity, cheerfulness. आनन्द, हँसी (प्रमोद)।

Please-प्लीज़्-*v. t. & i.* to gratify, to be agreeable to, to be pleased. प्रसन्न करना, तृप्त करना, प्रसन्न होना; **If you please** (if you are pleased to order.) यदि आप कृपा कर आज्ञा दें; **Please yourself** (do as you please.) जैसा रुचे वैसा कीजिए; **Pleasing to the ear** (sonorous.) सुरीला; **Pleased** (-ड्) *-adj.* happy. प्रसन्न।

Pleaser-प्लीज़र्-*n.* one who pleases. प्रसन्न करनेवाला।

Pleasing-प्लीज़िङ्ग्-*adj.* beautiful, agreeable. सुन्दर; **Pleasingly** (-लि)-*adv.* in a pleasing manner. प्रसन्नता से; **Pleasingness** (-नॅस्) -*n.* agreeableness. प्रसन्नता।

Pleasure-प्लझ़र्-*n.* sensuous enjoyment, delight, will, desire. विषय-सुख, आनन्द, सन्तोष, अभिलाषा, इच्छा; **Pleasurable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* affording gratification. आनन्ददायक; **Pleasurableness** (-नॅस्)-*n.* pleasure, delight. आनन्द; **Pleasurably** (-ऍ-ब्लि)-*adv.* with pleasure. आनन्द से; **Pleasureboat** (a boat for pleasure.) क्रीड़ा करने की नाव; **Pleasure-ground** (a recreation ground.) क्रीड़ावन; **Pleasure-house** (a place for enjoyment.) क्रीड़ा-भवन; **Sensual pleasure** (sexual enjoyment.) विषय-सुख, मैथुन जनित आनन्द।

Pleat-प्लीट्-*n.* a fold or crease in a cloth. कपड़े की तह या चुनन।

Plebeian-प्लिबीअन्-*n. & adj.* the common people, popular, base. सामान्य मनुष्य, लौकिक, नीच; **Plebeianness** (-नॅस्)-*n.* popularity. सामान्यता।

Pledge-प्लज्-*n.* security, a thing put as pawn, promise. बन्धक, रेहन, न्यास, प्रतिज्ञा, प्रण; -*v. t.* to deposit as security. बन्धक रखना, ज़मानत देना; **Pledgee** (-ई)-*n.* one to whom anything is pledged. जिसके यहाँ बन्धक रक्खा जाता है; **Pledger** (-अर्)-*n.* one who makes a pledge. रेहन रखनेवाला।

Pleiad-प्लाइ-ऐंड्-*n.* (*pl.* **Pleiads, Pleiades.**) cluster of stars, a group of seven beautiful things. कृत्तिका नक्षत्र, सात सुन्दर वस्तुओं का समूह।

Plenarily-see **Plenary.**

Plenary-प्लीनरि-*adj.* entire, absolute, full. परिपूर्ण, समग्र, पूरा; **Plenarily** (-लि) - *adv.* completely. पूर्णरूप से।

Plenilunar-प्लीनिलूनर्-*adj.* pertaining to the full moon. पूर्ण चन्द्र-सम्बन्धी।

Plenipotence-प्लिनिपॅ-टॅन्स्-*n.* fulness of power. पूर्ण अधिकार; **Plenipotent** (-टॅन्ट्)-*adj.* possessing full powers. पूर्ण अधिकारवाला (दूत)।

Plenipotentiary-प्लिनि-पॅ-टॅन्शरि -*adj. & n.* absolute, an ambassador with full powers. पूर्ण शक्ति-युक्त महादूत।

Plenish-प्लॅ-निश्-*v. t.* to fit out, to furnish. सुसज्जित करना, सजाना।

Plenteous-प्लॅ - न्टि-अस्-*adj.* plentifuf. विपुल, बहुत; **Plenteously**(-लि)-*adv.* in a plenteous manner. परिपूर्णता से; **Plenteousness** (-नॅस्) -*n.* the state of being plenteous. बहुलता, प्रचुरता।

Plentiful-प्लॅन्टि-फुल्-*adj.* copious, abundant. अधिक, समृद्ध; **Plentifully** (-लि) -*adv.* in a plentiful manner. परिपूर्णता से; **Plentifulness** (-नॅस्) -*n.* the state of being plentiful. परिपूर्णता।

Plenty-प्लॅन्'-टि-*n. & adv.* abundance, copiousness. प्रचुरता (समृद्धि), बहुतायत; **In plenty** (in abundance.) बहुतायत से।

Pleonasm-प्ली'-अॅ-नॉज़्म् - *n.* the use of redundant words or expressions. व्यर्थ के अधिक पदों या शब्दों का प्रयोग।

Pleonastic-प्ली'-अॅ-नॉ-स्टिक् -*adj.* redundant in words. निरर्थक शब्दों का; **Pleonastically** (-अलि)-*adv.* with redundancy in words. निरर्थक शब्दों का प्रयोग करते हुए।

Plethora-प्लॅ थॅरॉ, प्लिथॅरॉ-*n.* excess of blood, superabundance. रक्त की अधिक वृद्धि, अधिकता; **Plethoric**(-इक्)-*adj.* pertaining to plethora. रक्तपित्त रोगी का; **Plethorically** (-अलि)-*adv.* in a plethoric manner. रक्त की अधिकता से।

Pleura-प्लू-र्-ऑ-*n.* either of the serous membranes enveloping the lungs. फुस्फुस का आवरण; **Pleural** (-रल्)-*adj.* connected with pleura. इस आवरण-सम्बन्धी।

Pleurisy-प्लूरिसि-*n.* inflammation of the pleura. फुस्फुस के आवरण में शोथ, पार्श्वशूल।

Pleuritic-प्लु-रि-टिक्-*adj.* affected by pleurisy. पार्श्वशूल से पीड़ित।

Plexus-प्लॅक्सस्-*n.* a network of fibres in the body. शरीर में के तन्तुओं का जाल।

Pliability-प्लाइ-ऍबिलिटि-*n.* flexibility. कोमलता, लचीलापन।

Pliable-प्लाइ-ऍ-ब्ल्-*adj.* flexible कोमल, मृदु, लचीला; **Pliably** (-ऍ-ब्लि)-*adv.* in a flexible manner. कोमलता से, लचीलेपन से।

Pliancy-प्लाइ-अन्सि-*n.* flexibility. लचीलापन।

Pliant-प्लाइ-अन्ट्-*adj.* supple, flexible. नवने योग्य, लचीला; **Pliantly** (-लि) -*adv.* in a supple manner. मृदुता से।

Plicate-प्लाइकेॅट्-*adj.* folded. तह किया (मोड़ा) हुआ; **Plication** (प्लिक्-ए-शन्), **Plicature** (-च्-अर्) -*ns.* a fold, folding. तह, मुड़ी हुई अवस्था।

Pliers-प्लाइ - अर्ज़् - *n. pl.* pincers with long laws used for bending wire. तार मोड़ने की मोटे डाँस की सँड़सी।

Plight - प्लाइट्-*n.* condition. दशा, अवस्था, स्थिति; -*v.t.* to pledge one's promise. प्रतिज्ञा करना, रेहन रखना; **Sorry plight** (bad condition.) दुर्दशा, दुर्गति।

Plighter - प्लाइटर् - *n.* one who pledges. गिरवी रखनेवाला।


Pliers.

Plimsoll-प्लिम्′-सॉल् -*n.* cheap rubber-soled canvas shoes. रबड़ के तल्ले का सस्ता किरमिच का जूता।

Plinth- प्लिन्थ्-*n.* the flat square member at the base of a column or wall. खम्भे का चौखूँटा निचला भाग, इमारत में का बन्द।

Plod-प्लॉड्-*v. t.* (*p. t.* **Plodded.**) to work laboriously, to drudge. निरन्तर परिश्रम करना, धीरे-धीरे चलना।

Plodder-प्लॉ- डर् - *n.* a steady worker. स्थिर उद्योगी।

Plodding-प्लॉ′-डिङ्ग्-*adj.* laborious. परिश्रमी; **Ploddingly** (-लि)-*adv.* in a plodding manner. मन्द गति से।

Plop-प्लॉप् -*n.* sound made by the fall of a smooth object on water. जल में छपाके का शब्द।

Plot-प्लॉट् - *n.* a piece of ground, plan of a poem or story, a secret design. भूमिप्रदेश (क्षेत्र), कथावस्तु, कूटप्रबन्ध; -*v. t.* (*p. t.* **Plotted.**) to devise, to make a plan. कपटप्रबन्ध की रचना करना, उपाय करना; **To plot against** (to conspire against.) द्रोह करना, जाल रचना।

Plotless - प्लॉट् - लेॅस् - *adj.* without secret designs. बिना कूटप्रबन्ध (बन्दिश) का।

Plotter-प्लॉ-टर् - *n.* a conspirator. द्रोह करनेवाला, षड्यन्त्रकारी।

Plough-प्लाउ - *n.* an implement for cutting up furrows in soil and turning it up. हल; -*v. t.* to turn up soil with the plough. हल जोतना; **Body of a plough** हरीस; Ha **of a plough** (plough-tree.) परिहत; **row made by a plough** हराई; **Plou man** (one who ploughs.) हलवाहा; **Plou share** (the pointed shoe in a which cuts soil.) हल, की धार फा; **plough the sand** (to do useless निरर्थक कार्य करना।

Plover - प्लव़र् - *n.* a kind of bird. एक की बुलबुल के आकार की चिड़िया।

Ploy-प्लॉय्-*n.* occupation, job. व्यवसाय,

Pluck-प्लक् - *n.* a twitch, the heart, liver lungs, failure in examination, ऐंठन, हृदय, फेफड़ा और प्लीहा, परीक्षा में फलता, साहस, वीरता ; -*v. t. & i.* with sudden force. तोड़ना, नोचना ड़ना; **Plucked** (-ड्)-*adj.* unsuccessful examination. असफल, फेल; **Pluckily** *adv.* in a plucky manner. वीरता से; **ness** (-इ-नेॅस्)-*n.* energy, courage. उत्साह; **Pluckless** (-लस्)-*adj.* उत्साहहीन; **Plucky** (-इ)-*adj.* energetic

Plug-प्लग्-*n.* a piece of wood fitting hole. डट्टा, ठेपी; - *v. t.* (*p. t.* Plugged to stop with a plug. डट्टा लगाना, बंद करना।

Plum-प्लम् -*n.* a sweet fleshy fruit pointed stone. बेर; **Plummy** (-मि full of plums, desirable. बेरों से भरा रोचक।

Plumage-प्लू-मेॅज् - *n.* a bird's पक्षी के पर ; **Plumaged** (-ड्) ered. परदार।

Plumassier-प्लू′-मा-सीर्-*n.* one who ornamental plumes. रंग-बिरंगे पर बेचने

Plumb-प्लम्-*n.* a ball of lead or ched to a plumb-line. लम्ब, साहुल perpendicular. लम्बरूप खड़ा या सीधा to set in a perpendicular direction sound the depth of sea. सीधा करना की गहराई नापना;-*adv.* perpendicularly बल, बिलकुल सिधाई से; **Out of plumb** perpendicular.) साहुल में नहीं।

Plumbago-प्लम्-बे′- गॉ-*n.* a kind of lead used in making pencils. पेंसिल का काला सीसा।

Plumbeous- प्लम्-बि′-अस -*adj.* stupid lead. मूर्ख, सीसे के समान।

Plumber - प्लम्′ - अर् -*n.* one who works in repairs pipes, one who

पानी का नल बैठाने या मरम्मत करनेवाला, सीसे का काम करनेवाला।

Plumbic-प्लम्'-बिक् *-adj.* combined with lead. सीसे का मिश्रण किया हुआ।

Plumbing-प्लमिङ्ग्-*n.* the art of working in lead. सीसे का काम करने की कला।

Plumbism-प्ल-म्बि-ज़्म् *-n.* lead poisoning. सीसे के विष का प्रभाव पड़ना।

Plumb-line-प्लम-लाइन् *-n.* a string with a pointed heavy ball attached to it, used by masons for determining the vertical position of a wall. साहुल।



Plumb-line

Plume-प्लम् *-n.* a feather, ornamental feather attached to a helmet &c. पंख, कलँगी, पर;-*v. t.* to adorn with feathers, to boast. पर लगाना, श्लाघा (गर्व) करना; **Court-plume** (ostrich feathers.) शुतुरमुर्ग का पर; **To plume oneself upon** (to be proud of.) गर्व करना।

Plumeless-प्लूम्-लेॅस् *-adj.* devoid of plumes. पंखहीन।

Plumelet-प्लूम्'-लेॅट् *-n.* a little feather. छोटा पर।

Plume-like-प्लूम्'-लाइक्-*adj.* like a plume. पर की तरह का।

Plummet-प्लमेॅट्-*n.* a weight of lead attached to a plumb-line for sounding, obstructive weight. जल की गहराई नापने का सीसे का कङ्गर, रोकनेवाला भार।

Plumose-प्लूमोस्-*adj.* feathered, like feathers. परदार, पर के सदृश।

Plump-प्लम्प् *-adj.* fleshy, fat, full. स्थूल, मोटा, भरा हुआ; *-v. t.* to fatten, to extend, to swell मोटा करना, बढ़ाना, फुलाना;-*v. i.* to dive. गोता लगाना; *-adv.* falling straight downward, suddenly. सीधे-सीधे गिरता हुआ, अचानक; **Plumply** (-लि)-*adv.* fully. पूर्ण रूप से, गोल रूप से; **Plumper** (-अर्) *-n.* a ball or disk carried in the mouth to swell the cheeks, an unqualified lie. गाल फुलाने के लिए मुँह में रखने की गोली, सर्वथा असत्य वार्ता; **Plumpiness, Plumpness** (-नेॅस्) *- ns.* fullness of skin. स्थूलता, मोटापन; **Plumpy** (-इ) *-adj.* plump, fat. स्थूल, मोटा।

Plumy-प्लूमि *-adj.* (*comp.* **Plumier**, *sup.* **Plumiest.**) like a feather, adorned with plumes. पर के सदृश, परों से सजा हुआ।

Plunder-प्लन्डर् *-v. t.* to rob, to pillage, to steal. डाका डालना, लूटना, चुराना;-*n.* booty, pillage. लूट, चोरी।

Plunderage-प्लन्डरेॅज् *-n.* embezzling goods on board a ship. जहाज़ पर की सामग्री लूटना।

Plunderer-प्लन्डरर्-*n.* a robber. लुटेरा, डाकू। **Plundering** (प्लन्डर्-इङ्ग्)-*n.* robbery. लूट, डाकूपन।

Plunge-प्लन्ज्-*v. t. & i.* to immerse, to sink, to dive, to enter impetuously, डुबाना, डूबना, गोता लगाना, धृष्टता से प्रवेश करना; *-n.* the act of plunging. डुबकी; **Plunged** (-ड्)-*adj.* immersed. लीन (डुबकी लगाये हुए); **Plunger** (-अर्) *-n.* one who dives. डुबकी लगानेवाला (गोताखोर); **Plunging** (-इङ्ग्)--*n.* firing down on an enemy. शत्रु को गोलियों से मारना।

Plunket-प्लङ्-केॅट्-*n.* a kind of blue colour. एक प्रकार का नीला रंग।

Pluperfect-प्लू'-पर्'-फ़ेॅक्ट्-*adj.& n.* of a tense expressing an action completed prior to some past time. पूर्णभूत काल का, ऐसा काल।

Royalty-रॉयल्टि -*n.* sovereignty, domains, members of the Royal family, power of a king or queen, tax paid to Crown, money paid to the owner of patent for the sole use of it, a payment to the author proportional to the sale of the book. राजत्व, राजकुल, राज्याधिकार, पदार्थ को सुरक्षित रखने के लिये प्रदत्त ग्रन्थकर्ता की पुस्तक की बिक्री के अनुपात से सार दिया गया शुल्क।

Rub-रब्-*v. t.* (*p. t.* **Rubbed.**) to sub a thing to friction, to clean or to pol or to smooth by friction, to eras grind, to sharpen, to chafe, to irrita fret, to meet a difficulty, to come in tact, to scour, to wipe. घिसना, रगड़ना, करना, चमकाना या चिकना बनाना, पीसना, सान देना, रगड़ना, नाराज़ होना करना, नाक-भौं चढ़ाना, कठिनाई का करना, भिड़ना, बूकना, पोंछना;-*n.* the rubbing, an impediment, a diffi inequality, uneven place, a hitch, an ing remark, act of meeting an impedi or difficulty. रगड़, बाधा, कठिनाई, उबड़-खाबड़ जगह, हिचक, चिढ़ानेवाली बाधा या कठिनाई का सामना।

Rub-a-dub-रब्'-अ-डब्'-*n.* the sound drum. ढोल पीटने का शब्द;-*v. i.* to ma rolling sound. ऐसा शब्द करना।

Rubbish-र-बिश्-*n.* waste material, a less thing, refuse, nonsense. तुच्छ निःसार द्रव्य, मल, कूड़ा-करकट।

Rubble-र-ब्ल्-*n.* pieces of undressed fragments of bricks or stone. बिना पत्थर के टुकड़े, ईंट या पत्थर के टुकड़े।

Rubefacient-रूबिफ़ेशन्ट् -*adj.* turning making red. लाल रंग होने या करनेवाला

Rubefaction-रुबिफ़ैक्शन् -*n.* the work of rubefying. रगड़कर लाल करने की विधि ।

Rubefy-रु-बि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Rubefied.**) to make red by rubbing. रगड़कर लाल करना ।

Rubeola-रु-बी'-ॲ-ला - *n.* the measles. छोटी शीतला नामक रोग ।

Rubescent-रु-बे'-सेॅन्ट्-*adj.* growing or becoming red. लाल होनेवाला ।

Rubicelle-रू'-बिसेॅल् - *n.* kind of ruby. एक प्रकार का माणिक रत्न ।

Rubicund-रू'-बिकन्ड् - *adj.* ruddy. (लाल) गुलाबी रंग का (चेहरा); **Rubicundity** (-इटि) -*n.* inclining to redness. लाली, सुर्खी ।

Rubidium-रु-बिडि-अम्-*n.* a kind of metal. एक विशिष्ट प्रकार की धातु ।

Rubification-रू'-बि-फ़िकेॅशन् - *n.* the act of making red. लाल करने का कार्य ।

Rubiform-रू'-बि-फ़ार्म्-*adj.* of red appearance. लाल रंग का ।

Rubify-रू-बि-फ़ाइ' -*v. t.* (*p. t.* **Rubified.**) to make red. लाल करना ।

Rubiginous-रु-बि-जिनस् - *adj.* of the colour of rust. मुर्चे के रंग का ।

Rubric-रू'-ब्रिक्-*n.* the heading of a chapter or special passages printed in red or in conspicuous types. अध्याय के विषय-सूचक शब्द अथवा विशेष वाक्य जो लाल रोशनाई में छपे हों ।

Rubrical-रू'-ब्रिकल् - *adj.* marked with red letters, pertaining to red colour. लाल अक्षरों द्वारा अङ्कित, लाल-रंग-सम्बन्धी ।

Rubricate-रू'-ब्रिकेट्' - *v. t.* to write in red ink. लाल रोशनाई से विशेष वाक्यों को लिखना; **Rubrication** (-शन्) - *n.* writing in red. लाल स्याही से लिखाई ।

Ruby-रू'-बि-*n.* (*pl.* **Rubies.**) a precious stone of red colour, a kind of small type. लाल मणि, माणिक, एक प्रकार का छापे का महीन टाइप;-*v. t.* (*p. t.* **Rubies.**) to colour red. लाल रँगना ।

Ruche-रूश् - *n.* a plaited frill. पट्टीदार झालर;-*v. t.* to trim with ruche. ऐसे झालर से सजाना ।

Ruck-रक्-*n.* a heap, a ruffle. ढेर, झालर;-*v. t.* to crease. झालर बनाना ।

Ruckle-रक्'-ल - *v. i.* to rattle, to gurgle. खड़खड़ाना; - *n.* the rattling or gurgling sound by a dying person. मरते हुए मनुष्य के गले का गड़गड़ शब्द ।

Rucksack-रक्'-सैक् - *n.* a bag hung by straps for carrying necessary articles. सामान रखने के लिये कन्धे पर से तस्मों से लटकता हुआ बेग ।

Ructation-रक्टेॅशन् - *n.* act of belching wind from stomach. पेट से वायु निकालना, डकार ।

Ruction-रक्शन् - *n.* an uproar, disturbance. कोलाहल, उपद्रव ।

Rudd-रड् - *n.* a kind of fresh-water fish. मीठे पानी की एक प्रकार की मछली ।

Rudder-र-डर्-*n.* a wooden or metallic appliance for steering a ship or boat. नाव या जहाज की पतवार; **Rudderless** (-लेॅस) - *adj.* having no rudder. बिना पतवार का ।

Ruddied-र-डि-ड् - *adj.* made red. लाल किया हुआ ।

Ruddily-र - डि - लि - *adv.* in a healthy manner. आरोग्य से ।

Ruddiness-र-डि-नेॅस् - *n.* the state of being ruddy. गुलाबीपन ।

Ruddle-र-डल्-*n.* red chalk, red ochre. लाल खड़िया, हिरौंजी मिट्टी ।

Ruddock-र-डक्-*n.* the red-breasted robin. लाल छाती की एक चिड़िया ।

Ruddy-र-डि - *adj.* (*comp.* **Ruddier,** *sup.* **Ruddiest.**) rosy, red, healthy. गुलाबी, लाल, आरोग्य ।

Rude-रूड्-*adj.* (*comp.* **Ruder,** *sup.* **Rudest.**) rough, rugged, uncivilized, coarse, artless, savage, violent. अविनीत, उद्धत, असभ्य, अशिक्षित, रूक्ष, कठोर, धृष्ट ।

Rudely-रूड्' - लि - *adv.* in a rude manner. असभ्यता से, धृष्टता से; **Rudeness** (-नेॅस)-*n.* coarseness of manners, ignorance. धृष्टता (अशिक्षितता), गँवारपन ।

Rudiment-रू'-डि-मेॅन्ट्-*n.* the first principles of a subject, imperfect beginning of something. मूल तत्त्व, प्रारम्भ ।

Rudimental-रुडिमेॅन्टल् - *adj.* pertaining to first principles. मूल या मूल सिद्धान्त या प्रारम्भ-सम्बन्धी ।

Rue-रू-*v. i.* to repent, to regret, to lament. अनुताप करना, शोक करना, पछताना;-*n.* repentance, regret, sorrow, pity, a kind of evergreen shrub used in medicine. पछतावा, पश्चात्ताप, दुःख, दया, औषध (दवा) के रूप में प्रयुक्त एक प्रकार का दुर्गन्धित पौधा; **Rueful** (-फ़ुल)-*adj.* mournful. शोकार्त, उदास; **Ruefully** (-फ़ुलि) -*adv.* mournfully उदासी-

नता से, पछतावे से; **Ruefulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the state of being mournful. पछतावा ।

Ruff-रफ़्-*n.* (*fem.* Reeve.) a frill of linen worn round the neck, a bird allied to the sandpiper, a kind of fish, a kind of card game. एक प्रकार का गुलूबन्द, कठफोड़वे की तरह की एक चिड़िया, एक प्रकार की मछली, ताश का एक प्रकार का खेल; -*v. t. & i.* to applaud by ruffling. पर पटककर आनन्द दिखलाना ।

Ruffian-र-फ़िअन् -*n.* a lawless brutal person, a robber, a murderer. आततायी, लुटेरा (डाकू), हत्यारा; **Ruffianism** (-इज़्म्) - *n.* lawless conduct. हत्यारापन; **Ruffianly** (- लि)-*adj.* violent. हत्यारा ।

Ruffle-र-फ़ल् - *v. t. & i.* to disturb the tranquillity of, to agitate, to lose calmness, to behave in an arrogant manner, to throw into disorder, to become rough. शान्ति में विघ्न डालना, व्याकुल करना, उद्विग्न करना, शान्ति खोना, रुखाई से व्यवहार करना, अव्यवस्थित कर देना, क्रोधित होना;-*n.* a frill of lace, disturbance, agitation, dispute, low beat of drum. झालर, अशान्ति, उद्वेग, ढोल का धीमा शब्द; **Ruffled** (-ड्)-*adj.* disturbed, agitated. व्याकुल ।

Ruffler-र - फ़्लर् - *n.* a swaggerer, a beggar posing as a maimed soldier. उद्विग्न करनेवाला, लँगड़े या लूले सैनिक का बहाना करनेवाला भिखारी ।

Ruffling-र-फ़्लिङ्ग् - *n.* mental disturbance, low sound of a drum. उद्विग्नता, ढोल का मन्द शब्द ।

Rufous-रू' - फ़स् - *adj.* of reddish brown colour. लाल भूरे रङ्ग का ।

Rug-रग्-*n.* a coverlet of thick wool. कम्बल, लोई, धुस्सा ।

Rugate-रू'-गेट्-*adj.* wrinkled, with ridges. झुर्री पड़ा हुआ, किनारदार ।

Rugged-र - गेड् - *adj.* rough, of uneven surface, harsh, shaggy. रूक्ष, ऊँचा-नीचा, कर्कश, विषम; **Ruggedly** (-लि)-*adv.* in a rugged manner. रुखाई से; **Ruggedness** (-नेस्) -*n.* coarseness, roughness. रूक्षता, कर्कशता ।

Rugose-रू'-गो - स् - *adj.* wrinkled. झुर्रीदार; **Rugosely** (-लि)-*adv.* in a wrinkled form. झुर्रीदार रूप में से ।

Rugosity-रू-गॉ-सिटि - *n.* the state of being wrinkled. झुर्रीपन ।

Ruin-रू'- इन् - *n.* downfall, ruined destruction, overthrow; **Ruins**-*n. pl.* remains of a building, structure &c. (क्षय, विध्वंस), विनाश, बर्बादी, (इ० इ० इत्यादि का टूटा-फूटा अंश; -*v. t. & i.* to de troy, to impoverish, to demolish, to into ruins. नाश करना, निर्धन बनाना, इना, नष्ट होना; **Ruined** (-ड्) *adj.* destroyed नष्ट किया हुआ, क्षीण, जर्जर ।

Ruinate-रू' - इनेट् - *v. t.* to destroy, demolish. नष्ट करना, विध्वंस करना; **Ru tion** (-नेशन्)-*n.* demolition, overthrow विध्वंस, नाश ।

Ruinous-रू'-इनस् -*adj.* bringing to decayed. घातक, नाश करनेवाला; **Ruinously** (-लि)-*adv.* in a ruinous manner. नाश-सहित; **Ruinousness** (-नेस्)-*n.* of being ruinous. नाश, क्षय ।

Rule-रूल्-*n.* sway, government, form, standard, order, regulation, maxim, canon, a thin slip of metal शासन, व्यवस्थित रूप, प्रमाण, क्रम, नियम, सिद्धान्त, धार्मिक विधि, धातु की पट्टी-*v. t.* to keep under control, to manage, to ern, to draw lines by the help of a अधीन या नियंत्रित रखना, व्यवस्था करना, करना, पटरी की मदद से लकीर खींचना; rding to rule (according to established principle.) निश्चित सिद्धान्त के अनुसार; ral rules (established principles.) विधि; Golden rule (good maxim.) नियम; Moral rules (rules of morality तिक या चरित्र सम्बन्धी नियम; Rule of (system of work.) क्रिया विधान; Rule three (the method of finding out a th proportional number when the three are given. (गणित में) त्रैराशिक Rule of thumb (principles based on sonal experience.) अनुभव-सिद्ध सिद्धान्त

Ruler-रूलर्-*n.* one who rules, a sover an instrument for drawing straight राज्य करनेवाला, राजा, सीधी लकीर खींचने पट्टी; **Rulership** (-शिप्)-*n.* the office ruler. राज्यपद ।

Ruling-रूलिङ्ग्-*n.* government, authority decision. शासन, फ़सला; -*adj.* gov reigning. शासन करनेवाला, राज्य करने

Rulley-रूलि - *n.* (*pl.* Rulleys.) a wheeled lorry. बोझा ढोनेवाली चौपहिया

Rum-रम्-*n.* spirit distilled from sugar ऊख की मदिरा; - *adj.* strange, pe

विलक्षण, अद्भुत; **Rumminess** (-इ-नेॅस्), **Rumness** (-नेॅस्)-*ns.* queerness. विलक्षणता।

Rumble-रम्बल्-*v. t. & i.* to make a sound like thunder. गड़गड़ाहट का शब्द करना; - *n.* a rumbling sound, the hind part of a carriage. गड़गड़ाहट का शब्द, गाड़ी का पिछला भाग (जिस पर असबाब रक्खा जाता है)।

Rumbler-रम्' - ब्लर् - *n.* one who rumbles. गड़गड़ाहट का शब्द करनेवाला।

Rumbling- रम्' - ब्लिङ्ग् -*n.* a low, heavy continuous sound. गड़गड़ाहट का शब्द; **Rumblingly** (-लि)-*adv.* with a rumbling sound. गड़गड़ाहट का शब्द करते हुए।

Ruminant-रू'-मिन्-ऑन्ट्-*n. & adj.* an animal that chews the cud, contemplative. पागुर करनेवाला चौपाया, विचार करनेवाला।

Ruminate-रू'-मिनेॅट्-*v. i. & t.* to chew the cud, to contemplate, to muse or ponder. पागुर करना, वारम्वार विचार करना; **Rumination** (-शन्) - *n.* the act of ruminating, musing on a subject. पागुर, विचार, वारम्वार ध्यान; **Ruminative** (-टिव्)-*adj.* pertaining to ruminants. पागुर करनेवालों का; **Ruminatively** (-टिव्-लि)-*adv.* by chewing the cud. पागुर करते हुए; **Ruminator** (-अर्)-*n.* one who ruminates, one who muses deliberately on any subject. पागुर करनेवाला, किसी विषय पर अधिक विचार करनेवाला।

Rummage-रमेॅज् -*v. t. & i.* to make a thorough search, to ransack. सूक्ष्म अन्वेषण करना, खोज करना (ढूँढ़ना); - *n.* a careful searching, things got by rummaging, miscellaneous accumulation. खोज-खाज, खोजकर प्राप्त की हुई अनेक प्रकार की वस्तु।

Rummer-र-मर्-*n.* a large drinking cup. बड़ा गिलास या कटोरा।

Rummy-र-मि-*adj.* wonderful, queer. विलक्षण, विचित्र।

Rumness-रम्'-नेॅस्-*n.* queerness. विलक्षणता, विचित्रता।

Rumour-रू'-मर्-*n.* current talk, hearsay, unverified statement. जनप्रवाद, लोकवार्ता, अफवाह, बाजारू चर्चा ; -*v. t.* to circulate a rumour. जनश्रुति फैलाना, गप्प उड़ाना; **Rumourer** (-अर्) -*n.* one who spreads news. समाचार फैलानेवाला मनुष्य।

Rump-रम्प्-*n.* the tail-end of a bird or beast, the buttock. पूँछ का भाग, चूतड़, पिछला भाग।

Rumple-रम्पल्-*v. t.* to crease, to wrinkle. तह लगाना, झुर्री डालना; - *n.* a fold or plait. झालर, तह, शिकन।

Rumpus-रम्पस् - *n.* an uproar, disturbance. उपद्रव, कोलाहल।

Rumpy-रम्पि-*n.* a kind of tailless cat. एक प्रकार की बिना पूँछ की बिल्ली।

Run-रन्'-*v. i. & t.* (*p. t.* **Ran**, *p. p.* **Run.**) to move swiftly, to gallop, to flee, to rush violently, to slide, to turn as a wheel, to move as a fluid, to pursue, to discharge, to thrust, to cause to be driven, to have a course, to discharge matter, to spread, to be allowed to grow, to advance, to follow, to extend, to make way, to wander about. दौड़ना, तेजी से चलना, सरपट दौड़ना, भागना, तेज़ी से झपटना, सरकना, पहिये पर घूमना, तरल पदार्थ की तरह बहना, पीछा करना, बहना, छूटना, भोंकना, हटाया जाना, फैलना, बढ़ना, अनुसरण करना, फैलाना, छोड़ना, घूमना;-*n.* a course, a flow, a ride, a journey. क्रम, प्रवाह, दौड़ान, यात्रा; **A run on** (rapid demand for a thing, carrying the sense on beyond end of the line of a verse.) किसी वस्तु की बड़ी माँग, कविता की एक पंक्ति के आगे उसका मतलब लिखना; **At a run** (running.) दौड़ता हुआ; **Common run of men** (ordinary people.) सामान्य मनुष्य; **His blood ran cold** (he was horrified.) वह बहुत डर गया; **His tongue runs** (he talks incessantly.) वह बकवाद करता है ; **In the long run** (finally, in the end.) अन्त में; **News ran** (news spread wide.) समाचार फल गया; **On the run** (fleeting.) भागता हुआ; **The run of mankind** (people in general.) सर्वसामान्य लोग ; **To run about** (to hurry from place to place.) भटकना; **To run across** (to fall in with, to come in contact with.) टकराना; **To run after** (to pursue, to follow.) पीछा करना ; **To run at** (to attack.) आक्रमण करना; **To run away** (to abscond.) भाग जाना; **To run away with** (to carry off stolen property.) माल लेकर भागना; **To run down** (to become enfeebled.) दुर्बल होना; **To run hard** (to press with sarcasm.) ताना मारना; **To run in** (to rush in.) झपटना; **To run in debt** (to incur a debt.) ऋणग्रस्त होना; **To run off** (to flee.) भाग जाना; **To run out** (to come to an end.) खतम या समाप्त हो जाना; **To run over** (to overflow.) उमड़ उठना; **To run over** (to review, to repeat quickly, to call over again, to pas-

form quickly, to sing a song rapidly, to pass over or knock down a person in riding or driving.) अन्वेषण करना, जाँचना, जल्दी से दोहराना, किसी बात को फिर से कहना, जल्दी से कोई काम करना, जल्दी से गीत दोहराना, घुड़सवारी या गाड़ी चलाने में किसी आदमी को गिरा देना और उसे पार कर जाना; **To run riot** (to go to the utmost excess.) मर्यादा भंग करना; **To run sword into** (to pierce a sword in.) तलवार भोंकना; **To run through** (to peruse.) पढ़ना, मनन करना; **To run to** (to reach.) पहुँचना; **To run up** (to shoot up or grow rapidly.) तेजी से उगना या बढ़ना; **To run upon** (to be perplexed.) व्याकुल होना ।

Runabout-रन्'-अ-बाउट्-*n.* a small open wagon or motor-car, a vagabond. छोटी खुली गाड़ी या मोटर गाड़ी, घुमक्कड़, आवारा ।

Runagate-रन्-अ-गेट् - *n.* a vagabond. इधर-उधर भटकनेवाला ।

Runaway-रन्'-अ-वे-*n.* a deserter, a fugitive भगेड़ू , भागनेवाला ।

Runcinate-रन्सिनेट् - *adj.* having saw-like teeth. आरी के समान दाँतोंवाला ।

Rundle-रन्ड्ल् - *n.* the rung of a ladder. लकड़ी की सीढ़ी का डण्डा ।

Rung-रङ्ग्-*n.* the short stick attached at each end of a railing, spoke &c., a step or round of a ladder. कटघरे या आरे के किनारों पर लगाई हुई छोटी लकड़ी, सीढ़ी का डण्डा ।

Rung-रङ्ग्-*p. p.* of **Ring.** 'रिङ्ग्' धातु का भूतकाल का रूप, बजाया गया ।

Runlet-रन्'-लेट्-*n.* a small stream, a cask of wine. छोटी नदी, मदिरा का पीपा ।

Runnel-र-नेल्-*n.* a small brook. छोटा नाला ।

Runner-र-नर्-*n.* one who runs, a messenger, a creeping stem that issues from a main stem. दौड़नेवाला, हरकारा, लता की पकड़नेवाली नोक ।

Runner-up-र-नर्-अप् - *n.* the second in a race or competition. घुड़दौड़ या प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाने या दूसरा आनेवाला ।

Runnet-र-नेट्-*n.* a fluid used for preparing curd from milk. जाँवन, जोरन ।

Running-रनिङ्ग् - *n.* the act of moving swiftly, discharge from a sore. दौड़ान, घाव या फोड़े का स्राव;-*adj.* succession. क्रमिक; **Running account** (current account.) चलता हिसाब; **Running commentary** stray points only.) स्थान-स्थान पर की **Running fire** (successive shots.) लगातार बौछार; **Running hand** (mode of writing in which the pen is not lifted each letter.) ऐसी लिखावट जिसमें कागज पर से बहुत कम उठती है ।

Runt-रन्ट्-*n.* an ox or cow of a very breed. छोटी जाति का बैल या गाय ।

Rupee-रु-पी'-*n.* the silver coin of भारतवर्ष का चाँदी का सिक्का, रुपया ।

Rupestral-रूपेस्ट्रल्-*adj.* growing on चट्टानों पर उगनेवाला ।

Ruption-रप्शन्-*n.* a bursting out. फटन ।

Rupture-रप्चर्-*n.* breach of relation, breaking, fracture, hernia. सम्बन्ध विच्छेद, कलह (टूटन), आँत उतरना, भेद;-*v. t. & i.* burst. तोड़ना, टूटना ।

Rural-रूरल्-*adj.* pertaining to the ग्रामीण, देहाती, गँवार ।

Ruralist-रूरलिस्ट्-*n.* one who leads a life. ग्रामीण जीवन बितानेवाला ।

Rurality-रूरलिटि-*n.* ruralness. ग्रामीणता ।

Ruralization-रूरलाइज़ेशन् - *n.* the act making rural. ग्रामीण बनाने का काम ।

Ruralize-रूरलाइज़्-*v. t.* to make rural. बनाना ।

Rurally-रूरलि -*adv.* in a rural गँवारूपन से ।

Ruse-रूज़्-*n.* a trick, stratagem, fraud, कपट, बहाना;-*adj.* crafty, artful. धूर्त,

Rush-रश्-*n.* a marshy plant, a thing of value, a swift movement, violent charge, attack. सरहरी (पतली), क्षुद्र वस्तु, वेग, आक्रमण, झपट;-*v. t.* to scatter rushes floor. छत पर घास फैलाना;-*v. t. & i.* to along, to make a sudden assault, to forward, to charge exorbitant price. टूट पड़ना, दौड़ना, आक्रमण करना, अधिक मूल्य लेना; **To rush a bill through** (to get a bill passed hurriedly.) नियम स्थिर करना; **To rush at** (to make attack.) आक्रमण करना; **To rush into print** (to publish quickly.) जल्दी से छाप देना ।

Rusk-रस्क्-*n.* a piece of bread cut loaf and rebaked. रोटी का टुकड़ा जो पकाया गया हो ।

Russ-रस्-*n.* the Russian language की भाषा ।

Russell-र-सॅल्-*n.* a ribbed fabric used for gowns &c. गाउन इत्यादि बनाने का धारीदार कपड़ा।

Russet-र-सॅट्-*adj.* & *n.* of reddish-brown colour, a home-spun cloth. भूरे रङ्ग का एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Russety-रसॅ-टि-*adj.* of russet colour. धूमिल रङ्ग वाला।

Russian-रशन्-*adj.* pertaining to Russia. रूस देश का;-*n.* the language or native of Russia. रूस देश का निवासी, रूस देश की भाषा।

Russophobia-र-सॅ-फ़ो' - बि-आ-*n.* dread of Russia. रूस का भय।

Rust-रस्ट्-*n.* reddish crust formed on iron by oxidation, similar crust on other metals, impaired condition. मण्डूर, बुरी अवस्था, मुर्चा;-*v. t.* & *i.* to undergo oxidation. मुर्चा लगाना या लगना।

Rustic-रस्टिक्-*adj.* unpolished, unrefined, clownish, of the appearance or manners of the country folk. असभ्य, अशिष्ट, देहाती, गंवारू; **Rustically** (-अलि)-*adv.* in a rustic manner. ग्रामीण मनुष्य के ढंग से।

Rusticate-रस्टिकेट्-*v. i.* & *t.* to dwell in a country, to lead a rural life, to turn out from a school or college. देहात में बसना, ग्रामीण जीवन बिताना, कालिज या पाठशाला से निकाल देना; **Rustication** (-शन्)-*n.* residence in the country, temporary banishment from school or college. ग्राम-निवास, पाठशाला से बहिष्कार (कुछ काल के लिये)।

Rusticity - रस्टिसिटि - *n.* rustic manners. ग्राम्यता, गँवारपन।

Rustle-र-सल्-*v. i.* & *t.* to make a low sound as of dry leaves. खड़खड़ाना, खड़खड़ाहट का शब्द करना।

Rustling-रस्लिङ्ग् *adj.* making a low sound as of leaves. खड़खड़ाता हुआ; **Rustlingly** (-लि) -*adv.* in a rustling manner. खड़खड़ाते हुए।

Rusty-रस्टि - *adj.* (*comp.* **Rustier,** *sup.* **Rustiest.**) affected with rust, impaired, unfit with disuse. मुर्चा लगा हुआ, पुराना, अनुपयोग से भ्रष्ट।

Rut-रट्-*n.* the track made by a wheel, groove, periodical sexual excitement in some animals. चक्रमार्ग, पहिया चलने की लकीर, कुछ पशुओं में मैथुन की सामयिक उत्तेजना।

Ruth-रूथ्-*n.* pity, compassion, mercy, sorrow for the misery of others. दया, दूसरों के कष्ट पर तरस; **Ruthful** (-फ़ुल)-*adj.* compassionate. दयालु, कृपालु; **Ruthless** (-लॅस्)-*adj.* cruel, pitiless. निर्दय (निर्मोही), क्रूर; **Ruthlessly** (-लॅस्-लि) -*adv.* cruelly. निर्दयता से; **Ruthlessness** (-लॅस्-नॅस्) -*n.* the state of being ruthless. निर्दयता।

Rutilant-रू' - टिलन्ट्-*adj.* shining, brilliant. चमकीला, देदीप्यमान।

Rutty-रटि-*adj.* filled with sexual desires. मैथुन की इच्छा से पूर्ण।

Rye-राइ-*n.* a cereal for bread in some parts of Europe. एक प्रकार का अन्न जिसकी रोटी योरोप में खाई जाती है।

Rye-grass-राइ'-ग्रास्-*n.* a kind of grass used for fodder. एक प्रकार की चरी जो पशुओं को खिलाई जाती है।

Rymer-राइमर्-*n.* one of the posts used in paddle. पावदान में लगाने का काँटा।

Ryot-राइ'-अट्-*n.* an Indian peasant. रैयत (किसान), भारतवर्ष का खेतिहर।

S-एस्-the nineteenth letter of the English alphabet, any object shaped like S. Roman numeral for 70 or 70,000. अंग्रेज़ी वर्णमाला का उन्नीसवाँ अक्षर, इस अक्षर के आकार का कोई पदार्थ, रोमन संख्या में ७० अथवा ७०,००० के लिये संकेत; Collar of S (a collar composed of links in the form of S.) जंजीर या पट्टा जिसमें S अक्षर के आकार की कड़ियाँ गुँथी होती हैं।

Sabaism-सें-बें-इज़्म्-*n.* star worship. तारों का पूजन।

Sabaoth-सब'-ऑथ्-*n.* *pl.* armies. सेनायें।

Sabbatarian-सॅब्'-अ-टे-रिअन्-*n.* & *adj.* the Christian who observes Sunday as the Sabbath. क्रिस्तान जो रविवार को विश्राम-दिवस मनाता है; **Sabbatarianism** (-इज़्म्) -*n.* the principle of observing Sunday as the Sabbath. रविवार को, विश्राम-दिवस मनाने का सिद्धान्त।

Sabbath-सॅबथ् -*n.* the seventh day of the week as day for religious rest, period of rest. सप्ताह का सातवाँ दिन जिसमें धार्मिक विश्राम लिया जाता है, विश्राम का समय; **Sabbathless** (-लॅस्) -*adj.* having no sabbath, without intermission of daily labour. बिना विश्राम का दैनिक कार्य।

Sabbatic, Sabbatical-सॅबॅटिक् (-अल्)-*adjs.* pertaining to sabbath. विश्राम-दिवस-सम्बन्धी; **Sabbatically** (-लि) - *adv.* in a sabbatic manner. विश्राम-दिवस मनाते हुए; **Sabbatize** (-आइज़्)-*v. t.* to make a day as a sabbath. किसी दिन को विश्राम-दिवस बनाना।

Sable-सें - बल्-*n.* a small carnivorous quadruped, its fur. नेवले की तरह का एक मांस-भक्षी पशु, उसका रोआँ; - *adj.* & *n.* black, mourning garments. काले रङ्ग का मातमी वस्त्र; **Sabled** (-ड्) -*adj.* wearing sable dress. काला वस्त्र पहिने हुए।

Sabot-सॅबॉ-*n.* a kind of wooden shoe. एक प्रकार की खड़ाऊँ; **Saboted** (-टेड्) - *adj.* wearing wooden shoes. खड़ाऊँ पहिने हुए।

Sabotage-सॅबॅ'-टाझ्-*n.* wilful destruction of machinery, tools &c. by workmen. हड़तालियों का जान-बूझकर यन्त्र इत्यादि तोड़ना।

Sabre-से'-बर् -*n.* a sword with a curved blade. कृपाण, तलवार; -*v. i.* to strike with sabre. तलवार से घायल करना।

Sabulous-सॅ-ब्यु - लस्-*adj.* of sand, sa
बालू का, पथरीला।

Saburra-सॅबरा-*n.* foul matter depo
stomach, sordes. पेट में जमी हुई पर्त

Sac-सॅक्-*n.* a bag-like membrane in li
organism. सजीव जन्तु के शरीर में
झिल्ली।

Saccate-सॅ-केट्-*adj.* filled in a sac.
की थैली में भरी हुई।

Sacciform-सॅसिफॉर्म्-*adj.* of the form
a sac. थैली के आकार का।

Saccular-सॅ-क्यु-लर्, **Sacculated** (
-*adjs.* of the form of a sac. गर्त
का।

Sacculation-सॅक्युलेशन्-*n.* forming a
brane. झिल्ली की थली बनाना।

Saccule-सॅ'-क्यूल्-*n.* (*pl.* Sacculi) a
sac.) छोटी थैली।

Sacerdotal-सॅ-सर्डोटल्-*adj.* of priests,
ly. याजकीय, पुरोहित-सम्बन्धी; Sa
talism (-इज़्म्)-*n.* priestly system.
विधि; **Sacerdotalist** (-इस्ट्)-*n.* a
of priesthood. पुरोहिती विधि का समर्थ

Sacerdotalize-सॅसर्डोटलाइज़्-*v. t.* to
as a priest. पुरोहित का कार्य करना।

Sacerdotally - सॅसर्डोटलि-*adv.* in a
manner. पौरोहित्य कर्म से।

Sachem-सॅ-चॅम्-*n.* a chief of some A
Indian tribes. अमेरिका देश के आदि
सरदार।

Sachet-साशॅ-*n.* a small perfumed bag
keeping in clothes. वस्त्रों में रखने
न्धित छोटा झोला।

Sack-सॅक्-*n.* a large oblong bag of
or flax used for storing goods, a
loose garment, plunder, a kind of
wine. बोरा, थैला, लबादा, लूट-मार,
की सफ़ेद मदिरा; -*v. t.* to fill in a
plunder, to defeat in match or
में भरना, लूटना, लड़ाई में हराना।

Sackage-सॅक्'-एज्-*n.* the act of
लूटने का कार्य।

Sackbut-सॅक्'-बट्-*n.* a kind of
एक प्रकार का अलगोजा।

Sackcloth-सॅक्'-क्लॉथ्-*n.* coarse
कपड़ा, टाट।

Sacker-सॅकर्-*n.* one who sacks a town. नगर को लूटनेवाला।

Sackful-सॅक्'-फ़ुल्-*n.* as much as a sack can hold. बोराभर पदार्थ।

Sacking-सॅकिङ्ग्-*n.* material for making sacks. बोरा बनाने का टाट।

Sackless-सॅक्'-लॅस्-*adj.* harmless, guiltless. निर्दोष, निरपराध।

Sackrace-सॅक्'-रेस्-*n.* a kind of race in which the body upto the neck is covered in a sack. गर्दन तक बोरे में बन्द होकर दौड़ना।

Sacrament-सॅक्रमॅन्ट् - *n.* a religious ceremony, a thing of mysterious significance. धर्मविधि (संस्कार रूप), विलक्षण वस्तु या बात; *-v. t.* to bind by oath. शपथ द्वारा बाँधना; **Sacramental** (-अल्) *-adj.* pertaining to sacrament. संस्कार-सम्बन्धी ; **Sacramentalism** (-अल्-इज़्म्)*-n.* appreciation of sacrament. धर्मविधि; **Sacramentalist** (-अल्-इस्ट्) *-n.* sacramentary. धर्मविधि करनेवाला ; **Sacramentality** (-अल्-इट्-इ)*-n.* sacramental rites. संस्कार; **Sacramentally** (-अलि) *-adv.* in a sacramental manner. धर्मविधि से।

Sacrarium-सॅक्रे रिअम्-*n.* (*pl.* Sacraria.) a shrine, a temple. देवमन्दिर।

Sacred-सें'-क्रेड्-*adj.* consecrated to a deity, holy, divine, pertaining to the worship of God. पवित्र, अलौकिक, सुप्रतिष्ठित, ईश्वर-पूजा-सम्बन्धी ; **Sacred grove** (a place for a hermit's meditation (specially a wood). तपोवन ; **Sacred knowledge** (knowledge of scriptures.) वेदज्ञान; **Sacred spot** (holy place.) पुण्यस्थान, तीर्थ ; **Sacredly** (-लि) *-adv.* in a holy manner. पवित्रता से; **Sacredness** (-नॅस्)*-n.* the state of being holy. पवित्रता।

Sacrificant-सॅ-क्रि-फ़िकन्ट्-*n.* one who offers a sacrifice. यज्ञ करनेवाला मनुष्य।

Sacrifice-सॅक्रि-फ़ाइस्-*n.* the slaughter of an animal for offering to a deity, victim, offering, abandonment, surrender, ruin. यज्ञ या होम के लिये बलिदान, बलि-पशु, अर्पण, त्याग, समर्पण, विनाश; *-v. t.* to offer to a god on an altar, to destroy, to kill. बलिदान करना (अर्पण करना), नष्ट करना, हत्या करना; **Sacrificer** (-अर्) *-n.* one who makes a sacrifice. यजमान, यज्ञ करनेवाला।

Sacrificial-सॅक्रि-फ़िश्'-ल्-*adj.* pertaining to sacrifice. यज्ञ (बलिदान) सम्बन्धी; **Sacrificially** (-लि)*-adv.* in a sacrificial manner. बलि कर्म से, बलिदान करते हुए।

Sacrilege-सॅक्रिलेज्-*n.* profanation of sacred things, robbery of sacred things. पवित्र वस्तु को दूषित करने या देवस्व को लूटने का काम।

Sacrilegious-सॅक्रिलिजस्-*adj.* profane. देवस्व का अपहारी; **Sacrilegiously** (-लि) *-adv.* in a profane manner. ऐसा अपहरण करते हुए।

Sacrist-सें'-क्रिस्ट्-*n.* one who keeps the property of a church sacred. गिरजाघर के सामान को पवित्र रखनेवाला।

Sacristy-सॅक्रिस्टि-*n.* the place in a church for keeping sacred utensils. गिरजाघर में पवित्र पात्रों को रखने का स्थान।

Sacrosanct-सॅ - क्रॅ - सॅङ्क्ट्-*adj.* sacred, inviolable. पवित्र, पुण्यमय।

Sacrum-सें'-क्रम्-*n.* the triangular bone at the back of pelvis. कमर के पीछे की तिकोनी हड्डी; **Sacral** (-क्रल्) *-adj.* pertaining to sacrum. इस हड्डी से सम्बन्धित।

Sad-सॅड्-*adj.* (*comp.* Sadder, *sup.* Saddest.) sorrowful, mournful, showing sorrow. शोकाकुल, उदासीन, खिन्न, दुःखी; *-v. t.* to make solid, firm or stiff, to compress, to make sorrowful. ठोस, पुष्ट (मज़बूत) या कड़ा बनाना, दबाना, दुःखी बनाना।

Sadden-सॅड्'-न्-*v. t.* to make sorrowful. दुःखी करना।

Saddle-सॅड्'-ल्-*n.* a rider's seat to be placed on a horse's back, the seat of a bicycle, anything shaped like it. घोड़े की जीन या काठी, परगाड़ी की बैठकी, खोगीर ;*-v. t.* to put a saddle on, to lead. घोड़े की पीठ पर ज़ीन कसना, किसी मनुष्य पर कार्य का भार देना। **Saddlebag** (the support of a saddle.) खुरजी; **Saddlecloth** (a cloth put under a saddle.) काठी के नीचे की गद्दी या नमदा। **Saddled** (-ड्)*-adj.* with a saddle fitted. काठी कसा हुआ; **Saddle-horse** (-हॉर्स्)*-n.* a horse for riding. घुड़सवारी का घोड़ा; **Saddleless** (-लॅस)*-adj.* without a saddle. बिना काठी का; **Saddler** (-अर्) *-n.* one who makes saddles, a soldier-in-charge of cavalry saddles. काठी या साज बनानेवाला मोची, फौजी घोड़ों की काठी का प्रबन्धक सैनिक। **Saddlery** (-रि)*-n.* the material for making saddles, trade of a saddler. साज या ज़ीन बनाने का सामान, ज़ीनसाज़ी।

Sadiron-सॅड् - आयरन्-*n.* an instrument for ironing. इस्तिरी करने का लोहा।

Sadism-स (सा) -डिज़्म् - *n.* love of cruelty arising from sexual perversion. विकृत सम्भोग में क्रूर व्यवहार करने की लालसा।

Safe-सेफ़्-*n.* (*pl.* Safes.) a ventilated box for provisions, a fire-proof and burglar-proof chest for keeping valuables. भोजन रखने की जालीदार अलमारी, मूल्यवान् पदार्थ रखने की लोहे की सन्दूक; -*v. t.* to guard. रक्षा करना; -*adj.* secure, uninjured, out of danger. सुरक्षित, निःशंक, भय-रहित; **Safe and sound** (free from danger.) कुशल, स्वस्थ; **Safeguard** (-गार्ड्)-*n.* defence, protection. रक्षा, बचाव; **Safely** (-लि)-*adv.* in a safe manner. निर्भयता से ; **Safeness** (-नेॅस्)-*n.* the quality of being safe. सुरक्षित अवस्था ; **Safety** (-टि)-*n.* (*pl.* **Safeties.**) freedom from danger, security. रक्षा, (भय-मुक्ति) बचाव; **Safety-lamp** (a lamp covered with gauze to give light in mines.) खान में ले जाने का लम्प ; **Safety-match** (a match that ignites only by being rubbed on a box.) केवल विशिष्ट प्रकार के मसाले पर रगड़ने से जलनेवाली दियासलाई ; **Safety-pin** (a pin with a guarded point.) कोना न चुभनेवाली आलपीन ; **Safety-razor** (a razor with guard so that it may not pierce skin when shaving.) ऐसा उस्तरा जिससे हजामत बनाने में दाड़ी न कटे ; **Safety-valve** (a valve which opens automatically to relieve excessive pressure in an engine.) इञ्जन में का ऐसा डट्टा जो भाफ़ का दबाव अधिक बढ़ जाने पर स्वयं खुल जाता है।

Saffian-सॅफ़िअन्-*n.* tanned and dyed leather of goatskin or sheepskin. बकरी या भेंड़ का कमाया और रँगा हुआ चमड़ा।

Safflower-सॅफ़्लावर्-*n.* a plant which yields a red dye. कुसुम।

Saffron-सॅफ़्रन्-*n.* the stigma of a plant of crocus family used for colouring. केशर, कुमकुम ; -*v. t.* to colour with saffron. केशर से रँगना ; **Saffrony** (-इ)-*adj.* of the colour of saffron. केसरिया।

Safranin-सॅ-फ़्रनिन्-*n.* the yellow colouring matter of saffron, coal-tar dye giving yellowish-red colour. केशर में पीला रँगनेवाला तत्व, अलकतरे का पीलालाल रंग।

Sag-सॅग्-*v. i.* & *t.* *p. t.* Sagged.) under pressure, to decline in bulge in a downward direction. धँसना, दाम में कम होना, नीचे की ओर -*n.* a drip, a droop. झुकाव, दबाव।

Sagacious-स-गे-शस्-*adj.* gifted discernment, acute-minded, wise. कुशाग्रबुद्धि (चतुर), मेधावी, का; **Sagaciously** (-लि)-*adv.* in a manner. सूक्ष्म बुद्धि से, चतुराई से।

Sagacity-स-गॅ-सिटि-*n.* quickness of ment. सूक्ष्मबुद्धि से, चतुराई।

Sage-सेज्-*n.* a kind of aromatic प्रकार की सुगन्धित वनस्पति; -*adj.* judicious, wise-looking, a पण्डित, ज्ञानी, महात्मा, मुनि, सिद्ध (-लि)-*adv.* in a wise manner. बुद्धिमानी से; **Sageness** (-नेॅस्)- sagacity. पाण्डित्य, बुद्धिमानी।

Sagital-सजिटल्-*adj.* resembling arrow-shaped. बाण के समान।

Sagittarius-सॅ-जिटे रिअस्-*n.* the ninth sign of the zodiac. धनुर्धारी,

Sagittate, Sagittated-सॅजिटेट्, shaped like an arrow-head. तीर की शफल के समान।

Sago-से-'-गॉ-*n.* a kind of palm which dry granulated starch. साबूदाना सागू।

Said-सेॅड्-*p.* & *p. p.* of Say. told

Saiga-सें (-स) गा-*n.* a kind of प्रकार का बारहसिंगा।

Sail-सेल्-*n.* a piece of stout cloth extended in a vessel to catch wind पाल; -(*pl.*) ships, a contrivance wind. (ब० व०) जहाज़, हवा के रोकने साधन;-*v. t.* & *i.* to travel in navigate, to glide in air. करना, जहाज़ पर चलना, आकाश में **Sail-cloth** (canvas for making sails किरमिच जिसका पाल बनता है; **Sailed** -*adj.* fitted with sails. पाल लगा हुआ

Sailable-सेॅले - बल्-*adj.* navigable. चलने योग्य।

Sailer-सेॅलर्-*n.* kind of vessel. प्रकार का जहाज़।

Sailing-सें लिङ्ग्-*n.* a sea-voyage.

Sailless-सेॅल्'-लेॅस-*adj.* without पाल का।

Sail-loft-सेल्-लॉफ्ट्-*n.* house in which sails are made. पाल बनाने का घर ।

Sailor-सेलर्-*n.* a seaman, a mariner. नाविक, मल्लाह; **Sailoring** (-इङ्ग)-*n.* seamanship. जहाजी कार्य; **Sailorless** (-लेस्)-*adj.* devoid of sailors. बिना मल्लाह का; **Sailorly** (-लि) -*adv.* like a sailor. नाविक की तरह से ।

Sail-plane-सल्'-प्लेन्-*n.* an aeroplane without an engine. बिना इंजन का हवाई जहाज ।

Sain-सेन्-*v. t.* to protect by divine power. दैवी शक्ति द्वारा रक्षा करना ।

Saint-सेन्ट्-*adj.* (*abbr.* St.) holy. पुण्य, पवित्र, सिद्ध; -*n.* one of the blessed, canonized person, one of God's chosen people, a person of great holiness. सिद्धजन, ऋषि, मुनि, सन्त;-*v. t.* to make a saint of. सिद्ध बनाना; **Sainthood** (-हुड्), **Saintship** (-शिप्)-*ns.* the qualities of a saint. ऋषि का पद; **Saintlike** (-लाइक्)-*adj.* similar to a saint. ऋषि-तुल्य; **Saintliness** (-लि-नेस्)-*n.* the quality of being saintly. सिद्धजनत्व; **Saintly** (-लि)-*adj.* befitting a saint. पुण्यात्मा, पवित्र ।

Saith-सेथ्-*third per. sing.* of Say. कहता है ।

Sake-सेक्-*n.* cause, reason. कारण (हेतु), प्रयोजन; For the sake of (with the purpose of) वास्ते, लिये ।

Sake-सॉकि-*n.* Japanese liquor prepared from rice. चावल की बनी हुई जापानी मदिरा।

Sal-सॅल्-*n.* salt. (*in chem.*) नमक (क्षार) ।

Sal-साल्-*n.* a valuable timber tree of India. साल् का वृक्ष ।

Salability-सेलेबिलिटि-*n.* state of being salable. बिक्री के योग्य स्थिति।

Salable-सेलब्ल्-*adj.* fit for sale. बेचने योग्य ।

Salacious-सेले' - शस् - *adj.* lustful. कामातुर; **Salaciously** (-लि)-*adv.* lustfully कामातुर ढंग से या रूप में; **Salaciousness** (-नेस्)-*n.* the state of being salacious. कामातुरता ।

Salad-सॅलड्-*n.* a dish of uncooked vegetables. कच्चे साग का अचार, रायता, सलाद; **Salad-days** (inexperienced time of youth.) युवावस्था का अनुभवहीन काल ; **Salad-oil** (pure olive oil.) शुद्ध जैतून का तेल ।

Salamander - सॅल'- अ - मन्डर्-*n.* a lizardlike reptile supposed to live in fire, one who can endure great heat. छिपकली के प्रकार का जन्तु जो अग्नि में रहनेवाला माना जाता है, गरमी सहनेवाला मनुष्य ।

Sal-ammoniac-सॅल्-अमोनिऑक्-*n.* ammonium chloride. नौसादर ।

Salangane-सॅलङ्गन्-*n.* a kind of swallow. एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

Salaried-सॅल-रि-ड्-*adj.* paid by salary. वेतन पानेवाला ।

Salary-सॅलरि-*n.* (*pl.* Salaries.) periodical payment for service, pay. वेतन (वृत्ति), तनख्वाह;-*v. t.* (*p. t.* Salaried.) to pay for service. नौकरी की तनख्वाह देना ।

Sale-सेल्-*n.* exchange of commodity for money, act of selling, market, amount sold. धन के लिये वस्तुओं का विनिमय, बिक्री, बेंची, बिका हुआ पदार्थ, बाजार ।

Saleable-सेलेब्ल्-*adj.* able to be sold. बेचे जाने योग्य ।

Salebros-सॅलि-ब्रस्-*adj.* rugged, rough. ऊँचा-नीचा, असमतल ।

Salep-सॅले-प्-*n.* dried orchis tubers, a kind of nutritive drug made from them. भूमिगत गाँठदार पौधे की सुखाई हुई गाँठ, उनसे बनाई गई एक प्रकार की पुष्टिकारक दवा ।

Saleratus-सॅलरेटस्-*n.* bicarbonate of soda used in baking. कलमी शोरा ।

Salesman-सेल्ज़्'-मॅन्-*n.* one who sells merchandise. बिक्री करनेवाला; **Salesmanship** (-शिप्)-*n.* the work of a salesman. बेचने का कार्य ।

Saleswoman-सेल्स्'-वु-मन्-*n.* a woman who sells goods. बेचनेवाली स्त्री; **Saleswork** (-वर्क्) -*n.* things made just good enough to be sold. चालू बिक्री के माल ।

Salicin-सॅलि'-सिन्-*n.* a kind of bitter medicine. एक प्रकार की कड़वी औषधि, चिरायता ।

Salience-सेलिअन्स्-*n.* the state of being salient. उभाड़; **Saliency** (-सि)*n.* prominence. विशिष्टता; **Salient** (-ऍन्ट्)-*adj.* jetting forth, projecting, prominent, conspicuous. उभड़ा हुआ, निकला हुआ, प्रबल, प्रधान, मुख्य; **Saliently** (-ऍन्ट्-लि)-*adv.* in a salient manner. प्रधान ढंग से या रूप में ।

Saliferous-सॅलिफ़रस्-*adj.* of strata containing a large quantity of salt. भूमि के भीतर की तह जिसमें नमक का अंश अधिक हो ।

Salification-सॅलिफ़िकेशन्-*n.* changing into salt. नमक में परिणत हो जाना ।

Salify-सॅलि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* Salified.) to convert into salt. नमक में परिणत करना ।

Salimeter-सॅलि-मि-टर्-*n.* an instrument for

measuring the density of sea water. समुद्र के जल का घनत्व नापने का यन्त्र।

Salina-स-लाइ-ना-*n.* a salt lake or spring, salt works. नमक की झील या सोता, नमक बनाने का कार्यालय।

Saline-सें-(सीं) लाइन्-*adj.* & *n.* filled with salt, containing salt, of the nature of salt. नमक से भरा हुआ, नमकीन, क्षारीय (खारा);-*n.* a salt lake, a factory for preparing salt. खारी झील, नमक बनाने का कारखाना; **Saline soil** (desert land.) ऊसर भूमि; **Salineness**(-नेॅस्) -*n.* the state of being saline. खारापन।

Saliniferous-सॉलिनिफ़रस्-*adj.* producing salt. नमक पैदा करनेवाला।

Saliva-सलाइव़ा-*n.* a colourless liquid secreted by certain glands in the mouth. लार, थूक; **Salival** (-व़ल्), **Salivary** (-व़रि)-*adjs.* pertaining to saliva. लार-सम्बन्धी; **Salivant** (-व़न्ट्)-*adj.* that which produces salivation. अधिक थूक निकालनेवाला।

Salivate-सॅलि-वे़ट्-*v. t.* & *i.* to produce unusual quantity of saliva. अधिक लार बहाना, मुख में बारम्बार थूक आना; **Salivation** (-शन्) -*n.* act of producing excessive quantity of saliva. अधिक परिमाण में लार बहाने की क्रिया।

Sallenders-सॅलें-न्डर्ज्-*n. pl.* eruption inside the hock of the hind leg of a orse. घोड़े की गुमटी में सूजन या फोड़ा।

Sallow-सॅ'-लो-*n.* the willow tree. एक प्रकार के बेंत का पौधा;-*adj.* of pale-brown colour. भूरे रंग का; **Sallowish** (-इश्)-*adj.* somewhat brown. कुछ भूरा; **Sallowness** (-नेॅस्)-*n.* the quality of being sallow. भूरापन; **Sallowy** (-इ) *adj.* full of willows. बेंतदार।

Sally-सॅ'-लि-*n.* (*pl.* **Sallies.**) a leap, a sudden rush, sudden start into activity, excursion, outburst, witty remark, flight of fancy. छलाँग, झपट्टा (आक्रमण), शत्रु का एकाएक टूट पड़ना, विप्लव, भ्रमण, विहार, बुद्धि-विलास, कल्पना-शक्ति की दौड़;-*v. i.* (*p. t.* **Sallied.**) to make an excursion, to rush out suddenly. यात्रा करना, घूमना, (क़िले से निकलकर) टूट पड़ना।

Sally-port-सॅ-लि-पोर्ट्-*n.* a postern gate for troops. निर्गम-स्थान (द्वार)।

Salmagundi-सॅलमग-न्डि-*n.* a dish of meat mixed with various ingredients, a miscellaneous collection. अनेक पदार्थों का मिश्रित भोजन, मिश्रित समुदाय।

Salmon-सॅमन्-*n.* a fresh water fish of skin and orange flesh much food. चाँदी के समान खाल और नारं मांसवाली नदी की मछली जो बड़े जाती है; **Salmon-colour** (orange नारंगी रंग।

Saloon-सॅलून्-*n.* a spacious hall or room, a large cabin, a railway without compartments, a public hairdressing or dancing. बड़ा दालान, जहाज़ में यात्रियों का बड़ा गाड़ी का लम्बा डब्बा, बाल बनाने या अभ्यास करने का सार्वजनिक कमरा; pistol (a kind of pistol.) गोली फेंकनेवाली पिस्तौल।

Saloop-सॅ-लूप्-*n.* a kind of hot substitute for coffee. कहवा के बदले की गरम वस्तु।

Salpiglossis-सॉल्पिग्लॉसिस्-*n.* a garden similar to petunias. एक सुन्दर बगीचे का पौधा।

Salse-सॉल्स्-*n.* a volcano volumes of mud. कीचड़ फेंकनेवाला मुखी पर्वत।

Salsify-सॅल्सि-फ़ाइ-*n.* a plant with edible roots. एक प्रकार का पौधा जिसकी जड़ खाई जाती है।

Salt-सॉल्ट्-*n.* a substance having the sea water used for seasoning and ing food, chloride of sodium, wit. लवण, नमक, तीखापन, बुद्धि sprinkle with salt, to impregnate नमक छिड़कना, नमक पोतना; -*adj.* ing with salt, bitter, pungent. (लगाया) हुआ, तीखा, चटपटा; Not his salt (not worth keeping.) हराम; The salt of the earth (people cient classes.) संसार की अच्छी जाति है; cat the master's salt (to work for the master.) नमकहलाली करना; one's salt (to be a guest of.)

Saltant-सॉल्टन्ट्-*adj.* dancing. नाचता

Saltation-सॉल्टेशन्-*n.* a leaping.

Saltatorial-सॉल्टेटोरिअल-*adj.* pertaining to dancing. नाच सम्बन्धी।

Salt-cellar-सॉ-ल्ट्-सेॅलर्-*n.* a small for the table. खाने की मेज़ पर नमक का पात्र।

Saltern-सॉ-ल्टर्न्-*n.* salt-works. नमक का कारखाना।

Saltigrade-सॉल्टि-ग्रे॑इ-*adj.* going by leaps. उछलकर चलनेवाला;-*n.* a kind of jumping spider. एक प्रकार का कूदनेवाला मकड़ा।

Salt-petre-सॉल्ट्-पी-टर्-*n.* nitrate of potassium. मज्जीखार, शोरा।

Saltus-सॉल्टस्-*n.* (*pl.* Saltusus.) a sudden change. एकाएक परिवर्तन।

Salubrious-स-ल्यू-ब्रि-अस् - *adj.* wholesome, healthy. स्वास्थ्यकर, आरोग्यकर; Salubriously (-लि) - *adv.* promoting health. स्वास्थ्य-वर्धक रूप में; Salubriousness (-नेॅस्) - *n.* healthiness. आरोग्य।

Salubrity-स - ल्यू′ - ब्रिटि - *n.* good health. अच्छा स्वास्थ्य, आरोग्य।

Salutary-सॅल्युटरि - *adj.* producing good effects, wholesome, beneficial. हितकर, शुभ-कर, कल्याणकर।

Salutation-सॅल्युटे′शन्-*n.* courteous recognition, greeting. प्रणाम, नमस्कार; Salutational (-अल), Salutatory (-टे॑-टरि) -*adjs.* greeting. प्रणाम-सम्बन्धी।

Salute-स-ल्यूट्′-*v. t. & i.* to make saluatation to, to greet, to kiss, to receive with a smile, to honour. नमस्कार करना, प्रणाम करना, चूमना, प्रसन्नता से स्वागत करना, प्रतिष्ठा करना;-*n.* homage, discharge of cannons as a sign of respect. सत्कार, आदर के लिये तोप छूटना, अभिवादन; Saluter (-अर्) -*n.* he who salutes. नमस्कार करनेवाला।

Salutiferous-सॅल्युटिफ़रस् - *adj.* bringing health. स्वस्थ करनेवाला।

Salvable-सॅल्वे॑-बल -*adj.* capable of being saved. बचाने योग्य; Salvableness (-नेॅस्)-*n.* the state of being salvable. बचाने की योग्यता।

Salvage-सॅल्वे॑-ज् -*n.* payment for saving a ship or her cargo from loss by wreck or capture. जहाज अथवा उस पर की सामग्री को बचाने का पुरस्कार; - *v. t.* to protect from loss. क्षति (नुकसान) होने से बचाना।

Salvarsan-सॅल्वर्′-सन् - *n.* an arsenic compound used as a medicine in syphilis. जननेन्द्रिय की गरमी या उपदंश रोग में औषधि के रूप में प्रयुक्त संखिया का यौगिक।

Salvation-सॅल्वे′-शन् -*n.* deliverance from sin, preservation from calamity, saving of the soul. पापों से मुक्ति (मोक्ष, निस्तार); Salvation Army (an organized body for revival of religion.) कठिन नियमों द्वारा धर्मस्थापन करने की संस्था (मुक्ति सेनादल);

Salvationism (-इज़्म्)-*n.* such a principle. ऐसा सिद्धान्त; Salvationist (-इस्ट्)-*n.* a member of the Salvation Army. मुक्ति सेनादल का सदस्य।

Salve-साव्ह् (सॅल्व्ह्)-*n.* a healing ointment for wounds or sores. अनुलेप, मलहम; -*v. t.* to remove defects, to smooth, to rescue. दोष हटाना, चिकना करना, नाश से बचाना।

Salver-सॅल्वर् -*n.* a tray on which refreshments are served or anything presented. थाली, तश्तरी, रिकाबी।

Salvo-सॅल्वॅ-*n.* (*pl.* Salvoes.) reservation, bad excuse, an exception, discharge of guns as salute. निकासी, बहाना, अपवाद, अभिवादन के लिये तोप की सलामी।

Salvolatile-सॅल्वॅ-लॅ-टिलि-*n.* ammonium carbonate, a medicine for faintness. अमोनियम कार्बोनेट, मूर्छा की एक औषधि।

Salvor-सॅल्वर्-*n.* one who assists in salvage. जहाज को बचाने के लिये सहायता करनेवाला।

Sambo-सॅम्बॅ -*n.* (*pls.* Sambos, Samboes.) an offspring of a Negro and an American Indian. हबशी तथा अमरीका के आदिम निवासी की दोगली सन्तति।

Same-सेम् -*adj. & adv.* uniform, aforesaid. अभिन्न (समान), तुल्य (वही), पहिले कहा हुआ। All the same (nevertheless.) तो भी, तिस पर भी; At the same time. उसी समय; Just the same (exactly so.) ठीक वही; Of the same age (identical in age.) एक ही वय (उम्र) का; Sameliness (-लि-नेॅस्) -*n.* the act of being unvaried. अपरिवर्तनीयता; Samely (-लि)-*adj.* unvaried. अपरिवर्तनीय, न बदलने योग्य; Sameness (-नेॅस्) -*n.* identity, monotony. एकरूपता, समभाव।

Samel-सॅ-मेॅ-ल -*adj.* imperfectly baked. अधपका, अपक्व।

Samite-सॅ-माइट् -*n.* silk fabric interwoven with gold. रेशमी वस्त्र जिस पर जरी का काम बना हो।

Samlet-सॅम्ल-ट् -*n.* a young salmon. छोटी सामन मछली।

Sampan-सॅम्पॅन् -*n.* a small Chinese boat. चीन देश की छोटी नाव।

Samphire-सॅम्फ़ायर् -*n.* a cliff plant with aromatic leaves. चट्टान पर उगनेवाला सुगन्धित पत्तियों का एक पौधा।

Sample-सॉम्पल्-*n.* a specimen, a pattern आदर्श (प्रतिरूप), नमूना; -*v. t.* to make or

take sample, to get an experience. नमूना लेना या देना, अनुभव प्राप्त करना ।

Sampler-सॅम्प्-प्लर्-*n.* a sample of needle-work. सूई के काम का नमूना ।

Samson-सॅम्सन् -*n.* a person of great strength. अति बलवान् मनुष्य ।

Sanable-सॅन्'-ऍ-बल् *adj.* able to be cured. आरोग्यकर ।

Sanative-सॅनेंटिव् -*adj.* conducive to health, curative, healing. स्वास्थ्यकारी, रोग हरनेवाला, आरोग्यजनक; **Sanativeness** (-नेॅस्) -*n.* the power of healing. रोग हटाने की शक्ति ।

Sanatorium-सॅनटोरिअम्-*n.* (*pl.* **Sanatoria.** an establishment for the treatment of consumptives, a health station. क्षय के रोगियों का चिकित्सालय, स्वास्थ्यालय ।

Sanatory-सॅ-नॅ-टरि-*adj.* healing, pertaining to health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

Sanctification-सॅङ्क्'-टि-फ़ि-के'-शन् -*n.* the act of sanctifying. पवित्र करने का कार्य ।

Sanctified-सॅङ्क्टिफ़ा-इड् -*adj.* made holy. पवित्र बनाया गया; **Sanctifiedly** (-लि)-*adv.* in a sanctified manner. पवित्र किये गये ढंग से ।

Sanctifier-सॅङ्क्'-टि-फ़ाइ-अर् -*n.* one who sanctifies. पवित्र करनेवाला ।

Sanctify-सॅङ्क्'-टि-फ़ाइ -*v. t.* (*p. t.* **Sanctified**) to purify from sin, to consecrate. पाप धोना, शुद्ध करना ।

Sanctimonious-सॅङ्क्'-टि-मो'-नि - अस् - *adj.* hypocritically pious. पाखण्डी, धर्माभिमानी; **Sanctimoniously** (-लि) -*adv.* hypocritically. पाखण्ड से; **Sanctimoniousness** (-नेॅस्) -*n.* the state of being sanctimonious. कपट धर्म, पाखण्ड ।

Sanctimony-सॅङ्क्'- टि- म - नि -*n.* show of sanctity, a pretence of devoutness orpurity. पुण्यवेश धारण, पाखण्ड, बनावटी पवित्रता ।

Sanction-सॅङ्क्' - शन् - *n.* confirmation of law by supreme authority, authoritative permission, support.अनुमोदन, प्रमाण, आश्रय; -*v. t.* to authorize, to ratify, to confirm. आज्ञा देना, प्रमाणित करना, दृढ़ करना ।

Sanctionless-सॅङ्क्-शन्-लेॅस् -*adj.* devoid of sanctions. प्रमाण-रहित ।

Sanctitude-सॅङ्क्'-टि - ट्यूड् - *n.* saintliness. पवित्रता ।

Sanctity-सॅङ्क्'-टि - टि -*n.* (*pl.* **Sanctities.**) holiness, sacredness, purity. पवित्रता, शुद्धि, निर्मलता ।

Sanctuary-सॅङ्क्ट्'-यु-अरि-*n.* (*pl.* Sanctu ies.) a sacred place, a place of refu house of worship, a church or te पुण्यस्थान, शरणस्थान, देवालय, पूजन-स्था

Sanctum-सॅङ्क्टम् -*n.* a holy place, pri room. पवित्र स्थान, एकान्त कमरा ।

Sand-सॅन्ड् -*n.* minute fragments of sto बालू, रेत;-*v. t.* to sprinkle with sand, bury under sand. बालू छिड़कना, ब गाड़ना; **Sandbank** (shoal of sand) ब किनारा; **Sandbar** (a sandy bank at mouth of a river.) नदी के मुहाने पर बी **Sand-bath** (a bath made of warm for heating.) औषध इत्यादि पकाने का का यन्त्र; **Sandblast** (a jet of sand driven for engraving.) काँच, धातु के चमकीले भाग को 'खुरखुरा करने का **Sand-blind** (defective in sight.) कुछ अन्धा; **Sand-box** (a box for sand.) बालूदानी; **Sand-glass** (glass of sand.) बालू-घड़ी; **Sand-paper** (पर्)-*n.* & *v. t.* paper covered with for polishing, to polish with sand- लकड़ी पर पालिश करने का बालू कागज़, ऐसे कागज़ द्वारा पालिश करना; **Sand-piper** (a kind of bird.) टिटिहरी; **Sand-shoes** (shoes for walking on sand) चलने का जूता; **Sandstone** (a kind of stone.) बलुआ पत्थर; **The sands** (स्) *pl.* tracts of sandy land. रेतीली भूमि



Sandal

Sandal-सॅ-न्ड्अल्-*n.*a shoe without upper parts. चप्पल, चट्टी, खड़ाऊँ; -*v. t.* to put sandals on. चट्टी पहिनना ।

Sandal (wood)-सॅन्ड्अल (वुड्)-*n.* a kind of fragrant wood. चन्दन, गन्ध-सार, सन्दल ।

Sandarac-सॅं ड्-रॅक्-*n.* a kind of resin in the preparatin of varnish. वार्निश की एक प्रकार की लाह ।

Sanderling-सॅन्डर्लिङ्ग -*n.* a kind of bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

Sanders-सॅन्डर्स् -*n.* red sandalwood चन्दन ।

Sandish-सॅन्डिश् - *adj.* like sand, भुरभुरा, बालू के समान ।

Sandwich-सॅन्ड्-विच्-*n.* thin slices of with meat &c. inserted between. इत्यादि भरी हुई रोटी, कचौड़ी; -*v. t.* to something between two objects. दो पदार्थों के बीच में कुछ रखना ।

Sandy-सैन्डि - *adj.* (*comp.* Sandier, *sup.* Sandiest.) full of or like sand. बालू से भरा हुआ, बालू के समान ।

Sane-सेन्-*adj.* healthy, sensible, of sound mind. स्वस्थ, निरोग, स्वस्थ-चित्त का ; Sanely (-लि)-*adv.* in a sane manner. स्वस्थ चित्त से ।

Saneness-सेन्' - नेस्-*n.* the state of being sane. स्वस्थचित्तता ।

Sang-सैङ्ग्-*p. t.* of Sing. गाया ।

Sangaree-सैङ्ग्'-अ-री-*n.* a kind of spiced wine. एक प्रकार की मसालेदार मदिरा ।

Sanguiferous-सैङ् - ग्विफ़रस्-*adj.* conveying blood. रक्तवाहिनी ।

Sanguification-सैङ् - ग्विफ़िकेशन - *n.* formation of blood from food. भोजन से रुधिर का बनना ।

Sanguinarily-सैङ्-ग्विनरि-लि-*adv.* in a cruel manner. क्रूरता से; Sanguinariness (-नेस्) -*n.* cruelty. क्रूरता ।

Sanguinary--सैङ्-ग्विनरि-*adj.* attended by slaughter, bloody, blood-thirsty. हत्यारा, लोहू का प्यासा, क्रूर (निर्दय) ।

Sanguine-सैङ्ग्विन्-*adj.* & *n.* of the colour of blood, hopeful, bright, ardent, confident, abounding with blood. रक्तपूर्ण, रक्त के वर्ण का, आशायुक्त, चमकीला, विश्वासयुक्त; -*v. t.* to stain with blood, to varnish with red colour. रुधिर से चिह्नित करना, लाल रंग की वार्निश करना;-*n.* a drawing in red chalk. लाल रंग की चित्रकारी; Sanguinely (-लि) -*adv.* in a hopeful manner. आशापूर्वक ; Sanguineness (-नेस्)-*n.* the state of being sanguine, fullness of blood, ardour. आशा, रुधिरपूर्णता, उत्कट विश्वास; Sanguineous (-अस्)-*adj.* abounding in blood, blood-red. रुधिर से पूर्ण, रुधिर के समान लाल रंग का ।

Sanguinivorgus-सैङ्-ग्वि - निवॉरस्-*adj.* subsisting on blood. लोहू पीकर जीनेवाला ।

Sanguisuge-सैङ्-ग्वि-सूज्-*n.* a kind of leech. एक प्रकार की जोंक ।

Sanhedrim-सैनि-ड्रिम्-*n.* (also Sanhedrin.) the supreme council of the Jews. यहूदियों की बड़ी पंचायत ।

Sanicle-सैनि-कल् -*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा ।

Sanies-से'नि-ईज़्-*n.* thin matter secreted from a wound. घाव में से बहनेवाला पानी, पंछा; Sanious-(-अस्)-*adj.* thin and serous. पंछे के समान पतला ।

Sanify-सैनि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Sanified) to improve health. स्वास्थ्य सुधारना, आरोग्य करना ।

Sanitarian-सैनिटेरिअन् -*n.* an advocate of sanitary reforms. आरोग्य के सिद्धान्तों का प्रवर्तक ।

Sanitary-सैनिटरि-*adj.* hygienic, pertaining to health, of the conditions that secure health, free from the influences that deteriorate health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

Sanitas-सैनिटस्-*n.* an antiseptic preparation. शुद्ध करनेवाली एक औषधि ।

Sanitate-सैनिटेट्-*v. t.* to improve sanitary methods. आरोग्यकर विधि का प्रयोग करना ।

Sanitation-सैनि-टे'-शन्-*n.* improvement of sanitary methods. स्वास्थ्यविद्या, आरोग्यशास्त्र ।

Sanitationist-सैनिटेशनिस्ट्-*n.* one who is versed in sanitation. आरोग्य शास्त्र में निपुण ।

Sanity-सैनिटि-*n.* the state of being sane, health of mind. स्थिर बुद्धि ।

Sank-सैङ्क्-*p. t.* of ink. डूबा ।

Sans-सैन्ज़्--*prep.* without. सिवाय, बिना ।

Sanskrit-सैन्स्'-क्रिट्-*n.* the ancient language of India. संस्कृत भाषा; Sanskritist (-इस्ट)-*n.* a scholar of Sanskrit. संस्कृत भाषा जाननेवाला ।

Santalin-सैन्ट्'-अ-लिन्-*n.* the red colouring matter of red sandalwood. रक्त-चन्दन में का लाल तत्त्व ।

Sap-सैप्-*n.* the vital juice circulating in plants. पौधों का सार या रस;-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Sapped.) to dig up, to undermine. खोदना, जड़ समेत उखाड़ना ।

Sapful-सैप्'-फ़ुल्-*adj.* full of sap. रसपूर्ण, रस भरा हुआ ।

Sapid-सैपिड् - *adj.* savoury, tasteful, palatable. सरस, स्वादु, स्वादिष्ट, जायकेदार ; Sapidity (-इटि) -*n.* palatableness, tastefulness. स्वादुता; Sapidness (-नेस्) -*n.* the quality of being sapid. स्वाद ।

Sapience-से'-पि-अन्स्-*n.* wisdom. बुद्धिमानी ।

Sapient-से' - पि - अन्ट्-*adj.* sagacious, wise. ज्ञानपूर्ण, बुद्धिमान् ।

Sapiential-से'-पि-एँ-न्शल-*adj.* pertaining to wisdom. बुद्धिमानी का ।

Sapiently-से'-पि-अन्ट्-लि-*adv.* in a sapient manner, sagaciously. बुद्धिमानी से ।

Sapindus-सपिन्डस्-*n.* soapberry. रीठा, रीठी।

Sapless-सॉप्-लॅस्-*adj.* without sap, dry. बिना रस का, सूखा।

Sapling-सॉ-प्लिङ्ग्-*n.* a young tree. छोटा पौधा।

Sapodilla-सॉपॅडिला-*n.* a kind of evergreen tropical tree. गरम देश का एक प्रकार का वृक्ष जिसकी लकड़ी पुष्ट होती है।

Saponaceous-सॉपॅनेशस् - *adj.* having the qualities of soap, soapy. साबुन के गुण का, साबुन के समान।

Saponifiable-सॉपॅनिफ़ायॅबल्-*adj.* able to be turned into soap. साबुन बनाने योग्य।

Saponification-सॉ-पॅनि-फ़ि-के'-शन्-*n.* the act of converting into soap. साबुन बनाने का कार्य।

Symbol-सिम्बल् -*n.* sign, representation, an emblem of something, letters standing for chemical elements. चिह्न, लक्षण, प्रतीक, रासायनिक तत्त्वों के लिए लाक्षणिक संकेत; **Symbolic** (-इक्)-*adj.* symbolical. लाक्षणिक संकेत का ; **Symbolical** (-इकल्)-*adj* serving as a symbol. लाक्षणिक, लक्षण की तरह प्रयोग में आने वाला; **Symbolically** (-इक्-अलि)-*adv.* by symbols or signs. लाक्षणिक रूप से; **Symbolics** (- इक्स्) - *n.* the science of symbols. संकेतों की विद्या; **Symbolism** (-इज़्म्)-*n.* the imparting of a symbolic meaning to an object or action. किसी पदार्थ या क्रिया में लाक्षणिक अर्थ का प्रयोग; **Symbolist** (-इस्ट्)-*n.* one who uses symbols. संकेतों का प्रयोग करने वाला; **Symbolistic** (-इस्ट्-इक्)-*adj.* one who uses symbols. संकेतों का प्रयोग करनेवाला। **Symbolization** (-आइज़्-ए-शन्)-*n.* resemblance in properties. गुणों का सादृश्य; **Symbolize** (-आइज़्) -*v. t.* to have a typical resemblance, to represent by symbols, to unite, to formulate into a creed, to agree. विशिष्ट समानता रखना, संकेत द्वारा प्रकट करना, संयुक्त करना, धार्मिक श्रद्धा का निरूपण करना, सहमत होना।

Symbology-सिम्बॅलॅजि-*n.* the art of expressing by symbols. संकेतों द्वारा प्रकट करने की कला।

Symmetrical-सिमॅ-ट्रिकल - *adj.* proportional in parts. यथाप्रमाण, सुडौल; **Symmetrically** (-लि) -*adv.* in a symmetrical manner. सुडौल रूप से; **Symmetricalness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being symmetrical. सुडौलपन, समरूपता।

Symmetrize-सि-मॅ-ट्राइज़्-*v. t.* to make proportional in parts. अङ्गों को समरूप करना, सुडौल बनाना।

Symmetry-सि-मॅ-ट्रि-*n.* right proportion of the several parts of a body to each other, harmony, congruity. समरूपता, अवयवों की सङ्गति, सुडौलपन।

Sympathetic - सिम्पॅथॅटिक् - *adj.* having common feeling with another, inclined to sympathy. समदुःखी (दयायुक्त), सहानुभूति [illegible] **Sympathetic ink** (an ink the marks of which are not visible unless heated) [illegible]

(स्याही) जिसकी लिखावट बिना कागज गरम किये देख नहीं पड़ती; Sympathetically (-अलि)-*adv.* in a sympathetic manner. सहानुभूति से।

Sympathize-सि-म्-थाइज़्-*v. t.* to feel or express sympathy for, to feel with another. समवेदना प्रकट करना, सहानुभूति प्रकट करना; Sympathizer (-अर्)-*n.* one who sympathizes. सहानुभूति प्रकट करनेवाला।

Sympathy-सि-म्प-थि-*n.* fellow-feeling, compassion, the quality of being affected by the affection of another. समवेदना, कृपा (अनुकम्पा), सहानुभूति।

Symphonic-सिम्-फ़ॅ-निक् -*adj.* resembling a symphony. स्वर की समता का।

Symphonious-सिम्फ़ोनिअस्-*adj.* agreeing in sound, harmonious. एक स्वर का, एक सुर का।

Symphonize-सिम्-फ़ॅ-नाइज़्-*v. t.* to be in unison with. एक सुर में होना।

Symphony-सिम्फ़ॅनि-*n.* harmony of sounds agreeable to the ear. स्वर की समता, स्वर का मिलान।

Symptom-सिम्प्-टम्-*n.* a token or sign, that which indicates disease. लक्षण (चिह्न), रोग के लक्षण।

Symptomatic-सिम्प्-टॅमॉटिक्-*adj.* pertaining to symptoms. लक्षण-सम्बन्धी; Symptomatically (-अलि)-*adv.* by means of symptoms. लक्षण या चिह्नों द्वारा।

Symptomatology-सिम्प् - टॅमॅटॅलॅजि - *n.* the science of the symptoms of diseases. रोगों के लक्षणों की विद्या।

Syn-सिन्-*pref.* in the sense of "with", "together." 'साथ' अर्थ का उपसर्ग।

Synagogical-सिन्-अ-गॉजिकल्-*adj.* pertaining to the Jewish assembly for worship. यहूदियों की पूजा-समिति से सम्बन्धित।

Synagogue-सिन्-अ-गॉग् - *n.* an assembly of Jews for the purpose of worship. यहूदियों का पूजा के लिये जमघट।

Synarchy-सिनॉर्कि-*n.* joint sovereignty. संयुक्त राज्य का शासन।

Synchronal-सिङ्क्रॅनल्-*adj.* happening at the same time, simultaneous. समकालीन, एक समय होनेवाला।

Synchronism-सिङ्क्रॅनिज़्म्-*n.* occurrence of two or more events at a time. एक ही समय में अनेक घटनाओं का होना।

Synchronize-सिङ्क्रॅ-नाइज़्-*v. i. & t.* to occur at the same time, to cause to agree in time. एक ही समय में कई कामों का होना, समय में सहमत करना।

Synchronous-सिङ्क्रॅ-नस्-*adj.* simultaneous. एक साथ होनेवाला; Synchronously (-लि) -*adv.* at the same time. एक ही समय में।

Synchysis-सिन्कि-सिस्-*n.* confusion of words in a sentence. वाक्य में शब्दों का व्युत्क्रम या विप्लव।

Syncopate-सिङ्कॅ-पेट्-*v. t.* to contract or shorten by omitting the letters or syllables of a word. शब्द में एक या अनेक अक्षरों को निकालकर छोटा करना; Syncopation (-शन्)-*n.* the act of syncopating. अक्षर निकाल कर शब्द को छोटा करने की क्रिया, शब्द संकोचन।

Syncope-सिन्कॅपि-*n.* the cutting short of one or more letters from a word, loss of consciousness. शब्द के भीतर से एक अथवा अनेक अक्षर निकालकर छोटा करने की क्रिया, शब्द-संकुचन, मूर्छा।

Syncopist-सि-न्कॅ-पिस्ट्-*n.* one who contracts words. शब्द के भीतर से अक्षर निकाल कर शब्द को छोटा करनेवाला व्यक्ति।

Syncopize-सिन्कॅ-पाइज़्-*v. t.* to contract a word. शब्द छोटा करना।

Syncretic-सिन् - क्री - टिक् - *adj.* combining different religious systems into one. भिन्न धार्मिक रीतियों को एक में मिलानेवाला।

Syndic-सिन्डिक् - *n.* a municipal officer, a chief magistrate. नगरपालिका का एक अधिकारी, प्रधान मजिस्ट्रेट।

Syndicate-सि-न्डि -केट्-*n.* a body of syndics, a council, a managing body, a committee of persons engaged in commercial speculation &c. सभा, प्रबन्धकर्ता लोगों की मण्डली।

Syndrome-सि-न्ड्रॅ- मि-*n.* a combination of symptoms in a disease. रोग में अनेक लक्षणों का समावेश।

Synecdoche-सिनॅक्डॅ-कि-*n.* a figure of speech in which a whole is put for a part or vice versa. उपलक्ष्य अलंकार जिसमें अंश के लिए पूर्ण अथवा पूर्ण के लिए अंश का प्रयोग होता है; Synecdochical (-कीॅल्)-*adj.* pertaining to synecdoche. उपलक्ष्य सम्बन्धी।

Synochus-सि-नॅ-कस्-*n.* continuous fever. सतत या लगातार ज्वर।

Synod-सिनॅड्-*n.* an ecclesiastical assembly. पादरियों की सभा; Synodal (-अल्), Synodic (-इक्)-*adjs.* pertaining to such an assembly.

धार्मिक सभा-सम्बन्धी; **Synodically** (-इकलि) -*adv*. by the order of a synod. धर्मसभा की आज्ञा से।

Synomosy-सि-नॉ-मॅ- सि-*n*. sworn brotherhood. शपथ लेकर भ्रातृवत् व्यवहार।

Synonym-सि-न-निम्-*n*. a word having the same meaning and signification as another. पर्याय (तुल्यार्थ) शब्द, पर्याय; **Synonymic** (-इक्) -*adj*. pertaining to similar meaning. पर्यायवाची; **Synonymist** (-मिस्ट्) -*n*. one who collects synonymous words. पर्यायवाची शब्दों का संग्रह करनेवाला; **Synonymity** (-मिटि) -*n*. the state of being synonymous. तुल्यार्थता; **Synonymize** (-आइज़्) -*v. t.* to express the same meaning in different words. अनेक शब्दों में समान अर्थ प्रकाशित करना; **Synonymous** (-अस्) -*adj*. conveying the same idea. समानार्थवाला, पर्यायवाची; **Synonymously** (अस्-लि) -*adv*. in a synonymous manner. पर्याय अर्थ में; **Synonymy** (-इ) -*n*. amplification by synonyms. पर्याय शब्दों का व्यवहार करके सामान्य अर्थ पुष्ट करने का कार्य।

Synopsis-सि-नॅ-प्सिस्-*n*. (*pl.* Synopses-सीज़्) a general view, abstract, summary. संकलित दृश्य, सार, संग्रह, संक्षेप; **Synoptic** (-टिक्) -*adj*. & *n*. a general survey. सामान्य अवलोकन; **Synoptical** (-टिक्-अल्) -*adj*. affording a general view of a thing. सार प्रकाशक; **Synontically** (-टिकलि) -*adv*. in a synoptical manner. सामान्य अवलोकन द्वारा।

Synovia-सि (साइ) -नोव़िआ-*n*. the lubricating fluid in the joints of the body. शरीर के जोड़ों की तर रखनेवाला द्रव पदार्थ; **Synovial** (-अल्) -*adj*. pertaining to synovia. इस पदार्थ से संबंधित।

Syntactical-सिन्टॅक्टिकल्-*adj*. according to the rules of syntax. वाक्य-रचना के नियमों के अनुसार; **Syntactically** (-लि) -*adv*. in conformity with syntax. कारक-नियमानुसार।

Syntax-सिन्टॅक्स्-*n*. the grammatical and due arrangement of words in a sentence, sentence construction. वाक्य-रचना-विचार, वाक्य-रचना।

Syntectic-सिन्टेक्टिक्-*adj*. wasting with consumption. क्षय रोग से नाश होनेवाला।

Synteretic-सिन्टिरेटिक्-*adj*. preserving health. आरोग्य रखनेवाला।

Synthesis-सिन्थिसिस्-*n*. (*pl.* Syntheses-सीज़्) putting several things together, combination, composition of elements into one, artificial production. संयोग, संकलन, कृत्रिम रचना।

Synthesist - सिन्थिसिस्ट्-*n*. one who synthetically. समन्वय या संश्लेषण करनेवाला

Synthesize-सिन्′-थि-साइज़्-*v. t.* to natural objects artificially. प्राकृतिक को कृत्रिम क्रिया से तैयार करना।

Synthetic-सिन्थ टिक्, **Synthetical** -*adjs*. pertaining to synthesis. मिलावट या कृत्रिम रचना सम्बन्धी।

Synthetically-सिन्थे टिकलि-*adj*. in a manner. मिलावट के ढङ्ग से।

Syntonic-सिन्टॅनिक् -*adj*. sharp, intense. तेज।

Syntonin-सि-न्टॅ-निन्-*n*. muscle fibrin. का एक तत्त्व।

Syntonize-सिन्टॅनाइज़्-*v. t.* to tune a set. रेडियो के यन्त्र को सुर में लाना।

Syntony-सिन्टॅनि-*n*. the tuning of a set. बिना तार की तारबर्की के यन्त्र को करने की क्रिया

Syphilis-सिफ़िलिस् -*n*. a venereal disease. दंश रोग, गरमी या आतशक।

Syphilitic-सिफ़िलिटिक् - *adj*. pertaining syphilis. उपदंश रोग-सम्बन्धी।

Syphon-साइ′फ़न् -*n*. a bent pipe or with unequal legs for conveying liquids from a higher to a lower level. तरल पदार्थ को ऊपरी तल से निचले तल में ले जाने की मुड़ी हुई नलिका।

Syrian-सि′-रि-अन्-*adj*. pertaining to the natives of Syria. सीरिया देश के निवासी का।

Syringe-सिरिन्ज् -*n*. a pipe furnished piston by which liquids are sucked and ejected in a fine stream. वस्ति, पिचकारी; to spray with a syringe. पिचकारी देना।

Syrtis-सर्टिस्-*n*. name of two large sands off the northern coast of अफ्रीका के उत्तरी तट से दूर इकट दो ढीले बलुए मदानों का नाम।

Syrup-सि-रप् - *n*. a saturated solution sugar, vegetable juice saturated with चाशनी, शर्बत; **Syrupy** (-इ)-*adj*. like शर्बत के सम न।

Systaltic-सिस्टॅल्टिक्-*adj*. capable of

ing and expanding alternately. पारी-पारी से सिकुड़ने तथा फैलने के योग्य।

Systasis-सिस्टॅ-सिस्-*n.* political union. राजनैतिक मिलाप या संगठन।

System-सि-स्टम्-*n.* assemblage of things in regular order, principles in art or science, an arranged scheme, method, classification. पद्धति (रीति, क्रम), कल्पना, प्रयोग, उपाय, प्रबंध; Mountain system (connected ranges of mountains.) पर्वत-श्रेणी; Solar system (the sun and planets.) सौर जगत, सूर्य और इसके आसपास के नक्षत्र; System of government (procedure of government.) राज्य शासन-पद्धति; System of philosophy (co-ordinated doctrines of philosophy.) दर्शन, तत्त्वज्ञान; The system (body as a functional whole.) शरीर-रचना (कायव्यूह), शरीर का क्रम।

Systematic - सिस्टमॅटिक् - *adj.* pertaining to system, methodical. यथाक्रम, क्रम के अनुसार; Systematically (-अलि)-*adv.* in a regular manner. पद्धति या क्रम के अनुसार।

Systematist-सिस्टमॅटिस्ट्-*n.* one who reduces anything to system. सब पदार्थों को क्रमानुसार रखनेवाला।

Systematization-सिस्टमटाइज़ेशन्-*n.* the act of systematizing. क्रमबद्धता।

Systematize-सिस्टमटाइज़्-*v. t.* to reduce to a system. क्रमबद्ध करना, व्यवस्था करना; Systematizer (-अर्) -*n.* one who systematizes. क्रमबद्ध (व्यवस्था) करनेवाला व्यक्ति।

Systemless-सिस्टम्-लॅस्-*adj.* without system. बिना क्रम या व्यवस्था का।

System-maker-सिस्टम्-मेकर् -*n.* one who forms a system. व्यवस्था करनेवाला व्यक्ति।

System-monger-सिस्टम् मॉङ्गर् -*n.* one given to forming systems. सर्वदा क्रम रचनेवाला।

Systole-सिस्टॅलि-*n.* the shortening of a long syllable, the contraction of the heart and arteries. अक्षर या पद को छोटा करना, हृदय या धमनी का संकुचन।

Systolic-सिस्टॅलिक्-*adj.* pertaining to systole. हृदय या धमनी के सिकुड़ने से सम्बन्धित।

Systyle-सिस्-टाइल् -*n.* & *adj.* placing of columns near each other. खम्भों को प्राय मिलाते हुए बैठाने की व्यवस्था का।

Systylous-सिस्टिलस् -*adj.* with united styles. मिले हुए खम्भों के साथ या खम्भों से युक्त।

Syzygy-सिज़िजि -*n.* conjunction or opposition of a planet with the sun, the period of new and full moon when the sun, moon and earth are in one line. किसी नक्षत्र का सूर्य के ठीक सामने या ठीक पीछे होना, नवीन चन्द्रमा या पूर्ण चन्द्रमा का समय जब पृथ्वी, सूर्य तथा चन्द्रमा एक रेखा में रहते हैं।

T-टी-the twentieth letter of the English alphabet, anything shaped like the letter T. अंग्रेजी वर्णमाला का बीसवाँ अक्षर, इस अक्षर के आकार का कोई पदार्थ; To cross the T's (to be very precise.) निश्चित या स्पष्ट होना।

T-square-टी-स्क्वेअर्-*n.* a ruler like the letter T, used in mechanical or architectural drawing. नकशा बनाने के काम में आनेवाली 'टी' अक्षर के आकार की पटरी।



T-square.

Ta-टा-*n.* a childish word for 'thank you.' धन्यवाद अर्थ का शब्द जिसको बच्चे प्रयोग करते हैं।

Tab-टॅब्-*n.* a tab, the end of a lace, the flap of a garment, the metallic binding at the end of a shoe-lace. फीता, किनारा, जूते के फीते के किनारे की वस्तु की नोक।

Tabard-टॅबर्ड-*n.* herald's coat, a garment worn over armour. योद्धा की पोशाक, कवच के ऊपर पहिनने का जामा; Tabarder (-अर्)-*n.* one who wears a tabard. कवच के ऊपर पहिननेवाला।

Tabaret-टॅब्'अ-रॅट् -*n.* an upholstery fabric lined with silk. गद्दे इत्यादि में जड़ने का धारीदार रेशमी वस्त्र।

Tabasheer-टॅब्-अ-शीर् -*n.* a kind of opal found in the joints of certain kinds of bamboos. वंशलोचन, तबाशीर।

Tabbinet-टॅ-बि-नॅट्--*n.* a fabric of silk and wool used for curtains. परदा बनाने का ऊन मिला हुआ रेशमी कपड़ा।

Tabby-टॅ - बि -*adj.* (*comp.* Tabbier, *sup.* Tabbiest.) having a variegated appearance, of different colours. रङ्गबिरङ्गा, धारीदार, चितकबरा; - *n.* a cat of mottled colour. चितकबरी बिल्ली ; -*v. t.* to give a wavy appearance to, to cause to look wavy. लहरियादार बनाना या करना।

Tabbying-टॅ-बि-इङ्ग् -*n.* the watering of fabrics. पानी में भिगोकर रेशमी वस्त्र को लहरिया बनाना।

Tabefaction-टॅबि-फ़ॅक्शन् -*n.* wasting of the body by disease. रोग के कारण शरीर के क्षय या क्षीण होने की क्रिया।

Tabernacle-टॅबर्'-नॅकल्-*n.* a tent, a movable building, a place of worship, the human body. (पट, मण्डप) खेमा, तंबू, जगह से [illegible] इमारत, पूजा का मन्दिर, मनुष्य का शरीर;-*v. i.* to dwell for a short time, to put or enshrine in a place of worship. थोड़े समय के लिये निवास करना, पूजागृह में स्थापित करना; Tabernacled (-ड्)-*adj.* having obtained a temporary shelter. अस्थायी आश्रय पाये हुए।

Tabernacular-टॅबर्'-नॅक्युलर् -*adj.* latticed. जालीदार।

Tabes-टे-बीज़् -*n.* wasting disease of the spinal cord. वात-सम्बन्धी क्षय रोग।

Tabic-टॅबिक् -*adj.* pertaining to tabes. [illegible] जनित क्षय रोग-सम्बन्धी।

Tabetic-टॅ-बॅ-टिक्-*adj.* affected with tabes. वात क्षय रोग से ग्रस्त।

Tabinet-टॅबि-नॅट् -*n.* a watered silk fabric. पानी से लहरियादार बना हुआ रेशमी वस्त्र।

Tablature-टॅब्लेचर्-*n.* a painting on a wall, graphic description. दीवार पर का चित्र, विस्तृत वर्णन।

Table-टे-बल् -*n.* a flat surface, a slab, an article of furniture consisting of a flat surface of wood, marble etc., raised on legs, tablet, entertainment, index of matters, synopsis. समतल स्थान, फलक, [illegible] लिखनाधार, मेज, टिकिया, उत्सव, सूची, [illegible] पत्र;-*v. t.* to tabulate, to supply with food. सूचीपत्र बनाना, अङ्क-पन्जी पर अङ्क चढ़ाना, भोजन देना; At table (while taking one's meal.) भोजन करते हुए; Table of contents (index.) विषय-सूची; Table-bell (-बल) -*n.* a small bell which is used for calling servants. नौकर को पुकारने के लिये टेबुल पर रखने की घंटी; Table-book (-बुक) -*n.* a book containing arithmetical tables, a book to lie on the table. पहाड़े की पोथी, टेबुल पर रखने की छोटी पुस्तक; Table-clamp (-क्लैम्प्) -*n.* a clamp for fastening things to a table. किसी पदार्थ को टेबुल में कसने का शिकञ्जा; Table-cloth (-क्लॉथ्) -*n.* a piece of cloth used for covering a table. टेबुल पर बिछाने का वस्त्र, मेजपोश; Tablecut (-कट्) -*a.* rectangularly cut. चौरस कटा हुआ; Table-knife (-नाइफ़) -*n.* a knife to be used at the dinner-table. भोजन के समय व्यवहार करने का चाकू; To lay on the table (to postpone.) टालना; To turn the tables (to change the status of something.) अवस्था या स्थिति बदलना।

Tableau-टैब्-लॅ *n.* (*pl.* **Tableaux**-ब्ज़) a picture, a silent and motionless group of persons arranged as in a picture. चित्र, चित्रवत् बैठे हुए मनुष्य।

Tableland-टे-ब्ल्-लॅन्ड्-*n.* an extent of flat land. ऊँची भूमि, पठार; **Table-money** (-मनि)-*n.* an allowance to officers. अधिकारियों का भत्ता; **Table-spoon** (-स्पून्)-*n.* a large spoon for the table which contains half an ounce of a liquid. बड़ा चम्मच जिसमें आधा आउन्स तरल पदार्थ अँटता है।

Tablet-टॅब्'-लॅट्-*n.* a thin sheet of anything on which to write, a small table, a small flat cake of medicine. पटरी, पटिया, छोटा केक, औषधि की छोटी टिकिया।

Table-talk-टेबल्-टॉक् - *n.* conversation on different topics. भिन्न विषयों पर वार्तालाप।

Table-turning-टे'-बल् टर्न-इङ्ग्-*n.* the moving of a table apparently without physical force. बिना शारीरिक शक्ति लगाये टेबुल के हिलने की क्रिया।

Tabling-टे-ब्लिङ्ग्-*n.* a setting in order. क्रम में रखने का कार्य।

Tabloid-टॅब्'-लॉइड्-*n.* a small round medical lozenge. दवा की छोटी टिकिया।

Taboo, Tabu-टॅ-बू-*n.* a ban, a prohibition by general consent. अवरोध, रुकावट; - *v. t.* to prohibit by authority. अधिकार से रोकना।

Tabor-टे-बर्-*n.* a small drum. छोटा ढोल या डफला; **Taborer** (-अर्) - *n.* one who plays on a tabor. ढोलक बजानेवाला; - *v. t.* to play on the tabor. ढोलक बजाना।

Taborine-टॅबॅरीन्-*n.* a small shallow drum. डफली।

Tabouret-टॅबरॅट् [Fr.-टबुर]-*n.* a small seat or stool. बिना पिछवई की बैठने की तिपाई; a small chair, without arms or the back. बिना बाँह और पिछवई की छोटी कुरसी।

Tabular-टॅब्-यु-लर्-*adj.* in the form of a table, set down in a table, flat, arranged and classified in tables. टेबुल के आकार का [illegible], सूचीबद्ध, चौरस, सूची की तरह क्रम में लिखा हुआ।

Tabularize-टॅ-ब्युलराइज़् - *v. t.* to tabulate. क्रमबद्ध करना।

Tabularly-टॅ-ब्यु-लर्लि-*adv.* in a tabular form. सूची या तालिका के रूप में।

Tabulate-टॅ-ब्युलेट्-*adj.* shaped like a table. टेबुल के आकार का;-*v. t.* to reduce to tables or synopses. सूचीपत्र बनाना।

Tache-टॅच् (-टॅश्)-*n.* (also **Tach**) a catch, a loop or button. खटका, बटन।

Tachometer-टॅकॉ-मि-टर्-*n.* an instrument for measuring the velocity of currents. धाराओं की गति नापने का यन्त्र।

Tachycardia-टॅकिकार्डिआ - *n.* the abnormal rapid beating of the heart. हृदय की असाधारण तीव्र गति।

Tachygraphy-टॅ-किग्'-रॅफ़ि-*n.* stenography. shorthand writing. सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखने की कला।

Tachygrapher-टॅकिग्रॅफ़र्-*n.* a stenographer. सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखनेवाला।

Tachygraphic-टॅकिग्रॅफ़िक्-*adj.* written in shorthand. सांकेतिक चिह्नों में लिखा हुआ।

Tachymeter-टॅकि-मि-टर्-*n.* a surveying instrument. सर्वे (नाप) करने का एक यन्त्र।

Tacit-टॅसिट्-*adj.* understood, implied, not expressed. चुपचाप, मौन, प्रकट न किया हुआ; **Tacit consent** (consent by silence.) मौन स्वीकृति; **Tacitly** (-लि) - *adv.* by implication. मूक भाव से, निर्विकल्प रूप से।

Taciturn-टॅसिटर्न् - *adj.* not talkative, reserved, silent. अल्पभाषी, भाषणविरक्त, कम बोलनेवाला; **Taciturnity** (-इटि) - *n.* reserve in speaking. मूकभाव, कम बोलने का गुण।

Taciturnly-टॅसि-टर्न्-लि-*adv.* in a reserved manner. मूकभाव से।

Tack-टॅक्-*n.* a small nail with a broad head, term of a lease, a rope for fastening sails. चौड़े माथे की छोटी काँटी, पट्टे की शर्तें, पाल बाँधने का रस्सा;-*v. t.* to fasten, to append, to divert a ship's course. काँटे से बाँधना, जोड़ना, जहाज का मार्ग बदलना; - (*pl.*) long stitches. (ब० व०) लम्बी सियन; **Tack-driver** (a machine for driving nails.) काँटी ठोकने का यन्त्र; **Tacker** (-अर्)-*n.* one who tacks जोड़नेवाला, काँटी ठोंकनेवाला।

Tacket-टॅकॅट् - *n.* a small nail with large head. बड़े माथे की छोटी काँटी।

Tackle-टॅ'-कल्-*n.* a mechanism for lifting or lowering heavy weights. भारी वस्तुओं के चढ़ाने-उतारने का यन्त्र;-*v. t.* & *i.* to seize or lay hold of, to fall to work. पकड़ना, काम में लग जाना।

Tackling-टॅक्-लिङ्ग-*n.* furniture of the masts and yards of a ship, harness. जहाज के मस्तूल इत्यादि की सामग्री, घोड़े का साज।

Tacky-टैकि-*adj*. sticky, slightly adhesive. थोड़ा चपकनेवाला, चिपचिपा।

Tact-टैक्ट्-*n*.peculiar skill or adroitness, nice perception, skill in doing the right thing at the right time in the right way. कुशलता (निपुणता, चातुरी), सूक्ष्म विचार, उचित समय पर उचित ढंग से उचित कार्य करने की युक्ति; **Tactful** (-फ़ुल्)-*adj*. gifted with tact. उक्त युक्ति में निपुण ; **Tactfully** (-फ़ुलि) -*adv*. skilfully. चतुराई से ; **Tactical** (टैक्टिकल्) *adj*. skilfully planning. निपुणता या युक्ति से योजना बनानेवाला।

Tactician-टैक्टिशन्-*n*. one skilled in tactics. युद्धविद्या में चतुर।

Tactics-टैक्-टिक्स्-*n*. (*sing*. & *pl.*) the art and science of disposing forces for battle;-(*pl.*) skilful device. व्यूहरचना, युद्धविद्या, (ब० व०) युक्ति, कुशलता।

Tactile-टैक्टाइल्-*adj*. tangible, pertaining to the sense of touch.छूने योग्य,स्पर्शज्ञान-सम्बन्धी।

Tactility-टैक्टिलिटि-*n*. tangibleness. स्पर्श-योग्यता, स्पर्शनीयता।

Taction-टैक्शन्-*n*. the act of touching. स्पर्श-क्रिया।

Tactless-टैक्ट्'-लस्-*adj*.destitute of tact. बिना कुशलता (युक्ति) का ; **Tactlessness** (-नेस्) -*n*. the quality of being tactless. अकुशलता।

Tactual-टैक्ट्'-यु-अल्-*adj*. pertaining to touch. स्पर्श-सम्बन्धी; **Tactually** - *adv*. in a tactual manner. स्पर्श करते हुए।

Tadpole-टैड्'-पोल्-*n*. the frog in its first stage after leaving the egg. अंडे से निकला हुआ मेढक का बच्चा।

Ta'en-टेन्-contraction of 'taken'. 'टेकन्' शब्द का छोटा रूप।

Taenia-टीनिआ-*n*. a tapeworm, a band-like form. चिपटा केंचुआ, फ़ीते के आकार का पदार्थ।

Taffeta-टै'-फ़-टा-*n*. a fine smooth stuff of silk &c. ताफ़ता, चेलिसिल्क।

Taffrail-टै-फ़-रेल्-*n*. the rail round the stern of a ship. जहाज के पिछले भाग में लगा हुआ कटघरा।

Tag-टैग्-*n*. a flap of garment, a small thread with pointed metal pieces for binding pieces of paper, the metal point at the end of a lace or string, something mean, an appendage. कपड़े का लटकनेवाला ढीला सिरा, कागज के टुकड़ों को बाँधने के लि धातु की पतली नोक लगे सिरोंवाला तागा, रस्सी व फ़ीते के किनारे पर की धातु की नोक, तुच्छ वस् पुछिल्ला;-*v. t.* (*p. t.* Tagged.) to fit with a tag, to join. जोड़ना, पुछल्ला लगाना।

Taglia-टैग्लिया-*n*. a combination of pulleys for hoisting. घिरनियों की पंक्ति।

Tag-rag-टैग्'रैग्-*n*. the lowest class of people. नीच जाति के लोग।

Tag-tail-टैग्-टेल्-*n*. a worm the tail of which is different in colour from the colour of the body. कीड़ा जिसकी पूँछ का रं शरीर के रंग से भिन्न होता है।

Taigle-टे'-गल्-*v. t.* & *i.* to entangle, to hinder, to delay, to loiter, to trudge. फँसाना, रोकना, देर करना, इधर-उधर घूम पैर घसीट कर चलना।

Tail-टेल्-*n*. the hindmost part of an animal, the back part of anything, the end. पूँछ, किसी वस्तु का पिछला भाग, अन्त; -*v. t.* to fasten something to the back part of a thing. किसी पदार्थ के पिछले भाग में कुछ बाँधना; To tail after (to follow closely.) पीछे-पीछे चलना, अनुसरण करना; To tail in (to tie by the end.) पूँछ बाँधना; To turn tail (to turn one's back.) भाग जाना, पीछे फिरना।

Tailboard-टेल्-बोर्ड्-*n*. the board at the hinder part of a car. गाड़ी के पीछे का पट दान; **Tail-coat** (-कोट्)-*n*. a coat with a long back part. कोट जिसका निचला भा लम्बा होता है।

Tailed-टेल्'-ड्-*adj*. having a tail. दुमदार, पूँछवाला।

Tail-end-टेल्-ऍन्ड्-*n*. the extreme end. अन्ति छोर।

Tailing-टे'लिङ्ग्-*n*. the part of a projecting stone inserted in a wall. दीवार में लगाये हु पत्थर का उभड़ा हुआ भाग।

Tailless-टेल्'-लेस्-*adj*. without a tail. बि पूँछ का।

Taillight-टेल्'-लाइट्-*n*. the light at the back of a train or motor car. रेल तथा मोटर गा के पीछे की रोशनी।

Tailor-टेलर्-*n*. (*pl.* Tailors.) a maker of garments. दर्जी;-*v. t.* to make outer gar-ments. पोशाक बनाना, कपड़ा सीना।

Tailor-bird-टेलर्-बर्ड्-*n*.a kind of small bird which makes its nests by sewing up leaves &c. बया पक्षी।

Tailoress-टेलरॅस-*n.*fem. a female tailor. दर्जिन।

Tailoring-टेलरिङ्ग्-*n.* the occupation of a tailor. दर्जी का काम।

Tailpiece-टेल्-पीस्-*n.* an ornamental engraving or block printed at the end of a book or chapter. पुस्तक के अन्त में अथवा अध्याय के नीचे छपा हुआ चित्र।

Tailrace-टेल्-रेस्-*n.* the stream of water which runs from a mill after turning its wheel. पनचक्की की जल की धारा जो इसके पहिये को घुमाने पर बहती है।

Tailrope-टेल्'-रोप्-*n.* a rope which is attached behind. पीछे की ओर लगा हुआ रस्सा।

Tain-टेन्-*n.* the thin plate of tin. राँगे का पतला पत्तर।

Taint-टेन्ट् -*n.* stain, corruption, blemish on reputation. धब्बा, दोष, कलंक; -*v. t. & i.* to stain, to corrupt, to poison. धब्बा डालना, कलंकित करना, विषैला बनाना।

Taintless-टेन्ट्-लेस् -*adj.* free from taint or tarnish. कलंक या दोष-रहित; Taintlessly (-लि) -*adv.* in a taintless manner. बिना कलंक के।

Take-टेक् -*v. t. & i.* (*p. t.* Took, *p. p.* Taken.) to get hold of, to grasp, to seize, to receive, to captivate, to choose, to swallow, to agree to, to copy, to please, to understand, to rent or hire. पकड़ना, ग्रहण करना, अङ्गीकार करना, मुग्ध करना, पसन्द करना, निगलना, लेना, सहमत होना, अनुकरण करना, समझना, किराये पर लेना; **Take your time** (do not hurry.) जल्दी मत करो; **To take a course** (to resort to.) अनुसरण करना; **To take a photograph** (to photograph.) फ़ोटो उतारना; **To take after** (to follow in resemblance.) अनुसरण करना; **To take away** (to deprive of.) छीन करना; **To take breath** (to rest.) विश्राम करना; **To take care of** (to be careful.) सावधान होना; **To take down** (to write down, to pull down, to lower.) लिख लेना, गिराना नीचा करना; **To take effect** (to be successful.) सफल होना; **To take fire** (to catch fire.) आग लग जाना; **To take for** (to mistake.) अशुद्धि करना; **To take for granted** (to accept as true.) सच्चा मान लेना; **To take heed** (to be careful.) सावधान होना; **To take hold of** (to grasp.) पकड़ना; **To take in** (to inclose, to receive.) बन्द करना, प्राप्त करना; **To take in hand** (to undertake.) कार्य में लग जाना; **To take in with** (to assemble.) एकत्रित होना; **To take leave** (to bid adieu.) बिदाई लेना; **To take off** (to remove.) उतारना, हटाना; **To take one's way** (to depart.) प्रस्थान करना; **To take out** (to remove.) हटाना; **To take over** (to succeed.) सफल होना; **To take place** (to come to pass.) होना; **To take the field** (to be engaged in battle.) युद्ध में लग जाना; **To take to** (to begin.) आरम्भ करना; **To take to task** (to call to account, to reprove.) जवाब तलब करना, झुड़कना, डपटना; **To take up** (to raise, to engross, to arrest, to pick up in a carriage or on horseback, to accept, to resume. उठाना, लग जाना, पकड़ना, गाड़ी या घोड़े पर चढ़ा लेना, स्वीकार करना, पुनः चालू करना।

Taken-टेकन् *p. p.* of Take; *adj.* accepted. स्वीकृत।

Taker-टेकर्-*n.* one who takes. ग्रहण करनेवाला।

Taking-टेकिङ्ग्-*adj.* attracting, captivating, alluring, infectious. मनोहारी, मोहनी, रम्य, रोग उत्पन्न करनेवाला; Takingly (-लि) -*adv.* in a captivating manner. आकर्षक रूप से।

Talbot-टॉल्बट्-*n.* a kind of hound. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता।

Talc-टॅल्क् -*n.* a very soft, pliable, silvery white transparent mineral, magnesium silicate. बहुत नरम, लचीला, रुपहला, पारदर्शक खनिज, अबरक, सेतखड़ी।

Talcose-टॅल्'-कॅस् -*adj.* abounding in talc सेतखड़ी या अबरक से पूर्ण।

Tale-टेल्-*n.* a narrative, a fictitious story or legend, information, malicious report reckoning. कथा, कहानी, समाचार (सूचना), बुरी खबर, गणना।

Tale-bearer-टेल्'-बेअरर्-*n.* one who tells tales or gives information. कथा कहनेवाला, सूचना-वाहक।

Tale-bearing-टेल्-बेअर्-इङ्ग् - *n.* telling of tales with mischievous intention. बुरे इरादे से कहानी कहने का काम।

Taleful-टेल्-फुल् -*adj.* full of stories. कथाओं से परिपूर्ण।

Talent-टॅलन्ट्-*n.* a standard weight, superior genius, skill, disposition, faculty. प्रामाणिक

परिमाण, बुद्धि, चातुरी, गुण; **Talented** (-ऍड्) *adj.* possessing skill. गुणी, बुद्धिमान्; **Talentless** (-लॅस्) - *adj.* without talent. बुद्धिहीन, गुणहीन।

Tales-टे'-लीज़्-*n. pl.* a writ for summoning jurors. जूरियों को बुलाने का सम्मन।

Talesman-टल्ज़्-मॅन्-*n.* a person summoned to act as a juror. जूरी का काम करने के लिये बुलाया हुआ मनुष्य।

Tale-teller-टेल् - टॅलर् - *n.* one who tells stories. कहानी कहनेवाला व्यक्ति।

Talion-टैलि-अ-न् -*n.* the law of retaliation. बदला लेने का नियम।

Taliped-टैलि-पॅड् -*adj.* club-footed. जुड़ी हुई अँगुलियों का।

Talipes-टैलिपीज़् -*n.* a club-footed creature. जुड़े हुए पंजेवाला प्राणी।

Talisman-टॅलिज़्-मन्-*n.* (*pl.* **Talismans.**) an amulet or charm, something that produces wonders. कवच, यन्त्र, तावीज; **Talismanic** (-इक्)-*adj.* magical. जादू का।

Talk-टॉक् -*v. i.* to converse, to prate, to speak, to discuss in words. बोलना, बकवाद करना, बातचीत करना, बहस करना;-*n.* a mutual discourse, a rumour, report. परस्पर भाषण (बोलचाल), जनप्रवाद, समाचार; **Idle talk** (useless gossip.) प्रलाप, बकवाद; **Popular talk** (rumour.) जनप्रवाद; **To talk about** (to discuss.) शास्त्रार्थ करना; **To talk at** (to address on a subject critically.) किसी विषय में कटु आक्षेप करना; **To talk away** (to while away time in talking.) बकवाद में समय नष्ट करना; **To talk down** (to silence.) चुप कर देना; **To talk of** (to converse on a subject.) किसी विषय पर बातचीत करना; **To talk over** (to discuss at length.) विस्तारपूर्वक शास्त्रार्थ करना; **To talk round** (to discuss without reaching any conclusion.) बिना लक्ष्य के बकबक करना; **To talk to** (to speak to, to rebuke, to scold.) बात करना, झिड़कना, बिगड़ना, बुरा-भला कहना।

Talkative-टॉक टिव्-*adj.* given to much talking, loquacious. बहुभाषी, बकवादी; **Talkatively** (-लि) -*adv.* in a talkative manner. बकवाद करते हुए; **Talkativeness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being talkative. बकवाद।

Talker-टॉकर् -*n.* a loquacious person. बकवादी मनुष्य।

Talkies-टॉकीज़् -*n. pl.* talking cinematographic pictures. बोलती-चालती तसवीर।

Talking-टॉकिङ्ग्-*n.* conversation, speaking, वार्तालाप, बातचीत।

Tall-टॉल्-*adj.* long in height, of more th average height, big. उन्नत, ऊँचा, लम्बा।

Tallboy-टॉल्-बॉय्-*n.* a high chest of drawers. दराजदार ऊँचा बक्स; **Tall of stature** (of tall built.) लम्बे शरीरवाला, दीर्घकाय; **To talk tall** (to boast, to brag.) शेखी मारना।

Tallish-टॉलिश्-*adj.* rather tall. प्रायः ऊँचा।

Tallness-टॉल्-नॅस् -*n.* the state of being tall. ऊँचापन, लम्बाई।

Tallow-टॅ-लो -*n.* animal fat melted down. वसा, चर्बी; -*v. t.* to grease with tallow, to fatten. चर्बी से चिकनाना, मोटा करना; **Tallow-chandler** (-शॅन्ड्-लर्)-*n.* one who makes and sells tallow candles. चर्बी की बत्ती (मोमबत्ती) बनाने तथा बेचनेवाला; **Tallow-faced** (-फेस्ड्) -*adj.* having a pale complexion. पीतमुख; **Tallowing** (-इङ्ग्)-*n.* the art of increasing fat in cattle. पशुओं के शरीर में चर्बी बढ़ाने की कला; **Tallowish** (-इश्)-*adj.* greasy. चर्बीदार; **Tallowy** (-इ)-*adj.* like tallow. चर्बी के समान।

Tally-टॅ-लि -*n.* (*pl.* **Tallies.**) one of two pieces of wood marked with notches before it is cut into halves, reckoning, label. लकड़ी का टुकड़ा जिसपर काटने के पहिले चिह्न बनाये गये हों, गणना, चिह्न करने के लिए; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Tallied.**) to record, to reckon, to fit, to correspond, to identify & compare, to deal on credit. (लकीर इत्यादि से) अंकित करना, गणना करना, समान होना, करना, अनुकूल होना, पहिचानकर मिलान करना, उधार का व्यवहार करना।

Tally-ho-टॅ-लि-हो -*n.* a huntsman's cry to hounds. कुत्तों को पुकारने की शिकारी की बोली; -*v. t.* & *i.* to utter sound like this. 'लूहा' 'लूहा', 'लूहा', 'लूहा' का शब्द बोलना।

Tallyman-टॅ-लिमॅन्-*n.* (*pl.* **Tallymen.**) pedlar who carries his goods on a stick. बहँगी पर सामग्री रखकर बेचनेवाला।

Tallyshop-टॅ-लि-शाप् -*n.* a shop at which goods are sold to be paid for by instalments. दूकान जिसमें वस्तु किस्तों में दाम चुकाने की शर्त पर बेची जाती है।

Talma-टॅल्मॉ -*n.* a long robe. लम्बा चोगा या लबादा।

Talmi-gold-टॅल्-मि'-गोल्ड् -*n.* an article of brass with a thin coating of gold on it. सोने का मुलम्मा किया हुआ पीतल का पात्र।

Talmud-टॅल्‌-मड्-*n.* the code of Jewish law यहूदियों के धर्मशास्त्र की पुस्तक ; Talmudist (-इस्ट्)-*n.* one versed in the Talmud. यहूदी धर्मपुस्तक का ज्ञाता ।

Talon-टॅलन्-*n.* the claw of a bird of prey, the heel of a sword blade. शिकारी पक्षियों का नख, चंगुल, तलवार की धार का पिछला भाग ।

Taloned-टॅलन्ड्-*adj.* furnished with claws. नाखूनदार ।

Talpa-टॅल्पा-*n.* the genus which includes the mole. छछूँदर जाति के पशु ।

Talus-टॅलस्-*n.* the bone of the foot which is articulated to the leg, a rampart. पैर की हड्डी, बुर्ज ।

Tamability-टेमॅबिलिटि -*n.* (also Tameability) tamableness. पलुआपन ।

Tamable-टेमॅबूल्-*adj.* (also Tameable.) that may be tamed or subdued. पालने या शांत करने योग्य; Tamableness (-नेस्)-*n.* the quality of being tamable. पलुआपन ।

Tamandua-टमॅन्डुआ-*n.* a kind of ant-eating animal. एक प्रकार का चींटी खानेवाला पशु ।

Tamarin-टॅमरिन्-*n.* a kind of South African squirrel-monkey. दक्षिण अफ्रिका का एक प्रकार का गिलहरी की शकल का बन्दर ।

Tamarind-टॅमरिन्ड्-*n.* a tropical leguminous tree. इमली का पेड़ ।

Tamarisk-टॅम-रिस्क्-*n.* an evergreen shrub. झाऊ का पेड़ ।

Tambac-टॅम्बक्-*n.* an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्ते के मेल से बनी हुई धातु ।

Tambour-टॅम् - बूर् - *n.* a small sieve-like drum, a circular frame in which cloth &c. is stretched to be embroidered. चलनी के आकार की छोटी खँजड़ी, कसीदा काढ़ने के लिये कपड़ा तानने का गोल फ्रेम (ढाँचा); -*v. t.* to decorate or embroider. कसीदा काढ़ना ।

Tambourine-टाम्बू(-म्बु)रीन् -*n.* a small shallow drum with loose jingling metal disks. झाँझ लगा हुआ डफ़, खंजरी, चङ्ग ।



Tambourine.

Tame-टेम् -*adj.* domesticated, not wild, spiritless. पलुआ, पालतू, निःसत्त्व (निस्तेज, मन्द) ;-*v. t.* to subdue, to domesticate, to humble. वश में करना, पलुआ बनाना, विनीत करना; Tameless (-लेस्) -*adj.* untamable, wild. जंगली, पलुआ न बनाया हुआ,; Tamely (-लि) (*adv.* in a tame manner. पलुएपन से, निःसत्त्व से। Tameness (-नेस्) -*n.* want of spirit तेजहीनता, पलुआपन; Tamer (-अर्)-*n.* one who tames. पालनेवाला ।

Tamin(e-)टॅमिन्-*n.* a fine thin glazed mixed woollen & silken stuff. बढ़िया पतला चमकदार ऊन और रेशम की मिलावट का कपड़ा ।

Tamkin-टॅम्'-किन्-*n.* a cannon stopper. तोप का डट्टा ।

Tam-o'shanter-टॅम्- -शॅन्टर्-*n.* a broad cap of knitted wool. बिने हुए ऊन की चौड़ी टोपी।

Tampan-टॅम्-पॅन्-*n.* a kind of venomous snake. एक प्रकार का विषैला सर्प ।

Tamper-टॅम्पर्-*v. t. & i.* to meddle, to make unauthorized changes in a document, to practise secretly. दूषित करना, लिखित पत्र में चोरी से अदल-बदल करना, गुप्त व्यवहार करना। Tamperer (-अर्)-*n.* one who tampers. दूषित करनेवाला, लेख में चोरी से हेर-फेर करनेवाला।

Tampion-टॅम्पिअन्-*n.* a plug for the muzzle of a cannon. तोप का डट्टा ।

Tampon-टॅम्पन्-*n.* a plug used to stop the flow of blood. रुधिर के प्रवाह को रोकने का गद्दा;-*v. t.* to check the flow of blood by a tampon. इस प्रकार के गद्दे से रुधिर का प्रवाह रोकना ।

Tamponade-टॅम्पॅनेड्-*n.* the use of a tampon for a wound. घाव के लिये रुधिर रोकने के गद्दे का प्रयोग ।

Tan-टॅन्-*v.t.&i.* (*p. t.* Tanned.) to convert raw hide into leather, to make or become brown. चमड़े को कमाना, धूप से भूरा होना या करना;-*n.* the bark used in the process of tanning. चमड़ा कमाने की (बबूल इत्यादि की) छाल -*adj.* brown. भूरा; Tan-bed (-बेड्)-*n.* a bed made of tan-bark. चमड़ा कमाने की छाल की बनी हुई चटाई ।

Tandem-टॅन्'-डॅम्-*adj.&n.* with two horses one behind the other, a two-wheeled carriage with a pair of horses harnessed one behind the other. टमटम गाड़ी जिसमें दो घोड़े एक के पीछे दूसरे जुते होते हैं ।

Tang-टॅंग्-*n.* a point or projection, tapering part of a tool which fits into a handle, a stong taste, flavour, a twanging sound, नोक, हथियार की डाँस, तीव्र स्वाद या गन्ध, झनझनाहट का शब्द; -*v.t.* to furnish with a tang, to twang. डाँस बठाना, झनकार का शब्द करना।

Tangency-टॅन्जन्सि-*n.* the state of being a taugent. सम्पर्क, स्पर्श रेखिता।

Tangent-टॅनृजेन्ट्-*n.* a straight line which touches a circle but being produced does not cut it. स्पर्श-रेखा, सम्पाति रेखा।



Tangent.

Tangential-टॅनृजन्शल् -*adj.* pertaining to tangent. स्पर्श-रेखा-सम्बन्धी; **Tangentially** (-लि)-*adv.* in the direction of a tangent. स्पर्श रेखा की दिशा में।

Tangibility-see Tangible.

Tangible-टॅन्'-जि-बल्-*adj.* perceptible by touch that may be realized, clearly intelligible, corporal. स्पर्शनीय, स्पष्ट, प्रकट (व्यक्त), शारीरिक; **Tangibility** (-बिलिटि), **Tangibleness** (-नॅस्)-*ns.* the quality of being tangible. स्पर्शनीयता; **Tangibly** (-ब्लि)-*adv.* in a tangible manner. स्पष्ट रूप से।

Tangle-टॅङ्गल्-*v. t. & i.* to knit together confusedly, to interweave, to be entangled. उलझन के साथ बुनना या फँसाना, उलझना;-*n.* a knot of things united confusedly. उलझन, कट।

Tangled-टॅङ्ग्-ल्ड्-*adj.* knitted. उलझा हुआ।

Tanglingly-टॅङ्ग्-लिङ्ग्-लि-*adv.* in a tangling manner. उलझा हुआ, फँसा हुआ।

Tangly-टॅङ्ग्-लि-*adj.* tangled. उलझनदार।

Tango-टॅङ्गो-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Tangram-टॅङ्ग्-ग्रॅम्-*n.* a square cut into seven pieces which may be combined to form various shapes. एक चतुर्भुज जिसको सात टुकड़ों में काटने पर इनसे अनेक आकृतियाँ बनती हैं।

Tan-house-टॅन्'-हाउस्-*n.* a building in which tanner's bark is stored. मकान जिसमें चमड़ा कमानेवाले की छाल रक्खी हो।

Tank-टॅङ्क्-*n.* a large wooden or metal basin, a reservoir, a locomotive boiler, an armoured car. लकड़ी या धातु का बड़ा पात्र, जलाशय, बावली, तालाब, इन्जन की टंकी, सब सामग्री-युक्त फौजी मोटर गाड़ी।

Tankage-टॅङ्कॅज्-*n.* storing in tanks, charge for this storage, the capacity of a tank, residue from tanks. तालाब में पानी जमा करने का काम, इस जमाव के लिये कर या शुल्क, तालाब की जलशक्ति, तालाबों की छाँछ।

Tankard-टॅङ्कर्ड्-*n.* a large drinking ves चषक, जल पीने का बड़ा बर्तन।

Tanker-टॅङ्कर्-*n.* a ship with a tank for car rying petroleum. मिट्टी का तेल ले जाने वाला जहाज़।

Tannable-टॅन्'-ऍब्-ल्-*adj.* able to be tanned. चमड़ा कमाने योग्य।

Tannage-टॅन् - ऍज् - *n.* materials used in tanning. चमड़ा कमाने का सामान।

Tanner-टॅनर्-*n.* one whose occupation is to tan hides. चमड़ा कमानेवाला।

Tannery-टॅनरि-*n.* a tanning manufactory चमड़ा कमाने का कारखाना।

Tannic-टॅ-निक्-*adj.* pertaining to tannin चमड़ा कमानेवाले वानस्पतिक पदार्थ से सम्बन्ध **Tannic acid** (tannin.) उक्त पदार्थ का तेज़

Tanning-टॅ-निङ्ग् -*n.* the art of converting raw hide into leather. कच्चे चमड़े को कमाने की कला।

Tansy-टॅन्'-ज़ि-*n.* a kind of bitter aromatic plant. एक प्रकार का पौधा।

Tantalism-टॅन्'-टॅ-लिज़्म्-*n.* punishment of Tantalus, son of Zeus, teasing, act of tantalizing. ज़ीअस के पुत्र टॅन्टलस का दण्ड, तरसाने या चिढ़ाने या तंग करने का काम।

Tantalization-टॅन्टलाइज़ेशन् - *n.* the act of tantalizing. तरसाव, ललचाव, चिढ़ाव।

Tantalize-टॅन्ट-लाइज़् -*v. t.* to torment, to tease with vain hopes. सताना, चिढ़ाना, तरसाना (ललचाना), आशा बढ़ाकर पूर्ण न करना।

Tantalizer-टॅन्ट - लाइज़र्-*n.* one who tantalizes. तरसानेवाला; **Tantalizing** (-टॅन् -*adj.* & *n.* teasing, act of tormenting. तंग कर, दिक करने का काम।

Tantalum-टॅन्टॅ - लम्-*n.* a precious metal एक बहुमूल्य धातु।

Tantamount-टॅन्ट-अ-माउन्ट-*adj.* equivalent समान, तुल्य।

Tantivy-टॅन्टिवि-*n.* a hunting cry, a rapid movement. शिकारियों का शब्द, तीव्र गति;-*v. i.* to hurry. तेजी करना;-*adv.* with great speed तीव्र गति से।

Tantrum-टॅन्'-ट्रम्-*n.* a fit of ill-temper आवेश, क्रोध।

Tanyard-टॅन्'-यार्ड्-*n.* an enclosure where hides are tanned. चमड़ा कमाने का स्थान

Tap-टॅप्-*n.* a gentle or slight blow with a thing, a tool for cutting screws, a short pipe. थपथपाहट, पेंच बनाने का हथियार, नली, टोंटी;-*v. t. & i.* (*p.t.* Tapped.) to touch

gently, to strike with something small, to pierce a cask, to bore into. थपथपाना, छोटी वस्तु से मारना, पीपे में छेद करना।

Tap-borer-टैप्-बोर्-अर्-*n.* a gimlet. गिलमिट्, छेद करने का यन्त्र।

Tape-टेप्-*n.* a narrow band of woven cloth. फीता, धज्जी;-*v. t.* to bind with a tape. फीते से बांधना; **Tape measure** (a tape used in measuring.) नापने का फ़ीता; **To breast the tape** (to win in racing.) दौड़ में जीतना।

Taper-टेपर्-*n.* a thin wax candle, a small light. छोटी पतली मोमबत्ती, छोटा प्रकाश;-*adj.* conical, thinner at one end. शुण्डाकृति, गावदुम (किनारे पर तुकीला);-*v. i. & t.* to become thinner at one end. एक किनारे पर तुकीला या गावदुम होना; **Tapering** (-इरिंग) -*adj.* gradually diminishing at one end. गावदुम आकार का; **Taperingly** (-इरिंग्-लि)-*adv.* in a tapering manner. गावदुम आकार में; **Taperness** (-नेस्) -*n.* the state of being tapering. तुकीलापन, शुण्डाकृति।

Tapestried-टैपिस्ट्रीड्-*adj.* fitted with tapestry. पिछवई लगी हुई।

Tapestry-टैं-प-स्ट्रि-*n.* a hand woven pictorial fabric used for covering walls, furniture &c. तसवीर बना हुआ पिछवई का कपड़ा।

Tape-worm-टेप्'-वर्म्-*n.* a parasite worm of the form of a tape. चिपटे आकार का केंचुआ।

Tapir-टे'-प-र्-*n.* a hoofed mammal like a rhinoceros. गैंडे के प्रकार का एक खुरवाला चौपाया पशु।

Tapis-टैपिस्, (also-टैपि)-*n.* a carpet, tapestry, cover for a table. गलीचा, पिछवई, मेजपोश।

Tappet-टैपट्-*n.* a small lever on a moving part. यन्त्र में चलते हुये डण्डे का छोटा जोड़।

Tapping-टैपिङ्ग्-*n.* the operation of drawing fluid matter accumulated in the body. शरीर में का संचित तरल पदार्थ निकालने की क्रिया।

Tap-room-टैप्'-रूम्-*n.* a room in which liquor is sold or drunk. मदिरा पीने या बेचने का घर।

Tap-rate-टैप्'-रेट्'-*n* the current rate. चालू

Tap-root-टैप्'-रूट्-*n.* the main root of a plant which sinks deep into the ground. पौधे की प्रधान जड़ जो पृथ्वी में गहरी धँसी होती है, मूसला जड़।

Tapster-टैप्'-स्टर्-*n.* one whose business is to draw ale. मदिरा निकालनेवाला।

Tar-टार्-*n.* a black viscous substance got by distillation of wood, coal &c., a sailor. तारकोल, अलकतरा, बिरोजा, मल्लाह, केवट;-*v. t.* (*p. t.* **Tarred.**) to cover with tar. तारकोल या अलकतरा पोतना या लगाना; **Tarry** (-रि) -*adj.* smeared with tar. तारकोल या अलकतरा पोता हुआ।

Tarantism-टैरन्टिज़्म्-*n.* a dancing mania. नाचने की धुन।

Tarantula-टरैं-न्ट्युलै - *n.* a kind of large poisonous spider. एक प्रकार का बड़ा विषैला मकड़ा।

Taraxacum-टैरैक्स्-अ-कम्-*n.* a kind of flowering plant from the roots of which a tonic laxative drug is prepared. एक प्रकार का फूलनेवाला पौधा जिसकी जड़ों से ताकतवर जुलाब की या दस्तावर दवा बनाई जाती है।

Tarboosh-टार्बूश्-*n.* the inner part of a turban, a cap like fez. पगड़ी का भीतरी भाग, एक प्रकार की मुसलमानी टोपी।

Tardigrade-टार्डि-ग्रेड् - *adj.* moving slowly. धीरे-धीरे चलनेवाला।

Tardily-टार्डिलि -*adv.* in a tardy manner. मन्दता से; **Tardiness** (-नेस्)-*n.* the state of being tardy, sluggishness. मन्दता, धीमापन।

Tardy-टार्डि-*adj.* (*comp.* **Tardier**, *sup.* **Tardiest.**) slow-moving, sluggish, reluctant. दीर्घसूत्री, मन्द, धीमा, विलम्बी।

Tare-टेअर्-*n.* a weed that grows amongst corn, an allowance made from the gross weight of goods. अन्न के बीच में उगनेवाली एक प्रकार की घास, किसी पदार्थ के भार से घटाया जानेवाला पात्र का भार; **Average tare** (the weight of a vehicle without any load.) बिना बोझ लदी गाड़ी का वज़न।

Target-टार्'-गेट्-*n.* a small round shield, a mark to fire at. छोटी गोल ढाल, गोली चलाने का निशाना या लक्ष्य; **Targeted** (-टेड्) - *adj.* furnished with a target. ढाल लगाये हुए।

Tariff-टैरिफ़्-*n.* a list of table of duties on customs to be paid on exportation and importation, a list of charges. शुल्क-सूची, चुङ्गी की दर की सूची, निर्खनामा, भाव की दर;-*v. t.* to put a valuation on. चुङ्गी निर्धारित करना; **Preferential tariff** (reduced duties or allowance of duties on goods imported from a favoured country.) किसी विशिष्ट देश से आई हुई वस्तु पर कम चुङ्गी या चुङ्गी की छूट।

Tarlatan-टार्लटन्-*n.* a kind of very thin muslin. एक प्रकार का बहुत बारीक मलमल या आबेरवाँ।

Tarn-टार्न्-*n.* a small mountain lake, a marsh. पहाड़ी झील, दलदल।

Tarnation-टार्-नें-शन्-*n.* damnation. सत्यानाश।

Tarnish-टार्निश्-*v. t. & i.* to destroy lustre, to become dull. चमक हटाना, मलिन करना या होना, धुँधला होना; **Tarnishable** (-एॅ-बल्) *a.* able to be tarnished. धुँधला या मलिन होने योग्य।

Tarot-टॅ-रॅ-*n.* a kind of card game. एक प्रकार का ताश का खेल।

Tarpan-टॅर्-पॅन्-*n.* the wild horse of Central Asia. मध्य एशिया का जङ्गली घोड़ा।

Tarpaulin-टार्-पॉ'-लिन्-*n.* tar-covered waterproof canvas, a sailor. अलकतरा पोता हुआ किर्मिच, मल्लाह।

Tarpon-टार्'-पॅन्-*n.* the jew-fish. एक प्रकार की मछली।

Tarrace-टॅरॅस्-*n.* a volcanic earth used as cement. ज्वालामुखी पर्वत से निकली हुई मिट्टी जो जोड़ने के काम में आती है।

Tarragon-टॅ-र'-अ-गन्-*n.* a savoury herb. एक स्वादिष्ट शाक।

Tarrier-टॅ-रि-अर्-*n.* one who tarries. विलम्ब करनेवाला।

Tarry-टॅ-रि-*v. i.* (*p. t.* Tarried.) to stay, to remain behind, to wait for, to delay. रुकना, ठहरना, देर करना, विलम्ब करना।

Tarsal-टार्सल्-*adj.* pertaining to tarsus. पैर की नली के निचले भाग से सम्बन्धित।

Tarsia-टार्-सि-आ-*n.* a beautiful kind of mosaic wood-work. लकड़ी में सुन्दर खुदाई का काम।

Tarsus-टार्सस्-*n.* the part of the foot to which the leg is articulated. एँड़ी और नली के बीच का पैर का भाग।

Tarsalgia-टॅर्सैल्जिआ-*n.* pain in the tarsus. पैर की नली की पीड़ा।

Tart-टार्ट्-*adj.* of sharp taste, acid, severe. तीखा, खट्टा, चरपरा;-*n.* a flat, crustless sweet fruit pie. मीठे फल की बिना पपड़ी की कचौड़ी।

Tartan-टार्टन्-*n.* a checkered or striped woollen fabric of various patterns. ऊनी चारखाना या पट्टीदार वस्त्र;-*n.* a kind of small coasting vessel. एक प्रकार का छोटा जहाज।

Tartar-टार्टर्-*n.* a native of Tartary, an acid salt deposit from fermented wine, concretion which incrusts the teeth, दाँतों पर वासी, मदिरा की क्षारीय तलछट जो नीचे जाती है, दाँत की मल; To catch a Tartar (to quarrel with a very strong enemy) अति प्रबल शत्रु से झगड़ा करना।

Tartarean-टार्'-टें-रिअन्-*adj.* pertaining to the infernal regions. नरक सम्बन्धी।

Tartaric-टार्-टॅ-रिक्, **Tartareous**(-रस्)-*adj.* obtained from tartar. क्षारीय।

Tartarin-टार्टरिन्-*n.* potash. पोटाश।

Tartarization-टार्टराइज़ेशन्-*n.* the act of reducing to tartar. क्षार बन जाने का कार्य।

Tartarize-टाटराइज़्-*v. t.* to impregnate with tartar, to convert into a tartar. क्षार करना, तातारी बनाना।

Tartarous-टार्टरस्-*adj.* containing tartar. क्षार युक्त।

Tartarus-टार्टरस् -*n.* the infernal regions of ancient Greek & Roman mythology. प्राचीन यूनानी तथा रूमी धर्मग्रन्थों का नरकलोक।

Tartish-टार्टिश्-*adj.* somewhat tart. कुछ तीखा या चरपरा।

Tartly-टार्ट्लि-*adv.* smartly or abruptly. तीव्रता से, तीखेपन से; **Tartness** (-नॅस्)-*n.* sharpness to the taste. स्वाद में तीखापन या चरपरापन।

Tartuffe-टार्ट्यूफ़्-*n.* a religious hypocrite. धर्मद्वेषी, पाखण्डी; **Tartuffish** (-इश्)-*adj.* hypocritical. पाखण्डी।

Tasimeter-टासिमिटर्-*n.* an electrical instrument for determining variations in temperature. तापमान का अन्तर जानने का विद्युत् एक यन्त्र।

Task-टास्क्-*n.* a business imposed by another, a lesson to be learnt at school, work, voluntary work. कार्य (काम, परिश्रम), पाठ, परिश्रम, धन्धा;-*v. t.* to exact labour from, to impose a task on. कार्य में नियुक्त करना, मेहनत लेना, काम करना।

Tasker-टास्कर्-*n.* one who imposes a task, काम सौंपनेवाला; **Taskmaster** (-मास्टर्) a man who assigns work to be done, काम लेनेवाला, काम में लगानेवाला; **Taskwork** -*n.* a piece of work given as a task, forced labour, oppressive work. दिया हुआ कार्य, धन्धा, जबर्दस्ती लिया गया श्रम, कठोर कार्य।

Tass-टॅस्-*n.* a drinking-cup. प्याला, कटोरा।

Tassel-टॅसॅल्-*n.* a pendent ornament, a ribbon sewn in a book serving as a book mark. झब्बा (फुँदना, लटकन), फीता जो

फीता; **Tasselled** (-ड्)-*adj.* adorned with tassels. फुँदनों या झब्बों से अलंकृत।

Tastable-टस्टेबल्-*adj.* (also **Tasteable**) able to be tasted, savoury. स्वाद लेने योग्य।

Taste-टेस्ट्-*n.* the sense by which we taste, relish, judgment, style, manner, choice, favour, liking. रसनेन्द्रिय, स्वाद, रस, निर्णय, उचित ढंग या तरीका, रुचि, प्रवृत्ति, चाट; -*v. t. & i.* to perceive by the tongue and palate, to try the relish of, to eat a little, to experience, to enjoy. स्वाद लेना, चखना, थोड़ा खाना, अनुभव करना, आनन्द लेना; **A man of taste** (one possessing a good taste.) रसिक; **Devoid of taste** (destitue of good taste.) अरसिक ; **Tasteful** (-फुल्) -*adj.* savoury, done in good taste. रुचिकर, स्वादिष्ट, जायकेदार, मनोहर (हृदयग्राही); **Tastefully** (-लि)-*adv.* in a tasteful manner. रुचि से, स्वाद से; **Tastefulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the quality of being tasteful. स्वादिष्टता ; **Tasteless** (-लस्)-*adj.* having no taste, insipid. रसहीन (बेस्वाद), नीरस (फीका); **Tastelessly** (-लस्-लि)-*adv.* in a tasteless manner. रसहीनता से; **Tastelessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* the quality of being tasteless. रसहीनता; **Taster** (-अर्)-*n.* a person employed to taste food. (आस्वादक) भोजन का स्वाद लेनेवाला मनुष्य; **Tastilly** (-इ-लि)-*adv.* with good taste. स्वाद से; **Tasty** (-इ)-*adj.* of good taste, savoury. सुरस, स्वादिष्ट, स्वादपूर्ण।

Ta-ta-टा-टा-*interj.* good-bye. विदाई के समय का नमस्कार।

Tatter-टैटर्-*n.* a rag or part torn. चीर, चिथड़ा, फटन।

Tattered-टैटर्ड्-*adj.* ragged. फटा हुआ।

Tattery-टैटरि-*adj.* tattered. फटन का, फटा हुआ

Tatting-टैटिङ्ग्-*n.* trimmings for woven work. किनारी, झालर।

Tattle-टैटल्-*n.* idle talk, trifling talk. गप्प, बकवाद;-*v. i.* to talk idly, to prattle, to tell secrets. बड़बड़ करना (गप करना), बकवाद करना, भेद बताना।

Tattler-टैट्लर्-*n.* an idle talker. बड़बड़िया, बकवादी; **Tattlery** (-रि)-*n.* an idle talk. गप्प, बकवाद; **Tattling** (-इङ्ग्)-*n.* tattle. बकवाद।

Tattoo-टैटू-*n.* (*pl.* **Tattooes.**) a beat of drum for recalling soldiers to the head-quarters, a mark or figure made on the body by punctures and stains. सैनिकों को डेरे पर बुलाने के लिये नगाड़ा बजना, गोदना;-*v. t. & i.* to beat the drum, to puncture the skin with indelible patterns. नगाड़ा बजाना, गोदना गोदना।

Taube-टाउब्-*n.* a type of German aeroplane एक प्रकार का जर्मनी का हवाई जहाज।

Taught-टॉट्-*p. t. & p. p.* of Teach. सिखाया

Taunt-टॉन्ट्-*n.* sarcastic reproach, upbraid insulting words. निन्दा, आक्षेप, तिरस्कार;-*adj.* tall. लम्बा, ऊँचा; -*v. t.* to reproach, to revile. निन्दा करना, तिरस्कार करना, ताना मारना; **Taunter** (-अर्)-*n.* one who taunts निन्दक, निन्दा करनेवाला; **Taunting** (-इङ्ग्) -*adj.* sarcastic. आक्षेपयुक्त, ताने का; **Tauntingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a sarcastic manner. आक्षेप से, निन्दा से।

Taurian-टॉ-रि-अन्-*adj.* of a bull. साँड का।

Taurine-ट-राइ-न्-*adj.* relating to a bul. साँड़-सम्बन्धी।

Tauromachy-टॅ-रॅ-म-कि-*n.* a bullfight. साँड़ की लड़ाई।

Taurus-टॉ-रस्-*n.* the second sign of the zodiac. वृष राशि।

Taut-टॉट्-*adj.* tight, secure. कसा या तना हुआ, दृढ़।

Tauten-टॉट्-न्-*v.t.* to make tight कसा बनाना

Tautological-टॉटलॅजिकल्-*adj.* of repetition of the same thing. पुनरुक्ति-सम्बन्धी। **Tautologically** (-लि)-*adv.* in a tautological manner. पुनरुक्ति की रीति से।

Tautologist-टॉटॅलॅजिस्ट्-*n.* one who uses tautology. पुनरुक्ति का व्यवहार करनेवाला।

Tautologize-टॉटॅलॅजाइज़्-*v. t.* to repeat the same thing in different words. भिन्न-भिन्न शब्दों में एक ही बात को दुहराना।

Tautologous-टॉटलॅगस्-*adj.* repeating the same thing. पुनरुक्ति करनेवाला।

Tautology-टॉटॅलॅजि-*n.* a repetition of the same meaning in different words. पुनरुक्ति, एक ही बात का भिन्न-भिन्न शब्दों में कथन।

Tautophony-टॉटोफॅनि-*n.* repetition of the same sound. एक ही शब्द की पुनरुक्ति।

Tavern-टैवर्न्-*n.* a public house where liquors are sold, an inn. शराबखाना, पथिकाश्रम, सराय; **Taverner** (-अर्)-*n.* one who keeps a tavern. भठियारा; **Taverning** (-इङ्ग्) -*n.* a feasting at taverns. सराय में भोजन करना।

